बंगलोर	21 29	21 16	21 53	21 25	20 53	21 08	20 37	20 59	21 20	20 49	21 03	21 21	24 05	24 54
बिलासपुर(हि.प्र.)	22 04	21 52	22 16	21 38	20 54	20 52	20 13	20 33	21 01	20 38	21 08	21 42	23 42	24 28
बीकानेर	22 11	21 58	22 26	21 50	21 08	21 10	20 33	20 53	21 20	20 55	21 21	21 52	24 01	24 48
बून्दी	21 55	21 43	22 13	21 37	20 58	21 02	20 26	20 46	21 12	20 46	21 10	21 38	23 54	24 41
भटिण्डा	22 08	21 56	22 21	21 44	21 04	21 00	20 22	20 42	21 10	20 46	21 15	21 47	23 51	24 37
भरतपुर	21 53	21 40	22 08	21 33	20 52	20 54	20 17	20 37	21 04	20 39	21 05	21 34	23 46	24 33
मण्डी (हि.प्र.)	22 03	21 51	22 15	21 37	20 53	20 51	20 12	20 32	21 00	20 37	21 07	21 41	23 41	24 27
मथुरा	21 53	21 40	22 08	21 32	20 51	20 54	20 17	20 37	21 03	20 38	21 04	21 34	23 46	24 32
मुम्बई	21 58	21 45	22 18	21 47	21 12	21 22	20 48	21 10	21 33	21 04	21 23	21 45	24 17	24 05
रोपड़	22 03	21 50	22 16	21 38	20 54	20 53	20 15	20 34	21 02	20 39	21 08	21 41	23 44	24 30
रोहतक	21 58	21 45	22 12	21 36	21 00	20 55	20 17	20 37	21 04	20 40	21 07	21 38	23 46	24 33
लखनऊ	21 37	21 25	21 53	21 18	20 37	20 40	20 03	20 23	20 50	20 24	20 50	21 19	23 32	24 19
लुधियाना	22 06	21 53	22 19	21 40	20 57	20 56	20 17	20 37	21 05	20 41	21 11	21 44	23 46	24 32
वाराणसी	21 26	21 13	21 43	21 08	20 29	20 33	19 57	20 17	20 43	20 17	20 41	21 09	23 26	24 12
शिमला	22 01	21 48	22 13	21 35	20 51	20 50	20 12	20 31	20 59	20 36	21 05	21 39	23 40	24 26
श्रीनगर (का.)	22 17	22 04	22 27	21 47	21 01	20 56	20 16	20 35	21 05	20 43	21 16	21 52	23 45	24 30
संगरूर	22 05	21 52	22 18	21 40	20 57	20 57	20 19	20 38	21 06	20 42	21 11	21 43	23 47	24 34
सहारनपुर	21 57	21 44	22 10	21 33	20 50	20 50	20 12	20 32	20 59	20 35	21 04	21 30	23 41	24 27
सीकर	22 03	21 51	22 18	21 42	21 00	21 02	20 25	20 45	21 12	20 47	21 14	21 41	23 54	24 40
हरिद्वार	21 55	21 42	22 08	21 30	20 48	20 47	20 09	20 29	20 57	20 33	21 01	21 33	23 38	24 24
हिसार	22 03	21 50	22 17	21 40	20 58	20 58	20 21	20 41	21 08	20 44	21 11	21 43	23 50	24 36
होशियारपुर	22 07	21 54	22 19	21 41	20 57	20 55	20 16	20 35	21 04	20 41	21 11	21 44	23 45	24 31

सन्दिग्ध व्रत–पर्व–व्यवस्था (सं. 2071 वि.)

लेखक– प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), पंचकूला(हरियाणा)–134109

(यदि इस स्तम्भ में चर्चित या अन्य किसी व्रत–पर्व की तिथि के बारे में किसी को सन्देह/शंका हो तो पत्र देकर मुझसे स्पष्टीकरण मांग लेना चाहिए, – प्रियव्रत शर्मा)
(सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

(1) अनङ्ग त्रयोदशी (चैत्र शु. 13)

यह पर्व चैत्रशुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है। यदि त्रयोदशी दो दिन विद्यमान हो तो इसे पूर्व(द्वादशी)विद्धा के दिन मनाने का निर्देश है। **धर्मसिन्धु** का वचन है –" **तत्र त्रयोदशी पूर्वविद्धा ग्राह्या।**" इसवर्ष त्रयोदशी 12 और 13 अप्रैल, 2014 ई. को– दोनो दिन विद्यमान है, अतः शास्त्रनिर्देशानुसार **यह पर्व पहले दिन 12 अप्रैल, 2014 ई. को ही मनाया जाएगा।** क्योंकि इस दिन द्वादशी त्रिमुहूर्त्ताधिक–व्यापिनी है, जो त्रयोदशी को विद्ध कर रही है।

(2) अक्षयतृतीया (वैशा. शु. 3)

वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षयतृतीया मनाई जाती है। यह युगादि तिथि भी है। इस दिन पितृश्राद्ध करने का भी विधान है । शास्त्रनिर्णय है कि– कृष्णपक्ष की युगादि तिथियों का अनुष्ठान (श्राद्ध) अपराह्न में और शुक्लपक्षीय युगादि तिथियों का पूर्वाह्न में किया जाता है। इसके अनुसार वैशाख शुक्लतृतीया पूर्वाह्नव्यापिनी, जिस दिन होगी, उसी दिन अक्षयतृतीया मनाई जाएगी। यदि द्वेधाविभक्त (दो से विभाजित) दिन के पूर्वार्ध (पूर्वाह्न) को तृतीया दो दिन व्याप्त करती हो तो अक्षयतृतीया को उस स्थिति में दूसरे ही दिन मनाने का शास्त्रादेश है, बशर्ते कि– वह दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्त या इससे अधिक समय को व्याप्त करे। यदि इससे (तीन मुहूर्त्त से) कम काल को वह व्याप्त करे तो पहले दिन ही अक्षयतृतीया मनाई जाती है। **'धर्मसिन्धुकार'** का वचन है–

**"द्वेधाविभक्त–दिन–पूर्वार्धक–देशव्यापिनी दिनद्वये चेत्,
त्रिमुहूर्त्ताधिकव्याप्तिसत्त्वे परा, त्रिमुहूर्त्तन्यूनत्वे पूर्वा।"**

इसवर्ष वैशा. शुक्लतृतीया दो दिन (1 और 2 मई, 2014 ई. को) दिन के पूर्वार्ध (पूर्वाह्ण) को व्याप्त कर रही है, अतः पूर्वोक्त प्रतिपादनानुसार **यह पर्व दूसरे ही दिन (2 मई, 2014 ई. को ही) होगा, क्योंकि इसदिन तृतीया त्रिमुहूर्त्त से अधिक भी है।** इसदिन रोहिणी नक्षत्र भी 11 घं. 18 मि. तक है, जिससे इसपर्व का माहात्म्य बढ़ जाता है।

(3) श्रीसत्यनारायण व्रत (आषाढ़ एवं आश्विन)

यह व्रत पंजाब आदि प्रान्तों में प्रत्येक मास की प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा में किया जाता है। वैसे कोई भी व्यक्ति स्वेच्छया इस व्रत को अन्य किसी भी दिन, किसी भी प्रदोषव्यापिनी तिथि में कर सकता है– ऐसा भी पुराणवाक्य है। लेकिन पश्चिमोत्तर भारतीय प्रान्तों में इसे पूर्णिमा में ही करने की परम्परा है।

यह नक्तव्रत है। अतः इसकी तिथि का निर्णय भी नक्तव्रत के समान ही है। तदनुसार प्रदोषव्यापिनी तिथि में ही इसे करना होगा। दोनों दिन पूर्णिमा की प्रदोष में व्याप्ति एवं अव्याप्ति की स्थिति में यह व्रत दूसरे दिन ही करने का विधान है। इस बारे **'कालमाधव'** का वाक्य है–

**"प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिर्दिनद्वये।
अव्याप्तिर्वाथवांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा।।"**

इसवर्ष आषाढ मास की पूर्णिमा केवल 11 जुलाई, 2014 को ही प्रदोषव्यापिनी है, [अतः **इस मास का सत्यनारायण व्रत 11 जुलाई, 2014 ई. को ही होगा।** इसदिन प्रदोषकाल लगभग 19 घं. 24 मि. से 21 घं. 26 मि. तक है। स्पष्ट है, इस समय आषाढ़पूर्णिमा विद्यमान है। दूसरे दिन (12 जुलाई को) तो पूर्णिमा प्रदोषप्रारम्भ से पहले ही समाप्त हो जाती है।

अपि च– आश्विन मास का सत्यनारायण व्रत 7 अक्तू., 2014 ई. को करना होगा, क्योंकि यहां पूर्णिमा इसी दिन प्रदोष को व्याप्त करती है।

दूसरे दिन (8 अक्तू. को) वह प्रदोषप्रारम्भ से पहले ही समाप्त हो जाती है। इन दिनों प्रदोषकाल लगभग 17 घं. 58 मि. से 20 घं. 27 मि. तक रहेगा।

(4) रक्षाबन्धन (श्राव. शु. 15)

रक्षाबन्धन भद्रारहित अपराह्ण में किया जाता है। इस वर्ष श्राव. पूर्णिमा, रविवार को (10 अगस्त, 2014 ई. के दिन) भद्रा 13 घं. 38 मि. तक है। स्पष्ट है– यहां रक्षाबन्धन का शास्त्रोक्त काल (अपराह्ण) भद्रा से सर्वथा मुक्त है। इस दिन पंजाब, हि.प्र., दिल्ली, जम्मू–काश्मीर, राजस्थान, हरियाणा आदि में अपराह्णकाल 13 घं. 47 मि. से 16 घं. 26 मि. तक रहेगा। **अतः यहां (10 अगस्त, 2014 ई. को) पूरा अपराह्णकाल (13 घं. 47 मि. से 16 घं. 26 मि. तक) भद्रामुक्त होने से रक्षाबन्धन के लिए शुभ है।**

(5) दूर्वाष्टमी व्रत (भाद्र. कृष्ण एवं भाद्र. शुक्ल 8)

यह व्रत स्त्रियों द्वारा भाद्र. शुक्ल अष्टमी को किया जाता है।

इस व्रत को **'रौहिण'** मुहूर्त (दिन के नवम मुहूर्त) में व्याप्त अष्टमी में करने का निर्देश है। रौहिण मुहूर्त के समय ज्येष्ठा और मूलनक्षत्र न हों– यह भी शास्त्रनिर्देश है। यदि ये नक्षत्र किसी स्थिति में वर्जित करने असम्भव हों तो इनके सम्पर्क में भी यह व्रत किया जा सकता है। अगस्त्य तारा के उदय (रात्रि में दृश्य) हो जाने पर इस व्रत का सर्वथा निषेध है (अगस्त्य तारा वर्षा ऋतु के लगभग समाप्ति के दिनों में रात्रि के समय दक्षिण की ओर दिखाई देने लगता है)। कन्यार्क इस व्रत में सामान्यतः वर्जित है। सिंहस्थ सूर्य के काल में इस व्रत के अनुष्ठान को महत्त्व दिया गया है–

" शुक्ले भाद्रपदे मासि दूर्वासंज्ञा तु साष्टमी। सिंहार्क एव कर्त्तव्या न कन्यार्के कदाचन।। सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनिसत्तमे।" –(*स्कन्द*)

यदि भाद्र. शुक्ल अष्टमी से पहले ही अगस्त्य दृश्य हो जाए (रात्रि के समय आकाश में दिखाई देने लगे) तो शास्त्रकारों का कहना है, कि– ऐसी स्थिति में भाद्रपद शुक्ल से निरन्तर पूर्ववर्ती ऐसे अन्य रौहिणव्यापिनी किसी भी कृष्ण या शुक्लपक्ष की अष्टमी के दिन यह व्रत करना चाहिए, जबकि अगस्त्य तारा अस्त (अदृश्य) हो।

इसवर्ष (सं. 2071 वि. में) पंजाब, हि.प्र., जम्मू– काश्मीर, पश्चिमोत्तरी उ.खं., उत्तरी हरियाणा, पश्चिमोत्तरी उ.प्र. में रौहिणव्यापिनी भाद्र. शुक्ल अष्टमी, मंगलवार (2 सितं., 2014 ई.) के दिन अगस्त्य तारा लुप्त रहेगा, जिससे इन प्रदेशों में **इसवर्ष दूर्वाष्टमी व्रत 2 सितंबर, 2014 ई. को ही होगा।** लेकिन गणित बतलाती है, इन उपरोक्त प्रदेशों के अलावा उत्तर भारत के शेष दिल्ली, राजस्थान, द. हरियाणा, पूर्व– दक्षिणी उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, उत्तरी गुजरात, मध्यप्रदेश, एवं छत्तीसगढ़ के उत्तरार्ध, झारखण्ड, बिहार, प. बंगाल, मेघालय, आसाम, त्रिपुरा, सिक्किम, मिज़ोरम, नेपाल, मणिपुर, नागालैण्ड व अरुणाचल में भाद्र. शुक्ल अष्टमी (2 सितं., 2014 ई.) के दिन अगस्त्य उदित रहेगा। जिससे उपरोक्त नियमानुसार इन प्रदेशों में **इसवर्ष दूर्वाव्रत रौहिणव्यापिनी भाद्र. कृष्ण अष्टमी, रविवार (17 अगस्त, 2014 ई.) के दिन होगा, क्योंकि इसदिन इन प्रदेशों में सर्वत्र अगस्त्य लुप्त रहेगा।**

इस प्रतिपादन को हम इस प्रकार से भी स्पष्ट कर सकते हैं–

इसवर्ष दूर्वाष्टमी व्रत भारत के $30^\circ\frac{1}{2}$ से 37° अक्षांशीय भाग में भाद्र. शुक्ल अष्टमी, मंगलवार (2 सितं., 2014 ई.) को और $23^\circ\frac{1}{2}$ से $30^\circ\frac{1}{2}$ अक्षांशीय भाग में रौहिणव्यापिनी भाद्र. कृष्ण अष्टमी, रविवार (17 अगस्त, 2014 ई.) को होगा।

अब पाठक समझ गए होंगे– इसवर्ष हमने पंचांग में दूर्वाव्रत इन दो भिन्न–भिन्न तारीखों में क्यों दर्शाया है। (भारत के किन–किन अक्षांशों पर अगस्त्य कब–कब उदित एवं अस्त होता है ? इसके लिए मेरे **'व्रतपर्व विवेक'** का पृष्ठ 170 देखें)

(6) महानवमी (आश्वि. शु. 9)

आश्वि. शुक्ल नवमी के दिन महानवमी होती है। यह दो प्रकार की है– (1) पूजा एवं उपवासार्थ, (2) बलिदानार्थ। पूजा–उपवासार्थ

अष्टमीविद्धा नवमी और बलिदानार्थ दशमीविद्धा नवमी ली जाती है। **धर्मसिन्धु** का यह वाक्य है– " **महानवमी तु बलिदान–व्यतिरिक्तविषये पूजोपोषणादौ अष्टमीविद्धा ग्राह्या.............। नवमीप्रयुक्त महाबलिदाने तु दशमीविद्धा।।**"

इसवर्ष 2 अक्तू., 2014 ई. को नवमी अष्टमीविद्धा और 3 अक्तू., 2014 ई. को दशमीविद्धा है। अतः निर्णयानुसार **इसवर्ष पूजा–उपवासार्थ महानवमी 2 अक्तूबर, 2014 ई. को और बलिदानार्थ महानवमी 3 अक्तूबर, 2014 ई. को होगी।**

(7) विजयादशमी (आश्वि. शुक्ल 10)

विजयादशमी अपराह्णव्यापिनी आश्वि. शुक्ल दशमी को मनाई जाती है। अपराह्णव्यापी श्रवण नक्षत्र भी अनेकत्र इस पर्व का निर्णायक/महत्त्वाधायक माना गया है। इस वर्ष केवल 3 अक्तूबर, 2014 ई. को ही दशमी अपराह्ण में विद्यमान है। अतः इसी दिन विजयादशमी मनाई जाएगी। श्रवण नक्षत्र तो इस वर्ष केवल 4 अक्तूबर, 2014 को ही अपराह्ण में वर्त्तमान है और इसदिन दशमी प्रातः 7 घं. 25 मि. पर ही समाप्त हो जाती है, यानी इसदिन यह अपराह्ण को स्पर्श नहीं करती। इस स्थिति में कुछ लोग **"उदये दशमी किञ्चित् सम्पूर्णैकादशी यदि। श्रवणर्क्षं यदा काले सा तिथिर्विजयाभिधा।।"** इस **कश्यपवचन** के आधार पर 4 अक्तू., 2014 ई. को विजयादशमी सिद्ध तो कर रहे हैं। लेकिन उनका यह मत मीमांसकों को मान्य नहीं है। वे इस स्थिति में भी 3 अक्तू., 2014 ई. को ही विजयादशमी के पक्ष में हैं। **हमने भी उनके तर्कसंगत मतानुसार इसवर्ष यह पर्व 3 अक्तू., 2014 को ही लिखा है।**

[इस विषय में विशेष स्पष्टता के लिए पृष्ठ 18 पर "**इसवर्ष (सं. 2071 में) विजयादशमी कब ?**" लेख पढ़ें]

(8) भीष्मपंचक प्रारम्भ (कार्त्तिक शु. 10+11)

शास्त्रों में **भीष्मपंचक व्रत** का अनुष्ठान (जैसा कि **'पंचक'** शब्द से ही स्पष्ट है) केवल पांच दिन (कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक) का ही लिखा है। "यदि एकादशी से पूर्णिमा तक की अवधि में कोई → तिथिक्षय हो जाने से एकादशी से पूर्णिमा तक की दिनसंख्या चार ही रह जाए तब दशमीविद्धा एकादशी से ही यह व्रत प्रारम्भ करके शुद्ध (चतुर्दशी से अविद्ध) औदयिक पूर्णिमा के दिन, यदि पूर्णिमा का क्षय हुआ हो तो चतुर्दशीयुक्त पूर्णिमा के दिन ही इसे समाप्त किया जाए । **तथा च–** यदि इन पांच तिथियों में से किसी एक की वृद्धि हो जाने से व्रत के दिन 6 बनते हों, तो शुद्ध (दशमी से अविद्ध) एकादशी के दिन प्रारम्भ करके चतुर्दशीविद्धा पूर्णिमा के दिन, यदि पूर्णिमा की वृद्धि हुई हो तो पहिली पूर्णिमा के दिन ही इसे समाप्त करना चाहिए"– ऐसा धर्मशास्त्र का प्रतिपादन है। इस बारे में *'धर्मसिन्धु'* का वचन है,–

"एकादश्यादि–दिनपंचके भीष्मपंचकव्रतमुक्तम्। तच्च शुद्धैकादश्यामारम्य चतुर्दश्यविद्धौदयिक– पौर्णमास्यां समापनीयम्। यदि शुद्धैकादश्यामारंभे क्षयवशेन पौर्णमास्यां पंचदिनात्मकव्रतसमाप्तिर्न घटते, तदा विद्धैकादश्यामपि आरम्भः। शुद्धैकादश्यामारम्भेऽपि दिनवृद्धिवशेन परविद्धपौर्णमास्यां समापने यदि षड्दिनापत्तिस्तदा चतुर्दशीविद्धपूर्णिमायामपि समाप्तिः कार्या।"

देखिए– इसवर्ष (सं. 2071 वि. में) कार्त्तिक शुक्ल चतुर्दशी का क्षय हो जाने के कारण कार्त्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक की तिथिसंख्या (दिनसंख्या) केवल चार रह गई है। अतः पूर्वोद्धृत **'धर्मसिन्धु'** वाक्यानुसार **इसवर्ष 'भीष्मपंचक' का प्रारम्भ दशमीविद्धा एकादशी (2 नवंबर, 2014 ई.) से किया जाएगा।** जिससे पूर्णिमा तक **'भीष्मपंचक'** की दिनसंख्या पांच बन जाती है।

(9) पद्मक योग (मार्ग. कृष्ण 2)

विशाखा में सूर्य की स्थिति के समय जब चन्द्रमा कृत्तिका नक्षत्र में हो तब ' **पद्मक** 'नामक योग होता है। किसी भी तीर्थस्थान पर, विशेष कर **तीर्थराज पुष्कर** (राजस्थान) पर इस योग में स्नान–दान–जप का विशेष माहात्म्य माना गया है– " **विशाखास्थे सूर्ये सति यद्दिने चन्द्रनक्षत्रं कृत्तिका, तत्र पद्मकयोगः। अयं पुष्करेऽतिप्रशस्तः।।**"

– (धर्मसिन्धु)

इसवर्ष मार्ग. कृष्ण द्वितीया को (8 नवंबर, 2014 ई. के दिन) पुष्करयोग 14 घं. 30 मि. तक रहेगा। श्रद्धालुओं को इसका लाभ उठाना चाहिए।

(10) प्रदोषव्रत (फाल्गु. शुक्ल)

प्रदोषव्रत नक्तव्रत है, अतः इसे प्रदोषव्यापिनी त्रयोदशी में किया जाता है, यदि त्रयोदशी दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी हो तो **"कालमाधव"** आदि के अनुसार यह व्रत दूसरे ही दिन किया जाएगा–

" प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिः दिनद्वये।
अव्याप्तिर्वाथवांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा।।"–(कालमाधव)

इसवर्ष (सं. 2071 में) फाल्गु. शुक्ल त्रयोदशी 2 और 3 मार्च, 2015 ई.– दोनों दिन प्रदोष में विद्यमान है (इन दिनों प्रदोषकाल लगभग. 18 घं. 19 मि. से 20 घं. 30 मि. तक है)। यद्यपि दूसरे दिन 3 मार्च, 2015 ई. को त्रयोदशी प्रदोष को अपेक्षाकृत् काफी कम व्याप्त कर रही है, तथापि **" दिनद्वये वाथवांशेन व्याप्तिः "**– निर्देशानुसार **यहां इस वर्ष त्रयोदशी–प्रदोष व्रत 3 मार्च को ही किया जाएगा। अपि च–** इसदिन त्रयोदशी **'गौण प्रदोषकाल'** माने जाने वाले सायाह्न को तो पूर्णतया व्याप्त कर ही रही है।

कुम्भ महापर्व की पूर्व सूचना

आगामी वर्ष सं. 2072 वि. में भाद्र. अमा, रविवार (13 सितंबर, 2015 ई.) को **"नासिक कुम्भपर्व "** का योग बन रहा है। इस महापुण्य के दिन पुण्यसलिला गोदावरी में स्नान कर पुण्यसञ्चय एवं निर्वाण के इच्छुक श्रद्धालुओं को तदर्थ पहिले ही प्रस्तुत हो जाना चाहिए। इस पर्वराज के पुण्य–स्नानदिवसों का विस्तृत विवरण तथा ऐतत्सम्बद्ध सभी प्रकार की अन्य पूरी जानकारी विस्तारपूर्वक अगले वर्ष (सं. 2072 वि.) के पञ्चांग में दी जाएगी। **ध्यान रहे–** नासिक के कुम्भपर्व को **सिंहस्थ** पर्व भी कहा जाता है।

आभार प्रदर्शन

हमारे परम सहयोगी मित्रवर ज्ञानी श्री करतार सिंह जी 'गढ'

(मालिक, कंवल फोटोस्टेट, चौक माता रानी, कुराली PH. 0160-2641274)

श्री करतार सिंह जी ज्ञानी, सन् 1992 ई. से हमारी 'शिरोमणि तिथपत्रिका' (पंजाबी) और 'श्री मार्त्तण्ड आलम जन्त्री' (उर्दू) के अनुवाद, पाण्डुलिपि–लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का श्रमसाध्य पूरा कार्य अत्यन्त आत्मीयभाव, तन्मयता, परिश्रम तथा निःस्वार्थभाव से करते चले आ रहे हैं; जिससे ये दोनों प्रकाशन प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर समृद्ध कलेवर में हमारे पाठकों को उपलब्ध होने लगे हैं। अब तक श्रीमार्त्तण्डपंचांग (हिन्दी) की ही संस्कार–समृद्धि की ओर हमारा अधिक झुकाव रहा । अतः ज्योतिष से सम्बद्ध विशेष लेखमाला तथा अन्य ज्ञानवर्धक स्तम्भ हम इसी (हिन्दी) पंचांग में प्रकाशित करते रहे हैं। उर्दू एवम् पंजाबी की इन जन्त्रियों में ऐसे लेख एवम् स्तम्भों को समाविष्ट करने से हम अनुवाद आदि के लिए समय की कमी के कारण, आज तक कतराते रहे हैं। लेकिन अब प्रियमित्र ज्ञानी करतार सिंह जी की हमसे निःस्वार्थ घनिष्ठता एवम् उर्दू–पंजाबी भाषाओं में इनकी प्रशंस्य दक्षता के कारण इन दोनों प्रकाशनों को भी हम ऐसे लेख–स्तम्भों से श्री मार्त्तण्डपंचांग की ही भान्ति अलंकृत करने में अपने आप को समर्थ पा रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से दिए जा रहे नए–नए आकर्षक, ज्ञानवर्धक विषयों से वर्धमान कलेवर वाली 'शिरोमणि तिथपत्रिका' का श्रेय आपको ही है। इन उर्दू–पंजाबी जन्त्रियों के अनुवाद आदि के भारी उत्तरदायित्त्व को पूरी तरह निभाते हुए आप जैसे–तैसे समय निकालकर हिन्दी के श्रीमार्त्तण्डपंचांग की प्रूफरीडिंग आदि में भी हाथ बंटाने में हर्ष अनुभव करते हैं। अपने प्रति इस निःस्वार्थ सौहार्दातिशय के लिए हम सभी हृदय से ज्ञानी जी के ऋणी है । आप अपने व्यस्त जीवन के क्षणों में भी हमारे लिए प्रचुर पर्याप्त समय सहर्ष निकाल लेते हैं। आपके इस सौहार्दभरे स्पृहणीय सहयोग से हमारा प्रकाशन–कार्यभार काफी कुछ हल्का हुआ है। एतदर्थ हम आपके प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट किए बिना सचमुच नहीं रह सकते।

आपका सहयोग भी हमारे लिए कम महत्त्वपूर्ण नहीं है

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली के प्रबन्धक, हमारे पूज्य पिताजी के प्रियशिष्य, हमारे अनुजकल्प *चि. प्रेमचन्द्र शर्मा;* सोलन (हि.प्र.) निवासी चि. *श्रीकृष्णशर्मा, शास्त्री,* M.A., वेदाचार्य, साहित्याचार्य, ; नालाबलोग (पंचकूला) के निवासी *चि. सुरेशानन्द शर्मा,* बी.ए., सुपुत्र श्री सुन्दरराम शर्मा तथा *चि. दिलबाग शर्मा* सुपुत्र श्री रामचन्द शर्मा, ग्राम एवं डा. सिनन्द (कैथल–हरि.) भी 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' (हिन्दी) की पाण्डुलिपि–लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी, अपनापन और आदरभाव से करते हैं। इस पंचांग के प्रकाशनकार्य का हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व भरे उत्साहपूर्ण सहयोग से काफी हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय, परमोज्जवल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह–आशीर्वाद है।

सम्पादक–मण्डल

इस वर्ष (सं. 2071 वि. में) स्मार्त्तों और वैष्णवों के श्रीकृष्ण–जन्माष्टमी व्रत की तिथि ?–प्रियव्रत शर्मा

भारत में इस वर्ष (सं. 2071 वि. में) भाद्र. कृष्ण अष्टमी 18 अगस्त, 2014 ई. को सूर्योदय के समीप ही 6 घं. 06 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर समप्त हो रही है, जिससे भारत में स्थानभेद से यह अष्टमी इसदिन कहीं सूर्योदय के कुछ मिनट बाद और कहीं कुछ मिनट पहले ही समाप्त होगी। जहां यह सूर्योदयानन्तर समाप्त होगी, वहां 18 अगस्त, 2014 ई. को यह (अष्टमी) नवमीयुता होगी। जिससे वैष्णव सम्प्रदाय वाले लोग वहां इसीदिन (18 अगस्त, 2014 ई. को ही) श्रीकृष्णजन्माष्टमी व्रत करेंगे। क्योंकि इस सम्प्रदाय के अनुयायी अर्धरात्रिव्यापिनी एवं रोहिणीयुता अष्टमी को भी छोड़कर " *उदये चाष्टमी किञ्चित् सकला नवमी यदि। लभ्यते बुधसंयुक्ता प्राजापत्यर्क्षसंयुता।।*" और " वर्षशतेनापि लभ्यते वा न लभ्यते।''– 'स्कन्दपुराण' के इस वाक्यानुसार नवमीयुता अष्टमी को ही इसव्रत के लिए मान्यता देते हैं। स्मार्त्त लोग तो अर्धरात्रि(चन्द्रोदय)व्यापिनी अष्टमी के ही दिन यह व्रत रखते हैं।

इसवर्ष समस्त भारत में भाद्र. कृष्ण अष्टमी 17 अगस्त, 2014 को ही अर्धरात्रिव्यापिनी है। अतः इसवर्ष भारत में सर्वत्र स्मार्त्त सम्प्रदायानुयायी निरपवाद रूप से 17 अगस्त, 2014 ई. को ही जन्माष्टमी व्रत रखेंगे।

दाईं ओर दिया भारतमानचित्र देखिए– इसमें दर्शायी गई 'क–ख' रेखा से दाईं ओर सर्वत्र 18 अगस्त, 2014 ई. को सूर्योदय 6 घं. 06 मि. (भा. स्टैं. टा.) (अष्टमी की समाप्ति) से पहले ही हो जाएगा। अतः भारत के इस भाग में भाद्र. कृष्ण अष्टमी सूर्योदय से कुछ मिनट बाद ही समाप्त होगी, जिससे अष्टमी भारत के इस भाग में नवमीयुता होगी। परिणामस्वरूप, देश के इस भाग में वैष्णव लोग 15 अगस्त, 2014 ई. को यह व्रत करेंगे, लेकिन स्मार्त्त लोग तो अपनी परम्परा अनुसार यहां 17 अगस्त, 2014 ई. को ही (अर्धरात्रिव्यापिनी अष्टमी के दिन) ही व्रत रखेंगे। इस रेखा से बाईं ओर वाले प्रदेशों में तो सूर्योदय 18 अगस्त को अष्टमी की समाप्ति [6 घं. 06 मि. (भा. स्टैं. टा.)] के बाद होगा। जिससे वहां अष्टमी नवमीयुता प्राप्त न होने से वैष्णव भी स्मार्तों के साथ ही यह व्रत 17 अगस्त, 2014 ई. को (अर्धरात्रिव्यापिनी अष्टमी के दिन) ही करेंगे।

यह मानचित्र देखिए– इस रेखा से बाईं ओर स्थित प. राजस्थान, गुजरात, प. महाराष्ट्र, कर्णाटक, केरल, तामिलनाडु का पश्चिम–दक्षिणी भाग, प. आन्ध्रप्रदेश और मध्यप्रदेश के पश्चिमी छोर में स्मार्त्तों एवं वैष्णवों का श्रीकृष्ण–जन्माष्टमी व्रत 17 अगस्त, 2014 ई. को एक ही दिन होगा। शेष भारत में (क–ख रेखा से दाईं ओर) स्मार्त्तों का व्रत 17 अगस्त और वैष्णवों का 18 अगस्त, 2014 ई. को होगा।

ध्यान दें– उपरोक्त विवेचन से पाठक यह भी समझ गए होंगे कि– जब तक हमारे व्रत–पर्वों की तिथियों के निर्णय का आधार स्थानीय सूर्य–चन्द्रोदयास्त तथा विभिन्न सम्प्रदाय हैं; तब तक इनका ऐकमत्य से निर्धारण सम्भव नहीं है।



वि. सं. 2071 में स्मार्त्तों व वैष्णवों के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत की तिथियां ?

'क–ख' रेखा से दाईं ओर स्मार्त्तों और वैष्णवों का श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत क्रमशः 17 और 18 अग., 2014 ई. को तथा इस रेखा से बाईं ओर इन दोनों सम्प्रदायों का यह व्रत केवल 17 अग., 2014 ई. को ही होगा।

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

सं. 2071 वि. में विजयादशमी कब ?

लेखक–प्रियव्रत शर्मा,

इस वर्ष (सं. 2071 वि. में) विजयादशमी की तिथि के बारे में कुछ वैमत्य है, अतः इस विषय में धर्मशास्त्रीय विश्लेषण करना मैं आवश्यक समझता हूँ। विजयादशमी की तिथि के बारे में इस प्रकार का वैमत्य कुछ वर्षों के अंतराल पर घटित होता रहता है। अतः एतद्विषयक मेरे इस विमर्श को ध्यानपूर्वक समझ लेना चाहिए।

अपराह्णव्यापिनी आश्वि. शुक्ल दशमी के दिन **'विजयादशमी'** मनाई जाती है। अनेकत्र अपराह्ण में श्रवणनक्षत्र भी इसकी तिथि के निर्णय का प्रयोजक है। **' विजयादशमी '** को **'दशहरा'** भी कहा जाता है।

विजयादशमी का निर्णय श्रवण एवं दशमी की विभिन्न स्थितियों में इस प्रकार होगा:–

(1) केवल दूसरे ही दिन दशमी अपराह्णव्यापिनी हो तो विजयादशमी प्रत्येक स्थिति में दूसरे दिन।

(2) दोनों दिन दशमी अपराह्णव्याप्त हो और दोनों दिन इस समय श्रवणनक्षत्र विद्यमान या अविद्यमान हो तो विजयादशमी पहले दिन।

(3) दोनों दिन दशमी अपराह्ण में अविद्यमान हो और दोनों दिन श्रवण अपराह्ण में विद्यमान या अविद्यमान हो तो विजयादशमी पहले दिन।

(4) दोनों दिन दशमी अपराह्ण में विद्यमान या अविद्यमान हो और श्रवणनक्षत्र पहले ही दिन अपराह्ण में विद्यमान हो तो विजयादशमी पहिले दिन।

(5) दोनों दिन दशमी अपराह्ण में विद्यमान या अविद्यमान हो और श्रवणनक्षत्र दूसरे ही दिन अपराह्ण में विद्यमान हो तो विजयादशमी दूसरे दिन।

(6) यदि केवल पहले ही दिन दशमी अपराह्ण में हो और श्रवण नक्षत्र दूसरे दिन अपराह्ण में न हो तो विजयादशमी पहले दिन।

(7) यदि दशमी पहले दिन ही अपराह्णव्यापिनी हो तथा दूसरे दिन वह कम से कम तीन मुहूर्त्त तक व्याप्त हो और केवल दूसरे दिन ही श्रवण अपराह्ण में हो तो विजयादशमी दूसरे दिन।

(8) यदि दशमी पहले दिन अपराह्णव्यापिनी होकर दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्तन्यून हो तब श्रवण की प्रत्येक स्थिति में विजयादशमी पहले दिन।

विजयादशमी के निर्णायक उपरोक्त इन 8 नियमों में से पहले 6 नियमों पर सभी पूर्णतः सहमत हैं। केवल 7वें और 8वें नियम के बारे में यहां मतभेद है। इन नियमों के अनुसार यदि दशमी पहले दिन अपराहणव्यापिनी हो तथा दूसरे दिन वह कम से कम त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी (तीन मुहूर्त्त तक व्याप्त) हो और केवल दूसरे दिन ही श्रवण अपराह्ण में हो तो **विजयादशमी दूसरे दिन होगी। अपि च–** यदि दशमी पहले दिन अपराह्णव्यापिनी होकर दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्तन्यून हो तब श्रवण की प्रत्येक स्थिति में **विजयादशमी पहले दिन मनाई जाएगी।**

एकपक्ष के अनुयायी (जिन्हें हम यहां प्रथम पक्षानुयायी कहेंगे) इन उपरोक्त दोनों नियमों के विरुद्ध यह मत रखते हैं कि– " यदि दशमी पहले दिन अपराह्णव्यापिनी हो और दूसरे दिन वह त्रिमुहूर्त्तन्यून भी हो तब भी विजयादशमी दूसरे दिन मनानी होगी, बशर्ते कि, उस दिन श्रवण नक्षत्र अपराह्ण में विद्यमान हो।" उनके इस मत का आधार **'कश्यप'** का यह वाक्य है–

**"उदये दशभी किंचित् सम्पूर्णैकादशी यदि।
श्रवणर्क्षं यदा काले सा तिथिर्विजयाभिधा।।"**

इसका वे यह अभिप्राय लेते हैं कि– सूर्योदय के समय थोड़ी सी भी दशमी विद्यमान हो और भले ही बाद में पूरा दिन एकादशी क्यों न हो, यदि वहां अपराह्ण में श्रवण नक्षत्र विद्यमान है तब विजयादशमी का पर्व उसी दिन मनाया जाए।

यहां द्वितीय पक्षानुयायियों का स्पष्टीकरण है कि– इस वाक्य में प्रयुक्त ' **किञ्चित्** ' शब्द का शब्दार्थ नहीं लेना चाहिए। यह शब्द सूर्योदयानन्तर त्रिमुहूर्तव्याप्ति की प्रशंसा में लिखा गया है। जब कभी किसी महत्त्वपूर्ण पदार्थ की हम प्रशंसा करते हैं, तब उसके छोटे से भाग को भी प्रकारान्तर से हम बहुत बड़ा महत्त्व देने लग जाते हैं। ⊗

ध्यान दें–इस वर्ष (सं. 2071 वि. में) आश्वि. शुक्ल, दशमी 4 अक्तूबर, 2014 ई. को सूर्योदयानन्तर 7 घं. 25 मि. (भा.स्टै.टा.) तक (लगभग एक मुहूर्त्तमात्र) ही विद्यमान है और इस दिन अपराह्ण में श्रवण नक्षत्र भी है। इस स्थिति में पूर्व पक्षानुयायियों के अनुसार **विजयादशमी** 4 अक्तूबर को ही होनी चाहिए। लेकिन द्वितीय पक्षानुयायियों के अनुसार दशमी की त्रिमुहूर्त्तव्याप्ति के बिना 4 अक्तूबर को अपराह्ण में दशमी तिथि का अस्तित्व नहीं होगा। क्योंकि, त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी तिथि **'साकल्यापादिता'** तिथि मानी गई है,✱ अतः धर्मशास्त्रकारों ने प्रथम पक्षानुयायियों के मत को निरस्त करते हुए इस वर्ष (सं. 2071 वि. में) **'विजयादशमी'** का पर्व 3 अक्तूबर, 2014 ई. को ही निर्धारित किया है। इस (द्वितीय) पक्ष की पुष्टि में 'कालमाधव' कार का यह वाक्य ध्यान देने योग्य है कि– सूर्योदयानन्तर त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी तिथि ही साकल्यापादिता होती है और उसी के आधार पर दान, व्रत आदि का निर्णय होना चाहिए। सूर्योदयकाल को स्पर्शमात्र करने वाली अथवा सूर्योदयानन्तर घटिकामात्र–वर्तिनी तिथि तो यहां त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी तिथि की केवल प्रशंसकमात्र है। वह साकल्यापादिता नहीं होती–

" सूर्योदये मुहूर्त्तत्रयव्यापिनी तिथिः दान–व्रतयोः ग्रहीतव्या। एवं सति उदयमात्रव्याप्तिशास्त्रं घटिकामात्रव्याप्तिशास्त्रञ्च वैश्वानराधिक–रणन्यायेनावयवस्तुत्याऽनुवादरुपतया त्रिमुहूर्त्तव्याप्तिं प्रशंसन्ति।"

– (*कालमाधव*)

वीरमित्रोदय–समयप्रकाश ' में भी यही समर्थित है– **'आदित्योदय–वेलायाः या स्तोकापि तिथिर्भवेत्।'– " इत्यादीनि त्रिमुहूर्त्त–न्यूनाया अपि सम्पूर्णत्व(साकल्यापादकत्व)प्रतिपादिकानि तानि अष्टाकपाल–आग्नेयाधिकरण–न्यायेन त्रिमुहूर्त्तव्याप्तिस्तावकानि।"**

किञ्च– देखिए– **"उदये दशमी किञ्चित् ....."** की व्याख्या करते हुए **'धर्मसिन्धुकार'** ने तो स्पष्ट लिखा है कि–ये सभी वाक्य यहां सूर्योदयानन्तर त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी दशमी तिथि को ही साकल्यापादिता सिद्ध करते हैं–

"यदा तु पूर्वदिन एव अपराह्णव्यापिनी दशमी परदिने च मुहूर्त्तत्रयादिव्यापिनी अपराह्णात्पूर्वमेव समाप्ता, परत्रैव च श्रवणयोगवती तदा परैव। अपराह्णे दशम्यभावेऽपि 'यां तिथिं समनुप्राप्य ......'– इत्यादि साकल्यवचनैः श्रवणयुक्तायाः ग्राह्याया औदयिक–स्वल्पदशम्याः कर्मकाले सत्त्वापादानात्।" – (*धर्मसिन्धु*)

इस उपरोक्त विमर्श से स्पष्ट हो जाता है – " उदये दशमी किंचित्....." वाक्य में ' **किञ्चित्** ' शब्द मीमांसया त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी तिथि का ही अभिप्राय रखता है। अतः इस शब्द का वाच्यार्थ लेकर इसवर्ष (सं. 2071 वि. में) **'विजयादशमी'** पर्व को 4 अक्तूबर, 2014 ई. के दिन स्थापित करने का कुछ लोगों का प्रयास मीमांसासंगत नहीं है। **सारांश यह है – इस वर्ष विजयादशमी का पर्व 3 अक्तूबर, 2014 ई. को ही शास्त्रानुमत है।**

⊗ *देखिए– सत्संगति को महापाप–निवारक एवं महापुण्यप्रद माना गया है। इसकी प्रशंसा में ' तुलसीदास जी ' का यह वाक्य यहां चरितार्थ होता है–*

"एक घड़ी आधी घड़ी आधी से पुन आध।
तुलसी संगत साध की कटे कोटि अपराध।।"

देखिए– तुलसीदास के इस वचन से हम यह अर्थ कदापि नहीं ले सकते कि– सत्संगति का एक पलमात्र करोड़ों पापों का वस्तुतःनिवारक है। यहां तुलसीदास का यह कथन सत्संगति का भारी माहात्म्यमात्र बतलाता है।

✱ *पाठकों को जान लेना चाहिए कि–तिथि दो प्रकार की होती है– गणितागता और साकल्यापादिता। सूर्य और चन्द्र के अन्तर से गणित द्वारा प्राप्त तिथि, जो पंचांगों में दी रहती है, वह गणितागता है। इसे वास्तव तिथि भी कहते हैं। सूर्योदयानंतर कम से कम त्रिमुहूर्त्तव्याप्ता तिथि ही साकल्यपादिता तिथि मानी जाती है। यह केवल काल्पनिक तिथि है, जो उस काल में भी विद्यमान मानी जाती है, जहां गणितागत तिथि नहीं होती। 'व्रत–पर्व–निर्णय' में इसका प्रयोग अनेकत्र होता है।*

इसवर्ष (सं. 2071 वि.में) भारत में क्षेत्रभेद से दो दुर्गेश एवं दो धनेश

(लेखक – प्रियव्रत शर्मा)

भारतीय ज्योतिषानुसार वार की प्रवृत्ति स्थानीय सूर्योदय से मानी गई है, अतः इससे यह स्पष्ट है, प्रतिवर्ष प्रत्येक वर्षाधिकारी भूगोल पर अनिवार्यतः दो–दो हुआ करते हैं। क्योंकि एक ही काल (क्षण) में भूगोल के एक अर्ध में एक वार और दूसरे अर्ध में दूसरा वार विद्यमान रहता है।

वारों के आरम्भ का स्थानीय सूर्योदय से सम्बन्ध होने के कारण इन वारों पर आश्रित ये वर्षाधिकारी अनेकदा एक ही देश/प्रदेश एवं नगर/ग्राम में भी सूर्योदयकाल की भिन्नता के कारण किसी भी वर्ष दो–दो हो जाते हैं। इस प्रकार की स्थिति सामान्यतः दो–तीन वर्षों में घटित होती रहती है। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब वर्षाधिकारी से सम्बद्ध संक्रान्ति आदि देशीय, प्रदेशीय या नगरीय सूर्योदयकाल के आसन्न घटित हो रही हो। ऐसी स्थिति भारत में दो--चार वर्षों में घटित हो ही जाती है, जिससे उस वर्ष के एक या अधिक अधिकारी पूर्व–पश्चिम क्षेत्रभेद से दो–दो बन जाते हैं।

इसवर्ष (सं. 2071 वि. मे) भारत में **दुर्गेश** (सिंहसंक्रान्ति–वारेश) और **धनेश** (कन्यासंक्रान्ति–वारेश) –दोनों दो–दो हैं, जिनका देश के दो–दो भिन्न क्षेत्रों पर आधिपत्य होगा। इन वर्षाधिकारियों द्वारा इसवर्ष शासित होने वाले भिन्न–भिन्न भारतीय क्षेत्रों का स्पष्टीकरण हम यहां कर रहे हैं। सामने दिए गए भारतचित्र [चित्र (1)] द्वारा दो दुर्गेशों का आधिपत्य इस प्रकार स्पष्ट किया जा रहा है–

दो दुर्गेश

सामने दिए गए चित्र (1) में दी गई 'क–ख' रेखा से दाएं स्थित भारतीय क्षेत्र में इसवर्ष **दुर्गेश** रवि और बाएं स्थित क्षेत्र में **दुर्गेश** शनि होगा। क्योंकि इसवर्ष सिंहसंक्रान्ति–कालिक वार, जिसका स्वामी **दुर्गेश** माना गया है, इस रेखा से दाईं ओर रवि और बाईं ओर शनि होगा।


68
72
76
80
84
88
92
96
36
32
28
24
20
16
12
8
क
ख
घं. 16मि. (भा.स्टै.टा.) पर सूर्योदय
जम्मूकाश्मीर
श्रीनगर
जम्मू
मनाली
हि.प्र.
पंजाब
उ.खं.
बीका.
हरि.
दिल्ली
उ.प्र.
नेपाल
राज
जयपुर
आग.
लख.
जोध.
अज.
जय
ग्वालिं.
कान.
इलाहा.
काठ.
भूटान
अरुणा.
आसाम
नालैण्ड
बिहार
भुज
गुज.
जूना.
अहमदा.
उज्जैन
मध्यप्रदेश
प.बंगाल
बांग्लादेश
मणि.
मिज़ोरम
भाव
इन्दौरं
भोपाल
बिला.
झा.
छ.ग.
अकोला
नागंपुर
उड़ीसा
भुवने.
पुरी
मुम्बई
महाराष्ट्र
पुणे
सिंतारा
सिकन्द्रा.
आन्ध्रप्रदेश
कर्णाटक
तिरु.
चेन्नई
बैंगलोर
पाण्डिचेरी
ता.ना.
केरल
मदुरै
तिरुअनन्त.
श्रीलंका

चित्र (1)

सं. 2071 वि. में भारतीय भूभाग पर दो दुर्गेशों का आधिपत्य

'क–ख' रेखा से दाईं ओर वाले भूभाग का दुर्गेश 'सूर्य' और बाईं ओर वाले भूभाग का 'शनि' होगा।

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

दो धनेश

सामने दिए चित्र (2) में दी गई 'क–ख' रेखा से दाएं स्थित भारतीय क्षेत्र में इसवर्ष धनेश बुध और बाएं स्थित क्षेत्र में मंगल होगा। क्योंकि इसवर्ष कन्यासंक्रान्ति–कालिक वार, जिसका स्वामी धनेश माना जाता है, इस रेखा से दाईं ओर बुध और बाईं ओर मंगल होगा।

यहां पाठकजन यह भी समझ लें कि– वर्ष के इन दस (राजा, मन्त्री आदि) अधिकारी ग्रहों का निर्णय वारेश से इस प्रकार किया जाता है–

राजा :–	चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का वारेश।
मन्त्री :–	मेषसंक्रान्ति–वारेश।
सस्येश :–	कर्कसंक्रान्ति–वारेश।
दुर्गेश :–	सिंहसंक्रान्ति–वारेश।
धनेश :–	कन्यासंक्रान्ति–वारेश।
रसेश :–	तुलासंक्रान्ति–वारेश।
धान्येश :–	धनुसंक्रान्ति–वारेश।
नीरसेश :–	मकरसंक्रान्ति–वारेश।
फलेश :–	मीनसंक्रान्ति–वारेश।
मेघेश :–	सूर्य द्वारा आर्द्रानक्षत्रप्रवेश–कालिक वार का स्वामी।

इस प्रकार स्पष्ट है, इन दस वर्षाधिकारियों का वारेश से साक्षात् सम्बन्ध है।

प्रसंगवश यह भी जान लीजिए–

प्राचीनकाल में भारतीय पंचांगकार अपने स्थानीय संक्रान्ति आदि के वारानुसार ही वार्षिक फलादेश अपने पंचांगों में दिया करते थे। स्थानीय वारभेद से उत्पन्न वर्षेश आदि के फलादेश की ओर उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया। अपने स्थानीय अक्षांश, रेखांशों पर निर्णीत वर्षराजा, वर्ष–मन्त्री आदि


68
72
76
80
84
88
92
96
36
32
28
24
20
16
12
8
क
ज.का.
श्रीनगर
जम्मू
मनाली
अमृत.
पाकिस्तान
हि.प्र.
पंजाब
चण्डी.
उ.ख.
हरि.
नेपाल
बीका.
जय.
दिल्ली
उ.प्र.
राज.
आग.
लेख.
काठ.
सिक्कि.
भूटान
अरुणा.
जोध.
अज.
ग्वालि.
कान.
इलाहा.
बिहार
आसाम
ना.लैण्ड
उदय.
मेघालय
मणि.
गुज.
उज्जैन
म.प्र.
बिलास.
मिज़ोरम
जूना.
अहम.
इन्दौर
भोपाल
प.बंगाल
भाव.
उड़ीसा
मुम्बई
अकोला
नाग.
भुवने.
पुरी
महा.
पुणे
सिकन्द्रा.
सितारा
आन्ध्र.
कर्णा.
तिरु.
चेन्नई
बैंगलोर.
पाण्डिचेरी
तमिल.
केरल
मदुरै
तिरुवनन्त.
श्रीलंका
ख

चित्र (2)

सं. 2071 वि. में भारतीय भूभाग पर दो धनेशों का आधिपत्य

'क–ख' रेखा से दाईं ओर वाले भूभाग का धनेश 'बुध' और बाईं ओर वाले भूभाग का 'मंगल' होगा।

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

के फलादेश को ही वे प्रकारान्तरेण अखिल भारतीय के रूप में प्रचारित करते थे, जो सिद्धान्तदृष्टया गलत था। लेकिन स्थानीय वारानुसार निर्णीत विभिन्न क्षेत्रानुसारी वर्षेशादि के परस्पर विरुद्ध फलादेशों का क्षेत्रभेद से विभाजन भी तो एक टेढ़ी खीर है। एक ही देश, प्रदेश, नगर में वारभेद के कारण दो–दो वर्षाधिकारियों के परस्पर असम्बद्ध अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सुवृष्टि, भूकम्प, देशोपद्रव, शासनक्रान्ति, देशस्वास्थ्य, महामारी आदि फलादेशों का विभाजन पंचांगकार किस प्रकार करते हैं ? इसका कोई उत्तर नहीं है। हमारी संहिताएं भी इस विषय में मूक हैं। **अपि च**– भारतीय पंचांगकारों द्वारा **'वार्षिक फल'** प्रसंग में दस वर्षाधिकारियों के अलावा, संवत्सरवाहन, संवत्सरपुरुष, वर्षादि–विश्वामान, जलादि चार स्तम्भ, चार आर्षमान, संवत्सर–वास, रोहिणीवास, चतुर्मेघ, नवमेघ, अष्टनाग, सप्तवायु, शनिदृष्टि, जगत्लग्नकुण्डली आदि–आदि के आधार पर पंचांगों में दिए जाने वाले परस्पर असमन्वयी, विरुद्ध फलादेशों का क्या कोई समन्वयप्रकार है ? सभी पंचांगकार इन्हें प्रतिवर्ष पृथक्–पृथक् परस्पर निरपेक्षरूपेण केवल उद्धृत कर देते हैं। अन्ततः इन सबका समुदित (संकलित) वार्षिक फल कैसे जाना जाए ? यह सचमुच एक उलझी समस्या है।

क्या आपको मालूम है कि **“श्रीमार्त्तण्ड पंचांग”** संक्षिप्तरूप में **“श्री बटुक पञ्चांग”** के नाम से प्रकाशित होता है ? **“श्री बटुक पञ्चांग”** पॉकेट साईज़ में है और इसमें प्रमुख-प्रमुख एवम् वर्गीकृत व्रत-पर्व, संदिग्ध व्रत-पर्व आदि, गण्डमूल, पंचक, ग्रहणविवरण, राशिफलादेश, वर्षराजादि फलविचार, २४ पक्ष, तिथ्यादि पंचांग, दैनिक- लग्नसारणी, विवाहादि मुहूर्त्त और मेलापक सारणी आदि वह सभी कुछ उपलब्ध है, जिसकी दैवज्ञों/आम लोगों को हर समय ज़रूरत रहती है ।

पृष्ठ संख्या 222

चिरस्थायी बहुमूल्य काग़ज़ पर मुद्रित साईज़-'मार्त्तण्ड पंचांग' के बराबर

मुहूर्त्त गजानन

लेखकः– प्रियव्रत शर्मा,

(गर्भाधान, पुंसवन, नामकरण, मुण्डन, उपनयन एवम् विवाहादि मुहूर्त्तों के साधन का सरल भाषा/शैली में विस्तृत प्रतिपादन)

वशिष्ठादि संहिताओं, मुहूर्त्तमार्त्तण्ड, मुहूर्त्तचिन्तामणि आदि ग्रन्थों में दिया गया मुहूर्त्त का साधनप्रकार संस्कृत के विद्वान् दैवज्ञों को भी उलझाने वाला है। इस पुस्तक में सभी आवश्यक विभिन्न मुहूर्त्तों के ग्राह्य एवम् वर्ज्य काल आदि का विशद विवेचन किया गया है, जिसे पढ़कर कोई भी व्यक्ति पंचांग में दिए गए तिथ्यादि के अनुसार अभीष्टकाल में अभीष्ट मुहूर्त्त का शुद्धकाल एवम् लग्न जान सकता है। किस मुहूर्त्त में कौन–सी तिथि–वार–नक्षत्र–योग ग्राह्य हैं, कौन–सा काल लग्नमुहूर्त्त के लिए शास्त्रोक्त है, मृताशौच, जननाशौच जैसी प्रतिकूल स्थिति आ पड़ने पर मंगलकृत्य का विधान कैसे हो–इत्यादि मुहूर्त्तसम्बन्धी अनेक उलझे प्रश्नों के सुस्पष्ट समाधान मुहूर्त्तशास्त्रोक्त प्रमाणों द्वारा सुलझाए गए हैं।

शुभकृत्य के मुहूर्त्त को दूषित करने वाले अधिकमास, भद्रा, गुरु–शुक्रास्त, मासान्त–संक्रान्ति, ग्रहणशूल, क्रान्तिसाम्य आदि 57 दोष तथा उनके सम्भव परिहार भी सप्रमाण दिए गए हैं।

देवप्रतिष्ठा, गृहारम्भ, ग्रहप्रवेश, वधूप्रवेश, राज्याभिषेक, विपणि, यात्रा, पुनर्विवाह, मन्त्रदीक्षा, पशु आदि का क्रय–विक्रय आदि अनेकों आवश्यक कृत्यों के शुभमुहूर्त्त–ज्ञान का विस्तृत विवेचन शास्त्रीय प्रमाणवाक्यों–सहित किया गया है। सभी उद्धृत संस्कृत–प्रमाणवाक्यों को हिन्दी में सुस्पष्ट किया गया है।

यमघण्ट, क्रकच आदि कुयोग, सर्वार्थसिद्धि, द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर आदि सुयोग तथा गृहप्रवेश, गृहारम्भादि में अपेक्षित वृषवास्तु, भूशयन तथा कलशशुद्धि–ज्ञापक बीसों मौलिक कोष्ठक इसमें दिए गए हैं।

मुहूर्तकालिक लग्न जानने के लिए 40 पृष्ठों की एवम् दैनिक लग्नारम्भ–समाप्ति–सारणी दी गई है, जिससे भारत के 1000 नगर एवम् उपनगरों में अभीष्ट तारीख को मेषादि लग्नों का प्रारम्भ एवम् समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) तुरन्त जाना जा सकता है।

मूल्य Rs. 500/– + डाकव्यय Rs. 50/–

सम्पर्कसूत्र– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन,' कोठी नं. 59,
सैक्टर–6, **P.O.** पंचकूला (हरियाणा) – 134 109, Phone: 0172-2565 303

गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ एवम् समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2014 से 20 मार्च, सन् 2015 ई. तक)

प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त		
2014 ई.	घं.	मि	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014–15 ई.	घं.	मि.	2014–15 ई	घं.	मि.
— — —	—	—	1 जन.	11	08	27 अप्रै.	10	02	29 अप्रै.	9	05	24 अग.	0	01	26 अग.	5	59	20 दिसं.	22	11	22 दिसं.	19	14
7 जन.	20	20	9 जन.	21	55	6 मई	21	04	9 मई	2	38	2 सितं.	18	08	4 सितं.	16	16	29 दिसं.	6	35	31 दिसं.	5	38
17 जन.	16	09	19 जन.	21	38	16 मई	5	26	18 मई	1	58	10 सितं.	22	31	12 सितं.	19	31	7 जन.	13	46	9 जन.	19	28
27 जन.	2	54	28 जन.	22	25	24 मई	16	25	26 मई	16	24	20 सितं.	6	22	22 सितं.	12	19	17 जन.	8	36	19 जन.	5	51
4 फर.	4	49	6 फर.	4	57	3 जून	4	51	5 जून	10	43	29 सितं.	23	54	1 अक्तू.	23	03	25 जन.	12	59	27 जन.	11	10
13 फर.	22	22	16 फर.	3	35	12 जून	14	55	14 जून	10	32	8 अक्तू.	9	10	10 अक्तू.	5	48	3 फर.	20	31	6 फर.	2	16
23 फर.	10	30	25 फर.	7	38	20 जून	21	48	22 जून	22	09	17 अक्तू.	13	36	19 अक्तू.	19	34	13 फर.	17	57	15 फर.	16	30
3 मार्च	15	11	5 मार्च	13	59	30 जून	11	50	2 जुला.	17	52	27 अक्तू.	5	29	29 अक्तू.	4	27	21 फर.	22	02	23 फर.	18	34
13 मार्च	5	17	15 मार्च	10	22	10 जुला.	1	10	11 जुला.	20	48	4 नवं.	18	24	6 नवं.	15	44	3 मार्च	2	33	5 मार्च	8	29
22 मार्च	16	06	24 मार्च	14	10	18 जुला.	4	01	20 जुला.	3	42	13 नवं.	21	41	16 नवं.	3	38	13 मार्च	1	09	15 मार्च	1	12
31 मार्च	1	30	1 अप्रै.	23	56	27 जुला.	18	04	30 जुला.	0	06	23 नवं.	12	44	25 नवं.	10	38	— —	—	—	— —	—	—
9 अप्रै.	13	00	11 अप्रै.	18	15	6 अग.	10	37	8 अग.	7	15	2 दिसं.	1	14	3 दिसं.	23	44						
18 अप्रै.	21	52	20 अप्रै.	19	33	14 अग.	12	19	16 अग.	10	36	11 दिसं.	6	00	13 दिसं.	11	50						

पंचकों का प्रारम्भ एवम् समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2014 से 20 मार्च, सन् 2015 ई. तक)

प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त			प्रारम्भ			समाप्त		
2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014 ई.	घं.	मि.	2014–15 ई.	घं.	मि.	2014–15 ई.	घं.	मि.	2015 ई.	घं.	मि.	2015 ई.	घं.	मि.
4 जन.	12	48	8 जन.	20	46	21 मई	7	45	25 मई	16	14	5 अक्तू.	5	13	9 अक्तू.	7	15	18 फर.	19	58	22 फर.	20	00
31 जन.	23	48	5 फर.	4	28	17 जून	14	06	21 जून	21	44	1 नवं.	12	07	5 नवं.	16	56	18 मार्च	6	59	—	—	
28 फर.	10	52	4 मार्च	14	12	14 जुला.	22	40	19 जुला.	3	31	28 नवं.	17	30	3 दिसं.	0	22						
27 मार्च	19	53	1 अप्रै.	0	26	11 अग.	9	05	15 अग.	11	05	25 दिसं.	23	49	30 दिसं.	5	55						
24 अप्रै.	2	22	28 अप्रै.	9	22	7 सितं.	19	53	11 सितं.	20	42	22 जन.	8	50	26 जन.	11	47						

रविवार कैलेण्डर (1 जनवरी, सन् 2014 से 31 मार्च, सन् 2015 ई. तक)

2014 ई.	रविवार की तारीखें					2014 ई.	रविवार की तारीखें					2014 ई.	रविवार की तारीखें					2015 ई.	रविवार की तारीखें				
जनवरी	5	12	19	26	—	मई	4	11	18	25	—	सितंबर	7	14	21	28	—	जनवरी	4	11	18	25	—
फरवरी	2	9	16	23	—	जून	1	8	15	22	29	अक्तूबर	5	12	19	26	—	फरवरी	1	8	15	22	—
मार्च	2	9	16	23	30	जुलाई	6	13	20	27	—	नवंबर	2	9	16	23	30	मार्च	1	8	15	22	29
अप्रैल	6	13	20	27	—	अगस्त	3	10	17	24	31	दिसंबर	7	14	21	28	—						

ग्रहण-विवरण (सं. 2071 वि.)

–प्रियव्रत शर्मा,

वि. सं. 2071 (31 मार्च, 2014 से 20 मार्च, 2015 ई. तक की अवधि) में निम्नांकित पांच ग्रहण भूमण्डल पर दिखाई पड़ेंगे–

(i) खग्रास चन्द्रग्रहण (15 अप्रैल, 2014 ई.)
(ii) कंकण सूर्यग्रहण (29 अप्रैल, 2014 ई.)
(iii) खग्रास चन्द्रग्रहण (8 अक्तूबर, 2014 ई.)
(iv) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (24 अक्तूबर, 2014 ई.)
(v) खग्रास सूर्यग्रहण (20 मार्च, 2015 ई.)

इन ग्रहणों में से केवल 8 अक्तूबर, 2014 ई. वाला चन्द्रग्रहण ही भारत में सायं ग्रस्तोदय दिखाई देगा। शेष चारों ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ेंगे।

भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण

(1) खग्रास चन्द्रग्रहण (15 अप्रैल, 2014 ई.)–

यह चन्द्रग्रहण चैत्र पूर्णिमा, मंगलवार को 15 अप्रैल, 2014 ई. के दिन भा.स्टैं.टा. अनुसार 11 घं. 28 मि. से 15 घं. 03 मि. के मध्य विश्व के विभिन्न देशों (ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैण्ड, जापान, स्पेन, अफ्रीका, उत्तरी एवं दक्षिणी अमेरिका, कनाडा, अलास्का, ग्रीनलैण्ड आदि) में दिखाई देगा। **इसके स्पर्शादि काल भा.स्टैं.टा. अनुसार इस प्रकार हैं–**

	घं.	मि.
स्पर्श	11	28
खग्रास–आरम्भ	12	36
ग्रहण–मध्य	13	15
खग्रास–समाप्त	13	55
मोक्ष	15	03

स्पष्ट है, इस ग्रहण के समय भारत में सर्वत्र दिन ही होगा।

(2) कंकण सूर्यग्रहण (29 अप्रैल, 2014 ई.) –

यह सूर्य ग्रहण वैशाखी अमा, मंगलवार के दिन 29 अप्रैल, 2014 ई. को ऑस्ट्रेलिया, उत्तर–पश्चिमी एण्टार्क्टिका एवम् हिन्द महासागर में दिखाई पड़ेगा। भूमण्डल पर भा.स्टै.टा. अनुसार यह ग्रहण 9 घं. 22 मि. पर प्रारम्भ होकर 13 घं. 44 मि. पर समाप्त होगा। इसकी कंकणाकृति उ. एण्टार्क्टिका में 11 घं. 28 मि. से 11 घं. 38 मि. तक देखी जा सकेगी। भूगोल पर इस ग्रहण के घटनास्थल, स्पर्शकाल आदि के लिए पृ. **29** पर चित्र (1) देखें।

(3) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (24 अक्तू, 2014 ई.) –

यह ग्रहण कार्त्तिक अमा, शुक्रवार के दिन 24 अक्तूबर, 2014 ई. को अमेरिका, कनाडा, अलास्का, ग्रीनलैण्ड तथा प्रशान्त महासागर में भा.स्टैं.टा. अनुसार 1 घं. 07 मि. से 5 घं. 21 मि. तक खण्डग्रास के रूप में देखा जा सकेगा। भूगोल पर इस ग्रहण के घटनास्थल, स्पर्शकाल आदि के लिए **29** पृ. पर चित्र (2) देखें।

(4) खग्रास सूर्यग्रहण (20 मार्च, 2015 ई.) –

यह ग्रहण चैत्री अमा, शुक्रवार को 20 मार्च, 2015 ई. के दिन उत्तरी अफ्रीका, समस्त यूरोप, मंगोलिया, रूस व चाइना में दीखेगा। इसकी खग्रासाकृति ग्रीनलैण्ड के पूर्व एवम् दक्षिण में आर्कटिक महासागर में देखी जा सकेगी। यह ग्रहण भूमण्डल पर भा.स्टैं.टा. अनुसार 13 घं. 11 मि. से 17 घं. 20 मि. तक उपरोक्त देशों में दिखाई पड़ेगा। **इसके भूमण्डल पर स्पर्श आदि काल भा.स्टैं.टा. में इस प्रकार हैं–**

	घं.	मि.
स्पर्श	13	11
खग्रास–आरम्भ	14	39
ग्रहण–मध्य	15	15
खग्रास–समाप्त	15	51
मोक्ष	17	20

भूगोल पर इस ग्रहण के घटनास्थल, स्पर्शकाल आदि के लिए पृ. **29** पर चित्र (3) देखें।

भारत में दृश्य चन्द्रग्रहण का विस्तृत विवरण–

इस वि. संवत् (2071) में 8 अक्तूबर, 2014 ई. वाला चन्द्रग्रहण ही भारत में दीखेगा। यह ग्रहण आश्विन पूर्णिमा, बुधवार को पश्चिमी भाग को छोड़कर शेष सम्पूर्ण भारत, म्यांमार, चीन, रूस, मंगोलिया, इण्डोनेशिया, थाईलैण्ड, सिंगापुर, हांगकांग, फिलिपीन्स, ऑस्ट्रेलिया में ग्रस्तोदय तथा द. अमेरिका, उ. अमेरिका, कनाडा, ग्रीनलैण्ड में ग्रस्तास्त के रूप में दिखाई देगा। पाकिस्तान, अफग़ानिस्तान, ईरान, इराक, टर्की, सीरिया, अफ्रीका एवम् यूरोपीय देशों में यह ग्रहण बिल्कुल नहीं दीखेगा। इसके स्पर्श आदि काल (भा.स्टैं.टा.) अनुसार इस प्रकार हैं–

	घं.	मि.
स्पर्श	14	45
खग्रास–आरम्भ	15	55
ग्रहण–मध्य	16	24
खग्रास–समाप्त	16	54
मोक्ष	18	04

8 अक्तूबर, 2014 ई.
(भा.स्टैं.टा.)

	घं.	मि.
पर्वकाल =	3	19

यह ग्रहण पश्चिमी जम्मू–काश्मीर, पंजाब के पश्चिमी भाग, लगभग पूरे राजस्थान, सम्पूर्ण गुजरात, पश्चिमी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र के पश्चिमार्ध, कर्नाटक के अधिकतर भाग तथा पूरे केरल को छोड़कर शेष पूरे भारत में सायंकाल के समय ग्रस्तोदय होगा। अरुणाचल, पूर्वी आसाम और नागालैण्ड (जहां चन्द्रमा पूर्ण ग्रस्त उदित होगा) को छोड़कर शेष भारतीय प्रान्तों में चन्द्रमा खण्डग्रास के रूप में ही उदित होगा। स्पष्टता के लिए सामने दिया भारत–मानचित्र(नक्शा) देखिए। इस चित्र में अंकित 'क–ख' रेखा से दाईं ओर स्थित भारतीय प्रदेशों में ही यह ग्रहण दृश्य होगा। 'क–ख' और 'च–छ' रेखाओं के मध्यवर्ती प्रदेशों में चन्द्रमा खण्डग्रासरूप में और 'च–छ' रेखा से दाईं ओर खग्रास के रूप में उदित होगा। 'क–ख' रेखा पर स्थित नगर–ग्रामों में चन्द्रोदय 18 घं. 04 मि. पर होगा और इसी समय ग्रहण समाप्त हो जाएगा। स्पष्ट है– जो नगर–ग्राम इस 'क–ख' रेखा से दाईं ओर जितना अधिक हटा होगा, वहां ग्रहण का ग्रास उतना ही अधिक दीखेगा। इस प्रकार इस रेखा के पार्श्वस्थ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान आदि के नगरों में यह ग्रहण अत्यल्प काल के लिए अत्यल्प ग्रास के रूप में ही दीख पड़ेगा। अनेक स्थलों पर तो यह वहां दृष्टिग्राह्य भी नहीं होगा। 'च–छ' रेखा से बाईं ओर के

ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण (8 अक्तूबर, 2014 ई.)



68
72
76
80
84
88
92
96
36
32
28
24
20
16
12
8
क
ख
च
छ
ज.का.
श्रीनगर
पाकिस्तान
हि.प्र.
पं.
चण्डी
हरि.
दिल्ली
बीका:
राज.
जय
जोध.
अज.
भील.
गुज.
ग्वां.
म.प्र.
वर्धा
उ.प्र. लख.
नेपाल
बिहार
आसा.
मेघा.
मिजो
प. बं.
उड़ीसा
धुले
म.रा.
आं.प्र.
अनन्त.
कर्णा.
ता.ना.
केरल
मदुरै
श्रीलंका
18घं. 04मि.
(0)
17घं. 46मि.
(25)
17घं. 29मि.
(50)
17घं. 11मि.
(75)
16घं. 54मि.
(100)

यह ग्रहण भारत में ग्रस्तोदय होगा और इस चित्र में अंकित 'क–ख' रेखा से दाईं ओर वाले भाग में ही दीखेगा।

यह ग्रहण चन्द्रोदय के समय 'क–ख' और 'च–छ' रेखाओं के मध्य खण्डग्रास और 'च–छ' से दाईं ओर अरुणाचल, नागालैण्ड आदि में थोड़ी–सी देर के लिए खग्रास के रूप में भी दिखाई देगा।

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

पार्श्ववर्ती स्थलों पर ग्रहण का खण्डग्रासरूप पर्याप्त दृष्टिग्राह्य होगा। इस रेखा से दाईं ओर चन्द्रोदय के समय ग्रहण का खग्रासरूप देखा जा सकेगा। इस रेखा पर स्थित नगर/ग्रामों में चन्द्रोदय के समय (16 घं. 54 मि. I.S.T. पर) खग्रासग्रहण समाप्त हो जाएंगा। भारत के इस मानचित्र में ऊपर से नीचे की ओर जाने वाली भग्न(टूटी) रेखाओं पर स्थित नगरों में चन्द्रोदयकाल (भा.स्टैं.टा.) तथा उसके नीचे चन्द्रोदयकालिक प्रतिशत ग्रास भी कोष्ठक में अंकित है। पृ. 27 पर भारत के प्रसिद्ध नगरों में 8 अक्तूबर, 2014 ई. के चन्द्रोदय का काल (भा.स्टैं.टा.) दिया गया है।

ग्रहण का सूतक– इस ग्रहण का सूतक 8 अक्तूबर, 2014 ई. को सूर्योदय से ही प्रारम्भ हो जाएगा।

भारत में दृश्य ग्रहण का राशिफल–यह ग्रहण (8 अक्तूबर, 2014 ई. , बुधवार को) रेवती नक्षत्र एवं मीन राशि में घटित होगा। अतः जन्मनक्षत्र रेवती एवं मीन राशि वाले व्यक्तियों के लिए यह चन्द्रग्रहण विशेषरूप से नेष्ट–फलप्रद रहेगा। विभिन्न राशि वाले व्यक्तियों के लिए इस ग्रहण का फल नीचे देखें–

जन्म/ नाम राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	हानि	धनलाभ	कष्ट	चिन्ता	सुख	स्त्री/पतिकष्ट	मृत्युतुल्य भारी कष्ट	अपमान	सुख	लाभ	हानि	घात

इस ग्रहण का विशेष फल इसप्रकार है–

मीन राशि में ग्रहण होने से समुद्रतटवर्ती प्रदेशों, समुद्री पदार्थों (मोती, मूंगा, पैट्रोलियम, रत्नादि) के उपजीवियों, जंगली जीवों, बुद्धिजीवी वर्ग, पानी से रोजी कमाने वालों (मछुवारों, नाविक, जलयान से सम्बद्ध मर्चेण्ट–नेवी आदि) किंवा जल से कमाई करने वालों को कष्ट होता है–

" मीने सागर–कूल सागरजल–द्रव्याणि वन्यान् जनान्।
प्राज्ञान् वार्युपजीविनश्च भफलं कुर्मोण–देशाद् वदेत्।। "

कूर्मचक्रानुसार ईशान दिशा में स्थित देशों के लिए यह ग्रहण विशेष उपद्रव–कारक है। तदनुसार उ. ध्रुव के नीचे पर्वतीय प्रदेश, वर्तमान काश्मीर, रामगंगा से सरयू के मध्य का भाग, कुमाऊँ क्षेत्र, चिनाब व जेहल्म का नीचला भाग, किरात (आर्यावर्त देश), बिहार एवं चीन, नेपाल, मलेशिया, फिलिपीन के लिए यह ग्रहण प्राकृतिक आपदाएं एवं यहां के शासकों के लिए कठिन परिस्थितियां पैदा करे।

अयन–फल– यह ग्रहण दक्षिणायन में हो रहा है। अतः वैश्यवर्ग, व्यापारी एवं सफाई कर्मचारी आदि सेवधर्मियों के लिए कष्टप्रद है। ईशान–कोण में म्लेच्छों, सैनिकों एवं बिजली किंवा अग्नि से आजीविका कमाने वाले उद्योगपतियों को भी परेशानी अनुभव होगी।

ग्रहण के समय चन्द्र पर ग्रहदृष्टि– ग्रहणसमय मीनराशिस्थ चन्द्र पर सूर्य, शुक्र, राहु एवं गुरु की दृष्टि है। खड़ी फसलों को हानि किंवा अनेक प्रकार की राजनैतिक या प्राकृतिक परेशानियां उपस्थित होने का भय है। लेकिन गुरु की चन्द्र पर दृष्टि होने से ये उल्लिखित नेष्टफल निष्क्रिय हो जाते हैं; ऐसा 'बृहत्संहिता' में लिखा है–

"यदशुभमवलोकनाभिरुक्तं ग्रहजनितं ग्रहणे प्रमोक्षणे वा।
सुरपति–गुरुणावलोकिते तच्छममुपयाति जलैरिवाग्निरिद्धः।।"

आश्विन मास में ग्रहणफल– चीन, अरबराष्ट्र, पाकिस्तान, काश्मीर, समुद्रतटवर्ती देश आपदाग्रस्त रहें।

यह ग्रहण कहीं ग्रस्तोदित, कहीं खग्रास एवं कहीं ग्रस्तास्त होगा। किंच– सूर्य, शुक्र, राहु की मीनस्थ चन्द्र पर दृष्टि भी है।

फल– सर्दी में होने वाली फसलों का नाश एवं शासकों के सामने विकट परिस्थितियां उपस्थित हों। कहीं अकाल की स्थिति व कहीं प्राकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवादजन्य जनधनहानि भी संभव है–

" ग्रस्तावुदितास्तमितैः शारदधान्यावनीश्वरक्षयदः।
सर्वग्रस्तो दुर्भिक्षमरकदो पाप–सन्दृष्टः।।"

रेवती नक्षत्र में ग्रहणफल– मूंग, मोठ आदि दालवाना के व्यापारी छः मास में लाभान्वित हों–

" मासषट्काल्लाभ एव रेवत्यां मुद्ग–माषतः।"

ग्रहण–वारफल– चन्द्रग्रहण बुधवार को होने से अन्न, घी, तेल एवं सुपारी, रक्तवर्ण वस्तुओं, नारियल आदि के संग्रह से लाभ हो।

ग्रहण–योगफल– यह ग्रहण व्याघात योग में घटित हो रहा है। प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त हो, खड़ी फसलों को हानि पहुंचे एवं महंगाई बहुत रहे।

चन्द्रोदय (भा.स्टैं.टा.) (8 अक्तूबर, 2014 ई.)

नगर	घं.	मि.	नगर	घं.	मि.	नगर	घं.	मि.	नगर	घं.	मि.
अगरतला	17	03	गुड़गांव	17	59	पंचकूला	17	58	मोहाली	17	59
अनन्तपुर	18	04	गुवाहाटी	16	59	पटना	17	27	यवतमाल	17	59
अम्बाला	18	00	गोरखपुर	17	34	पटियाला	18	00	*रतलाम	18	10
*अमृतसर	18	06	ग्वालियर	17	56	पठानकोट	18	02	राउरकेला	17	31
अलवर	18	01	चण्डीगढ़	17	58	पाण्डिचेरी	17	56	रांची	17	36
अलीगढ़	17	55	*चूरू	18	06	*पणजी	18	19	*राजकोट	18	28
*अहमदाबाद	18	20	चेन्नई	17	54	पानीपत	17	58	रायपुर	17	44
आगरा	17	56	जबलपुर	17	50	*पिलानी	18	05	रोपड़	17	59
*इन्दौर	18	07	जमशेदपुर	17	24	*पुणे	18	17	लखनऊ	17	44
इम्फाल	16	51	*जम्मू	18	05	पुरी	17	29	लुधियाना	18	02
इलाहाबाद	17	41	*जयपुर	18	05	*फरीदकोट	18	07	वर्धा	17	57
ईटानगर	16	51	*जलगांव	18	09	*फिरोज़पुर	18	07	वाराणसी	17	36
*उज्जैन	18	07	*जामनगर	18	31	*बठिंडा	18	06	विजयवाड़ा	17	51
*उदयपुर (राज.)	18	15	जालन्धर	18	03	*बड़ोदरा	18	18	विशाखापत्तनम्	17	39
ऐजावल	16	57	*जैसलमेर	18	25	*बाड़मेर	18	24	शिमला	17	56
*औरंगाबाद	18	11	*जोधपुर	18	17	*बीकानेर	18	14	शिलांग	16	59
कटक	17	28	जोरहाट	16	49	*बीजापुर	18	11	* शोलापुर	18	18
कपूरथला	18	04	झांसी	17	55	*बैंगलौर	18	05	श्रीनगर (का.)	18	04
कठुआ	18	02	*झुंझुनु	18	06	*भावनगर	18	23	संगरुर	18	03
कांगडा	17	59	डिब्रूगढ़	16	46	*भुज	18	32	*सतारा	18	17
कानपुर	17	56	तिरुपति	17	59	भुवनेश्वर	17	27	सलीम	18	03
कुराली (पं.)	17	59	*तिरुवनन्तपुरम्	18	10	भोपाल	18	00	सहारनपुर	17	56
कुरुक्षेत्र	17	58	त्रिचनापल्ली	18	01	मण्डी (हि.प्र.)	17	58	*सिरसा	18	06
कुल्लू	17	58	दिल्ली	17	58	मदुरै	18	04	*सीकर	18	07
*कोटा	18	06	देहरादून	17	53	मथुरा	17	58	*सूरत	18	20
*कोयम्बटूर	18	08	*नवलगढ़	18	06	*मा.आबू	18	19	हमीरपुर (उ.प्र.)	17	47
कोलकाता	17	15	नागपुर	18	03	मुज़फ्फरनगर	17	55	हरिद्वार	17	53
*कोल्हापुर	18	17	नान्देड़	18	03	*मुम्बई	18	21	हिसार	18	04
कोहिमा	16	50	नाभा	18	01	मेरठ	17	56	हैदराबाद	17	59
खन्ना (पं.)	18	01	नाहन	17	56	*मैसूर	18	09	होशियारपुर	18	00
गंगटोक	17	12	नैनीताल	17	48						
*गान्धीनगर	18	20	नैल्लूर	17	54						

* इन नगरों में चन्द्रोदय से पहिले ही ग्रहण समाप्त हो जाएगा।

ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण
(8 अक्तूबर, 2014 ई.)

स्पर्श, खग्रास–आरम्भ–समाप्ति
एवम् मोक्ष की दिशाएं


उत्तर
खग्रास समाप्ति
खग्रासारम्भ
स्पर्श
चन्द्र
मोक्ष
पूर्व
पश्चिम
दक्षिण

ग्रस्तोदय चन्द्रग्रहण (8 अक्तूबर, 2014 ई.)
(कुछ नगरों में चन्द्रोदयकालीन ग्रासमान)

उत्तर

पूर्व

चण्डीगढ़	दिल्ली	शिमला	देहरादून
17घं. 58 मि.	17घं. 58 मि.	17घं. 56 मि.	17घं. 53 मि.
			

पटना	वाराणसी	कोलकाता	इम्फाल
			
17घं. 27 मि.	17घं. 36 मि.	17घं. 15 मि.	16घं. 51 मि.

पश्चिम

दक्षिण

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

कंकण सूर्यग्रहण (29 अप्रैल, 2014)

(भूगोल पर ग्रहण—घटनास्थल, स्पर्शकाल, परम ग्रासमान और कंकणाकृत्तिस्थल)

चित्र (1)


उत्तर
पश्चिम
पूर्व
दक्षिण
Greatest Eclipse
कंकण

(i) उत्तर–पश्चिम से दक्षिण एवम् दक्षिण– पूर्व की ओर जा रही वक्ररेखाओं पर स्पर्श का U.T. (Universal time) दिया गया है। इसमें 5 घं. 30 मि. जोड़ देने पर यह भा. स्टैं. टा. हो जाएगा।

(ii) दूसरी वक्ररेखाओं पर परम ग्रासमान (प्रतिशत में) अंकित है।

(iii) स्टार (✱) से अंकित स्थल पर कुछ ही मिनटों के लिए यह कंकणाकृति दीखेगी।

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (24 अक्तू., 2014)

(भूगोल पर ग्रहण—घटनास्थल, स्पर्शकाल और परम ग्रासमान)

चित्र (2)


उत्तर
पश्चिम
पूर्व
दक्षिण
Greatest Eclipse

(i) उत्तर से दक्षिण एवम् दक्षिण–पश्चिम की ओर जा रही वक्ररेखाओं पर ग्रहण का स्पर्शकाल U.T. (Universal time) में है। इसमें 5 घं. 30 मि. जोड़ने पर यह भा. स्टैं. टा. हो जाएगा।

(ii) पश्चिमोत्तर से पूर्वोत्तर की ओर जाने वाली वक्ररेखाओं पर ग्रहण का परम ग्रास (प्रतिशत में) अंकित है।

खग्रास सूर्यग्रहण (20 मार्च, 2015)

(भूगोल पर ग्रहण—घटनास्थल, स्पर्शकाल, परम ग्रासमान और खग्रास—दृश्यस्थल)

चित्र (3)


उत्तर
खग्रास ग्रहण मार्ग
पश्चिम
पूर्व
दक्षिण

(i) बाईं से दाईं ओर खींची वक्ररेखाओं पर ग्रहण–स्पर्शकाल U.T. (Universal time) में है। इसमें 5 घं. 30 मि. जोड़ने पर यह भा. स्टैं. टा. हो जाएगा।

(ii) दूसरी वक्ररेखाओं पर प्रतिशत में परम ग्रासमान में दिया गया है।

(iii) ग्रीनलैण्ड से पूर्व–दक्षिण की ओर बनी पट्टी में यह ग्रहण खग्रास के रूप में दीखेगा।

संवत् 2071 वि. की कुल जन्म–वर्ष–प्रश्न–मुहूर्त्त–कुण्डलियां

इन कुण्डलियों के श्रमसाध्य निर्माण में भारी सहयोग के लिए **'श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय '– कुराली (पं.)** के अनुभवी कार्यकर्ता, **ग्राम सुन्हाड़–सौर, सोलन (हि.प्र.),** निवासी प्रबुद्ध विद्वान् आचार्य **श्रीकृष्ण शर्मा, M.A.,** शास्त्री, वेदाचार्य, साहित्याचार्य को आशीर्वाद–पुरस्सर धन्यवाद दिए बिना मैं नहीं रह सकता–

– प्रियव्रत शर्मा

यद्यपि जातकपद्धति एवम् ताजिक ग्रन्थों में द्वादश–भाव–साधनपूर्वक बनाई गई भावकुण्डली द्वारा भावफलादेश कहने का निर्देश है, तथापि लगभग सभी दैवज्ञ जातक–जन्मकालिक, प्रश्नकालिक, वर्षप्रवेश–कालिक तथा विवाहादि मुहूर्त्तकालिक आदि राशि–कुण्डलियों को ही फलादेशार्थ प्रयुक्त करने की परम्परा बनाए हुए हैं। जन्म, प्रश्न वर्षप्रवेश या मुहूर्त्तकालीन लग्नराशि को प्रथम भावराशि तथा तदुत्तरवर्त्ती राशियों को क्रमशः द्वितीय आदि भावों की राशियां मानकर बनाई गई जन्मकुण्डली द्वारा ही समस्त फलादेश कहने का वहुत बड़ा सम्प्रदाय फलित ज्योतिष में व्यापक प्रभाव बनाए हुए है। सच बात तो यह है– फलित में भावचक्र तो केवल सिद्धान्तरूप में ही दिखाई पड़ता है, इसका प्रयोगात्मक रूप तो लगभग लुप्त सा ही हो गया है। इसे दृष्टि में रखते हुए यहां सं. 2071 वि. में बनने वाली सभी (कुल 207) कुण्डलियां दी जा रही हैं। **"किस तारीख के कितने बजे से किस तारीख के कितने बजे तक "**– कौन–सी कुण्डली बनती है (यानी सूर्यादि ग्रह किन–किन राशियों में स्थित हैं), यह भारतीय स्टैंडर्ड टाईम अनुसार प्रत्येक कुण्डली के ऊपर यहां निर्दिष्ट है। इन कुण्डलियों के आधार पर दैवज्ञ लोग इस वर्ष में उत्पन्न होने वाले किसी भी जातक की जन्मकुण्डली (जन्मकालिक ग्रहस्थिति–कुण्डली), इस वर्ष घटित होने वाले वर्षप्रवेश–कालानुसारी वर्षप्रवेशकुण्डली (वर्षप्रवेशकालिक ग्रहस्थिति– कुण्डली) तथा अभीष्टकालिक प्रश्नकुण्डली (प्रश्नकालिक ग्रहस्थिति– कुण्डली) एवं अभीष्ट विवाहादि मुहूर्त्तकालिक ग्रहस्थिति कुण्डली तुरन्त जान सकेंगे और तात्कालिक स्थानीय लग्न ज्ञात कर इन ग्रहस्थिति–कुण्डलियों को लग्नकुण्डलियां अनायास बना सकेंगे।

क्योंकि, ये कुण्डलियां भारतीय स्टैण्डर्ड टाईमानुसार हैं, अतः भारत में इन्हें बिना किसी परिवर्तन के प्रयोग में लाया जाएगा। यदि इन्हें भारत से अन्य किसी देश के लिए प्रयोग में लाना हो तब उस देश के स्थानीय स्टैण्डर्ड टाईम को भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम में बदलकर, इन्हें प्रयोग में लाइए। **स्पष्टता के लिए आगे उदाहरण दे रहे हैं। पहले भारतस्थलीय उदाहरण लेते हैं–**

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं– **" अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें। **नोटः–** मन्त्र का पुरुश्चरण गुरु की देखरेख में गुप्तरूप से करें। प्रकट होने पर पुरुश्चरण अर्थहीन हो जाता है– **" गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

(1) प्रज्ञावर्धन–स्तोत्र

(विद्यार्थियों की बुद्धि को सन्मार्ग पर लगाने एवं विद्या में सफलता हेतु अनुभूत पाठ)

प्रज्ञावर्धन स्तोत्र का पाठ प्रातः (सूर्योदय के लगभग) रविपुष्य या गुरुपुष्य नक्षत्र से प्रारम्भ करके आगामी पुष्यनक्षत्र तक **शिवपुत्र स्कन्द** जी का ध्यान करके पीपल वृक्ष की जड़ में आसन लगाकर प्रतिदिन 10 बार पढ़ें । 27 दिन में एक पुरश्चरण पूर्ण होगा। फिर प्रतिदिन श्रद्धानुसार पाठ करते रहें। पाठक प्रतिभा–सम्पन्न एवं विद्या–बुद्धि का धनी होकर सफलता की तरफ अग्रेसर हो जाता है। दाएं हाथ में जल लेकर विनियोग के बाद जलत्याग करके, स्तोत्रपाठ का प्रारम्भ करें।

विनियोगः – ॐ अथास्य प्रज्ञावर्धन–स्तोत्रस्य भगवान् शिव–ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, स्कन्द–कुमारो देवता, प्रज्ञासिद्ध्यर्थ जपे विनियोगः। – (यहां जल का त्याग करें।)

अथ स्तोत्रम्

ॐ योगेश्वरो महासेनः कार्तिकेयोऽग्निनन्दनः।
स्कन्दः कुमार : सेनानी स्वामी शंकरसंभव :।।1।।

गाङ्गेयस्ताम्रचूड़श्च ब्रह्मचारी शिखिध्वजः।
तारकारिरुमापुत्रः क्रौंचारिश्च षडाननः ।। 2।।

शब्दब्रह्मसमूहश्च सिद्धः सारस्वतो गुह :।
सनत्कुमारो भगवान् भोग–मोक्षप्रदः प्रभुः।। 3।।

शरजन्मा गणाधीशः पूर्वजो मुक्तिमार्गकृत्।
सर्वागम–प्रणेता च वांछितार्थप्रदर्शकः ।। 4।।

अष्टाविंशति नामानि मदीयानीति यः'पठेत्।
प्रत्यूषे श्रद्धया युक्तो मूको वाचस्पतिर्भवेत्।। 5।।

महामन्त्रमयानीति मम नामानि कीर्तयेत् ।
महाप्रज्ञामवाप्नोति नात्र कार्या विचारणा।। 6।।
पुष्यनक्षत्रमारभ्य पुनः पुष्ये समाप्य च ।
अश्वत्थमूले प्रतिदिनं दशवारं तु सम्पठेत्।। 7।।
सप्तविंश–दिनैरेकं पुरश्चरणकं भवेत्।।

।। प्रज्ञावर्धनस्तोत्रं सम्पूर्णम् ।।

(2) विद्या–बुद्धि–लाभार्थ वागीश्वरी मन्त्र

" ॐ नमः पद्मासने शब्दरूपे ऐं ह्रीं क्लीं वाग्वादिनि स्वाहा ॐ।।"

यह मन्त्र पठन–पाठन किंवा कम्पीटीशन्ज़ में संलग्न सभी आयुवर्ग के साधकों के लिए अभीष्ट फलप्रद है। विशेषकर कमज़ोर बुद्धि–छात्रों के लिए तो यह तीक्ष्ण औषध का कार्य करने वाला प्रयोग है। इसके नित्यजाप से बुद्धि में तीव्रता आती है, समझने की शक्ति प्रबल होती है किंवा अपने लक्ष्य में अच्छी स्थिति बनती है। 108 मन्त्र हररोज़ जपें। मन्दबुद्धि की स्थिति में इस मन्त्र का 5 लाख अनुष्ठान संयमपूर्वक एकाग्रता से करें। 41 दिनों में यह पुरश्चरण पूरा करें। इस अनुष्ठान के समय वागीश्वरी भगवती **श्री सरस्वती** मां की अन्तःकरणस्थिति सर्वथा अनिवार्य है। जाप हमेशा पूर्वोत्तर मुख व पद्मासन मुद्रा में करें–अभीष्ट प्राप्ति होगी।

(3) नेत्रज्योति को सुरक्षित रखने के लिए अद्भुत प्रयोग–"चाक्षुषी विद्या"

इस चाक्षुषी विद्या को **'चाक्षुषोपनिषद'** एवं **'कृष्ण यजुर्वेद'** में **'चाक्षुषीविद्या'** के नाम से जाना जाता है। इस विद्या का श्रद्धापूर्वक नियमित रूप से प्रातः सूर्य के सामने बैठकर पाठ करने से नेत्र–सम्बन्धित समस्त रोग स्वतः शान्त हो जाते हैं, औषध सद्यः फल देने लगती है। नेत्रज्योति स्थिर रहती है। जिस परिवार में इस चमत्कारी चाक्षुषी विद्या का नित्यप्रति पाठ किया जाता है, उस कुल में कोई भी व्यक्ति दैविक–प्रकोप किंवा किसी भी प्रकार के नेत्ररोग से अन्धा नहीं होता। पाठ के पूर्ण होने पर गन्ध, पुष्पादि युक्त जल से सूर्य को अर्ध्य देना चाहिए और अर्घ्य देते समय जल के माध्यम से सूर्य को देखना चाहिए। आजकल नेत्ररोग एवं अन्धेपन से अनेकों लोग अपने जीवन को संकटापन्न अनुभव करते हैं, उन सभी लोगों के लिए यह निम्नांकित **'चाक्षुषीविद्या विधान'** अवश्यमेव वरदान सिद्ध हो सकता है, इसमें सन्देह नहीं ।

विधान इस प्रकार है :–

विनियोगः – (जल दाएं हाथ में लेकर) " ॐ **अस्याश्चाक्षुषी–विद्याया अहिर्बुध्न्य ऋषिः, गायत्री छन्दः, सूर्यो देवता, चक्षुरोगनिवृत्तये जपे विनियोगः।"**

(इस विनियोग का उच्चारण करके सूर्य भगवान् के समक्ष जलत्याग करें।) – तत्पश्चात् निम्नांकित 'चाक्षुषी विद्या' का पाठ सूर्याभिमुख होकर करें ,–

अथ नेत्रोपनिषद्

" ॐ चक्षुः चक्षुः चक्षुः तेजः स्थिरो भव। मां पाहि पाहि। त्वरितं चक्षू – रोगान् शमय–शमय। मम जातरूपं तेजो दर्शय–दर्शय। यथा अहम् अन्धो न स्याम् तथा कल्पय–कल्पय। कल्याणं कुरु–कुरु। यानि मम पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षू–प्रतिरोधक दुष्कृतानि सर्वाणि निर्मूलय–निर्मूलय। ॐ नमश्चक्षुस्तेजो–दात्रे दिव्याय भास्कराय। ॐ नमः करुणाकरायामृताय। ॐ नमः सूर्याय। ॐ नमो भगवते सूर्यायाक्षितेजसे नमः। खेचराय नमः। महते नमः। रजसे नमः। तमसे नमः। असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मा अमृतं गमय। उष्णो भगवान् शुचिरूपः। हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः। यः इमां चाक्षुष्मतीं विद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते, न तस्याक्षिरोगो भवति। न तस्य कुलेऽन्धो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् सम्यग् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति। ॐ नमो भगवते आदित्याय अहोवाहिनी–अहोवाहिनी स्वाहा।। "

यदि इस पाठ के बाद हवन करने की इच्छा हो तो " ॐ नमो **भगवते आदित्याय अहोवाहिनी–अहोवाहिनी स्वाहा** " – इस मन्त्र से कम से कम 108 आहुतियां डालें।

उल्लिखित प्रयोग अनेक विद्वान् पण्डितों एवं नेत्ररोगियों द्वारा अनुभूत एवं परीक्षित है, पाठक आवश्यकता में पाठ करके फल अनुभव करें।

(4) भूत–पिशाच बाधा से मुक्ति पाने के लिए अनुभूत मन्त्रप्रयोग

मन्त्र – " ॐ ह्रीं दुर्वृत्तानामशेषाणां बलहानिकरं परम्।
रक्षो–भूत–पिशाचानां पठनादेव नाशनम् ह्रीं ॐ।।

विधि :– (क) उल्लिखित मन्त्र दीपावली की रात्रि में 11 हजार बार जपने से ही सिद्ध हो जाता है। दशांश हवन करना भी अनिवार्य है।

यदि घर में नित्यकलह, अकारण भय–बाधा बनी रहे, धनहानि हो, दरिद्रता–आतंक रहे, भूत–प्रेत–पिशाच की छाया हो, किसी ने घर पर अनिष्टकारक प्रयोग किया हो, तो इस चामत्कारिक मन्त्र को शुभवेला में, शुद्ध कागज पर अनार की कलम से लिखकर, मन्त्र का विधिवत् पूजन करके धूप–दीप करने के बाद दाईं भुजा में बांधने पर या लाल कपड़े में बांधकर घर में शुद्ध स्थान पर रखने से सर्वविधि शान्तिलाभ होता है।

(ख) यदि सारे घर के सदस्य भूत–प्रेत–बाधा से परेशान हों तो घर में ही इस मन्त्र का जाप करावें। मन्त्रजाप पूरा होने पर दशांश हवन कराएं। हवन पूर्ण होने पर खैर की लकड़ी, 8 लोहे की कीलें, 8 पीली कौड़ी, 8 हल्दी की गांठें, डोडी वाले 8 लौंग लेकर, उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके, मन्त्रोच्चारण करते हुए आग्नेय कोण से शुरु करके आठों दिशाओं में एक–एक हाथ का गड्ढा खोदकर, इन चीजों को कौड़ी चित्त करके गाड़ें। ऐसा करने से भूत–प्रेत बाधा से घर पूर्णतया सुरक्षित रहेगा। यह प्रयोग अनेकत्र अनुभूत है। उल्लिखित मन्त्र से उपद्रवग्रस्त स्थान भी सुखद होता देखा गया है।

(5) मृतवत्सा (अठराहा) रोगनिवृत्ति–मन्त्र

मन्त्र – "ॐ परब्रह्म परमात्मने 'अमुकी ' गर्भे दीर्घजीविसुतं कुरु कुरु स्वाहा।"

मृतवत्सादोष–निवारण के लिए ज्येष्ठमास की पूर्णमासी को 1008 बार मंत्र को विधिपूर्वक जपें एवं दीपावली की रात्रि अथवा ग्रहण के समय जाप से सिद्ध करें। तत्पश्चात् मन्त्र में **'अमुकी'** शब्द के स्थान पर स्त्री का नाम लिखें। मन्त्र को अष्टगंधादि से लिखकर, स्त्री अपने पास भुजा आदि पर बांधे रखे, मृतवत्सा रोग शान्त होगा।

(6) प्रेतपीड़ा या टोने आदि से बचने के लिए मन्त्र

वारह वर्ष से कम आयु की कन्या के काते हुए कच्चे सूत के सात धागे लेकर, उन पर सात गांठे लगा लें। प्रत्येक गांठ पर सात बार निम्नांकित मन्त्र को पढ़ें –

मन्त्र– " ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्म – शूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि।।
सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते।
यानि चात्यर्थ–घोराणि तैरक्षांस्मान् तथा भुवम्।। "

यह प्रयोग अत्यन्त सफल है। गर्भावस्था में गर्भपातभय से मुक्ति एवं शत्रुकृत टोना किंवा प्रेतादि शान्ति के लिए अनुभूत है।

(7) पति–पत्नी में परस्पर मेल हो – वैदिक मन्त्र

किसी वजह से पति–पत्नी में विवाद उठ खड़ा हो, दोनों के विचार विरोधी दिशाओं में चलते हों तो निम्नमन्त्र का जाप करें। विरोध शान्त हो जाएगा और मधुरता उत्पन्न होकर पुनः मिलन होगा।

मन्त्र –"यथा नकुलो विच्छिद्य संदधात्यहिं पुनः ।
एवा कामस्य विच्छिन्नं संधेहि वीर्यावति।।

अक्ष्यौ नौ मधु संकाशे अनीक नौ समञ्जनम्।
अन्तः कृणुष्व मां हृदि मन इन्नौ महासति।।"

(8) पति–वशीकरण मन्त्र

आजकल अनेकत्र देखा गया है कि पति अन्यासक्त या क्रोधाभिभूत होने के कारण अपनी पत्नी को सम्मान नहीं देता एवं पति–पत्नी में संघर्ष रहता है। एतदर्थ हम एक अनुभूत पति–वशीकरण मन्त्र लिखते हैं,–

मन्त्र –"ऊँ क्लीं ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।।"

विधि :– उल्लिखित मन्त्र को जपने से पूर्व साधक इसप्रकार ध्यान करे कि महामाया भगवती अपने दृढ़पाश (रज्जू) से साध्य (पति) को बांधकर साधिका (मन्त्र करने वाली) के पैरों में डाल रही है, उस त्रिनेत्रों वाली भगवती के एक हाथ में तलवार है। ऐसी महामाया शक्तिरूपा दुर्गा को मैं पतिवशीकरणार्थ नमस्कार करती हूँ। इसप्रकार ध्यान करके साधिका 41 दिन (दोनों समय 1100/1100) मन्त्र का जाप प्रातःपूर्वाभिमुख एवं सायं को उत्तराभिमुख होकर करे। अष्टमी एवं चतुर्दशी को तीन कन्या एवं एक बटुक को खीर–पूरी का भोजन करावें। निश्चय ही साधिका पतिवशीकरण में सफल होगी।

(9) ग़ायब (खोया हुआ) व्यक्ति वापिस लौटे–

शास्त्रीय मन्त्र

मन्त्र–" ऊँ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।
यस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लम्यते ।।
ऊँ कार्तवीर्याय नमः 'अमुकं' शीघ्रमानय स्वाहा।।"

विधि – गायब व्यक्ति के पहिने हुए बिनाधुले वस्त्र पर केसर व लाल चन्दन की स्याही से अनार की कलम द्वारा इस उपरोक्त मन्त्र को लिखें, फिर उस कपड़े को धूप–दीप करके, दो पत्थरों (चक्की के पाटों के बीच) में दबा दें। 21 दिन तक पत्थरों में रखे कपड़े को हिलाएं नहीं, बाद में वस्त्र उठाकर, बन्दर व कुत्तों को रोटियां खिलाएं। मन्त्र में जहां 'अमुकं' लिखा है, वहां गायब (खोए हुए) व्यक्ति का नाम लिखें।

नोट :–मन्त्र–यन्त्र लिखने के लिए, पुष्यनक्षत्र में विधिवत् बनाई अनार की कलम काम देगी। इस विधान के प्रभाव से वह व्यक्ति यदि जीवित हुआ तो आ जाएगा, अन्यथा पता चल जाएगा।

(10) ऋणहर्तृ गणेशस्तोत्रम्

"ऊँ सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फलसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

त्रिपुरेस्तु वधात् पूर्वं शंभुना सम्यगर्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

हिरण्यकश्यपादीनां वधार्थ विष्णुनार्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

महिषस्य वधे देव्याः गणनाथः प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

तारकस्य वधात्पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छविसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

शशिना कान्तिवृद्ध्यर्थं पूजितो गणनायकः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

वृत्रस्य नाशनार्थाय शक्रेण परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

देवैः समुद्रमथने प्रारम्भे परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

पालनाय च तपसां विश्वामित्रेण पूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।

।। दारिद्रयनाशकं गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णमिदम् ।।

(11) अनुभूत सिद्ध लक्ष्मीमन्त्र

'श्रीसूक्त' से उद्धृत इस मन्त्र को बिल्ववृक्ष के नीचे बैठकर श्रद्धा–विश्वासपूर्वक विधिवत् जाप करने से सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है। इस मन्त्र का अनुष्ठान–प्रकार जनहितार्थ यहां प्रकाशित कर रहे हैं।

विधिः– श्री महालक्ष्मी की मूर्ति या चित्र को सामने रखकर उसकी षोडशोपचार पूजा करके अंगन्यास, करन्यास, ध्यान, मुद्रा आदि करके नियमपूर्वक मन्त्र का जाप किया जाता है। एकान्त स्थान में धूप–दीप जलाकर पवित्र आसन पर बैठकर लक्ष्मी मन्त्र की 31,000 आवृत्ति 40 दिन के अन्दर करके हवन, तर्पण, ब्राह्मणभोजन आदि कराके उसे सिद्ध किया जाता है। सात्त्विक आहार, ब्रह्मचर्य का पालन, भूमि पर शयन के साथ–साथ सभी यमनियमों का पालन करते हुए नित्य नियम से निश्चित संख्या का जाप किया जाता है। शुद्ध घृत का अखण्ड दीपक जलाया जाता है। एकाग्रचित और श्रद्धाविश्वास के साथ विधिपूर्वक साधना करने से 31000 जप से ही मन्त्र सिद्ध हो जाता है और कोई न कोई अलौकिक अनुभव होता है। जैसे–दीपक की लौ पर ध्यान करते हुए मन्त्रजाप कर रहे हों तो वह ज्योति शरीर में प्रवेश करती हुई प्रतीत होती है या महालक्ष्मी की मूर्ति अथवा चित्र प्रकाश व तेज से पूर्ण हो जाता है, उसमें से तेज निकल कर तुम्हारे शरीर में प्रवेश करता हुआ प्रतीत होगा, आदि–आदि। महालक्ष्मी का सिद्धमन्त्र निम्नप्रकार हैः–

" ॐ कांसोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्ताम्।
तर्पयन्तीं पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ॐ।। "

उपरोक्त मन्त्र **'श्रीसूक्त'** के 16 मन्त्रों में से एक प्रमुख है। इसके सिद्ध करने से न केवल दरिद्रता का नाश होता है, अपितु सुख–समृद्धि, उत्तम–बुद्धि, स्वास्थ्य आदि की भी वृद्धि होती है। मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उसका नित्य जाप करते रहना चाहिए और होली, दिवाली, शिवरात्रि, ग्रहण आदि के अवसर पर भी जप, हवन आदि करते रहना चाहिए। इससे आपको धन की कमी कभी नहीं होगी। आवश्यकता के अनुसार धनार्जन के साधन बनते रहेंगे, आपकी उचित आवश्यकताओं की पूर्ति निर्विघ्न होती रहेगी। जब भी कभी आपको अपने किसी उचित कार्य के लिए विशेष द्रव्य की आवश्यकता पड़े, इस मन्त्र की कुछ मालाएं जपें, आप देखेंगे कि किस प्रकार दैवी सहायता प्राप्त होती है; अनुभूत है।

(12) आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्मी–मन्त्रसाधना

मन्त्र-" ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं लक्ष्मीरागच्छागच्छ मम मंदिरे तिष्ठ– तिष्ठ स्वाहा ॐ।।"

यह महालक्ष्मी जी का मन्त्र है। इसके पुरुश्चरण व नियमित जाप से गृह में सर्वदा लक्ष्मी का वास बना रहता है, आर्थिक भण्डार में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं आती। पांच लाख जपने से सिद्ध होता है। साधनाकाल में यदि गोघृत का दीपक लगातार जलता रहे तो शीघ्र लाभ किंवा सफलता के अवसर बनते हैं, लक्ष्मी जी की अपूर्व कृपा प्राप्त होती है। इस मन्त्र का जाप हमेशा पूर्वाभिमुख हो **'कमलासन'** मुद्रा में करना चाहिए।

(13) नौकरी(कारोबार)प्राप्ति के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र –"ऊँ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिण्ड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवन्ता जावन्ता धावन्ता हांक देत धार–धार मार–मार शब्द सांचा फुरो वाचा।"

विधि– मृगछाल (मृगचर्म) पर बिनासिला कपड़ा पहन कर बैठें। 108 बार रुद्राक्ष की माला से इस मन्त्र का जाप करके, खीर की 108 आहुतियां डालें, आहुतियां एकसप्ताह जाप करके डालें, आजीविका का साधन बन जाएगा। शुक्लपक्ष की द्वितीया से मन्त्रजाप शुरु करें।

(14) स्वप्न में कार्यसिद्धि किंवा कार्यहानि–ज्ञानार्थ मन्त्र

रात्रि में स्नान करके शुद्ध आसन पर बैठकर, कम से कम तीन माला निम्नांकित मन्त्र का जाप करके, भगवती दुर्गा का ध्यान करके शयन करें। रात्रि में स्वप्न में आपको मनोभिलषित कार्यसिद्धि किंवा असिद्धि का ज्ञान हो जाएगा, अनुभव करें ।

मन्त्र –" ऊँ ह्रीं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके ।
मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ह्रीं ऊँ।।"

अक्ष्यौ नौ मधु संकाशे अनीक नौ समञ्जनम्।
अन्तः कृणुष्व मां हृदि मन इन्नौ महासति।।"

(8) पति–वशीकरण मन्त्र

आजकल अनेकत्र देखा गया है कि पति अन्यासक्त या क्रोधाभिभूत होने के कारण अपनी पत्नी को सम्मान नहीं देता एवं पति–पत्नी में संघर्ष रहता है। एतदर्थ हम एक अनुभूत पति–वशीकरण मन्त्र लिखते हैं,–

मन्त्र –"ऊँ क्लीं ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति।। "

विधि :– उल्लिखित मन्त्र को जपने से पूर्व साधक इसप्रकार ध्यान करे कि महामाया भगवती अपने दृढ़पाश (रज्जू) से साध्य (पति) को बांधकर साधिका (मन्त्र करने वाली) के पैरों में डाल रही है, उस त्रिनेत्रों वाली भगवती के एक हाथ में तलवार है। ऐसी महामाया शक्तिरूपा दुर्गा को मैं पतिवशीकरणार्थ नमस्कार करती हूँ। इसप्रकार ध्यान करके साधिका 41 दिन (दोनों समय 1100/1100) मन्त्र का जाप प्रातःपूर्वाभिमुख एवं सायं को उत्तराभिमुख होकर करे। अष्टमी एवं चतुर्दशी को तीन कन्या एवं एक बटुक को खीर–पूरी का भोजन करावें। निश्चय ही साधिका पतिवशीकरण में सफल होगी।

(9) ग़ायब (खोया हुआ) व्यक्ति वापिस लौटे–

शास्त्रीय मन्त्र

मन्त्र–" ऊँ क्लीं कार्तवीर्यार्जुनो नाम राजा बाहुसहस्रवान्।
यस्य स्मरणमात्रेण गतं नष्टं च लभ्यते।।
ऊँ कार्तवीर्याय नमः 'अमुकं' शीघ्रमानय स्वाहा।।"

विधि – गायब व्यक्ति के पहिने हुए बिनाधुले वस्त्र पर केसर व लाल चन्दन की स्याही से अनार की कलम द्वारा इस उपरोक्त मन्त्र को लिखें, फिर उस कपड़े को धूप–दीप करके, दो पत्थरों (चक्की के पाटों के बीच) में दबा दें। 21 दिन तक पत्थरों में रखे कपड़े को हिलाएं नहीं, बाद में वस्त्र उठाकर, बन्दर व कुत्तों को रोटियां खिलाएं। मन्त्र में जहां 'अमुकं' लिखा है, वहां गायब (खोए हुए) व्यक्ति का नाम लिखें।

नोट :–मन्त्र–यन्त्र लिखने के लिए, पुष्यनक्षत्र में विधिवत् बनाई अनार की कलम काम देगी। इस विधान के प्रभाव से वह व्यक्ति यदि जीवित हुआ तो आ जाएगा, अन्यथा पता चल जाएगा।

(10) ऋणहर्तृ गणेशस्तोत्रम्

"ऊँ सृष्ट्यादौ ब्रह्मणा सम्यक् पूजितः फलसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
त्रिपुरेस्तु वधात् पूर्वं शंभुना सम्यगर्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
हिरण्यकश्यपादीनां वधार्थ विष्णुनार्चितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
महिषस्य वधे देव्याः गणनाथः प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
तारकस्य वधात्पूर्वं कुमारेण प्रपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
भास्करेण गणेशो हि पूजितश्छविसिद्धये।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
शशिना कान्तिवृद्धयर्थं पूजितो गणनायकः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
वृत्रस्य नाशनार्थाय शक्रेण परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
देवैः समुद्रमथने प्रारम्भे परिपूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
पालनाय च तपसां विश्वामित्रेण पूजितः।
सदैव पार्वतीपुत्रः ऋणनाशं करोतु मे।।
।। दारिद्र्यनाशकं गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णमिदम् ।।

(11) अनुभूत सिद्ध लक्ष्मीमन्त्र

'श्रीसूक्त' से उद्धृत इस मन्त्र को बिल्ववृक्ष के नीचे बैठकर श्रद्धा–विश्वासपूर्वक विधिवत् जाप करने से सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है। इस मन्त्र का अनुष्ठान–प्रकार जनहितार्थ यहां प्रकाशित कर रहे हैं।

विधिः– श्री महालक्ष्मी की मूर्ति या चित्र को सामने रखकर उसकी षोडशोपचार पूजा करके अंगन्यास, करन्यास, ध्यान, मुद्रा आदि करके नियमपूर्वक मन्त्र का जाप किया जाता है। एकान्त स्थान में धूप–दीप जलाकर पवित्र आसन पर बैठकर लक्ष्मी मन्त्र की 31,000 आवृत्ति 40 दिन के अन्दर करके हवन, तर्पण, ब्राह्मणभोजन आदि कराके उसे सिद्ध किया जाता है। सात्त्विक आहार, ब्रह्मचर्य का पालन, भूमि पर शयन के साथ–साथ सभी यमनियमों का पालन करते हुए नित्य नियम से निश्चित संख्या का जाप किया जाता है। शुद्ध घृत का अखण्ड दीपक जलाया जाता है। एकाग्रचित और श्रद्धाविश्वास के साथ विधिपूर्वक साधना करने से 31000 जप से ही मन्त्र सिद्ध हो जाता है और कोई न कोई अलौकिक अनुभव होता है। जैसे–दीपक की लौ पर ध्यान करते हुए मन्त्रजाप कर रहे हों तो वह ज्योति शरीर में प्रवेश करती हुई प्रतीत होती है. या महालक्ष्मी की मूर्ति अथवा चित्र प्रकाश व तेज से पूर्ण हो जाता है, उसमें से तेज निकल कर तुम्हारे शरीर में प्रवेश करता हुआ प्रतीत होगा, आदि–आदि। महालक्ष्मी का सिद्धमन्त्र निम्नप्रकार हैः–

" ॐ कांसोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्ताम्।
तर्पयन्तीं पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ॐ।। "

उपरोक्त मन्त्र **'श्रीसूक्त'** के 16 मन्त्रों में से एक प्रमुख है। इसके सिद्ध करने से न केवल दरिद्रता का नाश होता है, अपितु सुख–समृद्धि, उत्तम–बुद्धि, स्वास्थ्य आदि की भी वृद्धि होती है। मन्त्र सिद्ध हो जाने पर उसका नित्य जाप करते रहना चाहिए और होली, दिवाली, शिवरात्रि, ग्रहण आदि के अवसर पर भी जप, हवन आदि करते रहना चाहिए। इससे आपको धन की कमी कभी नहीं होगी। आवश्यकता के अनुसार धनार्जन के साधन बनते रहेंगे, आपकी उचित आवश्यकताओं की पूर्ति निर्विघ्न होती रहेगी। जब भी कभी आपको अपने किसी उचित कार्य के लिए विशेष द्रव्य की आवश्यकता पड़े, इस मन्त्र की कुछ मालाएं जपें, आप देखेंगे कि किस प्रकार दैवी सहायता प्राप्त होती है; अनुभूत है।

(12) आर्थिक लाभ के लिए लक्ष्मी–मन्त्रसाधना

मन्त्र-" ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्रीं लक्ष्मीरागच्छागच्छ मम मंदिरे तिष्ठ– तिष्ठ स्वाहा ॐ।।"

यह महालक्ष्मी जी का मन्त्र है। इसके पुरुश्चरण व नियमित जाप से गृह में सर्वदा लक्ष्मी का वास बना रहता है, आर्थिक भण्डार में किसी प्रकार की न्यूनता नहीं आती। पांच लाख जपने से सिद्ध होता है। साधनाकाल में यदि गोघृत का दीपक लगातार जलता रहे तो शीघ्र लाभ किंवा सफलता के अवसर बनते हैं, लक्ष्मी जी की अपूर्व कृपा प्राप्त होती है। इस मन्त्र का जाप हमेशा पूर्वाभिमुख हो **'कमलासन'** मुद्रा में करना चाहिए।

(13) नौकरी(कारोबार)प्राप्ति के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र –"ऊँ नमो आदेश गुरु का धरती में बैठ्या लोहे का पिण्ड राख लगाता गुरु गोरखनाथ आवन्ता जावन्ता धावन्ता हांक देत धार–धार मार–मार शब्द सांचा फुरो वाचा।"

विधि– मृगछाल (मृगचर्म) पर बिनासिला कपड़ा पहन कर बैठें। 108 बार रुद्राक्ष की माला से इस मन्त्र का जाप करके, खीर की 108 आहुतियां डालें, आहुतियां एकसप्ताह जाप करके डालें, आजीविका का साधन बन जाएगा। शुक्लपक्ष की द्वितीया से मन्त्रजाप शुरु करें।

(14) स्वप्न में कार्यसिद्धि किंवा कार्यहानि–ज्ञानार्थ मन्त्र

रात्रि में स्नान करके शुद्ध आसन पर बैठकर, कम से कम तीन माला निम्नांकित मन्त्र का जाप करके, भगवती दुर्गा का ध्यान करके शयन करें। रात्रि में स्वप्न में आपको मनोभिलषित कार्यसिद्धि किंवा असिद्धि का ज्ञान हो जाएगा, अनुभव करें ।

मन्त्र –" ऊँ ह्रीं दुर्गे देवि नमस्तुभ्यं सर्वकामार्थसाधिके ।
मम सिद्धिमसिद्धिं वा स्वप्ने सर्वं प्रदर्शय ह्रीं ऊँ।।"

(15) भूमिलाभार्थ मन्त्रप्रयोग

भूमि, मकान आदि सुख/लाभ के लिए इस (निम्न) मन्त्रप्रयोग की साधना उपयुक्त मानी गई है। एक लाख जाप करने से इस मन्त्र की सिद्धि होती है। सिद्धि के उपरान्त जीवन में सभी भौतिक सुखों की उपलब्धि सहज हो जाती है। मन्त्र इसप्रकार है–

" ॐ नमो भगवत्यै धरण्यै धरणिधरे धरे स्वाहा ॐ।।"

(16) घर में कलह–क्लेश मिटाने हेतु प्रयोग

पति–पत्नी या परिवार में छोटे–मोटे कलह–क्लेश कई बार भयंकर रूप धारण करके सम्बन्धविच्छेद का कारण भी बन जाते हैं, एतदर्थ आप 'एक नारियल' को लाल कपड़े में बांधकर 11 दिनों तक 7 बार निम्नांकित मन्त्र पढ़ते रहें। साथ ही छोटी इलायची, लौंग, मिसरी एक बर्तन में रखें। मन्त्रजाप के बाद इनमें हाथ घुमा दें। इलायची आदि परिवार में बांटकर खा लें;– प्रेम सद्भाव का वातावरण बहुत जल्दी बनेगा।

मन्त्रः– " ॐ क्रीम् क्रीम् सर्वविवाद–निवारणाय फट्।।"

प्रयोगसमाप्ति के बाद नारियल को किसी तालाब या शुद्ध जल में प्रवाहित कर दें।

(17) भुवनेश्वरी कर्णपिशाचिनी–मन्त्र

मन्त्र – "ऊँ ह्रीं श्रीं क्लीं भुवनेश्वरी वाग्वादिनी कर्णपिशाचिनी साधकाय सिद्धिदातायैः नमः ऊँ। "

जलप्रवाह में खड़ा होकर पांच सौ बार इस मन्त्र का जाप करें। जाप के बाद तर्पण–मार्जन– होम एवं ब्रह्मभोज कराएं, फिर यहां अंकित यन्त्र 10,000 बार जमीन पर लिखें।

–: यन्त्र :–

ह्रीं ८	ह्रीं १	ह्रीं ६
ह्रीं ३	ह्रीं ५	ह्रीं ७
ह्रीं ४	ह्रीं ९	ह्रीं २

शासक भी वश में हों, जो भी वचन निकलेगा, सत्य होगा। इस मन्त्र साधना से प्राणी भूत–भविष्य एवं वर्तमान की बातें अनायास ही जान लेता है।

(18) कुछ यन्त्र

(i) मनोकामना पूर्ति यंत्रः–

सफेद कागज पर केसर, चन्दन, कपूर, गंगाजल व खस की रोशनाई बनाकर अनार की कलम से शुक्लपक्ष की दूज से प्रारम्भ करके प्रतिदिन 24 बार लिखकर, आटे की 24–24 गोलियां, 24 दिन तक बनाएं । यंत्र के नीचे अपना मनोरथ लिखें; अन्तिम रोज 576 गोलियां लेकर एक–एक करके नदी में बहा देने से जिस उद्देश्य से यंत्र लिखा होगा, ईश्वर की कृपा से पूर्ण होगा । यह सब कामों का सिद्धिदायक यंत्र है, जैसे नौकरी मिलना, परीक्षा में सफलता; मुकद्दमे में विजय/ निवारण आदि।

मनोकामना पूर्ति यन्त्र			
१	१४	११	८
१२	७	२	१३
६	९	१६	३
१५	४	५	१०

(ii) परीक्षा में सफलता का यंत्र

जिस विद्यार्थी को परीक्षा में सफलता प्राप्त करनी हो; वह इस यंत्र को परीक्षा के 15 दिन पूर्व केसर द्वारा भोजपत्र पर लिखना आरम्भ करे। प्रतिदिन 101 यंत्र लिखकर नदी के जल में प्रवाहित करे। सोलहवें दिन एक यंत्र को पूजा करके तावीज में मढ़वाकर अपनी दाहिनी भुजा या गले में धारण कर ले। पढ़ाई में मन लगेगा एवं परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी।

परीक्षा में सफलता का यन्त्र			
२	९	२	७
६	३	६	५
८	३	८	१
४	५	४	७

(*iii*) विवाद या मुकदमे में विजयार्थ यन्त्र

सामने दिए गए यन्त्र को भोजपत्र या शुद्ध कपड़े पर लाल चन्दन, केसर एवं कस्तूरी की स्याही से शुभमुहूर्त्त में अंकित करें। यन्त्रमध्य में जहां **'अमुक'** लिखा है, वहां अपने प्रतिवादी (शत्रु) किंवा विपक्ष के प्रधान व्यक्ति का नाम लिखें। प्रतिवादी के नाम (जो कि यन्त्रमध्य में लिखा है) पर थोड़ी पीली सरसों रख दें एवं पीले अकीक रत्न की माला से 5 माला निम्नांकित मन्त्रजाप करें–



मन्त्र– "ॐ क्लीम् ह्लीम् महामाये विजयसिद्धिं मे देहि ॐ फट्।।"

कोर्ट–कचहरी या पंचायत में जाते समय यन्त्र को धूप देकर दाएं बाजू पर लाल कपड़े से बांधकर ले जाएं, पलड़ा आपका भारी रहेगा। विजय प्राप्त होगी। 7 दिन का प्रयोग हैं।

(iv) धनधान्य–वृद्धि यन्त्र–

इस यन्त्र को दीपावली की रात्रि में लिखकर अन्नभण्डार में रख दें, धन–धान्य समृद्धि रहेगी।

धनधान्य–वृद्धि यन्त्र		
वं	ॐ	ह्रीं
	देहि	
कं	नमः	ह्लीं

(v) शीतला माता शान्त्यर्थ यन्त्र–

इस शीतलायन्त्र को अष्टगन्ध से लिखकर सिरहाने धरें तो शीतला माता का प्रकोप शान्त हो जाएगा।

शीतला माता–शान्त्यर्थ यन्त्र			
४२०००	४८०००	२०००	७०००
६०००	३०००	४६०००	४५०००
४०००	५११०००	४४०००	५११०००
१०००	७०	१६	६०८

(vi) रोज़ी–प्राप्ति के लिए यन्त्र–

इस यन्त्र को शुक्ल पक्ष में कांसी या चांदी के पत्र और यदि असमर्थ हो तो भोजपत्र पर लिखकर धूप–दीप करके अपने पास रखें या तावीज़ में मढ़ाकर गंगाजल, दूध से धोकर गले में लाल धागे से धारण करें, जल्दी ही रोज़ी मिलेगी। इन्टरव्यू में सफलता मिलेगी।

रोज़ी–प्राप्ति यन्त्र		
६	७	२
१	५	९
८	३	४

(19) सिद्ध सन्तों के अनुभूत टोटके

(i) दिमाग की कमजोरी को दूर करने के लिए– दस गिरी बादाम रात को पानी में भिगोकर बारीक करके एक तोला मक्खन एवं मिसरी मिलाकर एक मास तक प्रतिदिन सेवन करें। बुद्धि में धारणाशक्ति पैदा होगी, भूलने की बीमारी न रहेगी, स्वास्थ्य भी सुन्दर होगा।

(ii) बुखार के लिए– तुलसी के पत्तों का पानी 10 तोला, छोटी इलायची के दाने 1 तोला– दोनों को खरल में बारीक करके 2–2 रत्ती की गोलियां बना लें। बुखार की हालत में 2 गोली एक साथ 1–1 घण्टे के अन्तर पर पानी के साथ लें। हर प्रकार का बुखार शांत हो जाता है।

*****

क्या आपको मालूम है कि "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" संक्षिप्तरूप में "श्री बटुक पञ्चांग" के नाम से प्रकाशित होता है ? "श्री बटुक पञ्चांग" पॉकेट साईज़ में है और इसमें प्रमुख-प्रमुख एवम् वर्गीकृत व्रत-पर्व, संदिग्ध व्रत-पर्व आदि, गण्डमूल, पंचक, ग्रहणविवरण, राशिफलादेश, वर्षराजादि फलविचार, २४ पक्ष, तिथ्यादि पंचांग, दैनिक- लग्नसारणी, विवाहादि मुहूर्त्त और मेलापक सारणी आदि वह सभी कुछ उपलब्ध है, जिसकी दैवज्ञों/आम लोगों को हर समय ज़रूरत रहती है।

प्रसूति–लग्न विचार

मेष–जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो
ा तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ,
लक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र
ल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में
ादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष– माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और
ई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व
सूतिका–स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया।
२८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय
जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन– माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या
र्ग वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर
आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम
े। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में
ार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क–माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका,
छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल,
ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के
ग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२– इन वर्षों में
क कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय
ान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह– माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या
भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही
रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८– इन वर्षों में बालक
पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के
का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण
।

कन्या–माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े
का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते
र्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका–स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५–
र्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला– माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न,
ा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां
क कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके
ाया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४– इन
कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक–माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु–माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७– इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर– माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र; गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७– इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ–माता का सिर पश्चिम को; जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर–शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आईं, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका–गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन– माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका–स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह–शान्ति–हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। **स्मरण रहे**–अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें – वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष जन्मज्ञान– (१) जन्मलग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध–शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनि चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो– इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना चाहिए।

जन्मकुण्डली में दिशाज्ञान– प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय–तृतीय ईशान, चतुर्थ उत्तर, पञ्चम–षष्ठ वायव्य, सप्तम पश्चिम, अष्टम–नवम नैर्ऋत्य, दशम दक्षिण, एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना चाहिए।

प्रसूतिस्थान से पाकशालादि का विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य, मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना चाहिए। इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। **दोहा– लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार।।** केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें, जो बली (स्वराशि, मित्रोच्च, व मूलत्रिकोण राशि का) केन्द्रस्थान में स्वमित्र, शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो, उसकी दिशा में अथवा लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है।

ग्रहों की दिशा–सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनि की पश्चिम और राहु, केतु की नैर्ऋत्य।

चन्द्रात्तैलज्ञानम्– चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज़्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहें। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना।

सो०– तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशुजन्म तब आई, तब कही दीपकतैल नहीं। सित–शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशुजन्म में तब वाम, दीपकतैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्तिज्ञानम्– जन्मलग्न के कम अंश हों तो बड़ी बत्ती कहें, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैःस्युरुपसूतिकाः:– यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्रपर्यन्त जितने ग्रह हों, उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों तो उसकी गणना करें, अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें, अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्न–चन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करें और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करें, इसी प्रकार जितने ग्रह नीच राशि के, अस्त होवें, उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान रखने योग्य है, कि– वह लग्न, चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तमभावपर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तमभाव से लग्न के भुक्तांशपर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना चाहिए। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहां हों तो, धर्मशील, सौभाग्यवती स्त्रियां कहें, अशुभ ग्रहों से विधवा, दुश्चरित्रा कहें।

शय्या–शिर व पादविचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहें। अर्थात् १। २ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४। ५ में दक्षिण, ६ में नैर्ऋत्य, ७। ८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०। ११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानें। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना चाहिए। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों, वहां सूतिका के पलंग का पावा फटा, टूटा समझना चाहिए।

दो०– मीन–मिथुन–सिंह–तुला–मेष होय तत्काल।
अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल।।

अथचिह्नज्ञानम्– दोहा–षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामे कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण।। भानु तथा सौरी तन्धन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वामकर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह।। सुहृद् भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वामपाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न।। नौमे पांचे भृगु बसे तनु व चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।"

प्रसवकष्ट दूर हो– प्रसवकाल से पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ें लाकर, घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ॐ मुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर–माचिर स्वाहा।।"– इस मन्त्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र ही प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख, धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। **स्मरण रहे कि**– पहले उपरोक्त मंत्र तथा **यन्त्र** ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:– "द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खग ना बसै, वेगि ताहियमलीन।। बसैचन्द्रा द्वादसे अष्टभवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु–पिता संताप।। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्मसमय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव।।"

अथकाणयोगः– "तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसै त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय।। तात मात भ्राता तनय मातुल त्रिकघर नाथ।। चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान।। भानु राहु दहनों नयन, बुधजन कहत बखान।।"

मूक योगः– "पञ्चमेश गुरुयुक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौ न भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय।। शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।।"

दुःखदयोग–रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पापयुक्त लग्नेश। जन्मसमय जाके परे ताको अंग कलेश।। पापयुक्त तनुभवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस।। पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय।।

बन्धनयोग– क्रूर रहै धन नवम व्यय और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार।।

सर्पवेष्टितयोग– यदि अष्टमेश लग्न में राहुसहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित पैदा होता है।

यमल जन्मयोग–चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धनु के

उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहें। अथवा आधानलग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे– शनि, मंगल से ५/७/९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु–समय–विचार – जिन अरिष्ट योगों में मरणकाल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु कहें। अथवा– जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो, जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मृत्यु होनी बताएं। अथवा चन्द्रमा जब लग्नराशि में आता है, तब मृत्यु का होना कहें। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मृत्यु कहनी चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके, तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इसलिए आयु का प्रथम विचार करें, फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोग – अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग।। जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्रदृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय।।

क्लीब (नपुंसक) योगः – दशम भवन भृगृ मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्रभदन से रिष्फ षट् मन्द बसे क्लिब मान।।

कुष्ठयोग :– लग्नप बुध कुज शशियुते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु।। भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक ताम्रगण्ड अतिरुष्ट।। जलजगंडयुत, चन्द जो ग्रन्थिगंड कुजसाथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनुनाथ। आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयोरोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।।

केमद्रुम योग :– आगे–पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय।। उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग् केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय।।

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है भूलि न व्याहेउ कोय।। जाके कुज दशम बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूरयुक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पापदृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग।। राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन।। द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम।। पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुवो भाषत कविकुलवृन्द।। सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसैं बुधजन कहत विचारि।

वैधव्य–विषकन्यायोग :– चौ.–रविवार द्वितीया जो होय। आश्लेषा ताहि दिन में जोय।। १ ।। कृत्तिका होय शनिश्चर वार–साते तिथि को करो विचार ।। २ ।। होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार।। ३।। इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय।।४।। जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पाप ग्रह नभ (१०) में जोय ।।५।। शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रेह मानो। ता कन्या को विधवा जानो।। ६।। अश्लेषा द्वितीया को होय। मंदवारयुत लीजो जोय।।७।। परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ।। ८।। रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ।। ९।। ऐसो योग लखी जो परै। तो कन्या को विधवा करै ।। १०।। दो०– धर्मसदन में भूमिसुत जन्मसदन शनि जान। सूर्य होत सुतसदन में कन्या विधवा मान।। ११।।

वैधव्य–विषकन्याभंगयोग :– जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय।।

काकवन्ध्यादि योग :– ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्यामन्दार्कावष्टमे बन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या।।

स्त्रीणां राजयोगाः – चौपाई– केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके–चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षड्वर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग् केन्द्र में भवन में होई।। ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी।। **दोहा–** कर्क चन्द्रमा सातवें जीवदृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरयुत ताकौ पति नृप शूर।। लाभभवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन।।

स्त्रीणां पुत्रभावविचार :– पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्।।

अशुभ प्रसवमास :– कार्तिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मार्गशीर्ष में हथनी, श्रावण में गधी व घोडी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊँटनी, पौष में बकरी, चैत्र में कुतिया के बच्चे जन्में तो 6 मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन के समय घोडी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र हो। स्मरण रहे कि– यहां सर्वत्र सौरमासग्रहण है। प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर, व्याहृतिमन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्मे तो कार्त्तिकशान्ति करने से शुभ होता है।

त्रिखलजन्मफल :– यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लडका पिता को भय, धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं। कृपणता छोडकर, त्रिखलशान्ति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चान्दी, तांबा) दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दान्त निकले हों तो माता–पिता को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम–बार ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पाचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, सातवें में पितृसुख, आठवें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में निकले तो धनी हो।

अथैकनक्षत्रजनन–फलम् :– वृद्धगर्ग कहते हैं, कि यदि भ्राताओं व पिता–पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। यहां स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार

लघुभ्राता का जन्मसमय जानना :– (१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोडें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु आए तो भाई या बहन का जन्म होता है। (२) यदि भ्रातृ–प्रतिबन्धक योग न हो तो तृतीयेश, तृतयस्थ ग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना

(1) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटाएं, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है, तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(२) लग्नेशस्पष्ट में से तृतीयेशस्पष्ट घटाएं, शेष में से दशमेशस्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटाएं– शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब, भ्रातृकष्ट होता है।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम– इन चारों स्पष्टों को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है, उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर, जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काणराशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिए।

माता की मृत्यु का समय जानना :–जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटाएं, शेष की राशि में या त्रिकोणराशि में या उस शेष राशि के नवांशराशि में जब गोचर का शनि व गुरु होगा, तब माता की मृत्यु का समय जानें।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

स्थानम्	शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वोः	हस्ते	गुह्योः	जंघाः	जान्वोः	पादे
घटी	४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०
फलम्	पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य

अथ कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१/२/३ च.)	आश्लेषा (२/३/४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४ च.)
फलम्	ससुरहानिः	सासनाशः	ज्येष्ठनाशः	देवरनाशः

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।।

तिथिगण्डान्त– पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो–दो घड़ी तिथिगण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

कोष्ठकोक्त ये छः नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं। इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक अथवा बालिका माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है। गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का छः मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करना चाहिए; तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरणों में जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

अथ मूल पुरुषचक्रम्

स्थानं	मूर्ध्नि	मुखे	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्योः	जान्वोः	पादयोः
घटी	५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६
फलम्	राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.

मूलजनने वृक्षविभागफलम्

विभाग	मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा
घटी	७	८	१०	११	१२	५	४	३
फल	मूलनाश	वंशनाश	मातृ–क्लेश	मातुल–नाश	मन्त्री–पद	मन्त्री–पद	विपुल–लाभ	अल्प–जीवन

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आश्वि. मा. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२/५/८/११	३/६/९/१२	१/४/७/१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार– दोनों प्रकार से भूमि पर आए तो महाभयप्रद होता है। यहां अन्य एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी–शनि–भौम–समन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातःसंहरते कुलम्।। यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरं भवेत्।। दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गण्डातिगंडे च परिघे यमघण्टके।। ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्।। यथा सर्पविषं चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते।। रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निसृतेन जलेन हि।। बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्।। विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः।।

अथाभुक्तमूलविचारः– ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी (किसी के मत से एक घटी) एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है।

इस रामय जो बच्चा जन्म ले, उसका परित्याग कर दें या आठ वर्ष; असमर्थ हों तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे।

धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अंन्यथा नाशमाप्नोति चामुक्तर्क्षे विशेषतः।।

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

समय	प्रातः	दिन में	रात्रि में	सन्ध्या में
नक्षत्र	सभी गण्डमूल नक्षत्र	मूल, ज्ये.	मघा, आश्ले.	रे. अश्वि.
फल	पशु हानि	पिता को भय	माता को भय	शरीर को भय

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रह फलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु 1	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन 2	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी,गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज 3	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् 4	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहानि	दुःखी
सुत 5	सुतहानि	धनी,पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु 6	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री 7	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहानि
मृत्यु 8	अल्पायु	योगी	शरीरपीड़ा	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म 9	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म 10	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिवान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ 11	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय 12	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थ–ग्रहफलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु 1	क्रोधिनी	गतायु	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन 2	दरिद्रा	बहुधना	बन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज 3	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् 4	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहानि
सुत 5	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुता	सुगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु 6	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति 7	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु 8	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म 9	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	बन्ध्या	बन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म 10	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साधवी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ 11	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय 12	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्–अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्रीतुल्य, चतुर्थ में नृपतिसमान होता है।

मघाफलम्– मघा के प्रथमचरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन, विद्यालाभ होंगे।

ज्येष्ठापादफलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। " ज्येष्ठाद्यपाद जो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलक्षै मातरं पितरं तथा।"

रेवतीपादफलम् –रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृपसमान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख–सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश–योग– (१) पाप ग्रहयुक्त चन्द्रमा सातवें भाव में हो, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र हो, (३) पापग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे–सातवें पापग्रह हो, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल हो, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो– इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप–दान करना चाहिए।

पितृनाशयोग– (१) सूर्य, मंगल दसवें वा नवम में गए हों, (२) दशमेश रवि, मंगल से युक्त हो, (३) शत्रुराशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो– इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाशयोग– भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संग त्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय।।

सन्तानसुखनाशयोग– गुरु ते पंचम गेहपति, जाय परे त्रिकभाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे त्रिकधाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग– शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोग – सहज सप्तम धनसदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई।। सिंहलग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राहुसंग सप्तमभाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।।

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव–फलबोध–चक्रम्

भाव→ ग्रह↓	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
सूर्य	स्थाननाश	भय	श्रीप्राप्ति	मानभंग	दैन्य	विजय	यात्रा	पीड़ा	सुकृतिनाश	सिद्धि	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र	अन्नलाभ	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभ	स्त्रीलाभ	रोग	धर्मलाभ	सुख	धनलाभ	धननाश
मंगल	शत्रुभीति	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभय	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	धननाश
बुध	बन्धन	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुख	स्थानलाभ	पीड़ा	धनलाभ	पीड़ा	सख	धनलाभ	धननाश
गुरु	भय	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुख	शोक	राजमान	पीड़ा	सुख	दैन्य	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र	शत्रुनाश	धनलाभ	सुख	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दुःख	धनलाभ	धनलाभ
शनि	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक	श्रीप्राप्ति	कलह	मृत्यु	दुःख	वैर	सुख	शोक
केतु	रोग	वैर	सुख	भय	सुख	धनलाभ	कलह	रोग	पाप	शोक	कीर्ति	शत्रुभय

अथग्रहाणामेक भोगफल–समयादि ज्ञानम्

ग्रहाः	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के.
एकार्थभोग	मास 1	दिन 2¼	मास 1½	मास 1	मास 12	मास 1	मास 30	मास 18
फलसमयः	आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते
गंतव्यराशेः प्राक्फलम्	मास 5	घटी 3	दिन 8	दिन 7	मास 2	दिन 7	मास 6	मास 3

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थ धारणाय मणयः

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालम्	पन्ना	पुष्परागः	हीरा	नीलमः	गोमेदम्	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहम्	वैडूर्यम्	लाजवर्तः	लाजवर्तः

जारजयोग – भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्न।। रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार।।

पूतनाग्रस्तलक्षण एवं शान्ति–

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे–बैठे गिर पड़े, या यूं मालूम हो कि–किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि– उसे महा पूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नागदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूलमाला पहिनाकर बाहिर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले, जूठे बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्य रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता–खेलता गिर जाए अथवा उसे उल्टी हो या हाथ–पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल–मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्यकर्म संध्या–वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं, जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि, धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

उद्वर्तनम्– दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज–इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते, मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते– इनका काढ़ा बनाकर स्नान कराए, तो यह रोग दूर होगा।

चेष्टाः– जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आए, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जाए–उसे ग्रहाविष्ट जानना चाहिए

सर्वबालग्रह–शान्त्यर्थं देवालये ज्योतिर्दर्शनं निवासश्च तत्ररात्रौ – ''ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव।।''– इत्यस्य जापः, ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः।।

अथ बालरक्षाविधि (प्रयोगसारे)– यदि दुष्टदृष्टि (नज़रादि दोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग, कष्ट हो जाए तो– ''ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।। १।। कृष्ण रक्ष शिशुं शंख–मधुकैटभ–मर्दन। प्रातः–सङ्गव–मध्याह्न–सायाह्नेषु च सन्ध्ययोः।। २।। महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि।। ३।। बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान्। त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम्।। ४।। – इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित की गई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है	मूर्ति–निर्माणार्थ द्रव्य	पूजनद्रव्य	बलि–विधान व समय	स्नान, पूजा, मार्जनमंत्र	धूप
प्रथम दिन–मास–वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेतचन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5, आटे के सतिए 5, कपूर, लोहवान,	श्वेतभात, 5 पूर्ण पोली (सुहाली) 1 प्रहर दिन चढे पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्बपत्र, गोघृत
द्वितीय दिन–मास–वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	10 दीपक, 10 झण्डी, पुष्प, चावलों के आटे के सतिए 10,	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्यासमय, पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हूं हूं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा।	
तृतीय दिन–मास–वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्तचन्दन, रक्तपुष्प, श्वेत–ध्वजा, दीपक 10, गेहूं के आटे के सतिए 10,	एक सेर लालभात, आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन, गोश्रृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, गोघृत।
चतुर्थ दिन–मास–वर्ष में मुख मंडिका	तिल–चूर्ण एक सेर	श्वेतपुष्प, श्वेतध्वजा 5, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प,	भात, सेर आटे के पूड़े, आधा सेर पूर्ण पौली, सायं, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे रखें,	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन–मास–वर्ष में विडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेत ध्वजा 5, गेहूं के आटे के सतिए,	श्वेत भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे रखें,	ॐ भगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हूं हूं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठः ठः चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठः ठः स्वाहा।	
षष्ठ दिन–मास–वर्ष में षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 5 मिठाई, 5 सुहाली, 7 पूड़ियां, 1 प्रहर दिन चढे पूर्व में चौरास्ते पर रखें,	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तम दिन–मास–वर्ष में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेतचन्दन, श्वेतपुष्प, दीपक 5, श्वेतध्वजा 5,	भात, 7 पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन–मास–वर्ष में कामिनी	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्तचन्दन, 5 रंग की झंडी 5, दीपक 5,	गेहूँ की रोटी, मसूर की दाल, हरासाग, छागमांस, संध्या में चौरास्ते पर रखें,	विडालिका विधानोक्त	
नवम दिन–मास–वर्ष में मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प, 5 दीपक, 5 रंग की झंडी 5,	भात, मत्स्यमांस, पापड़ी, सुहाली, उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर रखें	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडलबलिमादाय हन् हन् हुं फट् स्वाहा।	गोश्रृंग, लहसुन, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशम दिन–मास–वर्ष में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्तपुष्प, 25 झण्डी, 25 दीपक, 25 सतिए,	गुड़ के घी भुने चावल, गौघृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन् हुं फट् स्वाहा।	
एकादश दिन–मास–वर्ष में सुदर्शना	काले उडदों का आटा एक सेर	श्वेतपुष्प, 25 दीपक, 25 सफेद झण्डी, 25 आटे के सतिए,	श्वेतभात, 7 पूड़े, सुहाली 7, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास, वज्रहस्ताय ज्वल ज्वल दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा।	
द्वादश दिन–मास–वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा एक सेर	13 दीपक, 13 झण्डी, 13 सतिए आटे के,	सुहाली, पूड़े 7, पूड़ियां 7, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर रखें,	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन् हन् शोषय शोषय मर्दय मर्दय तापय तापय हुँ हुँ हुँ हन् हन् दुष्टानां ह्रां ह्रां स्वाहा।	

अथ बालपूतना–विधान

यहां लिखे बाल–कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थान– स्पर्श निम्न–लिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान–विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्त्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ– इनके पत्रों को उबालकर बालक को मंत्र–पाठपूर्वक स्नान करावें। तदनन्तर कल्याणार्थ यथाशक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराएं। तदनन्तर "ओं द्यौः शांतिरन्तरिक्ष............" इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखास्थान स्पर्शपूर्वक यह मंत्र पढ़ें– " ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। ग्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।।

"ओं सर्वमातर इमं ग्रहं संहरंतु हुं रोदय–रोदय, स्फोटय –स्फोटय स्वाहा। गर्ज–गर्ज सः गृहाण–गृहाण आमर्दय– आमर्दय ह्रीम्–ह्रीम् हन् हन् एवं सिद्धिरुद्रो ज्ञापय स्वाहा।।"

अथ नक्षत्र–कष्टावली

रोग–नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोगदिन–संख्या				रोगशान्त्यर्थ जपनीय मन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
		1	2	3	3		
अश्विनी	भोजनदान	9	11	1	20	मृत्युञ्जयमंत्र	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य दें।
भरणी	गो–अन्नादि दान	0	80	40	11	यमायतवेति मंत्रः	हाथी के मुख में तिल चावल दें।
कृत्तिका	स्वर्णदान	9	11	16	28	अग्निर्मूर्धेति	कछुए के मुख में घी दें।
रोहिणी	घृतदान	3	9	18	30	ब्रह्माययेति	सर्प को दूध–दही खिलाएं।
मृगशिरा	तिलदान	9	5	7	10	इमं देवेति मंत्र	खरगोश को दूध पिलाएं।
आर्द्रा	गोदान	0	18	0	0	नमस्ते रुद्र इति मंत्र	बकरे के मुख में रक्त डालें।
पुनर्वसु	पीतलदान	7	14	2	21	अदितिर्द्यौरिति मन्त्रः	सूअर को धान्य खिलाएं।
पुष्य	तैलान्नदान	6	7	10	21	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डालें।
आश्लेषा	गो–अजादि दान	0	0	41	0	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाब को दूध पिलाएं।
मघा	वस्त्राज्यदान	15	7	17	20	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलाएं।
पू.फा.	भोजनदान	0	15	0	30	भगम्प्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दें।
उ.फा.	अन्नदान	7	14	7	60	दध्यावद्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलाएं।
हस्त	तैलदान	15	17	15	0	उदत्यं जातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलाएं।
चित्रा	दुग्धदान	11	9	9	16	त्वष्टा तुरगेति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर–धतूरे के फूल वन में रखें।
स्वाती	गौघृतदान	60	17	30	0	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़, चावल खिलाएं।
विशाखा	गौ–स्वर्णदान	15	0	4	13	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़, भात की बलि दें।
अनुराधा	गौघृतदान	60	12	36	30	नमो मित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुल्थीसहित भात, गुड़ दें।
ज्येष्ठा	तिलदान	69	9	6	4	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्रः	बंदरों को गुड़, तिल डालें।
मूल	रौप्यपात्रदान	0	9	15	6	माता पुत्रेति मन्त्रः	बिलाब को दूध पिलाएं।
पू.षा.	गोमुक्तादान	0	15	24	10	आपोधर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोथे की बलि दें।
उ.षा.	भोजनदान	30	24	26	16	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डालें।
श्रवण	श्रीफलदान	60	24	6	9	विष्णोरराटेति मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त, मीठा की बलि दें।
धनिष्ठा	अश्वान्नदान	15	4	20	21	वसोः पवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दहीं, अन्न की बलि दें।
शतभिषा	भोजनान्नदान	4	45	3	22	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलाएं।
पू.भा.	भोजनदान	0	12	21	19	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि छोड़ें।
उ.भा.	अन्नदान	10	3	9	15	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलाएं।
रेवती	फलदान, कन्यापूजन	18	10	9	20	पूषन्नयेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी–पूओं की बलि छोड़ें।

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	६	९	१०
नक्षत्र	मूल	भरणी	कृत्तिका	रोहिणी	आश्लेषा

जन्मे सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरे कामिनी चटपट विधवा होय। गऐ गए ना बुहरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय

(1) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़ें। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों की त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब पुत्र–संतान उत्पन्न होती है।

(2) चंद्र, लग्न, गुरु– इन तीनों से पंचमस्थानेश या नवमस्थानेश की दशान्तर्दशा में पुत्रसंतानोत्पत्ति होती है।

विवाह (स्त्रीसुख) होने का समय

(1) जन्मलग्नेश, सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो, उस राशि में जब गोचर का गुरु हो, तब विवाह होता है।

(2) चन्द्रराशीश और अष्टमेश को जोड़ने पर प्राप्त राशि में जब गोचर का गुरु आए, तब विवाह होता है।

(3) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो, उस राशि से द्वितीयभाव में जब गोचर मे गुरु–चन्द्र होते हैं, तब विवाह होता है।

(4) शुक्र–चन्द्र व सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय

(1) गुलिक स्पष्ट से सूर्य स्पष्ट घटाएं, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो, तब पिता की मृत्यु होती है।

(2) सूर्य से 1/2/7/12 भाव में जो पापग्रह हो, उस की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट– इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मंत्र पृथक्–पृथक् लिखा है, उसे न जप सकें तो महामृत्युंजय मन्त्र ही जपें। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है, उस चरणानुसार कष्ट व दिन जानें, शून्य से विशेष भय जानें। दान, जप करें। जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है, उसे यहां कष्टावली में रोगनक्षत्र का नाम दिया गया है। रोगनक्षत्र को जानकर, इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्त्यर्थ बलिदान' वाले कॉलम में घोड़ी, हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलिद्रव्य देकर धूप–दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें– ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(1) रोग के शुरूआती दिन में जन्मराशि, नक्षत्र, लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र या यमघंट कुयोग हो।

(2) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी, अनुराधा नक्षत्र हो।

(3) सोमवार को आर्द्रा या उ. षा. नक्षत्र हो।

(4) मंगलवार को कृत्तिका, मघा व शतभिषा या नन्दा (1/6/11) तिथि हो।

(5) बुधवार को अश्विनी, विशाखा या भद्रा (2/7/12) तिथि, आश्लेषा हो।

(6) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (3/8/13) तिथि व मघा, हस्त हो।

(7) शुक्रवार–अष्टमी व अश्विनी या आश्ले., श्रवण या रिक्ता (4/9/14) तिथि, आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(8) शनिवार को नवमी व पू. षा. या हस्त व पू. भा. या पूर्णा (5/10/15) तिथि व भरणी हो।

(9) सूर्य, मंगल, शनि वारों को 4। 6। 9। 12/14/30 तिथि, भरणी, कृत्ति. आर्द्रा, आश्लेषा, पूर्वा. 3, विशा., ज्ये., धनि., शत. नक्षत्र हों तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परञ्च– जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना चाहिए। क्योंकि– बिना मारकेश आए मृत्यु तो होती ही नहीं। हां– ऐसे योग में कष्ट ज़रूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा मृत्युञ्जयजप करना कल्याणप्रद है।

बाल–रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिल्का, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल, अगर, गाय का घी–इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खुं खुर्दनं हुं फट् स्वाहा–" इस मन्त्र का उच्चारण करें।

अथ रोगत्रिनाड़ी चक्रम्

प्रथमा	आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.
मध्या	पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल	श्रवण	पू.भा.	अश्वि.	रो.
अन्त्या	पुष्य	आश्ले.	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.

सूर्यनक्षत्र, दिन, जन्म और नाम नक्षत्र रोगत्रिनाड़ीचक्र में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है। मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले, उसी दिन निःसन्देह रोगी की मृत्यु कहनी चाहिए। यह रोगत्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा रण के समय वर्जित करना चाहिए।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिननक्षत्र से नामनक्षत्र 5/13/23 संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार 10/18वां नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख में दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो, उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की हालत मृत्युपर्यन्त होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह–युद्ध में जाने पर काल के मुख–दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

कालांगचक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अंङ्गविशेष में पीड़ा, कष्ट, घाव, फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु–विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर, निम्नलिखित कालांगचक्र में दिए भावों के अनुसार उस पीड़ित भाव को देखें। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की संभावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति कराएं। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभग्रहदृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांगचक्र

भाव	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अंङ्ग	सिर	मुख	भुजाएं	हृदय	उदर	कटिभाग	वस्ति/मूत्राशय	लिङ्ग/गुदा	जंघाएं	घुटने	पिण्डलियां	पाद–युगल

तिथिकष्टावली यन्त्रम्

तिथि	तिथीश	कष्ट–दिन	बलि	दान
1	अग्नि	12	शर्कराज्यबलि	घृतदान
2	ब्रह्मा	5	पायसबलि	भोजनदान
3	काम	7	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
4	गणेश	16	मोदकान्नबलि	मूंगादान
5	सर्प	21	पायसबलि	दुग्धदान
6	स्कन्द	12	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
7	सूर्य	8	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
8	ईश्वर	13	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
9	दुर्गा	18	मिष्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
10	यम	25	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
11	विश्वेदेव	7	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
12	विष्णु	7	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
13	काम	10	दधिशर्कराबलि	सुवर्णदान
14	शिव	60	मिष्ठान्नबलि	क्षौद्रशाकभोजन
15	चन्द्र	3	दध्योदनबलि	रौप्यदान
30	पितर	18	अपूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावली–यंत्रम्

वार	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	5	पायसबलि, सूर्यदान
चं.	गौरी	8	नानाभक्ष्यबलि, चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	5	दुग्धबलि, भौमदान
बु.	विष्णु	7	मुद्गान्नबलि, बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	5	घृतपक्वबलि, गुरुदान
शु.	इन्द्र	7	तिलयवाज्यमधुबलि, शुक्रदान
श.	यम	15	माषान्नबलि, शनिदान

ग्रहगोचराद्यैर्दशा-क्रमाद्यैर्ग्रह-कृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रहाणां दान-पदार्थाः												जपसंख्या	जपनीयमन्त्राः	दानसमय	हवनसमिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तपुष्प	मूंग, रक्तगाय	रक्तचन्दन	7000	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	शंख	श्वेतपुष्प	कर्पूर, श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	11000	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	केसर	रक्तकनेर	कस्तूरी, रक्तबैल	रक्तचन्दन	10000	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घटी 2 शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	हाथीदांत	सर्वपुष्प	कर्पूर, शस्त्र	फल	19000	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घटी 5 शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	हल्दी	पीतपुष्प	पुस्तक, घोड़ा	पीतफल	19000	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	सन्ध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	सुगंध	श्वेतपुष्प	दधि, श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	16000	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सूर्योदय	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुल्थी	तेल	कृष्णवस्त्र	कस्तूरी	कृष्णपुष्प	कृष्णांग भैंस	उपानह	23000	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	खड्ग	कृष्णपुष्प	कंबल, घोड़ा	शूर्प	18000	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्रि	दूर्वा
केतु	लहसुनिया	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तेल	धूम्रवस्त्र	नारियल	धूम्रपुष्प	कंबल, बकरा	शस्त्र	17000	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्रि	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	कपूर	श्वेतपुष्प	मसरी, श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्थेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः	मुन्थेशकाल	मुन्थेशवत्

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति का कोई ग्रह गोचर से या दशा–अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत–विधान ब्रह्मचर्यपूर्वक करने से अशुभ फल की निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि–सूर्य का व्रत रविवार को करें। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्षपर्यन्त तीस या कम से कम 12 व्रत करें। उस रोज़ केवल गेहूं की रोटी, घी और लालखाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डालकर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिल्कुल न खाएं। भोजन से पूर्व हो सके तो लालवस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज–मन्त्र की माला का जप करें। तदनन्तर सूर्य को गन्धाक्षत, रक्तपुष्प दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करें। अपने मस्तक में लालचन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण को भोजन कराएं। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परिणत हो जाएगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्ररोग, चर्मरोग एवम् अन्य शारीरक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्यशान्ति का सरल उपचार :–लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग करें– जैसे– लालचादर, परना तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार के व्रत की विधि– चन्द्रमा का व्रत शुक्ल–पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार को प्रारम्भ करके 54 या 10 व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके ऊपर चक्रलिखित बीज–मन्त्र की 11 या 3 माला जप करें। सफ़ेद फूलों से पूजन करके सफ़ेद चन्दन का तिलक करें। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही–चावल, घी, खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके खीर–खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन कराएं। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों से शान्ति होती है। विशेष कार्यसिद्धयर्थ भी यह पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्रशान्ति का सरल उपचार :– सफेद जुराब, रुमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दहीं का उपयोग, चान्दी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके 21 या 45 व्रत करने चाहिएं। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लालवस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 1, 5, या 7 माला जप करें। नमक सेवन न करें, यह ज़रूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करें और स्वयं भी खाएं। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलाएं। मंगलवार का व्रत ऋण–हर्ता तथा सन्तति–सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो, उस दिन हवन–पूर्णाहुति करके लालवस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करें। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन कराएं।

मंगलशान्ति का सरल उपचार :– लालरंग की वस्तुओं का उपयोग, रात को लालवस्त्र पहनें, तांबे के बर्तनों का प्रयोग, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) बुधवार से प्रारम्भ कर 21 या 45 व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 17 या 3 माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमकरहित, खाण्ड–घी से बने पदार्थ, जैसे– मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करें। फिर तीन तुलसीपत्र, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खाएं। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन–पूर्णाहुति करके छोटे बच्चों या अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या, धन–लाभ, व्यापार में तरक्की तथा स्वास्थ्यलाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रहजन्य नेष्टफल से मुक्ति मिलती है।

बुधशान्ति का सरल उपचार :– हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं, हरा रुमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी का व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि :– यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्षपर्यन्त या 16 व्रत करें। उस दिन पीतवस्त्र धारण करके बीज–मन्त्र की 11 या तीन माला जप करें। पीतपुष्पों से पूजन–अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के बेसन की घी–खाण्ड से बनी मिठाई, लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चावल आदि ही खाएं और इन्हीं का दान करें। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन–पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डूभोजन कराएं। स्वर्ण, पीत–वस्त्र, चने की दाल आदि का दान करें। यह व्रत विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्याप्रद है। धन की स्थिरता तथा यशवृद्धि करता है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पतिशान्ति का सरल उपचार :– पीले वस्त्र, रुमाल आदि, पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ कर, 31 या 21 व्रत करें। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 3 या 21 माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करें। यही पदार्थ यथाशक्ति सम्भव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, तब हवन–पूर्णाहुति के बाद खीर–खाण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मणबटुकों को खिलाएं। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करें। इस व्रत से स्त्रीसुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्रशान्ति का सरल उपचार :–सफेद वस्त्र, सफेद रुमाल, सफेद फूल धारण करना आदि, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिवपूजन।

शनि के व्रत की विधि :– इस व्रत को शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से आरम्भ करे। व्रत 51 या 31 करने चाहिएं। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की 19 या तीन माला का जप करें। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग), गङ्गाजल तथा शक्कर, थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुंह करके पीपल–वृक्ष की जड़ में डाल दें। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पंजीरी, कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दें तथा तेलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करें। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन–पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी (चमड़े का) जूता तेल लगाकर दान करें। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक परेशानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह–मशीनरी, कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनिशान्ति का सरल उपचार :– घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रुमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु–केतु के व्रत की विधि :– शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से ही यह व्रत भी शुरु करना चाहिए। व्रत 18 करें। काला वस्त्र धारण करके 18 या 3 बीजमन्त्र की माला जपें। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर, पीपल की जड़ में डालें। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी, समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करें और यही दान में भी दें। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दें। इस व्रत से शत्रुभय दूर होता है तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु–केतुशान्ति का सरल उपचार :– नीला रुमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पैन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थ स्नानविधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।।
तथा स्नान–विधानेन ग्रह–दोषः प्रणश्यति।।

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी–कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारू, मुलट्ठी, लाल फूल, केसर पानी में उबालकर स्नान करें। चन्द्र शान्त्यर्थ सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबालकर स्नान करें। ऐसे ही **मंगलव्रत के दिन** अनन्तमूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल–ये सब उबालकर; **बुधव्रत के दिन** गोबर, मधु, चावल, विधारा; **गुरुव्रत के दिन** भारंगी, मुलट्ठी, श्वेत सरसों, मालती पुष्प; **शुक्रव्रत के दिन** इलायची, मजीठ तथा **शनिव्रत के दिन** काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमरवेल, सफेद बिनौला– उबालकर स्नान करें। ऐसे ही राहु–केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहबान उबालकर स्नान करें, तो ग्रहशान्ति मिलती है।

नोटः– स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो, तो जो वस्तु मिले उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रह किंवा सर्वविधशान्ति के लिए सामान्य औषधस्नान

लाजवन्ती (छुई–मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध– इन औषधियों के जल एवं सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व जो दान कह चुके हैं, उनके करने से शान्ति मिलती है। गुरुवचन, देवता, ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते।– (श्रीपतिः)।

शनिविचार-अथ लघुकल्याणी (ढैया) फलम्:-

कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः
बन्धुविरोधं देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्।
मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि–वह्नेर्भयं
लोहशस्त्रभयं सदैव–असुखं कुर्यादसौ सर्वदा।। १।।

वृहत्कल्याणी साढेसाती फलम् :-........राशौ द्वादश (12) मूर्ध्नि जन्म (1) हृदये पादौ द्वितीये (2) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्।। हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम् , रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा।। २।।

सप्तधान्य- उड़द, मूंगी, गेहूं, चने, जौ, धान्य (तंडुल), कंगनी।

अष्टगंध-स्याही :-अगर, कस्तूरी, कुंकुम, कर्पूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन, देवदारु।

अष्टगंध-धूप- अगर, छरीला, जटामासी, कर्पूर–कचरी, गुग्गुल, देवदारु, गोघृत, सफेद चन्दन।

नक्षत्र–राशिज्ञान–चक्र

राशि→	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्र→ चरण ↓	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिरा	मृगशिरा	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू.फा.	उ.फा.	उ.फा.	हस्त	चित्रा
प्रथम चरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीय चरण	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो
तृतीय चरण	चो	ले	०	उ	वी	०	क	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ चरण	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशि→	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्र→ चरण ↓	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू.षा.	उ.षा.	उ.षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू.भा.	पू.भा.	उ.भा.	रेवती
प्रथम चरण	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय चरण	०	रे	तू	०	नी	या	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय चरण	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ चरण	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

राशिज्ञाने विशेषः– नक्षत्र व राशि में 'श' और 'स' तथा 'व' और 'ब' में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें– संयोगजाक्षरे नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्षरम्।

ध्यान दें – नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा हो तो 'ङ' की जगह 'घ', 'ञ' की जगह 'दु', तथा 'ण' की जगह 'पू' से प्रारम्भ करें। ऐसा करने से भेद नहीं होता।

"बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर–विशारदैः।। प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शाब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णे या मात्रा स स्वर एव हि।।

अथ जन्मराशि-नामराश्योः प्रधानता निर्णीयते–

विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत्।। देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके।। नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत्।। काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता।। कुर्यात्षोडशकर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते।। विवाह घटनं चैवं लग्नजं ग्रहजं बलम्। कामभाक्‌चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा।।

अभिजित्‌निर्णय :– वैश्यप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति–तिथि–भागतोऽभिजित्स्यात्।।

"उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण और श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करें। उसको अभिजित् का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करें। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक–एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे, उसके चार भाग करें; उसको श्रवण के १–१ चरण मानें। सामान्य गणक के ज्ञानार्थ ही यह यहां लिखा गया है।

राशिज्ञानम्– चू ल अ मेषः, इ वो वृषः, क घ ङ छ ह मिथुनम्।।
हीडो कर्कः, माटे सिंहः, टो ष ण ठ पो कन्या।।
राते तुला, तो ना यू वृश्चिकः, ये घफढभे धनुः।।
भोजा खागी मकरः, गुशद : कुम्भः दीथझञची मीनः।।

इस राशिज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह अक्षर भी ले लिया गया है। जैसे–मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रहण होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा) अश्विनी का और चतुर्थ चरण पर्यन्त भरणी का ग्रहण हुआ और 'अ' से कृत्तिका का प्रथम चरण– इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

विशेष– जहां 'ज्ञ' का उच्चारण 'ज्ञ' होता है वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र उ.षा. और जहां इसका उच्चारण 'ग्य' होता है, वहां ज्ञान चन्द्र का नक्षत्र धनिष्ठा माना जाएगा। क्योंकि 'ज' और 'ग' वर्ण क्रमशः उ.षा. और धनिष्ठा नक्षत्र में पड़ते हैं।

नोटः–चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने में फलितज्ञ को काफी आसानी रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्मसमय चन्द्रमा की राशि एवम् नक्षत्र जान लेता है तथा फलितशास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भूस्थित वनस्पति एवम् प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वारभाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार–भाटांक सूर्य के ज्वार–भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भगणकाल का स्त्री के मासिक धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्मपत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की परिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन फलितवेत्ता जन्मपत्र की अंग्रेज़ी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है, जबकि चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित–शास्त्रियों ने जन्मकालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्मराशि का नाम दिया है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसका विशेष महत्त्व भी है।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2071 वि.)

वैशाख मास

मेषसंक्रान्ति (14 अप्रैल से 13 मई, सन् 2014 ई.)

(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– लग्नस्थ सूर्य–केतु का शनि–राहु के साथ समसप्तक इराक, पाक, अफग़ानिस्तान, अमेरिका एवं इटली आदि में कहीं उग्रवाद से अशान्ति, कहीं प्राकृतिक आपदा से भारी हानि का कारण बने। भारत की राजनीति में विभिन्न राजनैतिक–दलों में विघटन एवं तालमेल राजनैतिक दृष्टि से आश्चर्यजनक स्थिति बनाए। चन्द्र–मंगल का मेल घी, गुड़, तेल एवं सोना–चान्दी में भारी तेज़ी–मन्दी के झटके लाएगा।

वैशाखसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



मेषसंक्रान्ति प्रवेशकाल =14 अप्रैल, 2014 ई.; 7 घं. 36 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल 14/00 तक,

वैशाख मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– शनि–राहु की सूर्य–केतु पर दृष्टि आपकी सेहत को खराब करे। पेट में विकार एवं पेशाब–सम्बन्धित विकार से परेशानी रहे। विद्यार्थियों के लिए समय विशेष सावधानी का है। यात्रा में कष्टभय है। कारोबार ठीक रहे। **अप्रैल** 18, 19, 26, 27; **मई** 5, 6, 7 अशुभ हैं।

वृष– शुक्र मित्रक्षेत्र में गुरु से दृष्ट है। आर्थिक स्थिति अच्छी रहे। व्यापार में एवं नई योजनाओं से लाभ हो। धोखेबाजों से सावधान रहें। कम्पीटीशन में सफलता मिले। विरोधी–पक्ष कमजोर रहे। विद्यार्थी जीवन में प्रगति हो। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29; **मई** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

मिथुन– सेहत में वायु–विकार से परेशानी रहे। लग्नस्थ गुरु मित्रवर्ग से लाभ देगा। परीक्षा–परिणाम ठीक रहे। व्यापारी वर्ग को कार्यक्षेत्र में विशेष सफलता मिले। लेकिन कार्यक्षेत्र में विशेष रद्दोबदल के योग हैं। **अप्रैल** 14, 22, 23, 30; **मई** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

कर्क– सेहत गड़बड़ रहे। निजीलोगों से लाभ रहे। चतुर्थभाव में शनि–राहु का मेल जमीन–जायदाद सम्बन्धी परेशानी बढ़ाए। स्त्रीपक्ष से कष्ट, कारोबार में अच्छा लाभ मिले। **अप्रैल** 15, 16, 17, 24, 25; **मई** 3, 4, 13, 14 अशुभ।

सिंह– सेहत ठीक रहे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने से मन परेशान हो। निजी लोगों से अनबन रहे। स्त्रीपक्ष से लाभ मिले। सन्तानपक्ष से शुभ समाचार मिले। शनि–राहु का दान करें। **अप्रैल** 18, 19, 26, 27; **मई** 5, 6, 7 अशुभ।

कन्या– वायुविकार से परेशानी, क्रोध बढ़े। आर्थिक–हानि से मन खिन्न रहे। गुप्त शत्रु से भय रहे। बन्धु–मित्र से लाभ मिले। कारेबार में लाभ की स्थिति रहे। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29; **मई** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

तुला– रक्त–पित्त विकार रहे। निजीजनों से अनबन हो। स्त्रीपक्ष से परेशानी रहे। कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार बने। राजपक्ष से लाभ की संभावना है। **अप्रैल** 14, 22, 23, 30; **मई** 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

वृश्चिक– शरीर कष्ट, गुप्तशत्रु ये सावधान, आर्थिक–संकट से परेशानी, बन्धुओं से सहायता मिले। विरोधीपक्ष कमजोर हो, जल व अग्नि से भय रहे। **अप्रैल** 15, 16, 17, 24, 25; **मई** 3, 4, 13, 14 अशुभ।

धनु– सेहत ठीक रहे। धनेश शनि, राहु के साथ होने से उत्तम लाभ होकर वृथाव्यय हो। बन्धु–सुख रहे। विद्यार्थियों को सफलता, कारोबार ठीक रहे। **अप्रैल** 18, 19, 26, 27; **मई** 5, 6, 7 अशुभ हैं।

मकर– उदर विकार रहे, धनलाभ हो। निजीजन कष्ट, सट्टे के व्यापार से हानि लेकिन कार्यान्तर से लाभ हो। जमीन–जायदाद सम्बन्धी कार्यों में लाभ रहे। अचानक धनहानि संभव है। **अप्रैल** 19, 20, 21, 28, 29; **मई** 8, 9, 10 अशुभ हैं।

कुम्भ– लग्नस्थ शुक्र पर गुरु की दृष्टि है। शत्रुपक्ष कमजोर रहे। सुखलाभ मिले। उलझे काम ठीक हों। धनधान्य–समृद्धि रहे।। अप्रैल 14, 22, 23, 30; मई 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।

मीन– लगनस्थ बुध राजपक्ष से भय करता है। कारोबार में लाभ हो, वृथाव्यय भी हो। सन्तानपक्ष से चिन्ता, क्रोध बढ़े, गुप्तशत्रु से सावधान रहें। अप्रैल 15, 16, 17, 24, 25; मई 3, 4, 13, 14 अशुभ।

ज्येष्ठ मास

वृषसंक्रान्ति (14 मई से 14 जून, सन् 2014 ई.)

(इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– सूर्य एवं बुध लग्नस्थ हैं, नीचस्थ चन्द्र की इन पर दृष्टि है। कहीं सूखा पड़े। महाराष्ट्र आदि में भयंकर प्राकृतिक आपदा से हानि के योग हैं। कहीं अचानक राजनैतिक हिलजुल होगी। खाद्य पदार्थों में भारी महंगाई होने से जनता में आक्रोश रहेगा। घी, कपास, चीनी, तिलहन में तेज़ी रहे। पाक, अफ़ग़ानिस्तान एवं महानगरों में कहीं उग्रवादजन्य हानि भी हो।

ज्येष्ठसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



वृषसंक्रान्ति प्रवेशकाल = 14 मई, 2014 ई.; 28 घं. 28 मि. (I.S.T.)
मु. 45, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

ज्येष्ठ मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सूर्य–बुध लग्नस्थ हैं। सेहत ठीक रहे, लेकिन नीचस्थ चन्द्र मानसिक उलझनें पैदा करेगा। स्थिर सम्पदा का लाभ हो। विरोधीपक्ष कमज़ोर हो। मई 15, 16, 23, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

वृष– लग्नस्थ गुरु शुभ कार्यों में मन लगाए। स्थिर सम्पदा विवाद बढ़े। नई योजना से हानि हो। स्त्रीपक्ष से लाभ मिले। आय से व्यय अधिक हो। मई 17, 18, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

मिथुन– चन्द्र नीच है। बुध क्षीण है। घरेलु उलझनें अधिक परेशान करें। फिजूल खर्ची अधिक हो। बन्धु–कष्ट एवं सन्तानपक्ष से चिन्ता रहे। कारोबार ठीक रहे। मई 19, 20, 28, 29; जून 7, 8 अशुभ।

कर्क– कफ़–वायु विकार, कर्जा सिर चढ़े। सम्पत्ति बेचने की योजना बने। कार्यान्तर से लाभ हो। मासान्त में शुभ समाचार मिले। मई 21, 22, 30, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।

सिंह– सूर्य–बुध लाभप्रद योजनाएं बनाएंगे। क्रोध बढ़ेगा। गुप्त शत्रु से सावधान रहें। स्थिर सम्पत्ति का लाभ हो। मास–मध्य में शुभ सन्देश मिले। मई 15, 16, 23, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

कन्या– चन्द्र–राहु–शनि की स्थिति आपके अनुकूल नहीं। अचानक कष्टभय है। वृथा व्यय, शत्रु प्रबल, राजपक्ष से हानि हो। स्त्रीपक्ष एवं बन्धुवर्ग से लाभ हो। मई 17, 18, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

तुला– सेहत ठीक रहे। अचानक चिन्ता का कारण बने। स्त्रीपक्ष से अनबन। आय से व्यय अधिक रहे। सम्पदा लाभ हो। शनि–राहु का दान करें। मई 19, 20, 28, 29; जून 7, 8 अशुभ।

वृश्चिक– वायु–विकार से परेशानी। मित्र–बन्धु का सहयोग रहे। सन्तानपक्ष से शुभ समाचार मिले। मासान्त में आय से व्यय अधिक रहे। मई 21, 22, 30, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।

धनु– सेहत का विशेष ध्यान रखें। अचानक रोगभय है। कारोबार कमज़ोर रहे। पार्टनरशिप में धोखा संभव। भाई–बन्धु का सहयोग मिले। स्त्रीपक्ष से चिन्ता रहे। मई 15, 16, 23, 24, 25; जून 2, 3, 11, 12, 13 अशुभ।

मकर– कारोबार सम्बन्धित समस्याएं अधिक परेशानी दें। ज़मीन–जायदाद से विशेष लाभ मिले। यात्रा सुखद रहे। सन्तानपक्ष से शुभ समाचार मिले। सेहत गड़बड़। मई 17, 18, 26, 27; जून 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

कुम्भ– सेहत ठीक रहे। आर्थिक लाभ हो। नई योजना व कारोबार से लाभ रहे। भाई–बन्धु से स्नेह–सौहार्द रहे। सन्तानपक्ष से चिन्ता रहे। स्त्रीपक्ष से मदद, मनोबल प्रबल रहे। मई 19, 20, 28, 29; जून 7, 8 अशुभ।

मीन– पेट में विकार रहे। वृथा धनहानि के योग हैं। भाई की तरफ से शुभ समाचार मिले। स्त्रीपक्ष से चिन्ता रहे। कारोबार ठीक रहे। मासान्त में विशेष खर्च हो। मई 21, 22, 30, 31; जून 1, 9, 10 अशुभ।

आषाढ़ मास

मिथुनसंक्रान्ति (15 जून से 15 जुलाई, सन् 2014 ई.)

(क, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– लग्न में बुधादित्ययोग गुरु के सन्निकर्ष में है। यह मास राजनैतिक दृष्टि से प्रगतिप्रद योजनाओं को कार्यान्वित करेगा। भारत में राजनैतिक विशेष परिवर्तन संभव हैं। मुस्लिमराष्ट्र, ब्रिटेन, अमेरिका एवं अन्यत्र कहीं राजनैतिक परिवर्तन एवं कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि भी सम्भव है। अनाज, चीनी, घी एवं दालवाना तेज़ रहें।

आषाढ़संक्रान्ति–ग्रहस्थिति



मिथुनसंक्रान्ति प्रवेशकाल =15 जून, 2014 ई., 11 घं. 02 मि. (I.S.T.)
मु. 45, पुण्यकाल 17 घं. 26 मि. तक,

आषाढ़ मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सेहत ठीक रहे। उत्साहवृद्धि हो। स्थिर सम्पदा लाभ हो। नई योजना से हानि। स्त्रीपक्ष से लाभ हो। कारोबार में वृद्धि हो। जून 20, 21, 29, 30; जुलाई 1, 9, 10 अशुभ।

वृष– रक्त–पित्त विकार, अर्थहानि, निजी लोगों से अनबन रहे। यात्रा में कष्ट, नई योजना असफल रहे। कारोबार में रद्दोबदल हो। मासान्त में विशेष लाभ हो। जून 15, 22, 23; जुलाई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

मिथुन– सेहत गड़बड़ रहे। वृथा व्यय, परिवार में कलह, गुप्त शत्रु से सावधान रहें। नई योजना किंवा स्त्रीपक्ष से लाभ हो। जून 15, 16, 24, 25; जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

कर्क– रक्त–पित्त विकार। विरोधीगण प्रबल रहें। कर्ज़ा सिर चढ़े, मित्र से मदद मिले। कारोबार में विशेष परिवर्तन से अचानक लाभ हो। जून 17, 18, 19, 26, 27, 28; जुलाई 6, 7, 8, 15 अशुभ।

सिंह– वायुरोग से परेशानी, विशेष कष्टयोग है। भाई–बन्धु से सहयोग, कारोबार में तरक्की से लाभ मिले। लेकिन मासान्त में आय से अधिक व्यय हो। यान–दुर्घटना से सावधान रहें। जून 20, 21, 29, 30; जुलाई 1, 9, 10 अशुभ।

कन्या– शूगर आदि से अचानक परेशानी बढ़े। सावधान रहें। सांझेदारी में हानि। क्रोध बढ़े। मित्र –बन्धु से मदद। कार्यान्तर से लाभ मिले। जून 15, 22, 23; जुलाई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

तुला– सेहत ठीक रहे। उत्साह बढ़े, कारोबार में रुकावट एवं मासान्त में वृथा व्यय हो। यात्रा सुखद रहे। सन्तानपक्ष से सुख मिले। जून 15, 16, 24, 25; जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

वृश्चिक– त्वचा रोग किंवा पित्त–विकार। वृथाव्यय हो। सन्तानपक्ष से चिन्ता। स्त्रीपक्ष से मदद मिले। कारोबार में विशेष हानि एवं रद्दोबदल हो। शनि–राहु का दान करें। जून 17, 18, 19, 26, 27, 28; जुलाई 6, 7, 8, 15 अशुभ।

धनु– क्रोध बढ़े, धनलाभ होकर हाथ से निकले। जमीन–जायदाद का लाभ। कारोबार में रुकावट, मासान्त में वृथाव्यय हो। जून 20, 21, 29, 30; जुलाई 1, 9, 10 अशुभ।

मकर– गुप्त शत्रु से भय, अच्छे लोगों से मेल हो, लेकिन विरोधी प्रबल रहें। स्त्रीपक्ष से चिन्ता रहे। मासान्त में उत्तम लाभ हो। जून 15, 22, 23; जुलाई 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

कुम्भ– सिर व नेत्रकष्ट, धनलाभ हो, बन्धु से लाभ, सन्तान से सुख। शत्रु कमजोर। स्त्रीपक्ष से अनबन। धर्म–कर्म में रुचि रहे। जून 15, 16, 24, 25; जुलाई 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।

मीन– सेहत ठीक, धनलाभ अच्छा हो। बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता। शत्रु सिर उठाएं। राजपक्ष से भय। धर्म–कर्म में रुचि रहे। जून 17, 18, 19, 26, 27, 28; जुलाई 6, 7, 8, 15 अशुभ।

श्रावण मास

कर्कसंक्रान्ति (16 जुलाई से 16 अगस्त, सन् 2014 ई.)

(हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

संक्रान्तिकालीन् गोचर ग्रहस्थिति– लग्नेश चन्द्र अष्टम भाव में शत्रुक्षेत्री है। प्रधान शासकों को इस मास में भारी राजनैतिक विपत्तियों का सामना करना होगा। शनि–मंगल का चतुर्थ भाव में होना कहीं भीषण प्राकृतिक आपदा का संकेत देता है। व्ययस्थ शुक्र–बुध भीषण वर्षा–बाढ़ से हानि करें। किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का निधन हो। मुस्लिम देशों में राजनैतिक गतिरोध पैदा हो। भारत में विपक्षीदल केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल को महंगाई के मुद्दे पर घेरेंगे। ग्वार, सरसों, तेल, घी, चीनी, सोना के भाव तेज़ रहें।

श्रावणसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



कर्कसंक्रान्ति प्रवेशकाल = 16 जुलाई, 2014 ई.; 21 घं. 53 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल 9 घं. 53 मि. बाद एवं अगले दिन मध्याह्न तक,

श्रावण मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– शनि–मंगल का एकराशि में होना कष्टप्रद है, वाहन से चोटभय है। शनि–मंगल का दान करें। धनलाभ होकर हानि हो। निजी लोगों से अनबन। मासान्त में राजपक्ष से भय रहे। जुलाई 17, 18, 26, 27, 28; अगस्त 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

वृष– सेहत कमजोर, सम्पत्तिविवाद उलझें। निजी लोगों से अनबन हो। शत्रु प्रबल हों, नई योजना से लाभ। मासान्त में अच्छे लोगों से लाभ हो। जुलाई 19, 20, 29, 30; अगस्त 7, 8, 15, 16 अशुभ।

मिथुन– उदरविकार। नेत्र व मस्तक–पीड़ा। शिष्य व पुत्र से मदद मिले। कारोबार में मित्र की मदद से लाभ मिले। नए उद्योग की योजना बने। जुलाई 21, 22, 23, 31; अगस्त 1, 2, 9, 10 अशुभ।

कर्क– रक्तचाप (B.P.) की शिकायत रहे। नेत्रकष्ट, वृथाव्यय। बन्धु से सहयोग, योजनाएं असफल। कारोबार में प्रगति के योग हैं। जुलाई 16, 24, 25; अगस्त 3, 4, 11, 12 अशुभ।

सिंह– चोटभय है। धनलाभ हो। निजीजन सुख। सन्तानपक्ष से अशान्ति। अच्छे लोगों से मेल। आय से व्यय अधिक हो। जुलाई 17, 18, 26, 27, 28; अगस्त 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

कन्या– सेहत ,ठीक रहे। धनलाभ हो। भाई को कष्ट। मित्र से अनबन, स्त्रीसुख। कारोबार में हानि किंवा रद्दोबदल हो। मासान्त में कर्ज़ा सिर चढ़े। जुलाई 19, 20, 29, 30; अगस्त 7, 8, 15, 16 अशुभ।

तुला– मन अशान्त रहे। गुप्त चिन्ता, घरेलू–झंझट, स्त्रीपक्ष से मदद। शत्रु प्रबल। राजपक्ष से भय। मासान्त में कर्जे से मुक्ति के लिए सम्पत्ति बेचने का विचार बने। जुलाई 21, 22, 23, 31; अगस्त 1, 2, 9, 10 अशुभ।

वृश्चिक– गुप्त चिन्ता, धनलाभ होकर हानि हो। निजीजन कष्ट, सन्तान से सुख, मासान्त में अशुभ समाचार। जुलाई 16, 24, 25; अगस्त 3, 4, 11, 12 अशुभ।

धनु– उदर–विकार, मित्र–बन्धु से मेल। सन्तानपक्ष शुभ। नई योजना, अधोभाग में चोटभय। पार्टनर द्वारा हानि का योग। जुलाई 17, 18, 26, 27, 28; अगस्त 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

मकर– गुप्त शत्रु से भय। आर्थिक लाभ। मासमध्य में विशेष व्यय, नई योजना बने। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। कारोबार ठीक। जुलाई 19, 20, 29, 30; अगस्त 7, 8, 15, 16 अशुभ।

कुम्भ– अचानक धनलाभ हो। निजीजन–सहयोग, नए उद्योग व योजना से हानि। शत्रुपक्ष कमजोर। मासान्त में विशेष हानि का योग है। जुलाई 21, 22, 23, 31; अगस्त 1, 2, 9, 10 अशुभ।

मीन– स्थानान्तरण का योग, राजपक्ष से भय, मित्र से अर्थलाभ। सन्ततिकष्ट। कारोबार में प्रगति के योग बनें। जुलाई 16, 24, 25 अगस्त 3, 4, 11, 12 अशुभ।

भाद्रपद मास

सिंहसंक्रान्ति (17 अगस्त से 16 सितंबर, सन् 2014 ई.)

(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– लग्न में बुधादित्य–योग राजनैतिक प्रक्रिया को व्यवस्थित करेगा। लेकिन देश की आर्थिक स्थिति कमज़ोर रहेगी। शनि–मंगल का तृतीय भाव में एकसाथ होना उग्रवादजन्य घातक स्थिति का संकेत देता है। किसी विशिष्ट व्यक्ति का पदरिक्त हो। मुस्लिम–देशों की स्थिति कमज़ोर रहे। पैट्रोलियम प्रोडक्ट महंगे होंगे। तेल, तिलहन, घी, चीनी, अनाज महंगे होंगे।

भाद्रपदसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



सिंहसंक्रान्ति प्रवेशकाल = 17 अगस्त, 2014 ई.; 6 घं. 15 मि. (I.S.T.)
मु. 15, पुण्यकाल 12 घं. 39 मि. तक,

भाद्रपद मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– धनलाभ होकर हानि हो। नेत्रकष्ट, निजीजनों से अनबन, घरेलू झंझट बढ़ें। कारेबार में लाभ हो। अगस्त 22, 23, 24; सितंबर 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।

वृष– उदरविकार, कर्जा सिर चढ़े। जमीन–जायदाद सम्बन्धी विवाद। गुप्तचिन्ता। कारोबार में लाभ रहे। अगस्त 17, 25, 26; सितंबर 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

मिथुन– गुप्त शत्रु से सावधान। लड़ाई–झगड़े से दूर रहें। यात्रा में कष्ट। मित्र–बन्धु से सहयोग मिले। धर्म–कर्म में रुचि, आय से व्यय अधिक हो। अगस्त 17, 18, 19, 27, 28, 29; सितंबर 6, 7, 14, 15 अशुभ।

कर्क– गुप्त शत्रु से सावधान रहें । राजपक्ष से भय। क्रोध बढ़े, कारोबार में रुकावट। स्त्रीपक्ष से लाभ। शनि–मंगल का दान करें। अगस्त 20, 21, 30, 31; सितंबर 8, 9, 16 अशुभ।

सिंह– सेहत ठीक रहे। स्थानान्तरण का विचार। नेत्र व शिरकष्ट। यात्रा में कष्टभय। कार्यान्तर का विचार। मासान्त में हानि या शत्रु से भय हो। अगस्त 22, 23, 24; सितंबर 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।

कन्या– सुखलाभ, कार्यक्षेत्र में उत्साह बने। मित्र–बन्धु से अनबन। स्त्रीपक्ष से लाभ। कारोबार में भारी हानि संभव। गुप्त शत्रु से सावधान रहें। अगस्त 17, 25, 26; सितंबर 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

तुला– रक्त–वायुविकार। स्त्रीसुख, अर्थहानि। घरेलू समस्याएं उलझें। सन्तानपक्ष से शुभ समाचार। पार्टनरशिप में हानि एवं मासान्त कष्टप्रद रहे। अगस्त 17, 18, 19, 27, 28, 29; सितंबर 6, 7, 14, 15 अशुभ।

वृश्चिक– उदरविकार, वृथाव्यय हो। निजीजन–कष्ट। आय से व्यय अधिक हो। नई योजनाएं बनें। शत्रुपक्ष प्रबल। कारोबार गड़बड़ रहे। अगस्त 20, 21, 30, 31; सितंबर 8, 9, 16 अशुभ।

धनु– सेहत ठीक, अकस्मात् लाभ हो। निजीजन–सहयोग मिले। जमीन–जायदाद लेने की योजना बने। गुप्त शत्रु से सावधान रहें, अपमानभय। कारोबार ठीक रहे। अगस्त 22, 23, 24; सितंबर 1, 2, 3, 10, 11 अशुभ।

मकर– वायुविकार, धनलाभ होकर हानिभय। अच्छे लोगों से मेल हो। सन्तानपक्ष से चिन्ता। शत्रु प्रबल हों। कारोबार बिगड़े। अगस्त 17, 25, 26; सितंबर 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।

कुम्भ– सेहत ठीक, अचानक धनलाभ। शुभ समाचार। मित्र–कष्टयोग है। सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख। कारोबार में रद्दोबदल का योग बने। अगस्त 17, 18, 19, 27, 28, 29; सितंबर 6, 7, 14, 15 अशुभ।

मीन– कष्टभय, विरोधीपक्ष कमजोर। उत्तम धनलाभ का योग बने। भ्रातृकष्ट। मित्रों से अनबन। स्त्रीपक्ष से मदद। कार्यान्तर का इरादा बने। अगस्त 20, 21, 30, 31; सितंबर 8, 9, 16 अशुभ।

आश्विन मास

कन्या–संक्रान्ति (17 सितम्बर से 16 अक्तूबर, सन् 2014 ई.)

(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– लग्नेश उच्च बुध सूर्य के साथ **'बुधादित्ययोग'** बनाता है एवं राहु भी राजनीति में जागृति का प्रतीक है। अष्टमेश अपनी राशि का मंगल तृतीय स्थान में शत्रुक्षेत्री चन्द्र को देख रहा है, जोकि कहीं भूकम्प, सुनामी आदि प्राकृतिक प्रकोप का सूचक है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार जन–जीवनोपयोगी वस्तुओं चावल आदि अनाज, जीरा, सौंफ, तेलवाना, घी में महंगाई से जनता परेशान रहे।

आश्विनसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



कन्या–संक्रान्ति प्रवेशकाल =17 सितंबर, 2014 ई.; 6 घं. 11 मि. (I.S.T.)
मु. 15, पुण्यकाल मध्याह्न तक,

आश्विन मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सेहत ठीक, धनलाभ होकर धनहानियोग है। मासमध्य में अशुभ समाचार मिले। अपमानभय, कारोबार ठीक, नए व्यवसाय की योजना बने। सितंबर 19, 20, 29, 30; अक्तूबर 7, 8, 16 अशुभ।

वृष– शारीरिक परेशानी, अर्थहानि, नेत्रकष्ट। निजीजन–सहयोग, नई सफल योजना, गुप्त चिन्ता। कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक रहे। सितंबर 21, 22, 23; अक्तूबर 1, 2, 9, 10 अशुभ।

मिथुन– सेहत ठीक, धनलाभ, निजीजन–सहयोग। असफल योजना, स्त्रीकष्ट। कारोबार ठीक लेकिन आय से व्यय अधिक हो। सितंबर 24, 25; अक्तूबर 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

कर्क– वायुरोग, निजीजन–कष्ट। धनलाभ, शुभ समाचार, स्त्री–सुख। स्थानान्तरण की योजना। कार्य ठीक, नए उद्यम की योजना बने। सितंबर 17, 18, 26, 27, 28; अक्तूबर 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

सिंह– सुखलाभ, उत्साह बढ़े। निजीजन–कष्ट, शत्रु प्रबल। घरेलू झंझट, स्त्रीपक्ष से लाभ। भाग्य साथ दे। कारोबार ठीक रहे। सितंबर 19, 20, 29, 30; अक्तूबर 7, 8, 16 अशुभ।

कन्या– रक्त–पित्तविकार, वृथा धनहानि हो। सन्तानपक्ष से खुशी, मासमध्य में मानसिक उलझन बने। कार्यान्तर एवं नई योजना से लाभ हो। सितंबर 21, 22, 23; अक्तूबर 1, 2, 9, 10 अशुभ।

तुला– पेट में तकलीफ से परेशानी। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। गुप्त शत्रु से बचें। मित्र–बन्धु–सहयोग। कारोबार ठीक, अचानक अच्छा लाभ मिले। सितंबर 24, 25; अक्तूबर 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

वृश्चिक– रोगभय, धनलाभ, निजीजन–सहयोग, जमीन–जायदाद–सम्बन्धी लाभ हो। गुप्त शत्रु से सावधान रहें। अपमानभय है। कारोबार में सुधार हो। सितंबर 17, 18, 26, 27, 28; अक्तूबर 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

धनु– रक्त–पित्त–विकार। वृथाव्यय, भाई–बन्धु–सुख। सन्तान हेतु विशेष खर्च। विरोधीपक्ष कमजोर। स्त्रीसुख, कारोबार ठीक रहे। सितंबर 19, 20, 29, 30; अक्तूबर 7, 8, 16 अशुभ।

मकर– सेहत ठीक रहे। धनलाभ हो। भ्रातृ–सुख, सुखद यात्रा। नई योजना से लाभ। सन्तानहेतु अधिक खर्च। शत्रु कमजोर, कारोबार में रद्दोबदल हो। सितंबर 21, 22, 23; अक्तूबर 1, 2, 9, 10 अशुभ।

कुम्भ– अरिष्टभय से मुक्ति, धनलाभ हो। गुप्त शत्रु किंवा राजपक्ष से भय हो। सन्तान हेतु खर्च हो। स्त्रीपक्ष से मदद। कारोबार में हानिभय है। सितंबर 24, 25 ; अक्तूबर 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।

मीन– विरोधीपक्ष कमजोर, धनलाभ होकर हानि, कर्जा उठाना पड़े। उत्साह बना रहे। गुप्त शत्रु से अपमानभय है। कारोबार ठीक, आय–व्यय ठीक रहे। सितंबर 17, 18, 26, 27, 28; अक्तूबर 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।

कार्तिक मास

तुलासंक्रान्ति (17 अक्तूबर से 15 नवम्बर, सन् 2014 ई.)

(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– लग्नस्थ सूर्य एवं केन्द्रेश–त्रिकोणेश शनि सूर्य के साथ है, जो कि राजनीति में नई संभावनाओं को उजागर करता है। मंगल आर्थिक दृष्टि से भी नई योजनाओं को कार्यान्वित होने का संकेत देता है। तुलाराशि में क्रूरग्रह–सन्निधि एवं राहु, शुक्र, बुध का व्यय भाव में होना यावन–राष्ट्रों के लिए भयावह है। सोना आदि धातु, खाद्य पदार्थ महंगे हों।

कार्तिकसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



तुला–संक्रान्ति प्रवेशकाल =17 अक्तूबर, 2014 ई.; 18 घं. 10 मि. (I.S.T.)
मु. 15, पुण्यकाल 11 घं. 46 मि. बाद,

कार्तिक मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– कफ–वायुविकार, धनलाभ होकर वृथाव्यय, प्रापर्टीलाभ हो। नई योजना में धोखा। पैर में चोटभय। स्त्रीकष्ट, कारोबार में तरक्की की योजना बने। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27; **नवम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।

वृष– सेहत ठीक रहे। अच्छा लाभ होकर विशेष खर्च हो। मित्रवर्ग से मेल हो। सन्तानपक्ष से चिन्ता। गुप्त शत्रु से भय। कारोबार ठीक रहे। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 27, 28, 29; **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ।

मिथुन– कफ–वायुविकार। नए उद्योग स्थापित करने की योजना बने। भाई–बन्धु से लाभ। स्त्रीकष्ट। कारोबार में बाधा। स्थानान्तरण का विचार बने। **अक्तूबर** 21, 22, 30, 31; **नवम्बर** 8, 9 अशुभ।

कर्क– उत्तम विचारों से लाभ। वृथाव्यय, निजीजन–कष्ट। सन्ततिसुख, स्त्रीपक्ष से लाभ। कारोबार में अच्छा लाभ रहे। **अक्तूबर** 23, 24, 25; **नवम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

सिंह– रक्त–पित्तविकार। कारोबार सुव्यवस्थित करने की योजना बने। बन्धुकष्ट, यात्रासुख। विरोधीपक्ष प्रबल। कारोबार में रद्दोबदल। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27; **नवम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।

कन्या– उदरविकार, झगड़े से दूर रहें, धनहानि होगी। बन्धु से अनबन, सन्तानपक्ष से सुख। गुप्तशत्रु से सावधान रहें, अपमानभय है। कारोबार ठीक रहे। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 27, 28, 29; **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ।

तुला– स्थानान्तरण का विचार बने। सुखद यात्रा हो। बन्धुसुख। कारोबार में प्रगति हो। स्त्रीपक्ष से अनबन। आय से व्यय अधिक हो। **अक्तूबर** 21, 22, 30, 31; **नवम्बर** 8, 9 अशुभ।

वृश्चिक– धनहानि से परेशानी, भ्रातृसुख। सन्तानहेतु विशेष खर्च हो। विरोधीपक्ष प्रबल। माता–पिता को कष्ट। कारोबार गड़बड़ रहे। **अक्तूबर** 23, 24, 25; **नवम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

धनु– सेहत ठीक रहे। कारोबार में उत्तम लाभ मिले। बन्धु से अनबन, सन्ततिचिन्ता। विरोधपक्ष कमजोर। नए कारोबार से लाभ रहे। **अक्तूबर** 17, 18, 26, 27; **नवम्बर** 3, 4, 5, 12, 13, 14 अशुभ।

मकर– सेहत ठीक, धनहानि का योग है। भाई–बन्धु से अनबन। सम्पत्तिविवाद। यात्राकष्ट, कारोबार में हानिभय है। **अक्तूबर** 18, 19, 20, 27, 28, 29 ; **नवम्बर** 5, 6, 7, 15 अशुभ।

कुम्भ– धनलाभ, वायुरोग। गुप्त शत्रुभय, मित्र–बन्धु–सुख। कारोबार ठीक, पार्टनरशिप में हानि हो। **अक्तूबर** 21, 22, 30, 31; **नवम्बर** 8, 9, अशुभ।

मीन– नेत्रकष्ट, धनलाभ होकर हानि–योग है। भाई–बन्धुसुख। स्त्रीकष्ट। कारोबार में लाभ। **अक्तूबर** 23, 24, 25; **नवम्बर** 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मार्गशीर्ष मास

वृश्चिकसंक्रान्ति (16 नवम्बर, से 15 दिसम्बर, सन् 2014 ई.)

(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– वृश्चिक में सूर्य, शनि, शुक्र पर गुरु की विशेष दृष्टि है। राजनैतिक दृष्टि से सिंह, तुला, वृष, मकर राशि वाले राजनीतिज्ञों के लिए समय अनुकूल नहीं है। यावन देशों के शासकों के लिए भी समय संघर्षपूर्ण है। देश की आर्थिक स्थिति में सुधार हो। सरकार महंगाई पर नियन्त्रण के लिए प्रयत्नशील रहे। ज्वार, बाजरा, चना, तिल एवं दालवाना महंगे ही रहें।

मार्गशीर्षसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



वृश्चिक–संक्रान्ति प्रवेशकाल =16 नवंबर, 2014 ई.; 18 घं. 01 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल 11 घं. 37 मि. बाद,

मार्गशीर्ष मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सम्पदा–हानि, शत्रु कमजोर। नेत्रकष्ट रहे। धनहानि के योग भी हैं। नई योजना बने। उच्च–गुरु यशवृद्धि एवं कारोबार में तरक्की करे। नवम्बर 22, 23, 24; दिसम्बर 1, 2, 10, 11 अशुभ।

वृष– रक्त–पित्तविकार, वृथाव्यय अधिक हो। बन्धुचिन्ता, सन्तति हेतु विशेष व्यय। स्त्रीकष्ट। कार्यान्तर का विचार बने। नवम्बर 16, 24, 25; दिसम्बर 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।

मिथुन– सेहत ठीक रहे। धनलाभ होकर अचानक हानि हो। भ्रातृकष्ट। सन्तानपक्ष से खुशी। स्त्रीपक्ष से लाभ। मासान्त कष्टप्रद रहे। नवम्बर 17, 18, 19, , 26, 27, 28; दिसम्बर 5, 6, 15 अशुभ।

कर्क– आलस्य से काम पिछड़े। कर्ज़ा चढ़े। सुखद यात्रा। नई योजना से लाभ मिले। स्त्रीकष्ट। कारोबार में बाधा आए। नवंबर 20, 21, 28, 29, 30; दिसम्बर 7, 8, 9 अशुभ।

सिंह– रोगभय, धनलाभ का योग है। बन्धु–सुख। सन्तानपक्ष एवं सफल योजना से मन प्रसन्न हो। गुप्त शत्रु से सावधान रहें। कारोबार प्रायः ठीक रहे। नवम्बर 22, 23, 24; दिसम्बर 1, 2, 10, 11 अशुभ।

कन्या– विरोधीपक्ष प्रबल, धनलाभ, मित्र–बन्धु से मदद मिले। स्त्रीकष्ट, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार बने। नवम्बर 16, 24, 25; दिसम्बर 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।

तुला– सेहत ठीक रहे। धनलाभ होकर वृथाव्यय हो। बन्धुसुख। सन्तानपक्ष से परेशानी, गुप्त चिन्ता। कारोबार पूर्ववत्। नवम्बर 17, 18, 19, 26, 27, 28; दिसम्बर 5, 6, 15 अशुभ।

वृश्चिक– सेहत ठीक, धनलाभ हो। नई योजना से लाभ। बन्धुकष्ट, स्त्री से अनबन रहे। वृथाव्यय हो। कारोबार में रद्दोबदल हो। नवम्बर 20, 21, 28, 29, 30; दिसम्बर 7, 8, 9 अशुभ।

धनु– पुराने झंझट समाप्त, धनलाभ, उत्साह बढ़े, बन्धुकष्ट, नई योजना फेल, यात्रा सुखद रहे। स्त्री–सुख, कार्यान्तर से लाभ रहे। नवम्बर 22, 23, 24; दिसम्बर 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मकर– सेहत ठीक। कर्ज़ा सिर चढ़े। बन्धु से मदद मिले। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। शत्रु परेशान करें। सम्पत्ति–विवाद बढ़े। कारोबार से लाभ रहे। नवम्बर 16, 24, 25; दिसम्बर 3, 4, 12, 13, 14 अशुभ।

कुम्भ– उदरविकार, धनलाभ, मित्र–बन्धुवर्ग से मदद, लेकिन गुप्त चिन्ता रहे। कारोबार ठीक रहे। नवम्बर 17, 18, 19, 26, 27, 28 ; दिसम्बर 5, 6, 15 अशुभ।

मीन– राजपक्ष से भय है। धनलाभ होकर हानि हो। निजीजन–विरोध। नई योजना असफल। स्त्री–पुत्रार्थ विशेष व्यय हो। कारोबार ठीक रहे। नवम्बर 20, 21, 28, 29, 30; दिसम्बर 7, 8, 9 अशुभ।

पौष मास

धनुसंक्रान्ति (16 दिसम्बर, 2014 से 13 जनवरी, सन् 2015 ई.)

(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– सूर्य, बुध एवं शुक्र की स्थिति भारतीय शासनतन्त्र में संशोधन का संकेत देती है। मकर (उच्च) राशिस्थ मंगल आर्थिक स्थिति को ठीक करेगा। महंगाई का मुद्दा विशेष कमज़ोर पड़ेगा। उच्च मंगल पर उच्च गुरु की दृष्टि भारत की राजनीति में विशेष सुधारात्मक योजनाओं का सन्देश देती है।

पौषसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



वृश्चिक राशिस्थ शनि पर गुरु की दृष्टि मुस्लिम–राष्ट्रों में भी कहीं परिवर्तन का संकेत देती है।

धनु–संक्रान्ति प्रवेशकाल =16 दिसंबर, 2014 ई.; 8 घं. 42 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल 15 घं. 06 मि. तक,

पौष मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सेहत गड़बड़, नेत्र व सिर–पीड़ा। बन्धुकष्ट, स्त्रीपक्ष से शुभ–समाचार.। कारोबार में परेशानी। वृथाव्यय, कार्यान्तर से लाभ मिले। दिसम्बर 20, 21, 28, 29; जनवरी (2015 ई.) 6 ,7, 8 अशुभ।

वृष– रक्तचाप बढ़े। घरेलू झंझट, कर्जा उठाना पड़े। सुखद यात्रा हो। अपमानभय, कारोबार ठण्डा रहे। दिसम्बर 22, 23, 30, 31; जनवरी (2015 ई.) 8, 9, 10 अशुभ।

मिथुन– उदरविकार, अर्थलाभ हो। गुप्त शत्रु से भय। शनि–बुधवार को वाहन से चोटभय। कारोबार में रुकावट हो। दिसम्बर 16, 24, 25; जनवरी (2015 ई.) 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ।

कर्क– रक्तपित्त–विकार, धनलाभ, भाई–बन्धु सुख। नई योजना से लाभ। उत्साह बढ़े। कारोबार ठीक, मासान्त में विशेष खर्च हो। दिसम्बर 17, 18, 19, 26, 27; जनवरी (2015 ई.) 4, 5, 13 अशुभ।

सिंह– रोगपीड़ा भय है। वृथाव्यय हो। सन्तति–चिन्ता। घरेलू झंझट। कारोबार में लाभ हो। दिसम्बर 20, 21, 28, 29; जनवरी (2015 ई.) 6, 7, 8 अशुभ।

कन्या– कफविकार। धन–प्राप्ति का योग बने। बन्धुकष्ट। राजकार्य में सफलता। उत्साह बढ़े। कारोबार में परिवर्तन करना पड़े। दिसम्बर 22, 23, 30, 31; जनवरी (2015 ई.) 8, 9, 10 अशुभ।

तुला– सेहत ठीक, बन्धुकष्ट, मित्र से सहायता मिले। सन्तान हेतु विशेष खर्च। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। कारोबार में रुकावट के बाद अच्छा लाभ मिले। दिसम्बर 16, 24, 25; जनवरी (2015 ई.) 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ

वृश्चिक– कारोबार में उत्साहवर्धक प्रगति। बन्धुपक्ष से चिन्ता। शत्रुपक्ष कमजोर। स्त्रीसुख। शनि–मंगलवार को चोट से बचें। दिसम्बर 17, 18, 19, 26, 27; जनवरी (2015 ई.) 4, 5, 13 अशुभ।

धनु– सेहत ठीक। अकस्मात् विशेष खर्च आ पड़े। निजीजनों से अनबन। स्त्रीसुख। कारोबार में रद्दोबदल करना पड़े। दिसम्बर 20, 21, 28, 29; जनवरी (2015 ई.) 6, 7, 8 अशुभ।

मकर– पेट में गड़बड़। क्रोध बढ़े। धनलाभ हो। सन्तानपक्ष शुभ। स्त्री से अनबन। कारोबार प्रायः ठीक चले। दिसम्बर 22, 23, 30, 31; जनवरी (2015 ई.) 8, 9, 10 अशुभ।

कुम्भ– झगड़े–झंझट से बचें। बन्धु–सुख। धनलाभ होकर विशेष खर्च हो। सम्पत्तिलाभ। स्त्रीपक्ष से लाभ। कारोबार में नए सुधार हों। दिसम्बर 16, 24, 25; जनवरी (2015 ई.) 1, 2, 3, 11, 12 अशुभ

मीन– वायुविकार। धनलाभ होकर अचानक हानि हो। भाई–बन्धु से मेल हो। सन्तानकष्ट, स्त्रीपक्ष से मन–मुटाव। कारोबार ठीक चले। दिसम्बर 17, .18, 19, 26, 27; जनवरी (2015 ई.) 4, 5, 13 अशुभ।

माघ मास

मकरसंक्रान्ति (14 जनवरी, से 12 फरवरी, सन् 2015 ई.)

(भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– मकर–राशिस्थ सूर्य–बुध–शुक्र राजनैतिक गतिविधि को सुव्यवस्थित करेंगे। देश में सुधारात्मक सक्रिय पग उठेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार के प्रयास होंगे।

मुस्लिम–राष्ट्रों की स्थिति गंभीर रहेगी। इस मास में प्राकृतिक आपदाएं भी परेशान करेंगी। तिल, जौ, गुड़, तेल, तिलहन में तेजी से लाभ मिलेगा।

माघसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



मकर–संक्रान्ति प्रवेशकाल =14 जनवरी, 2015 ई.; 19 घं. 27 मि. (I.S.T.) मु. 15, पुण्यकाल 13 घं. 03 मि. बाद एवं अगले दिन 11 घं. 27 मि. तक,

माघ मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– मन घरेलू झंझटों से परेशान रहे। आर्थिक संकट बढ़ेगा। निजीजनों से मन–मुटाव रहे। स्त्रीपक्ष से आर्थिक लाभ लेना होगा। कारोबार में धोखे से सावधान। जनवरी (2015 ई.) 16, 17, 24, 25; फरवरी 2, 3, 4, 12 अशुभ।

वृष– शारीरिक कष्ट। अर्थलाभ होकर हानि हो। भाई से सुख। मित्र से मेल। वृथाव्यय, स्त्रीकष्ट। कारोबार पूर्ववत्। जनवरी (2015 ई.) 18, 19, 26, 27, 28; फरवरी 5, 6 अशुभ।

मिथुन– उदर–विकार। धनलाभ हो। बन्धु–सुख। सन्तानपक्ष से खुशी मिले। गुप्त चिन्ता। नीच व्यक्ति से सावधान। आय से व्यय अधिक हो। जनवरी (2015 ई.) 20, 21, 28, 29, 30; फरवरी 7, 8 9 अशुभ।

कर्क– सेहत ठीक। अच्छे लोगों से मेल हो। स्थानान्तरण व कार्यान्तरण का विचार बने। विरोधीपक्ष कमजोर रहे। जनवरी (2015 ई.) 14, 15, 22, 23, 31; फरवरी 1, 10, 11 अशुभ।

सिंह– कफ–वायुविकार। अर्थलाभ, बन्धु–सुख। सन्तानहेतु विशेष व्यय हो। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। कारोबार में प्रगति हो। जनवरी (2015 ई.) 16, 17, 24, 25; फरवरी 2, 3, 4, 12 अशुभ।

कन्या– सेहत ठीक रहे, आर्थिक स्थिति अनुकूल रहे। मित्र से अनबन, लेकिन उत्साह बना रहे। सन्तति–चिन्ता। गुप्त शुत्र से सावधान। कार्यान्तर से लाभ रहे। जनवरी 18, 19, 26, 27, 28; फरवरी 5, 6 अशुभ।

तुला– स्वास्थ्य ठीक। आर्थिक संकट बने। भ्रातृवर्ग से चिन्ता। राजपक्ष से भय। गुप्त चिन्ता, अपमानभय। कारोबार में बाधा आए। जनवरी(2015 ई.) 20, 21, 28, 29, 30; फरवरी 7, 8 9 अशुभ।

वृश्चिक– झगड़े से दूर रहें। कर्जा सिर चढ़े। मन परेशान रहे। निजीजन–कष्ट। कारोबार में लाभ की स्थिति बने। जनवरी (2015 ई.) 14, 15, 22, 23, 31; फरवरी 1, 10, 11 अशुभ।

धनु– उदर में विकार रहे। चोर–उच्चकों से सावधान। निजीलोगों से अनबन। सन्तति–सुख, स्त्रीकष्ट। कारोबार ठीक। जनवरी (2015 ई.) 16, 17, 24, 25; फरवरी 2, 3, 4, 12 अशुभ।

मकर– अकस्मात् लाभ होकर हानि हो। मित्र–बन्धु–सुख। मन प्रसन्न, यात्रा सुखद रहे। नई योजना से अच्छा लाभ हो। जनवरी (2015 ई.) 18, 19, 26, 27, 28; फरवरी 5, 6 अशुभ।

कुम्भ– विरोधी प्रबल, लेकिन मित्र–बन्धु से मदद मिले। धनलाभ, सन्तानपक्ष से चिन्ता। धर्म–कर्म में रुचि रहे। कारोबार ठीक रहे। जनवरी (2015 ई.) 20, 21, 28, 29, 30; फरवरी 7, 8 9 अशुभ।

मीन– उच्च गुरु प्रगतिप्रद है। आर्थिक चिन्ता से परेशानी रहे। नई योजना से लाभ। सन्तति–पक्ष से सुख। मानसिक चिन्ता। कारोबार में रद्दोबदल हो। जनवरी (2015 ई.) 14, 15, 22, 23, 31; फरवरी 1, 10, 11 अशुभ।

फाल्गुन मास

कुम्भसंक्रान्ति (13 फरवरी से 13 मार्च, सन् 2015 ई.)

(गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, द)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– दशम भाव में शनि एवं नीच चन्द्र पर गुरु की दृष्टि आश्चर्यजनकरूप से राजनैतिक सुधार करने वाली है। पुराने राजनैतिक घोटाले शासन तन्त्र के सामने उजागर होंगें। अमेरिका एवं मुस्लिम–राष्ट्रों में भी अघटित घटनाचक्र चलेगा। गुड़, तेल, तिलहन एवं दालवाना तेज रहेंगे।

फाल्गुनसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



कुम्भसंक्रान्ति प्रवेशकाल = 13 फरवरी, 2015 ई.; 8 घं. 26 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल 14 घं. 50 मि. तक

फाल्गुन मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– स्थानान्तरण से सुख मिले। शत्रुपक्ष कमजोर। अचानक धनलाभ का योग है। नेत्र व शिरोवेदना, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठप्प रहे। फरवरी 13, 14, 21, 22; मार्च 2, 3, 12, 13 अशुभ।

वृष– रोगभय, क्रोध बढ़े। सन्तानपक्ष से चिन्ता। असफल योजना। गुप्त चिन्ता। कारोबार ठीक रहे। फ़रवरी 14, 15, 16, 23, 24; मार्च 4, 5 अशुभ।

मिथुन– कफ–वायुविकार। धनलाभ होकर विशेष व्यय हो। नई योजना एवं सुखद यात्रा से लाभ हो। कारोबार में प्रगति हो। फरवरी 17, 18, 25, 26; मार्च 6, 7, 8 अशुभ।

कर्क– सेहत ठीक, आर्थिक स्थिति कमजोर। निजीजन सुख। स्त्री एवं सन्ततिचिन्ता। कारोबार में बदलाव करना पड़े। मासान्त में अचानक ज्यादा खर्च हो। फरवरी 19, 20, 27, 28; मार्च 1, 9, 10, 11 अशुभ।

सिंह– ज्वर से परेशानी। अचानक उत्तम लाभ की स्थिति बने। निजीजन–सहयोग। मित्र से अनबन। शत्रु कमजोर। कारोबार ठीक रहे। फरवरी 13, 14, 21, 22; मार्च 2, 3, 12, 13 अशुभ।

कन्या– कारोबार उत्तम रहे। निजीजनों से अनबन। स्त्रीपक्ष से चिन्ता। धनलाभ अच्छा हो, लेकिन व्यय भी हो। उत्साह बना रहे। फरवरी 14, 15, 16, 23, 24; मार्च 4, 5 अशुभ।

तुला– उदर–विकार, गुप्त चिन्ता, अपमानभय। धनहानि, यात्रा में कष्ट, कारोबार ठीक। आय से व्यय अधिक हो। फरवरी 17, 18, 25, 26; मार्च 6, 7, 8 अशुभ।

वृश्चिक– सेहत बिगड़े, निजीजनकष्ट। कारोबार के लिए कर्जा उठाना पड़े। शत्रु प्रबल, कारोबार में विशेष सुधार की योजना बने। फरवरी 19, 20, 27, 28; मार्च 1, 9, 10, 11 अशुभ।

धनु– समय कुछ उलझनपूर्ण है। मित्र–बन्धु से मदद मिले। नई योजना से लाभ। सांझेदारी में धोखा। आर्थिक संकट बने। फरवरी 13, 14, 21, 22; मार्च 2, 3, 12, 13 अशुभ।

मकर– शनि–चन्द्र की स्थिति मानसिक उलझनें बढ़ाएगी। भाई–बन्धु से मेल हो। धर्म में रुचि। कारोबार ठीक। फरवरी 14, 15, 16, 23, 24; मार्च 4, 5 अशुभ।

कुम्भ– धन किंवा स्थाई सम्पति का लाभ हो। निजीजन चिन्ता रहे। स्त्रीपक्ष से मदद , कारोबार में कुछ रद्दोबदल हो। फरवरी 17, 18, 25, 26; मार्च 6, 7, 8 अशुभ।

मीन– शनि एवं गुरु की दृष्टि शुभ कार्य में रुचि बनाए। धन–धान्यसमृद्धि रहे। निजीजन से अनबन। स्त्रीसुख, कारोबार ठीक रहे। फरवरी 19, 20, 27, 28; मार्च 1, 9, 10, 11 अशुभ।

चैत्र मास

मीनसंक्रान्ति (14 मार्च से 13 अप्रैल, सन् 2015 ई.)

(दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

संक्रान्तिकालीन गोचर ग्रहस्थिति– चैत्र मास में भारत की प्रभावराशि मकर पर शनि की विशेष दृष्टि एवं उच्च गुरु की दृष्टि है। देश को नई दिशा मिले। नए आयाम, नई योजनाएं लागू होंगी। सूर्य, मंगल, केतु प्राकृतिक प्रकोप, अग्निकाण्ड आदि से कहीं हानि भी करे। अफग़ानिस्तान, ईरान, पाक आदि में राजनैतिक उलझनें एवं परेशानियां बढ़ें। पैट्रोल एवम् तिलहन, अनाज एवं गुड़ आदि में मन्दा रहे।

चैत्रसंक्रान्ति–ग्रहस्थिति



मीनसंक्रान्ति प्रवेशकाल = 14 मार्च, 2015 ई.; 29 घं. 18 मि. (I.S.T.)
मु. 30, पुण्यकाल अगले दिन मध्याह्न तक,

चैत्र मास में प्रत्येक राशि के लिए फल

मेष– सेहत गड़बड़ रहे। आर्थिक स्थिति में सुधार हो। बन्धु–सुख, सन्तति–सुख, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। स्थानान्तरण एवं कार्यान्तरण से अच्छा लाभ मिले। मार्च 20, 21 29, 30; अप्रैल, 8, 9 अशुभ।

वृष– शुभकार्य में रुचि रहे। व्यापार में लाभ, यात्रा सुखद रहे। सन्तानपक्ष से खुशी। शत्रु कमजोर। मासान्त में विशेष खर्च हो। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रैल 1, 2, 10, 11 अशुभ।

मिथुन– त्वचारोग। नई योजना से हानि। मित्रों से मेल। आय से व्यय अधिक। कारोबार ठीक चले। गुप्त शत्रु से हानिभय है। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रैल 3, 4, 12, 13 अशुभ।

कर्क– कारोबार अच्छा रहे, प्रगति हो। आर्थिक लाभ, मित्र से अनबन। सन्तानार्थ विशेष खर्च। गुप्त चिन्ता से परेशानी। मार्च 18, 19, 26, 27, 28; अप्रैल 5, 6, 7 अशुभ।

सिंह– सेहत ठीक रहे। धनहानि का योग है। सम्पदा–विवाद, स्त्रीपक्ष से लाभ। कारोबार से लाभ रहे। सन्तति–कष्ट से मन्न खिन्न रहे। मार्च 20, 21 29, 30,; अप्रैल, 8, 9 अशुभ।

कन्या– वायुरोग से कष्ट। बन्धु–सहयोग। शत्रु हत्प्रभ। नई योजना से लाभ। कारोबार में विशेष रद्दोबदल की योजना। स्थान–परिवर्तन भी हो। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रैल 1, 2, 10, 11 अशुभ।

तुला– मन परेशान रहे, अपमानभय। गुप्त शत्रु परेशान करें। निजीजन से अनबन। कारोबार में विश्वसनीय व्यक्ति के योगदान से लाभ मिले। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रैल 3, 4, 12, 13 अशुभ।

वृश्चिक– मंगल की स्थिति ठीक है। सेहत एवं मनोबल बना रहे। धनलाभ होकर हानि हो। निजीजन–कष्ट। शत्रु प्रबल रहे। स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार ठीक रहे। मार्च 18, 19, 26, 27, 28; अप्रैल 5, 6, 7 अशुभ।

धनु– रक्त–पित्तविकार। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। निजीजन से स्नेह–सौहार्द रहे। स्त्री–सुख। कारोबार में तरक्की। मासान्त में कष्टभय है। मार्च 20, 21, 29, 30; अप्रैल, 8, 9 अशुभ।

मकर– तरक्की का योग, निजीजनकष्ट, मित्र से मदद मिले। यात्रा में परेशानी रहे। उलझनें बढ़ें, कारोबार में रद्दोबदल के विचार बनें। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रैल 1, 2, 10, 11 अशुभ।

कुम्भ– आर्थिक लाभ, घरेलू झंझटों से मुक्ति। अच्छे लोगों से मेल–मुलाकात। अच्छी योजना से लाभ। मन प्रसन्न। कारोबार ठीक रहे। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रैल 3, 4, 12, 13 अशुभ।

मीन– राजपक्ष से भय, नेत्रकष्ट। वृथाव्यय हो। निजीजन से मदद मिले। जायदाद का लाभ हो। कोई परेशानी वाला समाचार मिले। कारोबार में रुकावट आए। मार्च 18, 19, 26, 27, 28; अप्रैल 5, 6, 7 अशुभ।

अथ वर्षराजादि-फलविचार (संवत् २०७१ वि.)

(सन् २०१४-१५ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९११५, सृष्टि संवत् १९५५८८५११५, श्रीविक्रम संवत् २०७१, शक संवत् १९३६, श्रीकृष्ण- जन्म संवत् ५२५०, कलि-संवत् ५११५, सप्तर्षि-संवत् ५०९०, श्रीजैन महावीर-निर्वाण-संवत् २५३९-४०, श्रीबुद्ध संवत् २६३७-३८, हिजरी सन् १४३५-३६, फसली सन् १४२१-२२, ईस्वी सन् २०१४-१५ ।

वर्षारम्भ में गुरुमान से शिव(रुद्र)विंशति का 'प्लवंग' नामक संवत्सर है । [यह शिव(रुद्र)विंशति का प्रथम संवत्सर है ।] इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है-

" तुषधान्यानि नश्यन्ति मेघो वर्षति माधवे।
प्लवंगे पीडिताः सर्वे भूमिकम्पो क्वचिद् भवेत्।।"

अर्थात्– तुषधान्य (चावल, जौ, चना, गेहूं, बाजरा आदि अनाजों) की फसलें प्राकृतिक प्रतिकूलता के कारण नष्ट हो जाती हैं। वैशाख मास में (वर्षा ऋतु से पूर्व) ही (अकालिक) वर्षा हो। अतः प्लवंग संवत् में खाद्यान्न की हानि व महर्घता के कारण जनता कष्ट में रहे। कहीं भूकम्प आदि भयंकर प्राकृतिक आपदा से जनधनहानि भी संभावित है।

' भविष्यफल भास्कर ' के अनुसार 'प्लवंग' संवत्सर का फल यह है–

" प्लवंगे मध्यमा वृष्टिः रोग–चौराकुला धरा।
परस्परं द्विषन्तो वै शत्रुभिर्हृत - वैभवाः॥"

अर्थात् – ' प्लवंग ' संवत्सर में वर्षा मध्यम हो। जनता विषम रोगों से कष्ट पाए। चोर–उचक्कों से भी जनता परेशान रहे। राजा लोग किंवा शासकगण परस्पर शक्तिपरीक्षण के लिए सन्नद्ध रहें। कहीं राष्ट्र में सत्ता–हस्तान्तरण भी संभव है।

किञ्च– ' मेघ महोदय ' के अनुसार–

"प्लवंगनाम–संवत्सरे ब्रह्मा–स्वामी, चैत्रे–वैशाखे च महर्घता, ज्येष्ठमध्ये राजपीड़ा, आषाढ़ेऽल्प–मेघः भूमिकम्पः, हस्ति–पीड़ा, तुरंग– महर्घता, भाद्रपदाष्टमीतः श्रावणपर्यन्तं महामेघः, आश्विने रोग–बाहुल्यं, रस– महर्घता, फाल्गुने कण–कलशिका एका फदिया १० प्रमाणैः, अश्व–महिषी–पीड़ा, लोकपीड़ा चापि प्लवंगे कथिता।।"

इस संवत् का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) चन्द्र, मन्त्री चन्द्र, सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) बुध, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) मंगल, मेघेश (मौसम, वर्षा–पानी के स्वामी) सूर्य, रसेश (गुड़–खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) शुक्र, नीरसेश (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) बुध, फलेश (फल–फूल आदि के स्वामी) शनि, धनेश* (धन–दौलत एवं खजाना के स्वामी) बुध/मंगल एवं दुर्गेश* (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) शनि हैं।

[* *ये दोनों ही पद* (धनेश एवं दुर्गेश पद) *इस वर्ष उभयग्रहशासित (दो–दो ग्रहों से शासित) हैं। इस बारे विस्तृत विवरण पृ.* 20 *पर देखें ।*]

संवत् २०७१ वि. के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल इसप्रकार है –

(१) संवत्सर २०७१ वि. के राजा चन्द्र का फल–

"सम्पन्न - सस्य - क्षुप–शष्पशालि - प्ररूढ–गुल्मो बहुवर्षधारः।
रत्नौषधि–स्नेहपटु–प्रसेकश्चान्द्रो रति–स्त्रीसुख–वर्धनोऽब्दः।।"

अर्थात्– संवत्सरेश चन्द्र हो तो चावल आदि अनाजों की फसलें श्रेष्ठ हों। वृक्ष–वनस्पति–जड़ी–बूटियों एवं तिलहन की उपज अच्छी, वर्षा भी काफी हो। इस संवत्सर में (चन्द्र के वर्षेश होने से) यौन–सम्बन्धित अपराधों में वृद्धि हो। रत्नादि (कोल किंवा अन्य) खनिज पदार्थों किंवा स्रोतों की उपलब्धि तथा जनता में स्नेहिल भावनाओं का उभार अनुभव होगा। कानून-व्यवस्था में कमजोरी भी अनुभव होगी।

(२) मन्त्री चन्द्र का फल-

"शशिनि मन्त्रिपदे बहुसस्यवत्यपि धरा रमते सुखमण्डिता।
बहुजला जलदा बहुवर्षिणो जनपदाः सुखराशि–समेधिताः।।"

अर्थात्– इस संवत् में चन्द्र को मन्त्रिपद प्राप्त होने से चावलादि की पैदावार अच्छी हो, जनजीवन सुखमय रहे। वर्षा बहुत हो, जनता में सुख–समृद्धि रहे।

(३) सस्येश बुध का फल-

"जलधरा जलराशिमुचो भृशं सुख–समृद्धियुतं निरुपद्रवम्।
द्विजगणाः स्तुतिपाठ–रताः सदा प्रथम–सस्यपतौ सति बोधने।।"

अर्थात्– बुध सस्येश हो तो वर्षा ज्यादा हो, जन–जीवन में सुख–समृद्धि का वातावरण एवं सामाजिक स्थिति भी शान्तिपूर्ण रहे। बुद्धिजीवि वर्ग अपने कर्त्तव्यपथ पर चलते हुए शासक वर्ग को सन्मार्गानुसरणार्थ प्रेरित करें किंवा बुद्धिजीवि वर्ग द्वारा प्रशासन की प्रशंसा हो।

(४) धान्येश मंगल का फल-

" गोधूम–सर्षप–मुद्ग–तिल–माष–प्रवालकाः।
महर्घतां समायान्ति भौमे धान्याधिपे सति।।"

अर्थात्– मंगल धान्येश हो तो गेहूं सरसों, मूंग–माष आदि दालें, तिलहन एवं मूंगा आदि समुद्रोत्पन्न पदार्थ महंगे होते हैं।

(५) मेघेश सूर्य का फल-

"द्रविणपे दिनपे सति जायते वणिजतो बहुद्रव्य–समागमः।
गज–तुरंगम–मेष–खरादिकान् धनचयं च तदा क्रय–विक्रयात्।।"

अर्थात्– सूर्य मेघेश हो तो व्यापारियों को अच्छे लाभ के अवसर प्राप्त होते हैं। हाथी, घोड़ा, गधा आदि मालवाहक पशुओं व दुधारू पशुओं की खरीदो–फरोख्त (व्यापार) से उत्तम धनलाभ होता है।

(६) रसेश शुक्र का फल-

" भृगुसुते रस–नायकतां गते जनपदा जलतोषित–मानसाः।
सुख–सुभिक्ष–प्रमोदवती धरा धरणिपा नरपालन–तत्पराः।।"

अर्थात्– शुक्र रसेश हो तो पर्याप्त वर्षा के कारण जनता सन्तुष्ट रहे। जनता में सुख, अच्छी फसलें होने से सुभिक्ष एवं आनन्द–मंगल रहे। शासक वर्ग सुचारु रूप से जनता की सुख–समृद्धि के लिए तत्पर रहें।

(७) नीरसेश बुध का फल-

" चित्र–वस्त्रादिकं चैव शंख–चन्दन–हाटकाः।
सर्वे महर्घतां यान्ति नीरसेशो बुधो यदा।। "

अर्थात्– नीरसेश (सर्वविध धातु एवं व्यापार के स्वामी) बुध होने पर रंगीन एवं फैशन के कपड़े, शंख, चन्दन एवं स्वर्णादि धातुएं– ये सभी महंगे होते हैं।

(८) फलेश शनि का फल-

"अथ शनौ फलपे कलहो भवेत् वनज–पादप–पुष्प–गणो धनः।
अपि च दुष्टजनादिकृतं भयं जनपदा जनराशि–समाकुलाः।।"

अर्थात्– शनि फलेश हो तो जनता (किंवा राजनीतिज्ञों) में परस्पर कलह, जंगली पेड़, फूल (किंवा-जड़ी बूटियों) की उपलब्धता पर्याप्तमात्रा में हो। दुष्टों (दुराचारियों) से भय रहे। शहरों में जनसंख्या में भारी वृद्धि हो।

नोट– कुछ पुस्तकों में "जनराशि–समाकुलाः" की जगह " जलराशि–समाकुलाः" पाठ है। अतः यहां बाढ़ से भय एवम् जनसंख्या में वृद्धि अर्थ भी समझें ।

(९) धनेश का फल-

इसवर्ष धनेश पद दो ग्रहों बुध एवं मंगल को प्राप्त है।

देखिए– इसवर्ष १७ सितंबर, २०१४ ई. को कन्यार्क–प्रवेश ६ घं. ११ मि. (I.S.T.) पर हुआ है और चण्डीगढ़ में सूर्योदय भी ६ घं. ११ मि. पर होगा, अतः यहां **धनेश बुध** होगा–यह स्पष्ट है। **ध्यान दें–** इस दिन ६ घं. ११ मि. से परवर्ती सूर्योदय वाले स्थलों **अमृतसर, जालन्धर** आदि में तो **धनेश मंगल** ही होगा। (विशेष स्पष्टीकरण पृ. 21 पर देखें।)

(क) धनेश बुध का फल–

" बहुधान्ययुता पृथ्वी रसानां वै महर्घता।
नीति–युक्ताः सदा भूपाः बुधे धान्याधिपे सति।।"

अर्थात्– चावल, गेहूं आदि (सस्य) काफी मात्रा में उपलब्ध हों। रसपदार्थों (दूध, घी, गुड़ आदि) के भाव तेज़ रहेंगे। शासकजन जनता–जनार्दन के हित में नीति–निर्धारण करें।

(ख) धनेश मंगल का फल–

"धरणिजे धननायकतां गते शरदि ताम्रकरास्तुष–धान्यहा।
सकल–देश–जनाश्चलितास्तदा नरपतिर्नर–शोकविधायकाः।।"

अर्थात्– मंगल के धनपति होने पर शरद् ऋतु में मीठी धूप पड़ने एवं सामयिक वर्षा न होने से भूसे से प्राप्त होने वाले अनाज परिपक्व नहीं होते एवं फसल कम प्राप्त होती है। सारे देश के वासी परेशान किंवा अनिश्चितता की स्थिति में रहते हैं। शासन भी जनविरोधी नीति (तेवर) अपनाता है।

(१०) दुर्गेश का फल–

इसवर्ष १७ अगस्त, २०१४ ई. को **सिंहार्क–प्रवेश ६ घं. १५ मि.** पर है और **चण्डीगढ़** में सूर्यादय ५ घं. ५४ मि. है, अतः यहां दुर्गेश **रवि** होगा किंवा **६ घं. १५ मि.** से परवर्ती सूर्योदय वाले स्थलों पर यह पद **शनि** के पास रहेगा। (विशेष विवरण के लिए पृ. 20 देखें ।)

(क) दुर्गेश सूर्य का फल–

" नय–विशेष – करस्तरणिस्तदा गतभया नरराज–पुरोगमाः।
समधिको न तदा नृपजोऽन्यजः स्वपथि व्रजतां न भयं क्वचित्।।"

अर्थात्–सूर्य दुर्गेश हो तो शासक न्यायपरक रहे। राजद्वार में निर्भय होकर न्याय प्राप्त करें। राजवंशी एवं प्रजा समानरूप से अधिकृत रहें। न्यायोचित मार्ग का अनुसरण करने वाले जनसमूह निर्भय रहें।

(ख) दुर्गेश शनि का फल –

" रविसुतो यदि दुर्गपतिर्भवेत् सकल–देशजनाश्चलितास्तदा।
विविधवैर–विशेषित–नागराः कृषिधनं लभते न जनः क्वचित्।।"

अर्थात्– शनि दुर्गेश (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा का स्वामी) हो तो सर्वत्र जनसमूह किंकर्त्तव्य–विमूढ़ रहता है। लोगों में परस्पर वैरभाव बढ़ता है। फसलों की स्थिति खराब होने से कृषिकर्म से कृषक लाभ नहीं ले सकते।

नोट– यद्यपि संवत् के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र अनुभव किया गया है। किन्तु विशेषतः **राजा का फल** काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में; **मन्त्री का फल** आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवम् मालवा में; **सस्येश** का पौण्ड्र, विदर्भ में; **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; **मेघेश** का मगध एवं बंगाल में; **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में; **नीरसेश** का मालवा व बिहार में; **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में; **फलेश, दुर्गेश** एवं **राजा** का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान

वर्षाविश्वा १५, धान्य ६, तृण ७, शीत ७, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ७, तृषा ३, निद्रा ५, आलस्य ७, उद्यम १३, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ६, फल १३, उत्साह ११, उग्रता १७, पाप १७, पुण्य ५, व्याधि ३, व्याधिनाश १७, आचार १७, अनाचार ५, मृत्यु १, जन्म ६, देशोपद्रव १५, देशस्वास्थ्य ३, चौर ९, चौरनाश १, अग्नि १५, अग्निशांति १, उद्‌भिज्ज १५, जरायुज ३, अण्डज ५, स्वेदज ७, टिड्डी १७, तोता १३, मूषक ३, सोना १७, तांबा १६, स्वचक्र ३, परचक्र ५, वृष्टि ७, वृष्टिनाश १५ एवं संवत्‌विश्वा १२ हैं।

चतुर्मेघविचार :– आवर्तकादि चतुर्मेघों में **'पुष्कर'** नामक मेघ है।

फल :– वर्षा कम होने से कन्दमूल–फलों व खड़ी फसलों को हानि पहुंचे। पाप–कर्मों की वृद्धि हो, रोगों से जनता परेशान रहे– **" पुष्करे मन्दवृष्टिः।"**

नवमेघविचार– इसवर्ष नवमेघों में **' वायु '** नामक मेघ है।

फल :– **" नवाम्बुवृष्टिं कुरुते सुरेशः समस्त–धान्याम्बर–कण्यनाशः।
धराधरः स्याद्यदि वायुनामा जनो व्रजेत्तर्हि विहीन–धामा।।"**

अर्थात्– वायु नामक मेघ होने से इसवर्ष वर्षा की कमी से सर्वविध धान्य किंवा अनाजों (दालवाना आदि) की फसलों को हानि पहुंचे तथा कहीं अकाल की स्थिति से जनता अपना घर छोड़ कर अन्यत्र जाने को विवश हो।

अनन्तादि अष्टनाग विचार– अनन्तादि अष्टनागों में इस वर्ष **'महापद्म'** नामक नाग है।

फल :-सं. 2071 वि. में इसवर्ष 'महापद्म' नामक नाग होने से चोर–उचक्कों से परेशानी एवं सर्पदंश आदि की घटनाएं अधिक हों। विषाक्त मद्य एवं नशीली वस्तुओं का प्रचलन दुःखमय रहे। शासन को कठोर पग उठाने पड़ें। शासकों के बड़े–बड़े घोटाले उजागर हों।

सुबुध्नादि द्वादशनाग विचार– सुबुध्नादि द्वादश नागों में इसवर्ष **'तक्षक'** नामक नाग है।

फल :– इस संवत् २०७१ वि. में बारह नागों में 'तक्षक' नामक नाग होने से भारत के अनेक प्रान्तों में समयानुकूल मध्यम वर्षा होने से फसल ठीक हो, कहीं ईतिभय हो, शासकों में शक्ति–परीक्षण (परस्पर दोषारोपण) किंवा कहीं युद्धमय वातावरण बने– "तक्षकाभिधः नागेन्द्रो जायते यत्र वर्षके। मध्यमं वर्षणं ज्ञेयम् वग्रहो–विग्रहः क्वचित्।। किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद रिक्त भी हो।

आवह आदि सप्तवायु–विचार– इस वर्ष **'वायुसप्तक'** में **'उद्‌वह'** नामक वायु है।

फल– आंधी–तूफान से देश के दक्षिणी–पश्चिमी भूभाग पर एवं विश्व के समुद्र–तटवर्त्ती देशों में समुद्री तूफान (सुनामी), भूचाल किंवा भारी बाढ़–वर्षा से भयंकर जनधनहानि के योग इसवर्ष जनजीवन को अस्त–व्यस्त करेंगे। शासन इस स्थिति को संभालने में असमर्थ अनुभव करेगा। भूमध्यगत–वायुतरंगों से होने वाले इस प्राकृतिक प्रकोप का परिणाम अनेक देशों के लिए विध्वंसकारी रहेगा।

संवत् २०७१ वि. का वाहन– इसवर्ष का राजा 'चन्द्र' होने से इस संवत् का वाहन "मृग" है। कुछ **संहिताकार** राजा **'चन्द्र'** होने पर सं. 2071 वि. का वाहन **'हाथी'** भी मानते हैं।

फल :– 'मृग' किंवा **'हाथी'** संवत् का वाहन होने से सुभिक्ष, प्रजा में सुखशान्ति, वर्षा ऋतु में समयानुकूल वर्षा हो। फसलें अच्छी हों। खाद्यपदार्थ सस्ते हों। जनता में सुख–समृद्धि रहे– **" मृगारुढे सुभिक्षं स्याद् योगक्षेमं प्रजासुखम्। वर्षासु शोभना वृष्टिः सुखिनः सर्वजन्तवः।।"**

नोट– इस वर्ष मृगादि वन्यजीव–वृद्धि होने से वन्य सम्पत्ति एवं औषधादि की उपज भी अच्छी हो।

संवत् २०७१ वि. के चार स्तम्भ

(१) **जलस्तम्भ**–(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) ६४.२२ प्रतिशत है।

(२) **वायुस्तम्भ**–(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र) २२.५२ प्रतिशत है।

(३) **तृणस्तम्भ**–(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) ६१.३० प्रतिशत है।

(४) **अन्नस्तम्भ**–(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ३५.१७ प्रतिशत है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल–क्षेम–ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण (जड़ी–बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् के शुभारम्भ पर देश की प्राकृतिक व्यवस्था के नियामक इन चार स्तम्भों का आकलन आवश्यक समझा गया है।

(१) **जलस्तम्भ–** इसवर्ष 'जलस्तम्भ' ६४.२२ प्रतिशत होने से कुछ प्रान्तों में भयंकर वर्षा एवं भारी बाढ़ से विनाशकारी दृश्य उपस्थित होगा। कहीं समुद्री तूफान, सुनामी से प्रलयंकारी दुःखद घटनाएं घटित होंगी। बहुजल–प्रधान अन्न जीरी, चावल, बाजरा आदि की फसलें काफी अच्छी होंगी। भूजल के स्तर में काफी उठाव बने।

(२) **वायुस्तम्भ–** सं. २०७१ वि. में 'वायुस्तम्भ' २२.५२ प्रतिशत होने से बहुत निर्बल है। इसवर्ष तूफान, बवंडर आदि से जन–धनहानि के योग बनते हैं। लू, गर्महवाओं एवं नानाविध रोगों से जनता परेशान रहे। क्योंकि, बादलों का सञ्चालन वायुवेग से ही होता है, अतः कहीं महावृष्टि तो कहीं सूखे से दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। कहीं खड़ी फसलें सूखेंगी। मानसून के अव्ययस्थित होने से गर्मी से जनजीवन क्षुब्ध रहने का योग भी बनता है।

(३) **तृणस्तम्भ–** इसवर्ष (सं. २०७१ वि. में) 'तृणस्तम्भ' ६१.३० प्रतिशत होने से बहुत मजबूत है। भूसे से निकलने वाले प्रमुख अनाज, कृषि उपज, वनस्पतियां, जड़ी–बूटियां व अन्य पदार्थों की पैदावार व उपलब्धता सहज संभव रहेगी। पशुचारा अच्छा होगा। सब्जी, फल आदि पर्याप्त मात्रा में सुलभ रहें।

(४) **अन्नस्तम्भ–** इसवर्ष 'अन्नस्तम्भ' ३५.१७ प्रतिशत होने से काफी कमजोर है। घरेलू उत्पाद में कमी, खड़ी फसलों को हानि तथा देश में खाद्यान्न महंगे होंगे। प्रशासन से जनता का विश्वास क्षीण होगा। मानसून अनियमित एवं महंगाई से साधारण वर्ग क्षुब्ध रहे।

इस वर्ष स्तम्भों के विचार से कहीं बाढ़, कहीं सूखे से कृषक परेशान रहें। वायु–अन्नस्तम्भ कमजोर होने से शासनतन्त्र के समक्ष महंगाई का मुद्दा उठेगा। परिणाम दूरगामी होंगे।

आर्षमान–विचार (सं २०७१ वि. की रक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) **प्रथम आर्ष** (अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) ६६.५७ प्रतिशत है।

(२) **द्वितीय आर्ष** (गत संवत् २०७० वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र) ७२.१७ प्रतिशत है।

(३) तृतीय आर्ष (श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) ६५ प्रतिशत है।

(४) चतुर्थ आर्ष (कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र) का अभाव है।

इसवर्ष देश की रक्षा के लिए स्थापित उल्लिखित चार दुर्गों (किलों) के विचार से देश की सैन्य–समृद्धि, शासनसत्ता एवं केन्द्रशासित पार्टी की नीति एवं घोटालों के परिणामस्वरूप सं. २०७१ वि. में प्रतिष्ठा को घात पहुंचेगा। कार्तिक पूर्णिमा (६ नवंबर, सन् २०१४ ई.) से संवत् के अन्त तक की स्थिति देश की रूलिंग पार्टी के लिए आश्चर्यजनक परिणामों वाली प्रतीत होती है।

प्रथम तीन दुर्गों के प्रबल होने से देश की समृद्धि एवं जनता की सुख–सुविधाओं पर विशेष ध्यान रहेगा। सैन्यक्षमता की वृद्धि होगी।

प्रथम आर्ष– इसवर्ष प्रथम आर्ष ६६.५७ प्रतिशत होने से बहुत प्रबल है। परिणामस्वरूप अफगानिस्तान, पाक, इराक, ईरान, जापान, श्रीलंका, सीरिया आदि यावन देशों की आन्तरिक स्थिति बिगड़ेगी। **कहीं किसी देश विशेष का विभाजन व कहीं आन्तरिक क्रान्ति से परिणाम आश्चर्यजनक रहें।** लेकिन भारत की शासनसत्ता में भारी सुधारात्मक कार्यक्रम एवं जनहितार्थ नए प्रोग्राम बनें। कहीं भूकम्प एवं अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से समुद्रतटवर्ती भूभाग एवं पर्वतीय क्षेत्र में हानि भी संभव है।

द्वितीय आर्ष – इसवर्ष द्वितीय आर्ष ७२.१७ प्रतिशत होने से जल–स्थल एवं वायुसेना की क्षमता में अभिवृद्धि होगी। सीमाप्रान्तों पर भारत का दबदबा बना रहेगा। भारत का वर्चस्व बढ़ेगा एवं नए आयाम, नई नीतियों से देश की समस्याओं को हल करने के प्रयास सराहनीय होंगे।

तृतीय आर्ष – सं. २०७१ वि. में श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र ६५ प्रतिशत है। यह आर्ष सशक्त है। पुरातन राजनैतिक घोटालों एवं राजनैतिक पार्टी–विशेष के कदाचारों से मुक्ति पाने के लिए जन–मानस उद्यत रहे। राजनैतिक सुसंस्कृतीकरण के लिए चेतना जागृत होगी।

चतुर्थ आर्ष– सं. २०७१ वि. में चतुर्थ आर्ष का अभाव होने से सैन्यशक्ति संवर्धन के लिए नई योजनाएं कार्यान्वित करने के लिए आर्थिक संकट रहेंगे। भारत को सीमाओं पर पाक, बंगलादेश, नेपाल, एवं विशेषतः चीन की कुनीति से सावधान रहना आवश्यक है। काश्मीर, लाहौलस्पीति, तिब्बत, त्रिपुरा आदि में भी स्थिति चिन्तनीय बने। भारत के महानगरों में आतंकवादी जनधन–हानि का कारण बनेंगे।

दोहा : "अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्त्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै।।"

रोहिणी का वास– इस संवत् में मेष संक्रान्ति हस्त नक्षत्र में लगी है, अतः रोहिणी का वास 'सन्धि' में है।

फल– रोहिणी का वास इसवर्ष 'सन्धि' में होने से "सन्धौ वणिक्गृहे **वासः"**– अनुसार समय का वास "बाणियों" के घर है। सर्वत्र अच्छी वर्षा की कमी रहे। कहीं धूप, कहीं छांव · एवम् कहीं खण्डवृष्टि होती रहे। पुनरपि, गेहूं आदि खाद्य अनाजों की उपज ठीक हो। कहीं खाद्यान्नों की हानि भी हो–

**" ब्राह्मभं सन्धिसंस्थं चेज्जायते यत्र वत्सरे।
खण्डवृष्टिस्तदा ज्ञेया क्वचिद्धान्यस्य नाशनम्।।"**

इसवर्ष संवत्सर किंवा समय का वास **'वणिक्'** के घर होने से व्यापारिक क्षेत्र में सरकार द्वारा नए कार्यक्रम बनाए जाएंगे। देश में नए–नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास होगा।

शनि की दृष्टि– इसवर्ष संवत् २०७१ वि. के प्रारम्भ से २ नवंबर, सन् २०१४ ई. तक शनि तुलाराशि में रहेगा। तत्पश्चात् शनि संवत् **२०७१ वि. के अन्त तक** वृश्चिक राशि में ही रहेगा। अतः स्पष्ट है कि– संवत् २०७१ वि. में तुला एवं वृश्चिक राशिस्थ शनि की दृष्टि पश्चिम (पश्चिमी राष्ट्रों) की तरफ रहेगी। अतः संवत् २०७१ वि. में पश्चिमी प्रान्तों एवं पश्चिमी देशों में कहीं भयंकर भूकम्प, समुद्रीतूफान (सुनामी) एवं कहीं शासनतन्त्र के विरुद्ध (सत्तापरिवर्तनार्थ) आन्दोलन, ज्वालामुखी– विस्फोट, हवाई हादसे किंवा उग्रवाद से भारी जनधनहानि के योग नज़र आते हैं। भारत भी इस वर्ष शनि की दृष्टि से अप्रभावित नहीं रह सकेगा। सिंह, कुम्भ एवं तुला राशि के नेताओं के लिए यह वर्ष विशेष उलझनें लेकर उपस्थित हो रहा है। संवत् २०७१ वि. का अन्तिम चरण सिंह, वृश्चिक, तुला एवं कुम्भ राशि वाले राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है। सुरक्षा–व्यवस्था को सुदृढ़ रखना आवश्यक है, दुर्घटना संभव है। कहीं दुर्भिक्ष,कहीं बाढ़ से हानि व कहीं राजनैतिक उलटफेर (सत्तापरिवर्तन) भी हो–

**"शनैश्चरः क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीडयेत्।
दुर्भिक्ष –देशभङ्गाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरैः।।"**

संवत् २०७१ वि. में अमावस्याएं–

(१) सोमवती अमावस्या वि. संवत् २०७१ में केवल एक ही है –

भाद्रपद कृष्णपक्ष (२५ अगस्त, सन् २०१४ ई.)

(२) भौमवती अमावस्याएं वि. सं. २०७१ में दो हैं –

(i) वैशाख कृष्णपक्ष (२६ अप्रैल, सन् २०१४ ई.)

(ii) माघ कृष्णपक्ष (२० जनवरी, सन् २०१५ ई.)

(३) शनिवारी अमावस्याएं सं. २०७१ वि. में दो हैं–

(i) श्रावण कृष्णपक्ष (२६ जुलाई, सन् २०१४ ई.)

(ii) मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष (२२ नवंबर, सन् २०१४ ई.)

नोट– इसवर्ष सोमवती अमा (२५ अगस्त, सन् २०१४ ई.) को चावल आदि अन्न, घी, दूध का दान दक्षिणासहित करें। इस दिन गंगा आदि पवित्र नदियों में स्नान–दान का महत्त्व है।

मंगलवारी अमा को गुड़ गायों को खिलाएं एवं लालवस्त्र, स्वर्णादि के दान का भी विशेष महत्त्व है।

शनैश्चरी अमा को तुलादान, तेलदान, काले तिल, काला कपड़ा एवं काली दाल दान करें।

ध्यान दें :– उल्लिखित अमावस्याओं में दान एवं तीर्थस्नान/पूजन आदि का विशेष महत्त्व है।

शरत्सस्य जातक

संवत् २०७१ वि. में वैशाख शुक्ल पूर्णिमा बुधवार (तात्कालिक तिथि ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा), तदनुसार १४/१५ मई, सन् २०१४ ई. को विशाखा नक्षत्र, परिघ योग एवं वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव २८ घंटा २८ मिनट (भा.स्टैं.टा.) पर वृष राशि में प्रविष्ट होंगे। इस वृष राशि में सूर्य–संक्रमण के समय मेष लग्न रहेगा।

शरत्सस्य जातककुण्डली
(१४/१५ मई, सन् २०१४ ई., २८ घं. २८ मि.)



फल– शरत्सस्यजातक कुण्डली में अष्टम भाव में नीच चन्द्र एवं सूर्य से छठे भाव में क्रूरग्रह शनि–राहु होने से 'खरीफ' [शरत्सस्य (गन्ना, मक्का, चावल, ज्वार, अरहर, मूंग, बाजरा, तिल एवं कपास)] की फसल अच्छी होने पर भी किसान औसत से आधी फसल ही प्राप्त करेगा। सूर्य से सप्तमेश क्रूरग्रह मंगल लग्न से अष्टमेश होकर छठे भाव में है तथा लग्नकुण्डली में केन्द्रस्थ शनि–राहु खरीफ की फसलों की हानि का संकेत देते हैं–

" सूर्यात् सप्तमसंस्थः पापोऽन्य– केन्द्रगश्च हानिकरौ।"

लेकिन शनि–राहु पर बृहस्पति की विशेष दृष्टि होने से खरीफ की फसलों में व्यापकरूप से हानि के योग नहीं हैं–

"सौम्य–ग्रहसंदृष्टौ न तथा सर्वत्र निर्दिष्टौ।"

ग्रीष्मसस्य जातक

सं. २०७१ वि. में मार्ग. कृष्णपक्ष नवमी (तात्कालिक दशमी), रविवार, तदनुसार १६ नवम्बर, सन् २०१४ ई. को पू.फा. नक्षत्र, वैधृति योग एवं सिंहस्थ चन्द्र के समय १८ घं. १ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर वृष लग्न के समय सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होंगे।

ग्रीष्मसस्य जातककुण्डली
(१६ नवं., सन् २०१४ ई., १८ घं. १ मि.)



फल–ग्रीष्मसस्यकालीन कुण्डली में वृश्चिकस्थ सूर्य के सन्निकर्ष में सूर्य के शत्रुग्रह शनि एवं शुक्र हैं। अतः गेहूं, जौ, चना, दालें एवं सरसों आदि तिलहन की फसलों को भारी हानि संभव है–

" मध्ये पापग्रहयोः सूर्यः सस्यं विनाशयत्यलिगः।"

लेकिन सूर्य–शनि–शुक्र पर बृहस्पति की दृष्टि होने से शासनतन्त्र ग्रीष्मान्नों की उपलब्धता कराने में सक्षम रहेगा। कुण्डली में सूर्य से द्वितीयभाव (अर्थ भाव) में मंगल होने से अगेती बोई हुई फसलें जलवायु की प्रतिकूलता से खराब हो सकती हैं। देरी से बोए ग्रीष्मान्न ठीक रहें। कुछ क्षेत्रीय कृषकजन असन्तुष्ट रहें–

"अर्थस्थाने भौमः सौम्यैरवीक्षितः।
सस्यं निहन्ति पश्चादुप्तं निष्पादयेद् व्यक्तम्।।"

सूर्य का आर्द्रानक्षत्र में प्रवेश

संवत् २०७१ वि. में आषाढ़ कृष्ण दशमी (तात्कालिक एकादशी), रविवार, तदनुसार २२ जून, सन् २०१४ ई. को अश्विनी नक्षत्र, अतिगण्ड योग, मेषस्थ चन्द्र एवं सिंह लग्न के समय १० घं. ३६ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में पदार्पण करेंगे।

सूर्य आर्द्राप्रवेश–कुण्डली
(२२ जून, सन् २०१४ ई., १० घं. ३६ मि. (भा.स्टैं.टा.))



फल– इस संवत् में सूर्य मध्याह्न से पहले ही आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा, जोकि कहीं भयंकर दुर्भिक्ष एवं प्राकृतिक आपदाओं का सूचक है;–

" दिवार्द्रां याति चेद्भानुर्जल–भक्षण–कारकः।"

यह प्रभाव महाराष्ट्र, राजस्थान एवं कुछ अन्य प्रान्तों में संभव है। लेकिन आर्द्राप्रवेश दशमी किंवा एकादशी तिथि में होने से अनेकत्र जलवायु अनुकूल रहेगी। रविवार एवं अतिगण्ड योग में आर्द्राप्रवेश पशुओं में रोगभय पैदा करता है।

आर्द्राप्रवेश–कुण्डली में मंगलक्षेत्र में केतुयुत चन्द्र के साथ शनि–राहु का समसप्तक बन रहा है एवं चन्द्र पर मंगल की दृष्टि भी है। अतः पूर्व–दक्षिण में तूफान, अतिवर्षण आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि संभव है। उ. भारत में कहीं सूखा, कहीं व्यापक वर्षा हो। काश्मीर, हिमाचल प्रदेश, गुजरात एवं दक्षिण–पूर्वी समुद्र में व अन्यत्र भी सुनामी आदि किंवा भूकम्प से हानि संभव है।

मिथुनस्थ सूर्य–बुध वृषस्थ शुक्र एवं कर्कस्थ गुरु से घिरे हैं। अतः कहीं भयंकर बाढ़, कहीं सूखे से हानि के योग भी हैं।

संवत् २०७१ वि. का शुभारम्भ

गतसंवत् २०७० वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, रविवार, तदनुसार ३०/३१ मार्च, सन् २०१४ ई. को २४ घं. १६ मि. पर उ.भा. नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय नवसंवत् २०७१ वि. का शुभारम्भ वृश्चिक लग्न में होगा।

शुभ संवत् २०७१ वि. की
प्रवेशकालीन कुण्डली



(३०/३१ मार्च, सन् २०१४ ई., २४ घं. १६ मि.)

फल– संवत् २०७१ वि. का शुभारम्भ वृश्चिक लग्न में हो रहा है। लग्नेश एवं षष्ठेश मंगल शत्रुक्षेत्र में स्थित होकर योजनास्थान एवं शत्रुभाव को देख रहा है। नई–नई योजनाएं की घोषणाएं एवं सुधारात्मक प्रयास कार्यान्वित होंगे। इसवर्ष सन् २०१४ ई. में राजनैतिक उलटफेर एवं जनजीवन में नई चेतना जागृत होगी। व्ययस्थान में उच्चस्थ शनि एवं राहु गुरुदृष्ट होने से देश की प्रगतिप्रद योजनाओं में व्यय अधिक होगा। लेकिन वृश्चिक राशि में नववर्ष का उदय होने से पश्चिमी प्रान्तविशेष में कहीं नौ मास तक दुर्भिक्ष की स्थिति बनने से शासकवर्ग कठिन परिस्थितियों में आ जाएंगे। उत्तर में विपरीत जलवायु के कारण फसलें प्रभावित हों। उपज आधी हाथ लगे। सोना–चान्दी एवं अन्य धातुओं में समर्घता (मन्दी) रहे;–

" वृश्चिके पश्चिमे देशे दुर्भिक्षं नवमासिकम्।
उदीच्यामर्ध–निष्पत्तिः समर्घा धातवस्तथा।।"

पूर्व में राजविग्रह, जनता दुखी, मध्यप्रदेश में धान्यनाश हो। दक्षिण में कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु से शासनसत्ता में परिवर्तन हो–

"पूर्वस्यां विग्रहो राज्ञां दुःखः मासत्रयं भवेत्।
पश्चात् सुखं धान्यनाशो मध्यदेशे प्रजायते।
दक्षिणस्यां देशभंगो भाविवर्षे प्रजायते।।"

वर्षेश(जगत्)लग्न कुण्डली (सं. २०७१ वि.)

वर्तमान संवत् २०७१ वि. में चैत्र शुक्ल चतुर्दशी, चन्द्रवार, तदनुसार १४ अप्रैल, सन् २०१४ ई. को ७ घं. ३६ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर हस्त नक्षत्र, व्याघात योग, कन्यास्थ चन्द्र एवं वृष लग्न के समय सूर्यदेव मेष राशि में प्रवेश करेंगे।

फल–सं. २०७१ वि. की जगत् लग्नकुण्डली में मेषस्थ सूर्य–केतु का शनि–राहु के साथ समसप्तकयोग बन रहा है। जोकि सीरिया, ईरान, पाकिस्तान एवं अमेरिका के किसी प्रान्त में प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि का संकेत देता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि यावनराष्ट्रों में कहीं सत्तापरिवर्तन, कहीं देश के विभाजन के लक्षण बनेंगे।

वर्षेश(जगत)लग्नकुण्डली

(संवत् २०७१ वि.)



(१४ अप्रैल, सन् २०१४ ई., ७घं.३६ मि.)

लग्नेश शुक्र मित्रक्षेत्र में है। शनि नवमेश एवं दशमेश होकर छठेभाव में होने से अरबराष्ट्र, कोरिया, बंगलादेश, चीन, जापान, लंका, नाइजीरिया, इटली में कहीं समुद्री तूफान, हैरिकेन एवं आन्तरिक आपदा से हानि संभव है। क्योंकि, शनि की दृष्टि इसवर्ष पश्चिमी भूभाग पर है एवं वर्षेश–प्रवेश वृषलग्न एवं व्याघात योग में हुआ है, अतः भारत के उत्तरांचल, महाराष्ट्र, आसाम, मणिपुर, उड़ीसा, जम्मू–काश्मीर, बिहार, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल में आतंकी घटनाओं से जनधनहानि के योग भी हैं। भारत के दक्षिणी भूभाग पर समुद्री तूफान एवं कुछ प्रान्तों में भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा से भयंकर जनधनहानि के योग भी इसवर्ष शासन को स्तब्ध कर सकते हैं।

श्रावण–भाद्रपद, आश्विन एवं माघ–फाल्गुन मास विशेष दुःखद घटनापूर्ण सिद्ध होंगे।

अपने जन्मलग्न से द्वादश भावों में जगत्लग्न का फल इस प्रकार जानिए–

(१) प्रथम भाव से शरीरसुख, (२) धनागम, (३) कुटुम्बवृद्धि, (पारिवारिक सुख), (४) मित्र व बन्धुसुख, (५) सन्ततिसुख, (६) शत्रु की पराजय, (७) स्त्रीसुख, (८) रोगभय, मृत्युभय, (९) धर्म–कर्म में प्रवृत्ति किंवा धनलाभ, (१०) धन व सम्मानप्राप्ति, (११) लाभ किंवा अन्य सुख–साधनप्राप्ति, तथा (१२) बारहवें भाव से कष्ट व आर्थिक संकट का ज्ञान प्राप्त करें–

"जन्मोदये देहसुखं धनेऽर्थलाभस्तृतीये च कुटुम्बवृद्धिः।
तुर्ये सुहृत्सौख्यमथात्मजाप्तिं पुत्रे रिपौ शत्रु–पराजयःस्यात्।।

स्त्री–सौख्याप्तिर्भवति मदने मृत्युरुग्भीश्च रन्ध्रे
धर्मार्थाप्तिस्तपसि दशमे वित्तसौख्यं पदाप्तिः।
लाभे लाभः सुख–धनचयो दुःख–दारिद्र्यमन्त्ये
पुंसोर्मेषे प्रविशति रवौ जन्मलग्नाद् विलग्ने।।"

यदि " जगत्लग्न " अपने ' जन्मलग्न ' से ६, ८, या १२वें भावों में यत्किञ्चित् भी पापी ग्रह के प्रभाव में हो तो वह वर्ष कष्टप्रद किंवा अशुभ रहेगा– ऐसा जानें।

जगत्लग्न से व्यक्तिगत फलविचार

जन्मकुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्मराशि से जगत्लग्न जिस राशि पर आए, वह भाव शुभग्रह या भावेश से दृष्ट या युक्त हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि एवं अपने वर्षलग्न से वर्षेश (जगत्) लग्न आठवें या बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होगा।

इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ–विचार के लिए भी समझना चाहिए ।

गुर्रा–फल (सन् २०१४-१५ ई.)

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है। उस दिन जो वार होता है, वही इस्लामी मतानुसार साल का राजा होता है, जो "गुर्रा" नाम से जाना जाता है।

सवत् २०७० वि. में कार्त्तिक शुक्ल द्वितीया मंगलवार, तदनुसार ५ नवम्बर सन् २०१३ ई. को यकम (१) मुहर्रम वाले दिन मुस्लिम (हिजरी) सन् १४३५ का उदय हुआ है।

यहां यकम मुहर्रम वाले दिन मंगलवार होने से इस हिजरी सन् १४३५ का बादशाह मंगल होगा।

फल– अनेक प्रान्तों एवम् मुस्लिम देशों में अनेकत्र अकाल की स्थिति बनेगी। वर्षा समय पर न हो, खड़ी फसलें नष्ट हों, व्यापारीवर्ग धान्य किंवा खाद्यफसलों की कमी से अनुचित लाभ लें। मुस्लिम राष्ट्रविशेष की स्थिति

चिन्तनीय हो, कहीं यावनराष्ट्र में आन्तरिक युद्ध की स्थिति बने। पशुओं को बीमारी से हानि हो। फल, धान की कमी रहे। गुड़, शक्कर, कपास, तिलहन, गेहूं, सोना, चान्दी के भाव आकाश को छूएं। कुछ स्थानों पर भयंकर अग्निकाण्ड, तूफान, सुनामी आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि हो।

सं. २०७१ वि. में कार्त्तिक शुक्ल तृतीया, इतवार, तदनुसार २६ अक्तूबर सन् २०१४ ई. को यकम मुहर्रम वाले दिन मुस्लिम (हिजरी) सन् १४३६ का प्रारम्भ होगा।

क्योंकि, यकम मुहर्रम वाले दिन इतवार है। अतः हिजरी सन् १४३६ का बादशाह सूर्य ही होगा।

फल– वर्षा पर्याप्त हो, धान सस्ते हों। सरकार महंगाई पर कंट्रोल करे। जनता सुखी रहे। पशुधन सुरक्षित रहे। दूध–घी का लाभ सब को मिले। अनेकत्र वायुवेग से हानि भी संभव है। गेहूं, धान एवं तेल–तिलहन की फसल अच्छी हो। कहीं अग्निकाण्ड से हानि हो। कपास की उपज पर्याप्त हो। मुस्लिम राष्ट्रविशेष में अशान्ति एवं कहीं हत्याकाण्ड व सत्तापरिवर्तन हो।

आय–व्यय–चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८
व्यय	१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५

लाभ–व्यय देखने की रीति– अपनी राशि के लाभ–व्यय–अंको को जोड़कर, उसमें से १ घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २, ६, ७ बचें तो वर्ष में उत्तम लाभ होगा। ३, ४, ५, ० बचें तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

"इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि-तिथौ शुभम् ।
यः शृणोति नरो भक्त्या स सुखी वत्सरं भवेत् ।।"

विशेष– चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से दस दिन तक नीम के कोमल पत्ते, नीम की मंजरी या निमौली का चूर्ण, सैंधा नमक, इमली, कालीमिर्च, हींग, अजवायन, जीरा, तुलसीदल– ये सब कूट–पीसकर इच्छानुसार खाण्ड या शक्कर में मिलाकर शर्बत बनाकर प्रातः सेवन करने से रक्तविकार, वात–पित्त एवं कफजन्य कष्टों एवं कुष्ठरोग से भी मुक्ति मिलती है।

कुम्भ महापर्व की पूर्व सूचना

अगामीवर्ष सं. 2072 वि. में भाद्र. अमा, रविवार (13 सितंबर, 2015 ई.) को ''नासिक कुम्भपर्व '' का योग बन रहा है। इस महापुण्य के दिन पुण्यसलिला गोदावरी में स्नान कर पुण्यसञ्चय एवं निर्वाण के इच्छुक श्रद्धालुओं को तदर्थ पहिले ही प्रस्तुत हो जाना चाहिए। इस पर्वराज के पुण्य स्नानदिवसों का विस्तृत विवरण तथा ऐतत्सम्बद्ध सभी प्रकार की अन्य पूरी जानकारी विस्तार–पूर्वक अगले वर्ष (सं. 2072 वि.) के **पञ्चांग** में दी जाएगी। ध्यान रहे– नासिक के कुम्भपर्व को सिंहस्थ पर्व भी कहा जाता है।

भारतीय लग्ननिर्णय

भारत के सभी (31) प्रदेशों के प्रसिद्ध लगभग 1000 नगर, उपनगरों में अभीष्ट तारीख का लग्नारम्भ–समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) इस पुस्तक से केवल तीन सामान्य मौखिक जोड़–घटाव द्वारा ही तुरन्त (30–40 सैकण्डों में ही) जाना जा सकता है। यहां एक ऐसा सहायक कोष्ठक भी दिया गया है, जिसकी सहायता से भारत के अन्य किसी भी नगर, ग्राम में आप अभीष्ट तारीख का लग्नारम्भ–समाप्तिकाल तुरन्त जान सकते हैं। यह पुस्तक हमारी 'लघु लग्नसारणी' का ही एक भाग है।

पुस्तक का मूल्य Rs. 75/– + डाकव्यय Rs. 35/– है। हमारी अन्य किसी भी पुस्तक के साथ इसे मंगवाने पर इसका डाकव्ययसहित मूल्य केवल Rs. 65/– ही लिया जाएगा।

पुस्तक मिलने का पताः–

श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil, 'अभिजित् प्रकाशन,'
कोठी नं. 59, सैक्टर–6, P.O. पंचकूला (हरियाणा)– 134 109,
Phone: 0172- 2565 303

श्री वि. सं. २०७१, शाक १९३६, चैत्र शुक्ल पक्ष १

(३१ मार्च से १५ अप्रैल तक, सन् २०१४ ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, वसन्त ऋतु।

प्रातः पूर्व में दिखाई दे रहा बु. पक्षान्त तक लुप्त हो जाएगा । प्रातः शु. पूर्व में और श. मं. पश्चिम में होंगे । सायं गु. पश्चिम कपाल में होगा ।

दिनमान घ.	दिनमान प.	तिथि	वार	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	नक्षत्र	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	योग	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	करण	समाप्ति-काल घ.	समाप्ति-काल प.	तारीखें प्र. चैत्र	तारीखें अं. मार्च	तारीखें श. चैत्र	तारीखें मु. ज.उ.लं.	चन्द्रराशि-प्रवेशकाल	घ.	प.	चण्डीगढ़ (भा. स्टैं. टा.) सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	सूर्यास्त घं.	सूर्यास्त मि.	स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३०मि. (भा. स्टैं. टा.) रा.	अं.	क.	वि.	
३०	४९	१	चं.	४०	२०	रेव.	४५	२३	ऐं.	४४	२१	किं.	१२	३५	१८	३१	१०	२९	मेष	४५	२३	६	१७	१८	३७	११	१६	८	२७	सूर्य रेव. में २९/५७, शुक्र कुम्भ में ९/२२, चान्द्र संवत्सर(A)
३०	५४	२	मं.	३७	१३	अश्वि.	४४	१०	वै.	३९	६	बा.	८	४६	१९	अ.१	११	३०	मेष			६	१६	१८	३७	११	१७	७	४३	चन्द्रदर्शन मु. ३०, चन्द्रव्रत, अप्रैल प्रारम्भ,
३०	५८	३	बु.	३५	४५	भर.	४४	३६	वि.	३५	१०	तै.	६	२९	२०	२	१२	ज.१	वृष	५९	५८	६	१५	१८	३८	११	१८	६	५७	श्रीमत्स्य जयन्ती, गौरी तृतीया (गणगौर),(B)
३१	३	४	गु.	३६	२	कृत्ति.	४६	४६	प्री.	३२	३८	व.	५	५३	२१	३	१३	२	वृष			६	१३	१८	३९	११	१९	६	९	भ. ५/५३ से ३६/०२ तक,
३१	८	५	शु.	३८	७	रोहि.	५०	३८	आ.	३१	२८	ब.	७	४	२२	४	१४	३	वृष			६	१२	१८	३९	११	२०	५	१९	बुध मीन में ३/१५, श्री(लक्ष्मी)पञ्चमी, नागपञ्चमी, हयव्रत,
३१	१२	६	श.	४१	४८	मृग.	५६	१	सौ.	३१	३५	कौ.	९	५७	२३	५	१५	४	मिथुन	२३	१२	६	११	१८	४०	११	२१	४	२६	स्कन्दषष्ठी,
३१	१७	७	र.	४६	४७	आर्द्रा	६०	०	शो.	३२	४४	ग.	१४	१७	२४	६	१६	५	मिथुन			६	१०	१८	४०	११	२२	३	३१	भ. ४६/४७ बाद, बुध उ.भा. में ४/४३, शुक्र शत. में (C)
३१	२१	८	चं.	५२	३७	आर्द्रा	२	३४	अ.	३४	३७	वि.	१९	४२	२५	७	१७	६	कर्क	५२	५८	६	९	१८	४१	११	२३	२	३४	भ. १९/४२ तक, श्रीदुर्गाष्टमी, अशोकाष्टमी[पुनर्वसु नक्षत्र (D)
३१	२६	९	मं.	५८	४५	पुन.	९	५०	सु.	३६	५१	बा.	२५	४१	२६	८	१८	७	कर्क			६	७	१८	४२	११	२४	१	३५	श्रीरामनवमी (पुनर्वसु नक्षत्र १० घं. ४ मि. तक), नवरात्र (E)
३१	३०	१०	बु.	६०	०	पुष्य	१७	१३	धृ.	३९	१	तै.	३१	४३	२७	९	१९	८	कर्क			६	६	१८	४२	११	२५	०	३३	नवरात्रपारणा,
३१	३५	१०	गु.	४	४१	आश्ले.	२४	१५	शू.	४०	४७	ग.	४	४१	२८	१०	२०	९	सिंह	२४	१५	६	५	१८	४३	११	२५	५९	२९	भ. ३७/१५ बाद,
३१	३९	११	शु.	९	५०	मघा	३०	२७	गं.	४१	५१	वि.	९	५०	२९	११	२१	१०	सिंह			६	४	१८	४४	११	२६	५८	२३	भ. ९/५० तक, कामदा एकादशी व्रत (स.), दोलोत्सव,
३१	४४	१२	श.	१३	५४	पू.फा.	३५	३२	वृ.	४१	५९	बा.	१३	५४	३०	१२	२२	११	कन्या	५१	३६	६	३	१८	४४	११	२७	५७	१४	वक्री मंगल हस्त में ५४/३५, शनिप्रदोष व्रत, श्रीविष्णु (F)
३१	४८	१३	र.	१६	४०	उ.फा.	३९	१९	ध्रु.	४१	५	तै.	१६	४०	३१	१३	२३	१२	कन्या			६	२	१८	४५	११	२८	५६	३	बुध रेव. में ३८/००, श्रीमहावीर जयन्ती (जैन),
३१	५३	१४	चं.	१८	२	हस्त	४१	४५	व्या.	३९	६	व.	१८	२	वै.१	१४	२४	१३	कन्या			६	०	१८	४५	११	२९	५४	५१	भ. १८/०२ से ४८/०२ तक, सं. सूर्य अश्विनी मेष में (G),
३१	५७	१५	मं.	१८	२	चित्रा	४२	५४	ह.	३६	४	ब.	१८	२	२	१५	२५	१४	तुला	१२	३०	५	५९	१८	४६	०	०	५३	३६	चैत्री पूर्णिमा, श्रीहनुमान् जयन्ती(द.भा.), वैशाखस्नान प्रारम्भ,

प्लवंग संवत्सर

(A) २०७१ वि. प्रारम्भ, वासन्त नवरात्र प्रारम्भ, वर्षफल श्रवण, तैलाभ्यंग, ध्वजारोहण, निम्बपत्र प्राशन, (B) आन्दोलन तृतीया, जमद-उरसानी मु. प्रारम्भ, (C) ३०/३२, (D) ७ घं. ११ मि. बाद], (E) समाप्त, (F) दमनोत्सव, अनङ्ग त्रयोदशी (देखें पृ. 13), (G) ४/००, मु. ३०, पुण्यकाल २०/०० तक, प्लूटो वक्री ५८/०५, बुध पूर्व में अस्त ६ घं. ० मि., श्रीसत्यनारायण व्रत, मेषसंक्रान्ति, वैसाखी (पं.), श्रीशिवदमनोत्सव,

ग्रह स्पष्ट प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.),
७ अप्रैल,

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
११	२	५	११	२	१०	६	६	०
२३	१९	२५	४	१७	७	२८	५	५
२	९	३६	५०	५६	९	१५	७	७
३५	३२	१३	१४	२७	३६	१६	२४	२४
५९	७१४	२२	१०२	५	६४	३	३	३
१	५९	४९	२५	४८	१	१६	११	११
		व.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
		उ.	उ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
रेव. २	आर्द्रा ४	चित्रा १	उ.भा. १	आर्द्रा ४	शत. १	विशा. ३	चित्रा ४	अश्वि. २



लोक-भविष्य:- इस चान्द्रमास (चैत्र) में पांच चन्द्रवार एवं पांच ही मंगलवार होने से प्रजा, विशेषतः राजनैतिक क्षेत्रों में नया उत्साह दिखाई दे। देश की शासन-सत्ता में युवा नेता के उदय किंवा नए विकल्प का संकेत मिलता है। “ सोमस्य पंचवारास्तु यत्र मासे भवन्ति। धन-धान्यसमृद्धिः स्यात् सुखं भवति सर्वदा ।।” पांच मंगलवार यावन राष्ट्रों में कहीं आन्तरिक-क्रान्ति किंवा सत्तापरिवर्तन का संकेत भी देते हैं।

ग्रहचाल और बाज़ार का रुख:-शनि, मं. रा. के वक्रत्व के कारण पक्षारम्भ से ६ अप्रैल तक तेल, तिलहन, रुई, गुड़, शक्कर, खाण्ड, सोना-चान्दी में कुछ उतार-चढ़ाव के साथ तेजी रहेगी। १३ अप्रैल को सोना, केसर, लालचन्दन, लालमिर्च तेज रहें। गुड़, खाण्ड, तिलहन, घी, चान्दी मन्दे हों तो स्टॉक करें। १४ अप्रैल को सभी वायदा बाजार तेज रहें।

आकाशलक्षण :- मार्च ३१, अप्रैल ४, ६, १३, १४ के लगभग बंगलादेश, हि.प्र. भूटान, सिक्किम, आसाम में बादलचाल व खण्डवृष्टि के योग हैं।



ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.),
१५ अप्रैल,

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	५	५	११	२	१०	६	६	०
०	२७	२२	१९	१८	१५	२७	४	४
५३	०	३२	११	४७	४७	४७	४१	४१
३७	३८	५३	१८	०	४१	१४	५८	५८
५८	७९०	२२	११४	६	६६	३	३	३
४३	१	३१	२७	५९	३८	४६	११	११
		व.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
		उ.	अ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
अश्वि. १	चित्रा २	हस्त ४	रेव. १	आर्द्रा ४	शत. ३	विशा. ३	चित्रा ४	अश्वि. २

श्री वि. सं. २०७१, शाक १९३६, वैशाख कृष्ण पक्ष २

(१६ से २९ अप्रैल तक, सन् २०१४ ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, वसन्त–ग्रीष्म ऋतु।

बु. अस्त है । प्रातः शु. पूर्वक्षितिज में और श. पश्चिम में दिखाई देगा । सायं गुरु पश्चिम में और मं. पूर्व में होगा ।

दिनमान		तिथि	वार	समाप्ति-काल		नक्षत्र	समाप्ति-काल		योग	समाप्ति-काल		करण	समाप्ति-काल		तारीखें				चन्द्रराशि - प्रवेशकाल			चण्डीगढ़ (भा. स्टैं. टा.)				स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३०मि. (भा. स्टैं. टा.)				
															प्र.	अं.	श.	मु.				सूर्योदय		सूर्यास्त						
घ.	प.			घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.	वैशाख	अप्रैल	चैत्र	ज.उ.सा.		घ.	प.	घं.	मि.	घं.	मि.	रा.	अं.	क.	वि.	
३२	१	१	बु.	१६	४६	स्वाती	४२	५१	व.	३२	५	कौ.	१६	४६	३	१६	२६	१५	तुला			५	५८	१८	४७	०	१	५२	१९	
३२	६	२	गु.	१४	२३	विशा.	४१	४६	सि.	२७	१४	ग.	१४	२३	४	१७	२७	१६	वृश्चिक	२७	८	५	५७	१८	४७	०	२	५१	१	भ. ४२/४२ बाद,
३२	१०	३	शु.	११	२	अनु.	३९	५१	व्य.	२१	३९	वि.	११	२	५	१८	२८	१७	वृश्चिक			५	५६	१८	४८	०	३	४९	४०	भ. ११/०२ तक, शुक्र पू.भा. में ४८/४०, श्रीगणेशचतुर्थी व्रत,
३२	१५	४	श.	६	५५	ज्येष्ठा	३७	१४	व.	१५	२९	बा.	६	५५	६	१९	२९	१८	धनु	३७	१४	५	५५	१८	४९	०	४	४८	१८	
३२	१९	५	र.	२	९	मूल	३४	७	प.	८	५०	तै.	२	९	७	२०	३०	१९	धनु			५	५४	१८	४९	०	५	४६	५४	भ. ५६/५९ बाद, बुध अश्वि. मेष में २९/१२, सूर्य (A)
अवम		६	र.	५६	५९	० ०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	० ०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	षष्ठी तिथिक्षय,
३२	२३	७	चं.	५१	३१	पू.षा.	३०	३८	शि. सि.	१ ५४	४८ ३५	वि.	२४	१५	८	२१	वै.१	२०	मकर	४४	४२	५	५३	१८	५०	०	६	४५	२८	भ. २४/१५ तक, शक वैशाख प्रारम्भ,
३२	२७	८	मं.	४५	५४	उ.षा.	२६	५७	सा.	४७	१५	बा.	१८	४२	९	२२	२	२१	मकर			५	५२	१८	५१	०	७	४४	१	अगस्त्य अस्त,
३२	३२	९	बु.	४०	१५	श्रव.	२३	१२	शु.	३९	५५	तै.	१३	०४	१०	२३	३	२२	कुम्भ	५१	१९	५	५१	१८	५१	०	८	४२	३२	पंचक प्रारम्भ ५१/१९,
३२	३६	१०	गु.	३४	४४	धनि.	१९	३२	शु.	३२	४०	व.	७	२९	११	२४	४	२३	कुम्भ			५	५०	१८	५२	०	९	४१	१	भ. ७/२९ से ३४/४४ तक, गुरु पुन. १ में ३८/१५,
३२	४०	११	शु.	२९	३०	शत.	१६	६	ब्र.	२५	३९	ब.	२	७	१२	२५	५	२४	मीन	५८	४५	५	४९	१८	५३	०	१०	३९	२९	वरुथिनी एकादशी व्रत (स.), श्रीवल्लभाचार्य जयन्ती,
३२	४४	१२	श.	२४	४४	पू.भा.	१३	५	ऐं.	१९	०	तै.	२४	४४	१३	२६	६	२५	मीन			५	४८	१८	५३	०	११	३७	५६	बुध भर. में ५१/४०, शनिप्रदोष व्रत,
३२	४८	१३	र.	२०	३५	उ.भा.	१०	३९	वै.	१२	५१	व.	२०	३५	१४	२७	७	२६	मीन			५	४७	१८	५४	०	१२	३६	२०	भ. २०/३५ से ४८/५५ तक, सूर्य भर. में ४४/१०, (B)
३२	५२	१४	चं.	१७	१६	रेव.	९	१	वि.	७	२१	श.	१७	१६	१५	२८	८	२७	मेष	९	१	५	४६	१८	५५	०	१३	३४	४३	पंचक समाप्त ९/०१,
३२	५६	३०	मं.	१४	५८	अश्वि.	८	२२	प्री. आ.	२ ५८	३७ ५२	ना.	१४	५८	१६	२९	९	२८	मेष			५	४५	१८	५५	०	१४	३३	५	भौमवती अमावस,

(A) सायन वृष में ८/५०, ग्रीष्मऋतु प्रारम्भ, (B) शुक्र मीन में ४७/११,

ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.),
२२ अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	९	५	०	२	१०	६	६	०
७	३	२०	३	१९	२३	२७	४	४
४४	२३	१	३	३८	३०	१९	१९	१९
१	४४	२६	४०	४३	४७	४१	४३	४३
५८	८५३	२०	१२४	७	६६	४	३	३
३२	४८	६	२८	५५	४७	७	११	११
		व.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
		उ.	अ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
अश्वि. ३	उ.षा. ३	हस्त ४	अश्वि. १	आर्द्रा ४	पू.भा. २	विशा. ३	चित्रा ४	अश्वि. २

कुण्डली सूर्योदय (२२ अप्रैल)



लोक-भविष्यः:- इस चान्द्रमास में पांच बुधवार हैं । प्रजा में सुख-समृद्धि रहे । लेकिन सूर्य-बुध का वक्र शनि-राहु के साथ समसप्तक योग होने से छत्तीसगढ़, बिहार एवं कहीं महानगरों में उग्रवादियों द्वारा भारी जनधन हानि भी संभव है । किसी विशिष्ट-व्यक्ति की हत्या किंवा निधन का योग है ।

ग्रहचाल और बाज़ार का रुखः:- बुध-सूर्य-केतु का शनि-राहु के साथ समसप्तक के कारण भारी राजनैतिक उथल-पुथल के आसार से वायदा एवं शेयर बाज़ारों में भारी उठा-पटक रहेगी । अप्रैल २० से २५ तक अनाज, दालवाना, घी, तेल, तिलहन, रुई, गुड़, खाण्ड, चान्दी, सोना के वायदा एवं हाज़र बाज़ारों में ज़ोरदार उठा-पटक से मन्दा प्रधान रहेगा । २६ से २९ अप्रैल तक घी, तिलहन, गुड़, खाण्ड तेज़ रहें ।

आकाशलक्षणः:- अप्रैल १८, २०, २४, २६ एवं २७ को राजस्थान, आसाम, उड़ीसा, मुम्बई, उ.प्र. एवं हि.प्र. के कुछ भागों में बादलचाल व खण्डवृष्टि के योग हैं ।

कुण्डली सूर्योदय (२९ अप्रैल)



ग्रह स्पष्ट, प्रातः ५ घं.३० मि. (I.S.T.),
२९ अप्रैल

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
०	०	५	०	२	११	६	६	०
१४	११	१७	१७	२०	१	२६	३	३
३३	१९	५२	५३	३६	२१	५०	५७	५७
५	५०	१८	५९	४९	१०	१	२८	२८
५८	७९६	१५	१२९	८	६७	४	३	३
२०	५	५८	२	४७	४२	२२	११	११
		व.	मा.	मा.	मा.	व.	व.	व.
		उ.	अ.	उ.	उ.	उ.	अ.	अ.
भर. १	अश्वि. ४	हस्त ३	भर. २	पुन. १	पू.भा. ४	विशा. ३	चित्रा ४	अश्वि. २

श्री वि. सं. २०७१, शाक १९३६, वैशाख शुक्ल पक्ष ३

(३० अप्रैल से १४ मई तक, सन् २०१४ ई.)
उत्तरायण, उत्तरगोल, ग्रीष्म ऋतु।

८ मई के बाद बु. सायं पश्चिम में दिखाई देना शुरु हो जाएगा। प्रातः शु. पूर्वक्षितिज में और श. पश्चिम में होगा। सायं गु. पश्चिम में और मं. पूर्व में दिखाई देगा। ४ मई को चं. गु. काफी समीप होंगे।

दिनमान		तिथि	वार	समाप्ति-काल		नक्षत्र	समाप्ति-काल		योग	समाप्ति-काल		करण	समाप्ति-काल		तारीखें प्र.	अं.	श.	मु.	चन्द्रराशि-प्रवेशकाल			चण्डीगढ़ (भा. स्टैं. टा.) सूर्योदय		सूर्यास्त		स्पष्ट सूर्य प्रातः ५घं. ३०मि. (भा. स्टैं. टा.)				
घ.	प.			घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.		घ.	प.	वैशाख	अप्रैल	वैशाख	ज.उ.सा.		घ.	प.	घं.	मि.	घं.	मि.	रा.	अं.	क.	वि.	
३३	०	१	बु.	१३	५३	भर.	८	५३	सौ.	५६	९	ब.	१३	५३	१७	३०	१०	२९	वृष	२४	१२	५	४४	१८	५६	०	१५	३१	२४	चन्द्रदर्शन, मु. ३०, शुक्र उ.भा. में ४४/४०, यूरेनस रेव.(A)
३३	४	२	गु.	१४	१०	कृत्ति.	१०	४४	शो.	५४	३४	कौ.	१४	१०	१८	म.१	११	र.१	वृष			५	४३	१८	५७	०	१६	२९	४२	वक्री शनि विशा. २ में १६/३५, श्रीपरशुराम जयन्ती, (B)
३३	८	३	शु.	१५	५३	रोहि.	१३	५९	अ.	५४	७	ग.	१५	५३	१९	२	१२	२	मिथुन	४६	७	५	४२	१८	५७	०	१७	२७	५८	भ. ४७/२७ बाद, अक्षय तृतीया (देखें पृ. 13),
अप्रै. १७	२२ ४०	अप्रै. १८	सू. उ.	मई १५	६ ४५	मई १६	५ २६	जून १२	सू. उ.	जून १२	१४ ५५	जुला. १३	सू. उ.	जुला. १३	१५ ००
अप्रै. २०	सू. उ.	अप्रै. २०	१९ ३३	मई १९	० ०४	मई १९	सू. उ.	जून १५	८ ०१	जून १६	५ २४	जुला. १४	सू. उ.	जुला. १४	१२ ०४
अप्रै. २७	सू. उ.	अप्रै. २७	१० ०२	मई १९	२२ १३	मई २०	सू. उ.	जून १६	५ ३०	जून १७	३ १०	जुला. १८	४ ०१	जुला. १८	सू. उ.
(अप्रै. २९	सू. उ.	अप्रै. २९	९ ०५)मं.	मई २५	१६ १४	मई २६	सू. उ.	(जून २०	२१ ४८	जून २१	सू. उ.)शु.	(जुला. १८	सू. उ.	जुला. १९	३ ३१)शु.
अप्रै. ३०	९ १७	मई १	सू. उ.	मई २७	१६ ५८	मई २९	सू. उ.	जून २२	सू. उ.	जून २२	२२ ०९	जुला. २२	सू. उ.	जुला. २२	५ ५३

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०१४-१५ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

रवि योग (सन् २०१४ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

सर्वार्थसिद्धि योग (सन् २०१४-१५ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
जुला. २३	सू. उ.	जुला. २४	सू. उ.
जुला. २५	१२ २६	जुला. २६	सू. उ.
जुला. २७	सू. उ.	जुला. २७	१८ ०४
(अग. ६	सू. उ.	अग. ६	१० ३७)बु.
अग. १०	१ ४५	अग. १०	सू. उ.
अग. १४	१२ १९	अग. १५	सू. उ.
(अग. १५	सू. उ.	अग. १५	११ ०५)शु.
अग. १५	११ ०५	अग. १६	सू. उ.
अग. १८	११ ५२	अग. १९	सू. उ.
अग. २०	सू. उ.	अग. २०	१५ ४१
अग. २१	१८ १५	अग. २२	२१ ०४
अग. ३०	१५ ४७	अग. ३१	सू. उ.
सितं. १	१८ ०१	सितं. २	सू. उ.
सितं. ६	१२ ०२	सितं. ७	सू. उ.
सितं. १०	० ५१	सितं. १०	सू. उ.
सितं. ११	सू. उ.	सितं. १२	१९ ३१
सितं. १५	सू. उ.	सितं. १५	२० ३२
(सितं. १५	२० ३२	सितं. १६	सू. उ.)चं.
सितं. १८	सू. उ.	सितं. १९	३ २५
(सितं. १९	३ २५	सितं. १९	सू. उ.)गु.
सितं. २४	१७ ३१	सितं. २५	सू. उ.
सितं. २७	सू. उ.	सितं. २७	२२ ४२
सितं. २९	सू. उ.	सितं. २९	२३ ५४
अक्तू. ३	२० १७	अक्तू. ४	१८ १९
अक्तू. ७	११ २२	अक्तू. ८	सू. उ.
अक्तू. ९	सू. उ.	अक्तू. १०	५ ४८
(अक्तू. १२	४ ४०	अक्तू. १२	सू. उ.)श.
(अक्तू. १३	सू. उ.	अक्तू. १३	९ ३३)चं.
अक्तू. १३	९ ३३	अक्तू. १४	६ २४
अक्तू. १६	सू. उ.	अक्तू. १६	१० ४६

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४-१५ ई.	घं. मि.	२०१४-१५ ई.	घं. मि.
(अक्तू. १६	१० ४६	अक्तू. १६	१३ ४५)गु.
अक्तू. १६	१३ ४५	अक्तू. १७	सू. उ.
अक्तू. २२	सू. उ.	अक्तू. २३	२ ३७
अक्तू. ३१	सू. उ.	नवं. १	० ५३
नवं. ४	सू. उ.	नवं. ४	१८ २४
नवं. ६	सू. उ.	नवं. ६	१५ ४४
(नवं. ८	१४ ३०	नवं. ९	सू. उ.)श.
(नवं. १०	सू. उ.	नवं. १०	१५ ३०)चं.
(नवं. १३	सू. उ.	नवं. १३	२१ ४१)गु.
नवं. १७	६ ३१	नवं. १७	सू. उ.
नवं. १९	सू. उ.	नवं. १९	११ ०१
दिसं. १	२ १६	दिसं. १	सू. उ.
(दिसं. ३	० २२	दिसं. ३	सू. उ.)मं.
(दिसं. ६	सू. उ.	दिसं. ६	२३ ३९)श.
दिसं. १४	१४ ५३	दिसं. १५	सू. उ.
दिसं. २१	२० १७	दिसं. २२	सू. उ.
दिसं. २८	७ ३८	दिसं. २९	६ ३५
(दिसं. ३०	सू. उ.	दिसं. ३१	५ ३८)मं.

(सन् २०१५ ई.)

जन. १	५ ४३	जन. १	सू. उ.
जन. ९	१९ २८	जन. १०	सू. उ.
जन. ११	सू. उ.	जन. १२	१ ४१
(जन. १२	१ ४१	जन. १२	सू. उ.)र.
जन. १८	७ ३४	जन. १९	५ ५१
जन. २५	सू. उ.	जन. २५	१२ ५९
(जन. २७	सू. उ.	जन. २७	११ १०)मं.
जन. २८	११ ०८	जन. २९	सू. उ.
फर. २	१८ ०२	फर. ३	सू. उ.
फर. ३	२० ३१	फर. ४	सू. उ.
फर. ६	सू. उ.	फर. ७	५ २२

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१५ ई.	घं. मि.	२०१५ ई.	घं. मि.
फर. ८	सू. उ.	फर. ८	८ २९
(फर. ८	८ २९	फर. ८	१५ ०१)र.
फर. ८	१५ ०१	फर. ९	सू. उ.
फर. १२	१७ २६	फर. १३	सू. उ.
फर. १५	सू. उ.	फर. १५	१६ ३०
फर. २२	२० ००	फर. २३	सू. उ.
फर. २४	१७ ४९	फर. २६	सू. उ.
मार्च १	२३ ५४	मार्च ३	२ ३३
मार्च ३	सू. उ.	मार्च ४	५ २७
मार्च ६	सू. उ.	मार्च ६	११ ३४
(मार्च ८	सू. उ.	मार्च ८	१७ ३०)र.
(मार्च १२	० ०४	मार्च १२	सू. उ.)बु.
मार्च १२	सू. उ.	मार्च १३	१ ०९
मार्च १६	० १०	मार्च १६	सू. उ.
मार्च १६	२२ २९	मार्च १७	सू. उ.

रवि योग (सन् २०१४ ई.)

(भा. स्टैं. टा.)

अप्रै. ३	० ०५	अप्रै. ४	० ५६
अप्रै. ५	२ २७	अप्रै. ६	४ ३५
अप्रै. ८	१० ०४	अप्रै. १०	१५ ४७
अप्रै. १२	२० १६	अप्रै. १३	२१ ४५
अप्रै. १४	७ ३६	अप्रै. १४	२२ ४३
अप्रै. २०	१९ ३३	अप्रै. २१	१८ ०८
मई २	११ १८	मई ३	१३ ०८
मई ४	१५ २८	मई ५	१८ १०
मई ७	२३ ५९	मई १०	४ ५३
मई १३	७ ५५	मई १४	७ ३७
मई १९	२२ १३	मई २०	२० ३१
मई ३१	२३ २२	जून २	१ ५९

रवि योग (सन् २०१४ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
जून ३	४ ५१	जून ४	७ ४९
जून ६	१३ १८	जून ९	१७ २७
जून ११	१६ २६	जून १२	१४ ५५
जून १८	१ ०८	जून १८	२३ ३१
जून ३०	११ ५०	जुला. १	१४ ५१
जुला. २	१७ ५२	जुला. ३	२० ४४
जुला. ६	१ ११	जुला. ६	१० ०८
जुला. ७	२ २५	जुला. ९	२ २४
जुला. १०	२३ १५	जुला. ११	२० ४८
जुला. १७	५ १२	जुला. १८	४ ०१
जुला. ३०	० ०६	जुला. ३१	३ ०३
अग. १	५ ४५	अग. २	८ ०४
अग. ३	८ ३०	अग. ३	९ ५०
अग. ५	११ १०	अग. ७	९ १६
अग. ९	४ ४१	अग. १०	१ ४५
अग. १५	११ ०५	अग. १६	१० ३६
अग. १७	६ १५	अग. १७	१० ५२
अग. २८	११ ३०	अग. २९	१३ ५१
अग. ३०	१५ ४७	अग. ३१	२ ०८
अग. ३१	१७ १२	सितं. १	१८ ०१
सितं. ३	१७ ३२	सितं. ५	१४ २४
सितं. ७	९ १९	सितं. ८	६ २६
सितं. १३	१९ ०५	सितं. १३	२० ०४
सितं. १४	१९ २६	सितं. १५	२० ३२
सितं. २६	२१ २३	सितं. २७	११ ३१
सितं. २७	२२ ४२	सितं. २८	२३ ३२
सितं. २९	२३ ५४	सितं. ३०	२३ ४४
अक्तू. २	२१ ५३	अक्तू. ४	१८ १९
अक्तू. ६	१३ ४४	अक्तू. ७	११ २२
अक्तू. १४	६ २४	अक्तू. १५	८ १९

रवि योग (सन् २०१४-१५ ई.)
(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
अक्तू.२७	५ २६	अक्तू.२८	५ ०८
अक्तु.२९	४ २७	अक्तू.३०	३ ३०
नवं. १	० ५३	नवं. २	२१ ४२
नवं. ४	१८ २४	नवं. ५	१६ ५६
नवं. १२	१९ ०५	नवं. १३	२१ ४१
नवं. २५	१० ३८	नवं. २६	९ १४
नवं. २७	७ ४४	नवं. २८	६ १४
नवं. ३०	३ २७	दिसं. २	१ १४
दिसं. ४	२३ २२	दिसं. ५	२३ १८
दिसं. १२	८ ४८	दिसं. १३	११ ५०
दिसं. २४	१५ ०१	दिसं. २५	१२ ५१
दिसं. २६	१० ५०	दिसं. २७	९ ०४
दिसं. २९	६ ३५	दिसं. २९	१० ५१
दिसं. ३०	५ ५५	जन. १	५ ४३
(सन् २०१५ ई.)			
जन. ३	६ ५३	जन. ४	८ ०१
जन. १०	२२ ३६	जन. ११	१२ ५६
जन. १२	१ ४१	जन. १३	४ २६
जन. २२	१९ २८	जन. २३	१६ ५५
जन. २४	१४ ४३	जन. २४	१५ १०
जन. २५	१२ ५९	जन. २६	११ ४७
जन. २८	११ ०८	जन. ३०	१२ ३७
फर. १	१५ ५२	फर. २	१८ ०२
फर. १०	१४ ०२	फर. ११	१६ ०५
फर. २१	२२ ०२	फर. २२	२० ००
फर. २३	१८ ३४	फर. २४	१७ ४९
फर. २६	१८ २६	फर. २८	२१ ३५
मार्च ३	२ ३३	मार्च ४	५ २७
मार्च ५	५ ०९	मार्च ५	८ २९
मार्च १२	० ०४	मार्च १३	१ ०९

सिद्धि योग (सन् २०१४-१५ ई.)
(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
अप्रै. ३	० ०५	अप्रै. ३	सू. उ.
अप्रै. ११	१८ १५	अप्रै. १२	सू. उ.
अप्रै. २०	सू. उ.	अप्रै. २०	१९ ३३
अप्रै. ३०	९ १७	मई १	सू. उ.
मई ९	सू. उ.	मई १०	४ ५३
मई १९	२२ १३	मई २०	सू. उ.
मई २८	सू. उ.	मई २८	१७ ५६
जून ६	सू. उ.	जून ६	१३ १८
जून १६	५ ३०	जून १७	३ १०
जुला. १४	सू. उ.	जुला. १४	१२ ०४
अग. २१	१८ १५	अग. २२	सू. उ.
अग. ३०	१५ ४७	अग. ३१	सू. उ.
सितं. १०	० ५१	सितं. १०	सू. उ.
सितं. १८	सू. उ.	सितं. १९	३ २५
सितं. २७	सू. उ.	सितं. २७	२२ ४२
अक्तू. ७	११ २२	अक्तू. ८	सू. उ.
अक्तू.१६	सू. उ.	अक्तू.१६	१० ४६
नवं. ४	सू. उ.	नवं. ४	१८ २४
दिसं. २१	२० ५७	दिसं. २२	सू. उ.
(सन् २०१५ ई.)			
जन. १	५ ४३	जन. १	सू. उ.
जन. ९	१९ २८	जन. १०	सू. उ.
जन. १८	७ ३४	जन. १९	५ ५१
जन. २८	११ ०८	जन. २९	सू. उ.
फर. ६	सू. उ.	फर. ७	५ २२
फर. १५	सू. उ.	फर. १५	१६ ३०
फर. २५	सू. उ.	फर. २५	१७ ४७
मार्च ६	सू. उ.	मार्च ६	११ ३४
मार्च १६	२२ २९	मार्च १७	सू. उ.

द्विपुष्कर योग
(२०१४-१५ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
अप्रै. ५	२२ ५४	अप्रै. ६	४ ३५
मई २०	२० ३१	मई २१	सू. उ.
अग. २	१७ १७	अग. ३	९ ५०
अक्तू. ५	४ ३२	अक्तू. ५	१६ ०५
दिसं. ७	१८ ०२	दिसं. ८	० २७
(सन् २०१५ ई.)			
जन. ३१	सू. उ.	जन. ३१	१४ ०३
मार्च १७	२० १५	मार्च १८	१ ५५

त्रिपुष्कर योग
(सन् २०१४-१५ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

अप्रै. २६	सू. उ.	अप्रै. २६	११ ०२
मई ११	२ ५४	मई ११	६ ३४
जून २४	सू. उ.	जून २४	१० १०
जून २८	१५ २८	जून २९	८ ५९
जुला. १३	१३ ०६	जुला. १३	१५ ००
सितं. १	५ १५	सितं. १	सू. उ.
सितं. ६	सू. उ.	सितं. ६	१२ ०२
सितं. १४	१८ ४०	सितं. १४	१९ २६
अक्तू.२५	सू. उ.	अक्तू.२६	३ ३९
नवं. ८	सू. उ.	नवं. ८	१४ ३०
दिसं. २३	१७ १२	दिसं. २४	१ ४१
दिसं. २७	१४ ५४	दिसं. २८	७ ३८
(सन् २०१५ ई.)			
जन. ११	२३ ५५	जन. १२	१ ४१
फर. २४	१७ ४९	फर. २५	सू. उ.
मार्च १	१४ ०२	मार्च १	२३ ५४
मार्च ७	सू. उ.	मार्च ७	१४ ३६

अमृतसिद्धि योग
(सन् २०१४-१५ ई.) (भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ		समाप्त	
२०१४ ई.	घं. मि.	२०१४ ई.	घं. मि.
(अप्रै. १	सू. उ.	अप्रै. १	२३ ५६)मं.
(अप्रै. १३	२१ ४५	अप्रै. १४	सू. उ.)र.
(अप्रै. २९	सू. उ.	अप्रै. २९	९ ०५)मं.
(मई ११	६ ३४	मई १२	सू. उ.)र.
(जून ८	सू. उ.	जून ८	१६ ४८)र.
(जून ११	१६ २६	जून १२	सू. उ.)बु.
(जून २०	२१ ४८	जून २१	सू. उ.)शु.
(जुला. ९	सू. उ.	जुला. १०	१ १०)बु.
(जुला. १८	सू. उ.	जुला. १९	३ ३१)शु.
(अग. ६	सू. उ.	अग. ६	१० ३७)बु.
(अग. १५	सू. उ.	अग. १५	११ ०५)शु.
(सितं. १५	२० ३२	सितं. १६	सू. उ.)च.
(सितं. १९	३ २५	सितं. १९	सू. उ.)गु.
(अक्तू. १२	४ ४०	अक्तू. १२	सू. उ.)श.
(अक्तू. १३	सू. उ.	अक्तू. १३	९ ३३)च.
(अक्तू. १६	१० ४६	अक्तू. १६	१३ ४५)गु.
(नवं. ८	१४ ३०	नवं. ९	सू. उ.)श.
(नवं. १०	सू. उ.	नवं. १०	१५ ३०)च.
(नवं. १३	सू. उ.	नवं. १३	२१ ४१)गु.
(दिसं. ३	० २२	दिसं. ३	सू. उ.)मं.
(दिसं. ६	सू. उ.	दिसं. ६	२३ ३९)श.
(दिसं. ३०	सू. उ.	दिसं. ३१	५ ३८)मं.
(सन् २०१५ ई.)			
(जन. १२	१ ४१	जन. १२	सू. उ.)र.
(जन. २७	सू. उ.	जन. २७	११ १०)मं.
(फर. ८	८ २९	फर. ८	१५ ०१)र.
(मार्च ८	सू. उ.	मार्च ८	१७ ३०)र.
(मार्च १२	० ०४	मार्च १२	सू. उ.)बु.

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग (सं. 2071 वि.) का 'आयुसाधन विशेषांक'

(लेखक एवम् सम्पादक – प्रियव्रत शर्मा)

इस विशेषांक के विषय :–

विषय — पृष्ठ

(i) समस्या एवम् समाधान.. 279–286

(ii) आयुनिर्णय.. 288

(iii) यवन–मयादि–मतानुसार आयुनिर्णय.. 288–291

(iv) आचार्य केशवोक्त आयुसाधन.. 291–297

(v) ग्रहायु एवम् लग्नायु–साधन कोष्ठक.. 298–301

आगामी वर्ष सं. 2072 वि. का विशेषांक

अगले वर्ष (सं. 2072 वि. में) **' राशिफल विशेषांक '** होगा। अपनी राशि के जिस दैनिक, साप्ताहिक, मासिक, वार्षिक राशिफल को आप पंचांगों, पत्र–पत्रिकाओं में या T.V. पर उत्कण्ठा से पढ़ते–सुनते हैं– वह कहां तक विश्वसनीय है– इसका खगोल–शास्त्रानुसारी तार्किक विश्लेषण इस अंक में आप पढ़ेंगे।

– प्रियव्रत शर्मा

' अभिजित् प्रकाशन ' की पुस्तकों के विज्ञापन इस पंचांग में कहां–कहां ?

पुस्तक	पृष्ठ	पुस्तक	पृष्ठ
(i) भारतीय लग्ननिर्णय........................	124	(vi) व्रत–पर्व–विवेक........................	303
(ii) लघु लग्नसारणी........................	267	(vii) मुहूर्त–गजानन........................	टा. पृ. 4
(iii) ग्रहोदयास्त–निर्णय........................	197	(viii) ग्रहयोग एवम् दाम्पत्य जीवन....	304
(iv) गणक मार्त्तण्ड........................	278	(ix) शताब्दी विश्वकुण्डली दर्पण........	302
(v) शताब्दी ग्रहभोगांश........................	302	(x) विश्व लग्नसारणी........................	287

ये पुस्तकें एवम् मुफ्त विस्तृत पुस्तक–सूचीपत्र (catalogue) मंगवाने के लिए हमें नीचे दिए पते पर लिखिए।

ग्राहकों के लिए हर्षप्रद समाचार

प्रो. प्रियव्रत शर्मा द्वारा लिखित उपरोक्त इन सभी पुस्तकों के लिए छपे मूल्य पर 25 प्रतिशत की छूट और डाकव्यय माफ किया गया है। यह योजना केवल 21 जून, 2014 ई. तक ही लागू रहेगी, बशर्ते कि– पुस्तकें हमारे स्टॉक में उपलब्ध हों।

पुस्तकों का डाकव्ययसहित मूल्य आप हमारे (अभिजित् प्रकाशन, पंचकूला– हरियाणा के) O.B.C. Bank (ORIENTAL BANK OF COMMERCE) के Account no. 09 88 11 31 00 13 92 (IFSC- ORBC- 0100988) भी जमा करवा सकते हैं। हमारे इस बैंक खाता में पैसे जमा करवाने के बाद हमारे फोन नं. 090413 30161 हमें अपना नाम, पता, फोन नं. और पुस्तकें, जो आप मंगवाना चाहते हैं, SMS द्वारा सूचित करना न भूलें।

श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन,' कोठी नं. 59, सैक्टर 6,
P.O. पंचकूला (हरियाणा) – 134 109, **Phone: 0172-2565 303**

110 वर्ष का सर्वप्रथम खगोलसिद्ध सूक्ष्मतम पंचांग (दो भागों में)

(द्वितीय संस्करण उपलब्ध)

पृष्ठ संख्या 826

गणकमार्त्तण्ड

साईज 24X18 सें. मी.

कम्प्यूटर द्वारा तैयार और मुद्रित किया गया भारत का सबसे पहिला 110 वर्ष (सन् 1941 से 2050 ई. तक) का सूक्ष्मतम पंचांग, जिसकी तुलना विश्व के किसी भी प्रामाणिक **Ephemeris** से की जा सकती है।

लेखक– प्रियव्रत शर्मा, एम.ए., सिद्धान्तज्योतिषाचार्य, साहित्याचार्य (सम्पादक – श्रीमार्त्तण्डपंचांग),

---

दो भागों (जिल्दों) में विभाजित इस महाग्रन्थ में जन्मपत्र आदि निर्माण के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण, ज्योतिषियों के लिए नितान्त उपयोगी अनेक विषयों में से कुछेक इस प्रकार हैं –

1–भारत के सभी (35) प्रान्तों के प्रसिद्ध 4,000 से भी अधिक नगर–उपनगरों के अक्षांश, रेखांश और स्टैण्डर्ड अन्तर (स्था. म. का. का भा. स्टैं. टा. से अन्तर)।

2–विश्व के प्रमुख 230 नगरों के अक्षांश, रेखांश, स्टैण्डर्ड अन्तर तथा G.M.T. और भा. स्टैं. टा. से उनके स्टैं.टा. का अन्तर।

3–विश्व के लगभग 120 देशों की स्टैण्डर्ड मेरिडियन्स, उनके स्टैं. टा. का G.M.T. और भा. स्टैं. टा. से अन्तर ।

4–0° से 60° अक्षांश तक के दैनिक सूर्योदयास्तकाल तथा सेकण्ड तक सूक्ष्म सूर्योदयास्तसाधन की विधि।

5–विदेश में उत्पन्न जातक की जन्मपत्री बनाने की सोदाहरण विस्तृत, सरल विधि तथा भारतीय पंचांग के तिथि–नक्षत्र–योग आदि को अन्य देशों के स्टैं. टा. में परिवर्तित करने की सोदाहरण विधियां और Summer Time का विवेचन।

6–इष्टकालिक सूर्यादि ग्रह स्पष्ट करने की अनेक सरल पद्धतियों का सोदाहरण निर्देश एवम् तदर्थ अनेक मौलिक सारणियां।

7–'अन्तर्न्यासपद्धति' द्वारा चन्द्र एवम् बुध जैसे द्रुतगति ग्रहों को सूक्ष्मतापूर्वक इष्टकालिक बनाने की नवीन प्रकिया को अत्यन्त सरल बना देने वाली सारणियां और उनका सोदाहरण स्पष्टीकरण।

8–प्राचीनपद्धति (इष्टकाल और स्पष्टसूर्य) से इष्टकालिक लग्न स्पष्ट करने के लिए सम्पूर्ण भारत (8° से 35° अक्षांश तक) की आधा–आधा अक्षांशान्तर पर लग्नसारणियां एवम् उनसे इष्टकालिक लग्नसाधन का सोदाहरण विस्तृत स्पष्टीकरण।

9–नवीन पद्धति (साम्पातिककाल पद्धति) से लग्नसाधन के लिए अखिल भारतीय लग्नसारणियां, तदनुसार इष्टकालिक लग्नसाधन की सोदाहरण विधि तथा सन् 1941 से 2050 ई. तक का सूक्ष्म साम्पातिक काल और अयनांश।

10– समस्त भारत के नगरों (अक्षांशों) के लिए मेषादि लग्नों का प्रारम्भकाल बतलाने वाली अद्भुत सारणियां, जिनकी मदद से किसी भी नगर में किसी भी दिन अभीष्ट लग्न का प्रारम्भकाल (भा. स्टैं. टा.) केवल एक मिनट में ही विना गणित किए जाना जा सकता है।

11– सन् 1941 से 2050 ई. तक (110 वर्षों) का चन्द्रसहित सभी ग्रहों का सूक्ष्म राशिप्रवेशकाल (भा.स्टैं. टा.) 92 पृष्ठों पर दिया गया है, जिससे जातक की जन्मकुण्डली 2–3 मिनट में ही बनाई जा सकती है।

12– 220 पृष्ठों पर सन् 1941 से 2050 ई. तक के तिथि, नक्षत्र, योगों का दैनिक समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) है।

13– 220 पृष्ठों पर सूक्ष्म दैनिक स्पष्ट सूर्य और चन्द्रमा दिए गए हैं।

14– 110 पृष्ठों पर सन् 1941 से 2050 ई. तक के साप्ताहिक स्पष्ट मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि एवम् राहु दिए गए हैं। यहां एक विशेष कोष्ठक भी दिया गया है, जिसकी मदद से साप्ताहिक स्पष्टग्रह को तुरन्त ही इष्टकालिक बना सकते हैं। ग्रहों के वक्री–मार्गी होने की तारीखें भी दी गई हैं।

15– 2001 से 2050 ई. तक के सूर्य–चन्द्रग्रहणों की सूची, गुरु–शुक्र के अस्तोदय की तारीखें, श्रीरामनवमी, जन्माष्टमी, दीपमाला आदि प्रमुख–प्रमुख सभी मासिक पर्व तथा हरिद्वार आदि के चारों महाकुम्भों की तारीखें दी गई हैं।

ध्यान रहे– 110 वर्ष के इस पंचांग की गणित और मुद्रण–दोनों Electronic Computer द्वारा ही किए गए है, जिससे इसमें गणित एवम् मुद्रणसम्बन्धी किसी भी प्रकार की अशुद्धि की तनिक भी गुंजायश नहीं है।

पुस्तक के दोनों भाग उत्कृष्ट Imported Paper पर मुद्रित एवम् आकर्षक टाईटलों में निबद्ध हैं।

मूल्य **Rs.** 1150/– + डाकव्यय **Rs.** 60/–

पुस्तक का डाकव्ययसहित मूल्य **M.O.**या **D.D.** द्वारा नीचे लिखे पते पर भेजिए।

पुस्तक मिलने का पता :– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil., 'अभिजित् प्रकाशन,

कोठी नं. 59, सैक्टर–6, **P.O.** पंचकूला (हरियाणा) – 134 109, Phone: 0172-2565 303

ध्यान दें– हमारी पुस्तकों को बेचने का अधिकार केवल "अभिजित् प्रकाशन" 59/6, पंचकूला को ही है, अन्य किसी भी विक्रेता को इन्हें बेचने का अधिकार नहीं है।

समस्याएं और समाधान

लेखकः– प्रियव्रत शर्मा, कोठी नं. 59, सेक्टर–6 (अभिजित्), पंचकूला–134 109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर दने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्र द्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता ।

विशेष निर्देश– समस्या भेजने वाले को अपना पूरा साफ–साफ पता और फोन नं. दोनों अनिवार्यतः भेजने होंगे। पता एवं फोन नं. के बिना प्राप्त समस्याओं के समाधान न तो पंचांग में प्रकाशित होंगे और न ही उनका उत्तर डाक से दिया जा सकेगा– यह ध्यान रखें।

चार से अधिक समस्याएं न भेजें।

ध्यान दें– मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है।

–प्रियव्रत शर्मा

समस्या–(i) ग्रहणकाल में सूर्य एवं चन्द्रमा की क्रान्ति समान होती है, फिर भी सभी ग्रहणकाल क्रान्तिसाम्य की सूची में नहीं आते– ऐसा क्यों ?

(ii) अयनांश में वृद्धि के कारण भारतीय मासों का सम्बन्ध निरन्तर ऋतुओं से हटता जा रहा है। आगामी लगभग ग्यारह हज़ार वर्षों में अयनांश का मान 180° के लगभग हो जाएगा। तब ज्येष्ठ के महीने में कंपकंपाती सर्दी और पौष के मास में तेज गर्मी हुआ करेगी। क्या कोई ऐसी व्यवस्था (अधिकमास, क्षयमास की तरह या अन्य) सम्भव नहीं जिससे निरयण–पद्धति और सायन पद्धति में समन्वय स्थापित हो सके ?

(iii) चन्द्रदर्शन की तारीखों के साथ दिए गए चन्द्र के 'उन्नत शृंग' की दिशा और 'अंश' से क्या अभिप्राय है ?

(iv) जन्माष्टमी के दिन मध्यरात्रिकाल कौन सा लिया जाए ? रात्रि $12^h.00^m$ I.S.T., स्थानीय सूर्यास्त और सूर्योदय का मध्य का काल अथवा स्थानीय चन्द्रोदयकाल ?

श्री धनीराम शर्मा,
V.P.O. किरमच, कुरुक्षेत्र (हरियाणा)।

समाधान–(i) सूर्य–चन्द्र के ग्रहणों के समय घटित होने वाली सूर्य–चन्द्र की क्रान्तियों में समानता को " क्रान्तिसाम्य " कहा जाता है और ग्रहणों से अन्य काल में घटित होने वाली सूर्य–चन्द्र की क्रान्तियों में समानता को " महापात " के नाम से पुकारा जाता है।

जब सूर्य और चन्द्र के भोगांशों (राशि, अंशादि) का अन्तर शून्य या 6 राशितुल्य होता है, तब वहां क्रमशः सूर्य एवं चन्द्र के ग्रहण की स्थिति बनती है। ग्रहण की इन स्थितियों में घटित होने वाली क्रान्तियों की समानता ' क्रान्तिसाम्य ' के नाम से पुकारी जाती है।

जब सूर्य और चन्द्र के भोगांशों का योग शून्य या 6 राशितुल्य हो, तब घटित होने वाली इन ग्रहों की क्रान्तियों की समानता को ' महापात ' की विशेष संज्ञा दी गई है। यह ' महापात '' भी दो प्रकार का है– भोगांशों के शून्यतुल्य

योग से घटित ' महापात ' ''वैधृति महापात '' तथा दोनों के भोगांशों के छः राशितुल्य योग से घटित ' महापात ' ' व्यतीपात महापात '' कहलाता है। ध्यान रहे– ' महापात ' को भी दैवज्ञ लोग अकसर ' क्रान्तिसाम्य ' ही कहते हैं। ' श्री मार्त्तण्ड पंचांग ' में '' यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए महत्त्वपूर्णकाल '' स्तम्भ के अन्तर्गत दिए जाने वाले क्रान्तिसाम्य के प्रारम्भ–समाप्तिकाल ' महापात ' के ही प्रारम्भ–समाप्तिकाल हैं। इन्हें शुभकृत्यों में वर्जित किया जाता है। वैसे, सूर्य–चन्द्र–ग्रहणकालीन क्रान्तिसाम्य भी शुभकृत्यों में वर्ज्य है। लेकिन उसे ' महापात ' के प्रारम्भ–समाप्तिकालों के साथ चर्चित करना अनावश्यक समझा जाता है, क्योंकि शुभकृत्यों में सूर्य और चन्द्रग्रहण वाला पूरा दिन अपने पूर्वापरवर्त्ती दो दिनों के साथ स्वतः वर्जित होता ही है।

(ii) इसमें सन्देह नहीं– हमारी निरयण पंचांगगणना हमारे चैत्रादि मासों और तत्सम्बद्ध व्रत–पर्वों को नकी मूलभूत वर्त्तमान ऋतुओं से धीरे–धीरे विच्छिन्न करती जा रही है। इस समस्या का कोई समाधान सचमुच पलब्ध नहीं है। यदि बलात् सायनगणना के आधार पर पंचांगों के निर्माण का प्रयास किया भी गया तो हमारे मासों, र्वों का इन मूल ऋतुओं से स्थायी सम्बन्ध तो अवश्य बन जाएगा। लेकिन हमारे प्राचीन सिद्धान्त–फलित–योतिष–साहित्य, वेद–पुराण–स्मृति–धर्मशास्त्र–काव्य–महाकाव्य आदि हमारे अन्य समस्त प्राचीन साहित्य में लभ्यमान क्षत्र, ग्रहगतिस्थिति आदि के असंख्य सन्दर्भ असह्यरूपेण बुरी तरह विक्षुब्ध हो जाएंगे और भारतीय 'त्रिस्कन्ध ज्योतिष' ा पूरे का पूरा साहित्य अप्रयोज्य (Obsolete) हो जाएगा। यही कारण है, भारत सरकार द्वारा आयोजित Indian alendar Reformation Committee भी हमारे इस भारतीय पंचांग की नाक्षत्रप्रकृति को चाहते हुए भी सायनप्रकृति देने विफल रही। इस स्थिति में हम अपने पंचांग की इस अनभीष्ट प्रकृति को सहन करने के लिए बाधित हैं।

(iii) अमावस्या के अनन्तर सायं सूर्यास्तबाद शुक्लपक्ष की प्रतिपदा या द्वितीया तिथि के दिन जब श्चिमक्षितिज से लगभग 12 अंश की ऊंचाई (उन्नतांश) पर नया चान्द दिखाई पड़ता है, तब उसके बिम्ब का गभग 180 अंशात्मक परिधिखण्ड (सुवर्ण के आधे कंगन जैसा) पश्चिमक्षितिज की ओर चमकता दीख पड़ता है। स दीप्त परिधिखण्ड के दो छोर (Ends), जिन्हें यहां ' श्रृंग ' कहा जाता है, उत्तर एवं दक्षिण दिशा में होते हैं। श्चिमक्षितिज से नीचे सूर्य की स्थिति–दिशा के अनुसार ये दोनों ' श्रृंग ' कभी ' चन्द्रबिम्ब के केन्द्र से गुजरने वाली श्चिमक्षितिज के समानान्तर रेखा (प' क क्ष'– नीचे दिया आलेख देखें) के नीचे रहते हैं। इस स्थिति में यह माना ाता है कि– चन्द्र का कोई भी श्रृंग उन्नत नहीं है। जब कभी दोनों श्रृंगों में से कोई एक– उत्तरी या दक्षिणी श्रृंग स रेखा से ऊपर उठा होता है, तब माना जाता है कि– चन्द्र का अमुक (उत्तरी या दक्षिणी) श्रृंग उन्नत है। देखें– नीचे दिए आलेख में उत्तरी श्रृंग उन्नत दिखाया गया है।) उन्नत श्रृंग कितने अंश उत्तर या दक्षिण में उन्नत – इसका निर्णय इस प्रकार करेंगे (आलेख देखिए)–

चन्द्रबिम्ब के केन्द्र (क) से उन्नत श्रृंग (श्रृं.) को छूती रेखा (क ग) खींचिए। इस रेखा और '' चन्द्रबिम्ब के न्द्र से गुजरती पश्चिमक्षितिज की समानान्तर रेखा (प' क्ष') से चन्द्रबिम्ब के केन्द्र 'क' में बने कोण (∠ग क ') के तुल्य श्रृंग (श्रृं.) के उन्नतांश हमें ज्ञात हो गए। (इस ' आलेख ' में उत्तरी श्रृंग उन्नत दिखाया गया है।)

और स्पष्टता के लिए यह आलेख देखिए–



ख शृ. म शृ'. = चन्द्रबिम्ब
क = चन्द्रबिम्ब केन्द्र
प क्ष = पश्चिमक्षितिज
प' क क्ष' = बिम्बकेन्द्रगामी ' प क्ष '(पश्चिमक्षितिज) रेखा के समानान्तर रेखा।
शृ. म शृ.' = चन्द्रबिम्ब का दीप्त परिधिखण्ड।
शृ.' = उत्तर शृंग
शृ. = दक्षिण शृ.ंग
∠गकक्ष' = उत्तरी शृ.ंग का उन्नतांश कोण

(iv) स्थानीय रात्रिमान (सूर्यास्त से सूर्योदय तक के काल) को 15 से विभाजित करने पर रात्रि के एक मुहूर्त्त का मान प्राप्त होता है। रात्रि का आठवां मुहूर्त्त (रात्रि का मध्यवर्त्ती मुहूर्त्त) ' **निशीथ** ' कहलाता है। यह निशीथ रात्रि का मध्य माना गया है। कृष्णपक्ष की अष्टमी में निशीथ के आसपास ही चन्द्रोदय हुआ करता है। श्रीमद्भागवत में श्रीकृष्ण का जन्म भाद्र. कृष्ण अष्टमी को ठीक चन्द्रोदय के समय बतलाया गया है। जिससे सामान्य जनता श्रीकृष्ण का जन्मकाल आसन्नमानेन मध्यरात्रि मानती है।

I. S. T. के अनुसार रात्रि के $12^h\ 00^m$ ($0^h\ 00^m$) का समय यथार्थ स्थानीय अर्धरात्रिकाल (निशीथ मध्यकाल = निशीथमुहूर्त्त का मध्यकाल) नहीं है। यह काल तो हमारी (भारत की) स्टैण्डर्ड मेरिडियन (82° 30′ पू.) का स्थानीय मध्यमकाल है। स्वस्थानीय (स्वनगरीय) मेरिडियन का स्पष्टकालानुसारी $0^h\ 00^m$ काल ही स्वनगरीय यथार्थ रात्रिमध्यबिन्दु (निशीथमध्यकाल) होगा, जो स्थानीय सूर्यास्त एवं सूर्योदयकालों का ही मध्यबिन्दु है।

समस्या– चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से प्रारम्भ होने वाले क्रमशः वासन्त और शारद नवरात्रों से तो हम सभी परिचित हैं। लेकिन गत कुछ वर्षों से दो और नवरात्रों, जिन्हें **'गुप्तनवरात्रों '** की संज्ञा दी जाती है, की भी चर्चा सुनने को मिली है। इन गुप्तनवरात्रों की प्रारम्भ तिथियां तथा इनके अनुष्ठान आदि का कृपया परिचय दें। धर्मनिष्ठ समाज में इनका अब अच्छा प्रचार है, अतः इन्हें **'श्रीमार्त्तण्ढ पंचांग'** में प्रतिवर्ष निर्दिष्ट भी किया करें।

पं. रामदास शर्मा,
खिजराबाद (रूपनगर)।

समाधान– प्रचलित दो वासन्त और शारद नवरात्रों के अलावा जो दो और नवरात्र, जिन्हें गुप्तनवरात्र कहा जाता है, प्रचार में आए हैं, इनका प्रारम्भ आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा और माघ शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इनकी प्रारम्भ तिथियों का निर्णय ठीक उन्हीं धर्मशास्त्रीय नियमों के अनुसार होता है, जिनके आधार पर वासन्त, शारद नवरात्रों की प्रारम्भ तिथियों का। यहां एक बात ध्यान देने योग्य है– इन चारों नवरात्रों में से पहले तीन नवरात्रों का परस्पर अन्तर तीन–तीन मास का है– लेकिन चौथा नवरात्र (माघ मास वाला) अपने पूर्ववर्त्ती नवरात्र (आश्विन वाले नवरात्र) से चौथे मास पर घटित होता है। जबकि क्रमानुसार इसे पौष मास में घटित होना चाहिए। ऐसा लगता है– पौष मास को खर मास (धनुःस्थ सूर्य वाला मास) जानकर नवरात्रारम्भ के लिए उसे अनुपयुक्त मान लिया गया है।

इन नवरात्रों की अधिष्ठात्री देवी भी अन्य नवरात्रों की ही भान्ति दुर्गा ही है। इन नवरात्रों में किया जाने वाला अनुष्ठान आदि वासन्त, शारदनवरात्रों के अनुष्ठान से भिन्न नहीं है।

इन गुप्तनवरात्रों की चर्चा 'कालमाधव', 'तिथिनिर्णय', 'निर्णयसिन्धु' 'धर्मसिन्धु' आदि किसी भी व्रतपर्व–निर्णायक ग्रन्थ में नहीं है। इनका निर्देश केवल **' देवीभागवत '** में उपलब्ध है। इन नवरात्रों का विशेष प्रचार राजस्थान, मध्यप्रदेश आदि प्रान्तों में रहा है, जो अब Media के प्रभाव से अन्य प्रान्तों में भी प्रविष्ट हो गया है।

समस्या– **क्या कारण था–सं. 2070 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' तथा महाराष्ट्र, गुजरात एवं द. भारत के पंचांगों में भी आश्वि. कृष्णपक्ष (महालय) का तृतीया–श्राद्ध उदयव्यापिनी द्वितीया के दिन शनिवार को और चतुर्थीश्राद्ध उदयव्यापिनी तृतीया के दिन रविवार को लिखा गया था, जब कि पंजाब, हि.प्र., दिल्ली और राजस्थान के कुछ अन्य पंचांगों में ये श्राद्ध क्रमशः उदयव्यापिनी तृतीया और चतुर्थी के ही दिन (रवि और चन्द्रवार को ही) लिखे गए थे ?**

प्रो. डी.सी. शर्मा, M.A.,
भलवान–सरकाघाट (मण्डी) हि.प्र.।

समाधान– महालय श्राद्ध– पार्वण श्राद्ध होते हैं। ये पार्वण श्राद्ध अपराह्णव्यापिनी मृत्युतिथि के दिन किए जाते हैं। (" पार्वणं त्वपराह्णके ")। यदि मृत्युतिथि (श्राद्ध तिथि) दो दिन अपराहण को विषमता से (एक दिन अधिक और दूसरे दिन कम मात्रा में) व्याप्त करे तब धर्मशास्त्र का नियम है–उस तिथि का श्राद्ध उस दिन किया जाए जिस दिन वह अपराह्णकाल को अधिक मात्रा में व्याप्त कर रही हो। 'मरीचि स्मृति " का वचन है–

" द्व्यपराह्णव्यापिनी स्यादाब्दिकस्य यदा तिथिः ।
महती यत्र तद्दिद्दां प्रशंसन्ति महर्षयः ।।"

सं. 2070 वि. में महालय की तृतीया और चतुर्थी तिथियां दो–दो दिन अपराह्ण को व्याप्त कर रही थीं। तृतीया शनि और रविवार को तथा चतुर्थी रवि और चन्द्रवार को अपराह्णव्यापिनी थीं। अतः उपरोक्त शास्त्रनियमानुसार तृतीया–श्राद्ध शनिवार को (उदयव्यापिनी द्वितीया के दिन) तथा चतुर्थी–श्राद्ध रविवार को (उदयव्यापिनी तृतीया के दिन) लिखा गया। क्योंकि ये तिथियां क्रमशः शनिवार और रविवार के दिन अपराह्णकाल को अधिक व्याप्त कर रही थीं।

इन दिनों पंजाब आदि में अपराह्णकाल लगभग 13$^{\text{घं.}}$ 28$^{\text{मि.}}$ से 15$^{\text{घं.}}$ 53$^{\text{मि.}}$ तक था।

स्पष्ट है– इन पंजाबादि प्रदेशों के जिन पंचांगकारों ने अपराह्णव्याप्ति की मात्रा का विचार किए बिना ही इन तिथियों के श्राद्ध क्रमशः उदयव्यापिनी तृतीया और चतुर्थी के ही दिन लगाए थे– वे शास्त्र–विहित नहीं थे।

समस्या–सं. 2069 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में श्रावणकृष्ण एकादशी (कामिका एकादशी) का व्रत स्मार्त्तों एवं वैष्णवों के लिए दो भिन्न–भिन्न तारीखों क्रमशः 14 और 15 जुलाई, 2012 ई.को लिखा था जब कि पंजाब के एक अन्य पंचांग में इसे दोनों के लिए केवल एक ही दिन 14 जुलाई को लिखा था– किसे ठीक समझा जाए ?

पं. नृदेव आचार्य,
वसन्तविहार, नई दिल्ली।

समाधान– यहां द्वादशी की वृद्धि है और एकादशी शुद्धा (अरुणोदयकाल में दशमी से अस्पृष्ट) है। इस स्थिति में सामान्यनियमानुसार तो वैष्णवों का व्रत भी स्मार्त्तों के व्रत के साथ ता. 14 जुलाई को ही (एकादशी के दिन) होना चाहिए। लेकिन आचार्य माधव (कालमाधवकार) के विशेष प्रतिपादनानुसार यहां वैष्णवों का व्रत एकादशी के दिन न होकर द्वादशी (वृद्धा द्वादशी) के दिन 15 जुलाई, 2012 ई. को ही (स्मार्त्तों के व्रतदिन से दूसरे दिन) होना चाहिए। इस विषय में ' धर्मसिन्धु ' का यह सोदाहरण विवेचन देखिए–

" अथ दशमी 55 घ., एकादशी 58 घ., द्वादशी 60 घ. 1 प.– इयं शुद्धा (दशम्या अरुणोदये अविद्धा) एकादशी, द्वादशीमात्राधिक्यवती, अत्र वैष्णवानां द्वादश्यामुपोषणम्, स्मार्त्तानां पूर्वा। "

इस प्रमाण से 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में दिया यह स्मार्त्तों और वैष्णवों का एकादशीव्रत शास्त्रविहित सिद्ध है।

ध्यान रहे– ' धर्मसिन्धु 'कार द्वारा उद्धृत यह उपरोक्त मत ' कालमाधव 'कार का है। यहां ' हेमाद्रि ' का मत आचार्य 'माधव' के मत के प्रतिकूल है। उसके मतानुसार तो इस उपरोक्त स्थिति में स्मार्त्तों का व्रत भी वैष्णवों के व्रतके ही दिन (षष्टिघट्यात्मिका द्वादशी को) होना चाहिए। लेकिन अधिकतर आचार्य एवं 'पंचांगकार' इस स्थिति में कालमाधव को ही प्रामाणिकता देते हैं। इस प्रकार उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है, आप द्वारा निर्दिष्ट इस पंजाबी पंचांग में दिया गया एकादशी–व्रतनिर्णय माधव और हेमाद्रि– दोनों की दृष्टि से शास्त्रानुकूल नहीं है।

समस्या– सं. 2069 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में माघ शुक्ल में गोंतरी (गौरी) तृतीया का व्रत 13 फरवरी, 2013 ई. को लिखा था, जब कि तृतीया का चन्द्रमा 12 फरवरी, 2013 ई. को उदय हुआ था। इसी (चन्द्रोदय के) आधार पर हमारे यहां बहुत सी महिलाओं ने यह व्रत इसी दिन (12 फरवरी, '13 को) रखा था। 13 फरवरी, 2013 को तो तृतीया तिथि बहुत कम (केवल 3 घ. 4 प. ही) थी। क्या कारण है– फिर भी आपने गौरी व्रत 13 फरवरी, 2013 ई. को ही लिखा।

श्री सतीश कुमार,
गांव–कुनेर रतियां (ऊना) हि. प्र.।

समाधान– ध्यान रहे– इस व्रत का चन्द्रोदयकाल से कोई सम्बन्ध नहीं है। यदि दूसरे दिन तृतीया सूर्योदयानन्तर एक मुहूर्त्त (लगभग 2 घड़ी) भी विद्यमान हो तो भी यह व्रत दूसरे ही दिन करने की शास्त्राज्ञा है। 'कालमाधव'कार का वचन है–

" मुहूर्त्तमात्रसत्त्वेऽपि दिने गौरी व्रतं परे। "

'पुरुषार्थचिन्तामणि'कार का भी मत है–

" चैत्र–भाद्र–माघ-शुक्ल–तृतीयासु गौरीव्रतं विहितम्। तत्र मुहूर्त्तमात्राप्युत्तरैव।"

' धर्मसिन्धु'कार तो दूसरे दिन एक घटी से भी कम तृतीया में भी इस व्रत की अनुमति देते हैं। लेकिन इस बारे ' कालमाधव' एवं 'पुरुषार्थचिन्तामणि' के मत को ही मान्यता दी जाती है।

पंचांग के पाठकों से हमारा बार–बार नम्र निवेदन है– वे तिथि के घड़ी–पलों की मात्रा (कम या अधिक) देख कर उस तिथि के व्रतपर्व का स्वयं निर्णय न किया करें। क्योंकि– किसी तिथि के व्रत–पर्व के दिन का यथार्थ निर्णय व्रतपर्वशास्त्र के अध्ययन के बिना नहीं किया जा सकता। इसके लिए तिथि के घड़ी–पलों के अलावा अन्य कई बातों का विचार करना होता है।

समस्या– ' गण्डमूल ' का क्या अर्थ है ? अश्विनी आदि छः नक्षत्रों को ही गण्डमूल क्यों माना गया है ? अश्विनी आदि गण्डमूल नक्षत्रों के जिन चरणों को दोषरहित माना गया है, क्या उनमें उत्पन्न जातक का जन्म होने पर भी शान्ति करवानी चाहिए ?

श्री ओमप्रकाश शर्मा, रामकोट (फ़ाज़िल्का) पं।

समाधान– रेवती–अश्विनी, आश्लेषा–मघा और ज्येष्ठा–मूल – ये तीन नक्षत्रयुगल गण्डमूल कहे जाते हैं। इन नक्षत्रयुगलों के ये दो-दो नक्षत्र जहां परस्पर मिलते हैं, वहां क्रमशः मीन–मेष, कर्क–सिंह और वृश्चिक–धनु राशियां भी मिलती हैं। अर्थात् रेवती–अश्विनी की सन्धि पर मीन–मेष, आश्लेषा–मघा की सन्धि पर कर्क–सिंह और ज्येष्ठा–मूल की सन्धि पर वृश्चिक–धनु की भी सन्धि है। यही कारण है– इन नक्षत्रयुगलों को ' गण्डनक्षत्र ' कहा जाता है, जिसका अर्थ है– जोड़(सन्धि) वाले नक्षत्र। संस्कृत में गण्ड शब्द का अर्थ जोड़ या 'गांठ ' होता है। ध्यान रहे– इन तीन नक्षत्रयुगलों के अलावा और कोई ऐसा नक्षत्रयुगल नहीं है, जहां (जिनके मध्य) राशि–सन्धि घटित हो रही है।

' सूर्यसिद्धान्त ' में इन गण्डमूल नामक नक्षत्रयुगलो के पूर्ववर्त्ती नक्षत्रो के अन्तिम चरणों को 'भसन्धि' और परवर्त्ती नक्षत्रों के प्रथम चरणों को ' गण्डान्त ' कहा गया है। 'भसन्धि' एवं 'गण्डान्त' में जन्म होना जातक के लिए अशुभ एवं इनमें किया गया शुभकृत्य विफल माना गया है।

यद्यपि इन गण्डमूल नक्षत्रों के 'भसन्धि' एवं गण्डान्त ' नामक चरणों में ही जन्म दोषकारक बतलाया गया है, इनके शेष चरणों को निर्दोष कहा गया है– तथापि अनेक मुहूर्त्तशास्त्रियों का परामर्श है, इनके ' इन शेष ' तीन–तीन निर्दोषचरणों में उत्पन्न जातक की भी गण्डमूलशान्ति करवा देनी चाहिए क्योंकि दोषपूर्ण 'भसन्धि' और 'गण्डान्त' चरणों के सम्पर्क से इन चरणों में भी कुछ दोष रहता है– ऐसा माना जाता है।

समस्या– कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी को ' धनतेरस ' का पर्व मनाया जाता है। पंचांगकारों में इसकी तिथि (दिन) के बारे में अनेकदा मतभेद देखा गया है। कोई इसे उदयव्यापिनी तिथि में और कोई इसे इससे पहले दिन बतलाते हैं। इसकी यथार्थ तिथि का निर्णय कैसे किया जाना चाहिए ?

मि. संजय पाठक, पंचकूला (हरि)।

समाधान– व्रतपर्व शास्त्रानुसार शुक्लपक्ष की त्रयोदशी पूर्वविद्धा और कृष्णपक्ष की परविद्धा लेनी चाहिए। यदि वह (कृष्ण त्रयोदशी) परविद्धा न प्राप्त हो तो उसे पूर्वविद्धा ले लेना चाहिए। [" शुक्ल–त्रयोदशी पूर्वा, परा कृष्णत्रयोदशी। अलाभे सापि पूर्वैव ......।"– (*कालमाधव*)] इस शास्त्रनियमानुसार ही धनतेरस का निर्णय करना चाहिए। ध्यान रहे– सूर्योदयानुसार त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी (लगभग 6 घटी तक व्याप्त) तिथि परविद्धा होती है। दिनमान को 5 से विभाजित करने पर शुद्ध (वास्तव) त्रिमुहूर्त्त का मान ज्ञात होता है।

कुछ पंचांगकार तो इसतिथि (कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी) को उदयमात्रव्यापिनी देख कर ही, त्रिमुहूर्त्तन्यून तिथि के दिन ही ' धनतेरस ' लिख देते हैं। जो शास्त्रविरुद्ध है।

समस्या– ' वसन्त पञ्चमी ' पर्व की तिथि (दिन) का निर्णय कैसे किया जाना चाहिए ? इसकी तिथि के निर्णय में भी पंचांगकारों में अनेकदा मतभेद पाया गया है।

डा. रेणुका जोशी, देहरादून (उ. खं.)।

समाधान– पूर्वाह्ण में व्याप्त माघशुक्ल पंचमी के दिन यह पर्व मनाया जाना चाहिए। यदि पञ्चमी दूसरे ही दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो उसी दिन, यदि वह दोनों दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो इसे पहले ही दिन मनाया जाता है। (' परत्रैव पूर्वाह्णव्याप्तौ परा,अन्यथा पूर्वैव।' –धर्मसिन्धु) दिनमान का पूर्वार्ध ही पूर्वाह्णकाल है।

पाठक ध्यान दें– उदयव्यापिनी तिथि के आधार पर ही किसी व्रतपर्व की तिथि (दिन) का निर्णय पाठक को स्वयं नहीं कर लेना चाहिए, क्योंकि सभी व्रत–पर्वों के कर्मकाल (मध्याह्न, अपराह्ण, सायाह्न, प्रदोष आदि काल– जिसमें व्रत–पर्व के पूजादि अनुष्ठान किए जाते हैं) व्रत–पर्व–शास्त्र में भिन्न–भिन्न बतलाए गए हैं। अपने कर्मकाल में व्रत–पर्व की तिथि की व्याप्ति के आधार पर ही उस व्रत–पर्व के दिन का निर्णय शास्त्र–नियमानुसार करना होता है।

समस्या–(i) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग' वैक्रम संवत 2070 (2013–14 ई.) के पृष्ठ 254 पर " विवाह मुहूर्त्त–शोधन में लग्नभंग–परिहार " निश्चितरूप से स्वागतयोग्य संशोधन है। किन्तु विक्रमी संवत् 2069(2011–12) **पृष्ठसंख्या ('श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग') 259 पर 'श्री मुकेशजैन' द्वारा प्रेषित शंका नं. ii में आप द्वारा दिए गए समाधान में नकारा गया है– इसका क्या कारण था ?**

(ii) लग्नभंग के 255 पृष्ठ पर अंकित दस परिहारों में यदि केन्द्र–कोण तथा एकादश भावों में स्थित बु., गु.,शु., चं., सू. तथा लग्नेश यदि नीच राशियों या शत्रु राशि में स्थित हों– तो ऐसी स्थिति में क्या लग्नभंगदोष का परिहार मान लिया जाए ?

(iii) क्या 'जन्मराशि' तथा 'जन्मलग्न' से 'अष्टम लग्नदोष' का परिहार भी उक्त दस परिहारों में से किसी एक की उपलब्धि से सम्भव है ?

श्री दुर्गालाल शर्मा, राजपुरोहित,
किश्तवाड़प्रदेश (जम्मू–काश्मीर राज्य)।

समाधान–(i) हमारा नवार्जित मौलिक ज्ञान अनेकदा पूर्वाजित अपने ही ज्ञान में हमें संशोधन के लिए बाधित करता है। ऐसा हमारे अपने दिव्यद्रष्टा ऋषि–मुनियों एवं आचार्यों में भी हम देखने चले आ रहे हैं। हमारे संस्कृत वैयाकरण आचार्यों में भी ऐसे संशोधनों को प्रमा माना जाता रहा है– " उत्तरोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम् ।" इस प्रमाणवाक्य का स्पष्ट अभिप्राय यही है– " उत्तरोत्तरं चिन्तनानां प्रामाण्यम् ।"

लग्नभंग परिहारों के बारे में मेरा ज्ञान एकमात्र परम्पराप्राप्तनिर्णयों पर आधारित होने के कारण बुरी तरह अपूर्ण था– यह मुझे मुहूर्त्तग्रन्थों, संहिताओं के गंभीर परिशीलन से जब स्पष्ट हो गया, तब सुदृढ़ प्रमाणों से परिपुष्ट नवज्ञात इस लग्नभंग परिहार सिद्धान्त को मैंने अपने " मुहूर्त्तगजानन " ग्रन्थ के माध्यम से प्रेक्षावान् विद्वानों के सम्मुख उपस्थापित किया। इसे आप जैसे तर्कनिष्ठ विद्वानों ने प्रशस्य माना– यह मेरे मनस्तोष के लिए है।

(ii) इस तरह की असंख्य विषमताओं से ज्योतिष–फलितशास्त्र भरा पड़ा है। ध्यान रहे– परम्परागत लग्नभंग परिहार वाक्य भी इस प्रकार की असमाधेय समस्याओं का शिकार है। मैंने इसका उत्तर " मुहूर्त्तगजानन " के पृष्ठ 145 पर दिया है कि– अपनी बलवत्ता की मात्रा के अनुपात से ही केन्द्र, त्रिकोण, एकादशभावस्थ गुरु आदि ग्रह भग्नलग्न के दोष की न्यूनाधिक मात्रा का परिहार कर सकेंगे। वास्तविकता तो यह है, किसी ग्रह के कुप्रभाव एवं सुप्रभाव की मात्राओं का याथार्थ्येन परिपूर्णतया निर्णय शक्य नहीं है, क्योंकि (यवनेश्वर के शब्दों में) ग्रहों के विविध शुभाशुभ योगायोगों की संख्या " समुद्राम्बुवत् अप्रमेय " है, जिनका विश्लेषण सम्भव नहीं है।

(iii) हां, काफी कुछ सम्भव है। जब दस परिहारों में से प्रत्येक परिहार को लग्नभंग दोषों का परिहारक तथा लग्न का बलाधायक संहिताकारों ने माना है, तब यह इस दोष का भी कुछ परिहार करेगा ही। लग्नभंग–दोष के परिहार का अभिप्राय यही है कि– उस परिहृत–दोष लग्न में विवाहित दम्पती का जीवन यथासम्भव सुख–समृद्धि–सम्पन्न होगा। अतः " जन्मराशि तथा जन्मलग्न से अष्टम लग्न–दोष " को भी उसे कुछ न कुछ परिहृत करना ही चाहिए। वैसे, इस दोष के विशेष परिहार " एकाधिपत्ये राशीशे मैत्रे वा नैष दोषकृत्। " का प्रयोग भी हो सके तो करना चाहिए।

समस्या– कज्जली तृतीया और मुक्ताभरण– ये दो नए व्रत–पर्व कुछ दिनों से Calendars एवं पंचांगों में चर्चित हो रहे हैं। इनके बारे में जानकारी दें कि– ये कब और किस तरह मनाए जाते हैं ?

श्रीसुभाष त्रिवेदी, धौला कुआं, दिल्ली।

समाधान– ये पर्व अभी तक इधर पंजाब आदि में प्रचलित नहीं थे। आजकल Media के प्रचार–प्रसार से इनका अनुष्ठान इधर भी होने लगा है। इनकी तिथि के निर्णय और अनुष्ठान–प्रक्रिया के बारे में इस प्रकार जानिए–

कज्जली तृतीया– यह व्रत परविद्धा भाद्र. कृष्ण तृतीया (शुक्लादि गणितानुसार– श्रावण कृष्ण तृतीया) के दिन किया जाता है। इस व्रत के देवता **विष्णु** हैं। अतः इस दिन विष्णु की षोडशोपचार पूजा करनी चाहिए। विष्णु–सहस्रनाम–स्तोत्र आदि का पाठ करना भी पुण्यप्रद है।

मुक्ताभरण– पूर्वविद्धा भाद्र. शुक्ल सप्तमी के दिन यह व्रत किया जाता है। इस दिन उमा और शिव की पूजा–अर्चना करनी चाहिए। इसके अनुष्ठान से दीर्घायु–पुत्र की प्राप्ति होती है। इस व्रत को **' सन्तानसप्तमी व्रत '** भी कहा जाता है।

समस्या–(i) एकादशी के दिन चावल नहीं खाने चाहिएं– क्या इस बारे कोई शास्त्रवाक्य है ?

(ii) ग्रहणवेध, ग्रहणशूल, ग्रहणसूतक– क्या परस्पर पर्यायवाची हैं ?

(iii) कंकणग्रहण की आकृति कैसी होती है ? इसे चित्र द्वारा व्यक्त कीजिएगा।

शेर सिंह राणा,
ग्राम रामपुर, रुड़की (हरिद्वार) उ.खं.।

समाधान–(i) " भात या ओदन एकादशी के दिन नहीं खाना चाहिए "– ऐसा कोई स्पष्ट शास्त्रवाक्य मेरी दृष्टि में नहीं आया। हां– " एकादशी में कुछ नहीं खाना चाहिए, उसदिन उपवास रखना चाहिए अन्न नहीं खाना चाहिए"– ऐसे अनेक वाक्य तो शास्त्रों में उपलब्ध हैं, जैसे–

" एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि "

तथा च –

" अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे। " –इत्यादि–इत्यादि।

संस्कृत में ' अन्न ' शब्द का प्रयोग प्राधान्येन गेहूं, जौ, चावल, चना, मूंग आदि अनाजों (Cereals) के लिए ही होता है (जैसे– "अन्नाद् भवन्ति भूर्तानि पर्जन्यादन्नसम्भवः" आदि) इसका प्रयोग " उबले चावल (भात) के लिए भी पाया जाता है।" " वसिष्ठस्मृति " का यह वाक्य देखिए–

" शस्यं क्षेत्रगतं प्रोक्तम् सतुषं धान्यमुच्यते।
आमं तु वितुषं ज्ञेयम् स्विन्नम् अन्नम् उदाहृतम्।।

(अर्थात् खेत में खड़े चावल **'शस्य'**, तुष (Husk) युक्त **'धान्य'**, तुषरहित **'आम'** और उबले हुए चावल **' अन्न '** कहलाते हैं।

इससे यह प्रतीत होता है कि **" अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरि-वासरे। "** इत्यादि वाक्यों में अन्न शब्द का ' भात ' अर्थ, ऐसे पर्वतीय, बंगदेशीय, दक्षिणभारतीय आदि लोगों द्वारा किया गया है, जिनका प्रमुख खाद्य ' भात ' है।

अपि च– वैदिक काल में चावल प्रमुख अन्न रहा है। वैसे– धर्मशास्त्र के असंख्य वाक्य एकादशी में सर्वथा अनशन, उपवास (सभी प्रकार के अनाजों, खाद्यों के त्याग) का ही आदेश देते हैं। धर्मशास्त्र के इन वाक्यों में यह कहीं भी निर्देश नहीं है कि– एकादशी के दिन भात नहीं खाना चाहिए। वे तो भोजन (खाना खाने) का ही स्पष्ट रूप में निषेध करते हैं– **" एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि "** – इत्यादि।

अतः स्पष्ट है– जो लोग एकादशी के दिन केवल चावलों कों ही अभक्ष्य मान लेते हैं और शेष गेहूं, जौ, चना, मूंग आदि का भोजन कर लेना शास्त्रविहित समझते हैं, सर्वथा भ्रान्त हैं।

(ii) ये सभी पर्यायवाची शब्द हैं। यहां **' ग्रहणसूतक '** शब्द प्रसवसूतक (प्रसवाशौच) के सादृश्य पर बना है।

(iii) खग्रास सूर्यग्रहण में सूर्यबिम्ब चन्द्रबिम्ब से पूरी तरह ढक जाता है जब कि कंकण ग्रहण में उसे

समाधान– पूर्वाह्ण में व्याप्त माघशुक्ल पंचमी के दिन यह पर्व मनाया जाना चाहिए। यदि पञ्चमी दूसरे ही दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो उसी दिन, यदि वह दोनों दिन पूर्वाह्ण में व्याप्त हो तो इसे पहले ही दिन मनाया जाता है। (' परत्रैव पूर्वाह्णव्याप्तौ परा,अन्यथा पूर्वैव।' –धर्मसिन्धु) दिनमान का पूर्वार्ध ही पूर्वाह्णकाल है।

पाठक ध्यान दें– उदयव्यापिनी तिथि के आधार पर ही किसी व्रतपर्व की तिथि (दिन) का निर्णय पाठक को स्वयं नहीं कर लेना चाहिए, क्योंकि सभी व्रत–पर्वों के कर्मकाल (मध्याह्न, अपराह्ण, सायाह्न, प्रदोष आदि काल– जिसमें व्रत–पर्व के पूजादि अनुष्ठान किए जाते हैं) व्रत–पर्व–शास्त्र में भिन्न–भिन्न बतलाए गए हैं। अपने कर्मकाल में व्रत–पर्व की तिथि की व्याप्ति के आधार पर ही उस व्रत–पर्व के दिन का निर्णय शास्त्र–नियमानुसार करना होता है।

समस्या–(i) 'श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग' वैक्रम संवत 2070 (2013–14 ई.) के पृष्ठ 254 पर " विवाह मुहूर्त्त–शोधन में लग्नभंग–परिहार " निश्चितरूप से स्वागतयोग्य संशोधन है। किन्तु विक्रमी संवत् 2069(2011–12) पृष्ठसंख्या ('श्रीमार्त्तण्ड पंचाङ्ग') 259 पर 'श्री मुकेशजैन' द्वारा प्रेषित शंका नं. ii में आप द्वारा दिए गए समाधान में नकारा गया है– इसका क्या कारण था ?

(ii) लग्नभंग के 255 पृष्ठ पर अंकित दस परिहारों में यदि केन्द्र–कोण तथा एकादश भावों में स्थित बु., गु.,शु., चं., सू. तथा लग्नेश यदि नीच राशियों या शत्रु राशि में स्थित हों– तो ऐसी स्थिति में क्या लग्नभंगदोष का परिहार मान लिया जाए ?

(iii) क्या ' जन्मराशि ' तथा ' जन्मलग्न ' से ' अष्टम लग्नदोष ' का परिहार भी उक्त दस परिहारों में से किसी एक की उपलब्धि से सम्भव है ?

श्री दुर्गालाल शर्मा, राजपुरोहित,
किश्तवाड़प्रदेश (जम्मू–काश्मीर राज्य)।

समाधान–(i) हमारा नवार्जित मौलिक ज्ञान अनेकदा पूर्वाजित अपने ही ज्ञान में हमें संशोधन के लिए बाधित करता है। ऐसा हमारे अपने दिव्यद्रष्टा ऋषि–मुनियों एवं आचार्यों में भी हम देखते चले आ रहे हैं। हमारे संस्कृत वैयाकरण आचार्यों में भी ऐसे संशोधनों को प्रमा माना जाता रहा है– " उत्तरोत्तरं मुनीनां प्रामाण्यम्।" इस प्रमाणवाक्य का स्पष्ट अभिप्राय यही है– " उत्तरोत्तरं चिन्तनानां प्रामाण्यम्।"

लग्नभंग परिहारों के बारे में मेरा ज्ञान एकमात्र परम्पराप्राप्तनिर्णयों पर आधारित होने के कारण बुरी तरह अपूर्ण था– यह मुझे मुहूर्त्तग्रन्थों, संहिताओं के गंभीर परिशीलन से जब स्पष्ट हो गया, तब सुदृढ़ प्रमाणों से परिपुष्ट नवज्ञात इस लग्नभंग परिहार सिद्धान्त को मैंने अपने " मुहूर्त्तगजानन " ग्रन्थ के माध्यम से प्रेक्षावान् विद्वानों के सम्मुख उपस्थापित किया। इसे आप जैसे तर्कनिष्ठ विद्वानों ने प्रशस्य माना– यह मेरे मनस्तोष के लिए है।

(ii) इस तरह की असंख्य विषमताओं से ज्योतिष–फलितशास्त्र भरा पड़ा है। ध्यान रहे– परम्परागत लग्नभंग परिहार वाक्य भी इस प्रकार की असमाधेय समस्याओं का शिकार है। मैंने इसका उत्तर " मुहूर्त्तगजानन " के पृष्ठ 145 पर दिया है कि– अपनी बलवत्ता की मात्रा के अनुपात से ही केन्द्र, त्रिकोण, एकादशभावस्थ गुरु आदि ग्रह भग्नलग्न के दोष की न्यूनाधिक मात्रा का परिहार कर सकेंगे। वास्तविकता तो यह है, किसी ग्रह के कुप्रभाव एवं सुप्रभाव की मात्राओं का याथार्थ्येन परिपूर्णतया निर्णय शक्य नहीं है, क्योंकि (यवनेश्वर के शब्दों में) ग्रहों के विविध शुभाशुभ योगायोगों की संख्या " समुद्राम्बुवत् अप्रमेय " है, जिनका विश्लेषण सम्भव नहीं है।

(iii) हां, काफी कुछ सम्भव है। जब दस परिहारों में से प्रत्येक परिहार को लग्नभंग दोषों का परिहारक तथा लग्न का बलाधायक संहिताकारों ने माना है, तब यह इस दोष का भी कुछ परिहार करेगा ही। लग्नभंग–दोष के परिहार का अभिप्राय यही है कि– उस परिहृत–दोष लग्न में विवाहित दम्पती का जीवन यथासम्भव सुख–समृद्धि–सम्पन्न होगा। अतः " जन्मराशि तथा जन्मलग्न से अष्टम लग्न–दोष " को भी उसे कुछ न कुछ परिहृत करना ही चाहिए। वैसे, इस दोष के विशेष परिहार " एकाधिपत्ये राशीशे मैत्रे वा नैष दोषकृत्। " का प्रयोग भी हो सके तो करना चाहिए।

समस्या– कज्जली तृतीया और मुक्ताभरण– ये दो नए व्रत–पर्व कुछ दिनों से Calendars एवं पंचांगों में चर्चित हो रहे हैं। इनके बारे में जानकारी दें कि– ये कब और किस तरह मनाए जाते हैं ?

श्रीसुभाष त्रिवेदी, धौला कुआं, दिल्ली।

समाधान– ये पर्व अभी तक इधर पंजाब आदि में प्रचलित नहीं थे। आजकल Media के प्रचार–प्रसार से इनका अनुष्ठान इधर भी होने लगा है। इनकी तिथि के निर्णय और अनुष्ठान–प्रक्रिया के बारे में इस प्रकार जानिए–

कज्जली तृतीया— यह व्रत परविद्धा भाद्र. कृष्ण तृतीया (शुक्लादि गणितानुसार– श्रावण कृष्ण तृतीया) के दिन किया जाता है। इस व्रत के देवता विष्णु हैं। अतः इस दिन विष्णु की षोडशोपचार पूजा करनी चाहिए। विष्णु–सहस्रनाम–स्तोत्र आदि का पाठ करना भी पुण्यप्रद है।

मुक्ताभरण– पूर्वविद्धा भाद्र. शुक्ल सप्तमी के दिन यह व्रत किया जाता है। इस दिन उमा और शिव की पूजा–अर्चना करनी चाहिए। इसके अनुष्ठान से दीर्घायु–पुत्र की प्राप्ति होती है। इस व्रत को ' सन्तानसप्तमी व्रत ' भी कहा जाता है।

समस्या–(i) एकादशी के दिन चावल नहीं खाने चाहिएं– क्या इस बारे कोई शास्त्रवाक्य है ?

(ii) ग्रहणवेध, ग्रहणशूल, ग्रहणसूतक– क्या परस्पर पर्यायवाची हैं ?

(iii) कंकणग्रहण की आकृति कैसी होती है ? इसे चित्र द्वारा व्यक्त कीजिएगा।

शेर सिंह राणा,
ग्राम रामपुर, रुड़की (हरिद्वार) उ.खं.।

समाधान–(i) " भात या ओदन एकादशी के दिन नहीं खाना चाहिए "– ऐसा कोई स्पष्ट शास्त्रवाक्य मेरी दृष्टिं में नहीं आया। हां– " एकादशी में कुछ नहीं खाना चाहिए, उसदिन उपवास रखना चाहिए अन्न नहीं खाना चाहिए"– ऐसे अनेक वाक्य तो शास्त्रों में उपलब्ध हैं, जैसे–

" एकादश्यां न भुञ्जीत पक्षयोरुभयोरपि "

तथा च–

" अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे। " –इत्यादि–इत्यादि।

संस्कृत में ' अन्न ' शब्द का प्रयोग प्राधान्येन गेहूं, जौ, चावल, चना, मूंग आदि अनाजों (Cereals) के लिए ही होता है (जैसे– "अन्नाद् भवन्ति भूर्तानि पर्जन्यादन्नसम्भवः" आदि) इसका प्रयोग " उबले चावल (भात) के लिए भी पाया जाता है।" " वसिष्ठस्मृति " का यह वाक्य देखिए–

" शस्यं क्षेत्रगतं प्रोक्तम् सतुषं धान्यमुच्यते।
आमं तु वितुषं ज्ञेयम् स्विन्नम् अन्नम् उदाहृतम्।।

(अर्थात् खेत में खड़े चावल 'शस्य', तुष (Husk) युक्त 'धान्य', तुषरहित 'आम' और उबले हुए चावल 'अन्न ' कहलाते हैं।

इससे यह प्रतीत होता है कि " अन्नमाश्रित्य पापानि तिष्ठन्ति हरिवासरे। " इत्यादि वाक्यों में अन्न शब्द का ' भात ' अर्थ, ऐसे पर्वतीय, बंगदेशीय, दक्षिणभारतीय आदि लोगों द्वारा किया गया है, जिनका प्रमुख खाद्य ' भात ' है।

अपि च– वैदिक काल में चावल प्रमुख अन्न रहा है। वैसे– धर्मशास्त्र के असंख्य वाक्य एकादशी में सर्वथा अनशन, उपवास (सभी प्रकार के अनाजों, खाद्यों के त्याग) का ही आदेश देते हैं। धर्मशास्त्र के इन वाक्यों में यह कहीं भी निर्देश नहीं है कि– एकादशी के दिन भात नहीं खाना चाहिए। वे तो भोजन (खाना खाने) का ही स्पष्ट रूप में निषेध करते हैं– " एकादश्यां न भुंजीत पक्षयोरुभयोरपि " – इत्यादि।

अतः स्पष्ट है– जो लोग एकादशी के दिन केवल चावलों कों ही अभक्ष्य मान लेते हैं और शेष गेहूं, जौ, चना, मूंग आदि का भोजन कर लेना शास्त्रविहित समझते हैं, सर्वथा भ्रान्त हैं।

(ii) ये सभी पर्यायवाची शब्द हैं। यहां ' ग्रहणसूतक ' शब्द प्रसवसूतक (प्रसवाशौच) के सादृश्य पर बना है।

(iii) खग्रास सूर्यग्रहण में सूर्यबिम्ब चन्द्रबिम्ब से पूरी तरह ढक जाता है जब कि कंकण ग्रहण में उसे

Website: www.shrimartand

चन्द्रबिम्ब इस प्रकार ढक पाता है कि सूर्यबिम्ब बीच में काला और चारों ओर पिघली चान्दी के कंगन की तरह चमकता दीख पड़ता है (नीचे दिए गए चित्र की भान्ति)–



कंकण सूर्यग्रहण

(यहां मध्य में काला चन्द्रबिम्ब है। चारों ओर चमकता कंकणाकृति सूर्यबिम्ब है।)

चन्द्रमा जब पृथ्वी से अधिक दूर (उच्चस्थ या उच्चासन्नस्थ) होने के कारण सूर्यबिम्ब से कुछ छोटा दिखाई देता है, तब कंकण ग्रहण घटित हुआ करता है।

समस्या– महर्षि पराशर ने बलवान् शुभग्रहों (गुरु– शुक्र) को केन्द्राधिपत्य–दोष बतलाया है। जातकग्रन्थकारों ने स्वराशिस्थ इनकी केन्द्र में स्थिति बहुत शुभफलप्रद (महापुरुष योगकारक आदि) लिखी है। अतः यदि ये ग्रह केन्द्र में स्वराशिस्थ हों, तब केन्द्राधिपत्य–दोष के कारण पराशर–मतानुसार इनका फल अशुभ और स्वराशिस्थ, केन्द्रगत होने के कारण शुभ– इस प्रकार दोनों अशुभ–शुभफलों का वहां मिश्रण होगा। ऐसी स्थिति में इन परस्पर विरोधी फलों में तारतम्य का निर्धारण कैसे करना होगा ? कृपया स्पष्ट करें।

श्रीमायाधर शर्मा,
ग्राम–कैथो, सपनोट (मण्डी) हि.प्र.।

समाधान– "केन्द्राधिपत्य–दोषस्तु बलवान् गुरु–शुक्रयोः।"– पराशर के इस वाक्य का अर्थ आपने गलत समझा है। यहां "बलवान्" शब्द " केन्द्राधिपत्यदोषः " का विशेषण है, " गुरुशुक्रयोः " का नहीं। अतः इसका वास्तव अर्थ है– " गुरु–शुक्र का केन्द्राधिपत्यजन्यदोष बलवान् (माना गया) है।"

अब रही बात आपकी प्रकृत समस्या के समाधान की। ध्यान रहे– फलितज्योतिष के फलादेशकारक विभिन्न जातक, ताज़िक, अष्टवर्ग, गोचर, नाड़ी आदि पद्धतियों में समन्वय भारी समस्या है दैवज्ञों के लिए। इन पद्धतियों के परस्पर निरपेक्ष, फलादेशसिद्धान्तों में सुस्पष्टता से व्यक्त विरोधों का समाधान दैवज्ञ लोग, अपनी–अपनी चिन्तन शैली से करते चले आ रहे हैं शताब्दियों से, जिसके कारण इनसे प्राप्त फलादेशों में परस्पर वैमत्यों का आजतक कोई स्पष्ट समाधान फलितज्योतिष–जगत् उपलब्ध नहीं कर सका। इसका एकमात्र कारण– इन फलित–पद्धतियों की उपपत्ति–शून्यता (अवैज्ञानिकता) है। इसी लिए इसका " **इदमित्थम्** " समाधान संभव नहीं है।

पृष्ठ सं. 604
चिरस्थायी बहुमूल्य कागज

विश्वलग्न सारणी

साईज़-24X18½ सें.मी.
सुदृढ़, आकर्षक टाईटल

विश्व के किसी भी स्थल का सूक्ष्म लग्न केवल साधारण जोड़–घटाव द्वारा बतलाने वाला लग्नसम्बन्धी प्रचुर सामग्री से समृद्ध अपूर्व प्रकाशन

(i) 0° से 50° अक्षांश तक 30–30 और 50° से 66° अक्षांश तक 15–15 अक्षांश–कलाओं के अन्तर पर बनाई गई 332 पृष्ठों पर फैली 166 लग्नसारणियां साम्पातिक काल के 1–1 मिनट के अन्तर पर विकलान्त सूक्ष्म लग्न बतलाती हैं। इनसे विश्व के किसी भी उत्तरी तथा दक्षिणी अक्षांश वाले नगर का इष्टकालिक राश्यादि लग्न स्पष्ट करने के लिए 2 मिनट से अधिक समय नहीं लगता है।

(ii) मेषादि बारह लग्नों का दैनिक प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल बतलाने वाली 25 पृष्ठों की विलक्षण सारणियां 5–5 अक्षांश–कलाओं के अन्तर पर 0° से 60° अक्षांशों के लिए बनाई गई हैं, जिनसे विश्व के किसी भी नगर में किसी भी दिन (तारीख को) किसी भी सायन एवं निरयण लग्न का प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल (अभीष्ट देश के स्टैं. टा. में) मात्र मौखिक जोड़–घटाव द्वारा तुरन्त (लगभग एक मिनट में ही) जाना जा सकता है। क्योंकि, ये सारणियां लग्न का प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल सेकण्ड तक सूक्ष्म बतलाती हैं, अतः सन्दिग्ध (सन्धिगत) लग्न का निर्णय इन सारणियों से वस्तुतः चुटकियों में अनायास ही हो जाता है! सन्देहास्पद लग्नराशि के निर्णय का यह नवीनतम अत्यन्त सरल प्रकार है।

(iii) सन् 1900 से 2100 ई. तक का सेकण्ड तक सूक्ष्म साम्पातिक काल और स्पष्ट अयनांश दिया गया है।

(iv) भारत के 4,000 नगर/उपनगरों तथा विश्व के अन्य 210 देशों के प्रसिद्ध लगभग 5,000 नगरों के अक्षांश–रेखांश तथा स्था. म. का. और स्टैं. टा. का अन्तर 80 पृष्ठों पर दिया गया है।

(v) विश्व के लगभग छः सौ (600) देश / द्वीप/ उपद्वीपों की स्टैं. टाईम मेरिडियन्स तथा उनके स्टैं.टा. का G. M. T. एवं भा. स्टैं. टा. से अन्तर 21 पृष्ठों के विशाल कोष्ठक में विवरणसहित दिया है।

(vi) क्रान्ति और अक्षांश की 20–20 कलाओं के अन्तर पर 0° से 66° अक्षांशों के लिए सेकण्ड तक सूक्ष्म 24 पृष्ठों की मौलिक चरसारणी है, जिससे विश्व के किसी भी स्थल का सेकण्ड तक शुद्ध सूर्योदयास्तकाल आसानी से तुरन्त जाना जा सकता है।

(vii) अमेरिका, कनाडा आदि सभी विशाल देशों के अलग–अलग Time-Zones (कालक्षेत्रों) में पड़ने वाले सम्पूर्ण प्रान्तों (राज्यों) की लम्बी सूची दी गई है, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि– इन देशों के किस प्रदेश में कौन सा टाईम प्रचलित है और उसका भा. स्टैं. टा. से कितना अन्तर है।

(viii) विश्व के विभिन्न देशों में 1940 ई. के बाद आज तक हुए सभी समय–परिवर्तनों के वर्षादि का विस्तृत रिकॉर्ड 7 पृष्ठों के कोष्ठक में अंकित हैं।

(ix) अमेरिका, कनाडा आदि देशों में प्रचलित समरटाईम (D.S.T.) के प्रारम्भ और समाप्ति की तारीखों तथा प्रथम/द्वितीय विश्वयुद्धों के दौरान विभिन्न देशों द्वारा किए गए सभी समय-परिवर्तनों के वर्ष–मास–तारीखों का विवरण 9 पृष्ठों पर दिया गया है।

(x) सारणियों से लग्नसाधन आदि की प्रत्येक गणित–प्रक्रिया को छः छः, सात–सात विभिन्नदेशीय नगरों के उदाहरणों द्वारा पूरी तरह स्पष्ट किया गया है।

अनेक उपयोगी क्रान्ति, वेलान्तर आदि के कोष्ठक तथा लग्न एवं द्वादशभावसाधन आदि से सम्बद्ध "सन्धिगत लग्न का निर्णय", "विषम विभागात्मकभाव–एक समीक्षा" आदि अनेक मौलिक लेख आप इस पुस्तक में पढ़ेंगे।

इस पुस्तक की सभी सारणियां Electronic Computer द्वारा बनाई और मुद्रित की गई हैं, जिससे इनमें गणित एवं मुद्रणसम्बन्धी अशुद्धि की कोई सम्भावना ही नहीं है।

लग्न पर ऐसी व्यापक जानकारी देने वाली परिपूर्ण, प्रौढ एवं प्रामाणिक पुस्तक आपको और कोई नहीं मिलेगी– यह हम विश्वासपूर्वक कह सकते हैं।

मूल्य Rs. 750/– + डाकव्यय Rs. 60/–

पुस्तक मिलने का पताः– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, **M.A., M.Phil.,**
'अभिजित् प्रकाशन,' कोठी नं. 59, सैक्टर–6, P.O. पंचकूला (हरियाणा) – 134 109,
Phone: 0172-2565 303

आयुनिर्णय

(गतवर्ष से क्रमागत)

गतवर्ष *जैमिनि* व *सत्याचार्य*–मतानुसार गणितीय आयुनिर्णय दिए जा चुके हैं। इन दोनों आयुनिर्णय– प्रकारों को देखकर पाठक अवश्य समझ गए होंगे कि– इन दोनों प्रकारों से निर्णीत किसी जातक की आयु के परिमाणों में कोई सामञ्जस्य ढूंढने का प्रयास अर्थहीन है। अब हम इसवर्ष दो और गणितात्मक आयुनिर्णय– प्रकार देने जा रहे हैं। इन्हें पढ़कर पाठक की गतवर्ष बनी एतद्‌विषयक यह धारणा और भी पुष्ट होगी कि– जन्मकालिक ग्रहस्थित्यादि के आधार पर जातक की जीवनावधि के निर्णयार्थ किए गए ये दीर्घात्–दीर्घतर प्रयास सर्वथा तत्त्वहीन हैं। लीजिए, हम यहां आयुनिर्णय की इस अन्तिम किस्त में *यवन, मय, मणित्थ, पराशर* आदि की आयुनिर्णायक पद्धति, जो *सत्याचार्य–पद्धति* से आंशिकरूपेण सादृश्य रखती है और *श्रीपति, केशव* आदि जातकपद्धतिकारों की प्रणाली, जो अपने विकट गणितजाल में दैवज्ञों को बुरी तरह उलझाकर अपने आपको युक्ति–युक्त सिद्ध करने के लिए व्यर्थ में एड़ी से चोटी तक का पूर्ण बल लगाए हुए हैं–पाठकों के सम्मुख उपस्थापित कर रहे हैं।

यवन–मयादि मतानुसार आयुनिर्णय–प्रकार

मय आदि के मतानुसार जातक के आयुनिर्णय के लिए हमें ग्रहों की **'स्पष्ट आयु'** (स्पष्ट ग्रहायु) तथा **'स्पष्ट लग्नायु'** अपेक्षित होती है। क्योंकि इन दोनों का योग ही जातक की आयु का परिमाण होता है, अतः हम यहां **'स्पष्ट ग्रहायु'** और **'स्पष्ट लग्नायु'** ज्ञान की प्रक्रिया बतलाएंगे। सर्वप्रथम **'स्पष्ट ग्रहायु'** साधन बतलाते हैं–

ग्रहायु–साधन

अपने उच्च (परमोच्च) पर स्थित सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि द्वारा जातक को दी जाने वाली आयु (ग्रहायु) क्रमशः 19, 25, 15, 12, 15, 21, 20 वर्ष है। इसे हम ग्रह की परमायु कहेंगे। ग्रह के अपने नीच (परमनीच) पर यह परमग्रहायु आधी हो जाती है। अर्थात् नीचस्थ सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि द्वारा दी जाने वाली आयु क्रमशः $9\frac{1}{2}$, $12\frac{1}{2}$, $7\frac{1}{2}$, 6, $7\frac{1}{2}$, $10\frac{1}{2}$, 10 वर्ष होती है।

उच्च और नीच के मध्य ग्रहायु का निर्णय अनुपात से जानना चाहिए। यह अनुपात इस प्रकार है–

उच्च और नीच के अन्तर (6 राशि = 10800′) में ग्रहायु आधी नष्ट होती है तो ग्रह और उच्च के अभीष्ट अन्तर में वह कितनी नष्ट होगी ? इसके लिए ग्रह के उच्च और ग्रह के राश्यादि के अन्तर को ग्रह–परमायु के वर्षादि–अर्ध से गुणाकर 6 राशि (=10800′) से भाग देने पर प्राप्त वर्षादि को ग्रह की परमायु में से घटाने पर **'ग्रहायु'** प्राप्त होती है। **जैसे देखिए –**

जातक के जन्मकाल में स्पष्ट गुरु 7 रा. 01 अं. 20 क. है। यहां गुरु द्वारा दी जाने वाली **ग्रहायु** इस प्रकार ज्ञात की जाएगी–

रा. अं. क.
स्पष्ट गुरु = 7 01 20 = 12680′
गुरु उच्च = 3 05 00 = 5700′
स्पष्ट गुरु और गुरु उच्च का अन्तर = 6980′
गुरु–परमायु (15 वर्ष) का अर्ध = 7 व. 6मा. = 2700 दिन

अतः **गुरु–आयु** = $5400 - \frac{2700 \times 6980'}{10800'}$
= 5400 दिन–1745 दिन
= 3655 दिन
= 10 वर्ष 01 मास 25 दिन हुई।

उपरोक्त ग्रहायुसाधन–प्रक्रिया में लम्बी–लम्बी संख्याओं का गुणा–भाग उकताने वाला है। यहां

Calculator का प्रयोग सुविधाप्रद रहेगा। यहां आगे एक **"ग्रहायुसाधन कोष्ठक"** दिया गया है। उससे किसी भी ग्रह की आयु अत्यन्त लाघव से ज्ञात की जा सकती है।

कोष्ठक द्वारा ग्रहायु–साधन की सरलतम प्रक्रिया

[इस कोष्ठक के प्रयोग के लिए हमने ग्रह के उच्च (परमोच्च) के स्थान पर नीच (परमनीच) का प्रयोग किया है– यह ध्यान रखें।]

अपने नीच से ग्रह यदि आगे 6 राशि के मध्य पड़ता हो तो ग्रह में से नीच घटाइए: यदि ग्रह के राश्यादि नीच के राश्यादि से कम हों तो, ग्रह में 12 राशि जोड़कर नीच घटाइए। यह अन्तर **'ग्रह–नीच'** कहलाएगा। ग्रह का नीच यदि ग्रह से आगे 6 राशि–मध्य पड़ रहा हो तब नीच में से ग्रह घटाइए। नीच के राश्यादि यदि ग्रह से कम हो तो उसमें 12 राशि जोड़कर यह घटाव कीजिए। यह अन्तर **"नीच – ग्रह"** कहलाएगा।

इस **" ग्रहायुसाधन कोष्ठक "** के बाईं ओर वाले पहले कॉलम में **' ग्रह – नीच '** या **' नीच – ग्रह'** के राशि–अंशों द्वारा अभीष्ट ग्रह की आयु (सूर्यायु– चन्द्रायु आदि) वाले कॉलम से **'वर्ष–मास–दिन'** उठाइए। इनमें **' अन्तर शेष '** वाले कॉलम से शेष अंश–कलाओं द्वारा प्राप्त **'मास–दिन'** लेकर जोड़ दीजिए। बस, यह योगफल अभीष्ट ग्रह की वर्षादि आयु होगी। **स्पष्टता के लिए एक उदाहरण लेते हैं।**

मान लें– जातक का जन्मकालीन शुक्र (स्पष्ट शुक्र) 11 रा. 16 अं. 20 क. है। शुक्र का नीच 5 रा. 27 अं. है। यहां शुक्र अपने नीच से आगे 6 राशि के मध्य पड़ता है, अतः यहां **' ग्रह – नीच '** $5^{\text{रा.}}\ 19^{\text{अं.}}\ 20^{\text{क.}}\ [= (11^{\text{रा.}}\ 16^{\text{अं.}}\ 20^{\text{क.}}) - (5^{\text{रा.}}\ 27^{\text{अं.}}\ 00^{\text{क.}})]$ हुआ। कोष्ठक के पहले कॉलम में 5 रा. 18 अं. के आगे शुक्रायु वाले कॉलम से $20^{\text{व.}}\ 3^{\text{मा.}}\ 18^{\text{दि.}}$ प्राप्त किए। इसमें **' अन्तर शेष '** वाले कॉलम से शेष 1 अं. 20 क. के 0 मास 28 दि. प्राप्त करके जोड़े तो **$20^{\text{व.}}\ 4^{\text{मा.}}\ 16^{\text{दि.}}$ शुक्र की आयु** मिली।

इस प्रकार इस कोष्ठक से इष्ट ग्रह की आयु के वर्षादि ज्ञात करने में कुछ भी गणित नहीं करने पड़ती।

ध्यान दें– उपरोक्त प्रकार से साधित ग्रहायु 'स्पष्ट' नहीं है, यह 'मध्यम' है। इसे 'स्पष्ट' बनाने के लिए ग्रहों की इन मध्यम आयुओं में ये निम्नांकित चार संस्कार करने पड़ेंगे–

स्पष्ट ग्रहायु–ज्ञान के लिए मध्यम ग्रहायु में दिए जाने वाले चार संस्कार

(1) **शत्रुक्षेत्रगत हानि–संस्कार (प्रथम संस्कार) :–** यदि कोई मार्गी ग्रह शत्रुराशि में हो तो उस ग्रह की मध्यम आयु में से उसका तृतीयांश कम हो जाता है। **ध्यान रहे–** वक्री ग्रह के लिए यह नियम नहीं है।

(2) **अस्तंगत(लुप्त) हानि–संस्कार (द्वितीय संस्कार) :–** शुक्र और शनि को छोड़कर यदि कोई अन्य ग्रह अस्त (सूर्य सान्निध्यवश लुप्त)* हो तो उस ग्रह की प्रथम संस्कार से संस्कृत✦ मध्यमायु का आधा नष्ट हो जाता है।

---

* *ग्रहों के लोप (अस्त) की तिथियां अक्षांशभेद से बहुत भिन्न–भिन्न होती हैं, जिनके निर्धारण के लिए लम्बी जटिल गणितप्रक्रियाएं हैं। दैवज्ञ लोग सामान्यतः चन्द्र का सूर्य से अन्तर 12° से कम, भौम का 17° से, बुध का 13° से, गुरु का 11° से, शुक्र का 6½° से और शनि का 15° से कम होने पर इन ग्रहों को अस्त मानकर फलादेश करते हैं, जोकि नितान्त स्थूलतामूलक है।*

✦ *यहां "प्रथम संस्कार से संस्कृत **ग्रहमध्यमायु** " का अभिप्राय है कि– यदि ग्रह शत्रुक्षेत्रगत है तो उसकी मध्यमायु का तृतीयांश उसमें से घटाया जा चुका है। यदि वह शत्रुक्षेत्रगत नहीं है तो उसकी मध्यमायु में से तृतीयांश नहीं घटाया गया है। इस प्रकार दोनों स्थितियों में उसे (ग्रहमध्यमायु को) " **प्रथमसंस्कार–संस्कृत** " ही माना गया है। इसी प्रकार अन्य संस्कारों से संस्कृत " **ग्रहमध्यमायु** " का भी अर्थ समझना चाहिए।*

(3) चक्रोत्तरार्धस्थितिहानि–संस्कार (तृतीय संस्कार) :– यदि कोई पापी ग्रह (सूर्य, मंगल या शनि)◆ सप्तम भाव में हो तो उसकी प्रथम एवं द्वितीय संस्कार–संस्कृत मध्यमायु का छठा, अष्टम में हो तो पांचवां, नवम में हो तो चौथा, दशम में हो तो तीसरा, एकादश भाव में हो तो आधा भाग और द्वादशभाव में हो तो पूरा भाग नष्ट हो जाता है। यदि कोई शुभग्रह (चन्द्र–बुध–गुरु या शुक्र) सप्तम में हो तो उसकी प्रथम एवं द्वितीय संस्कार संस्कृत मध्यमायु का 12वां, अष्टम में हो तो 10वां, नवम में हो तो 8वां, दशम में हो तो छठा, एकादशभाव में हो तो चौथा भाग, द्वादशभाव में हो तो आधा भाग नष्ट हो जाता है। ध्यान रहे– यदि एक ही भाव में अनेक ग्रह बैठे हों तो उनमें से जो अधिक बली हो, केवल उसी की आयु में यह **चक्रोत्तरार्धस्थितिहानि–संस्कार** करना चाहिए।*

(4) पापाक्रान्त लग्नहानि–संस्कार (चतुर्थ संस्कार) :– लग्न में पापी ग्रह स्थित हो तभी यह संस्कार किया जाता है।

यहां यह ध्यान रखें– पूर्वोक्त तीन संस्कारों से संस्कृत सातों ग्रहों की मध्यमायुओं के वर्षादि योग को लग्न की अंश–कलाओं की कलाओं से (लग्न की राशि को त्यागकर शेष बची उसकी अंश–कलाओं की कलाएं बनाकर उनसे) गुणा कर 21600 से भाग देने पर प्राप्त वर्षादि लब्धि को, पापग्रह से युक्त लग्न पर शुभग्रह की दृष्टि हो तो इस लब्धि के आधे को सातों ग्रहों की उपरोक्त तीन संस्कारों से संस्कृत मध्यमायुओं के कुल योग में से ही घटाइए। इसप्रकार प्राप्त इन सातों ग्रहों की वर्षादि स्पष्ट आयुओं का योग प्राप्त होगा।

इसमें आगे दी जा रही प्रक्रिया से ज्ञात स्पष्ट लग्नायु के वर्षादि जोड़ देने पर जातक की पूर्णायु (जीवनावधि) के वर्ष, मास, दिन प्राप्त हो जाएंगे।

स्पष्ट लग्नायु–साधन

लग्नायु के निर्णय में ये दो मत हैं–

(i) लग्न द्वारा भुक्तराशि–संख्या के तुल्य **'लग्नायु–वर्ष'** होते हैं। लग्न की वर्त्तमान राशि की अंश–कलाओं को कलात्मक बनाकर, उन्हें 10800 से गुणा कर 1800 से भाग देने पर प्राप्त दिनों को उपरोक्त लग्नायुवर्षों में जोड़ देने पर जातक की लग्नायु ज्ञात हो जाएगी। **इसका उदाहरण देखिए –**

स्पष्ट लग्न = 5रा. 10 अं. 15 क.
यहां लग्नायु वर्ष = 5 वर्ष
वर्त्तमान राशि 6 (कन्या) की अंश–कलाएं = 10 अं. 15 क. = 615 कला
उपरोक्त प्रक्रियानुसार लग्नायु = 5वर्ष + $\frac{360\times615}{1800}$
= **5 वर्ष 4 मास 3 दिन हुई।**

आगे दिए **' लग्नायुसाधन कोष्ठक (भाग 1)'** से यह लग्नायु तुरन्त जानी जा सकती है। इस कोष्ठक से लग्न के राशि–अंशों द्वारा लग्नायु के वर्ष–मास–दिन लीजिए। इनसे इसी कोष्ठक के दाईं ओर अन्तिम दो कॉलमों से लग्नशेष (लग्न की शेष) अंशकलाओं द्वारा प्राप्त मास–दिनों को लेकर इन्हें लग्नायु के इन वर्ष–मास– दिनों में जोड़ देने से जातक की **' लग्नायु '** प्राप्त हो जाएगी।

जैसे–स्पष्ट लग्न 5 रा. 10 अं. 15 क. है। इस कोष्ठक में 5 रा. 9 अं. द्वारा लग्नायु के 5 वर्ष 3 मास 18 दिन मिले। इसमें लग्न के शेष 1 अंश 15 कला द्वारा कोष्ठक से प्राप्त 0 मास 15 दिन को 5 वर्ष 3 मास 18 दिन

◆ ***ध्यान रहे–*** *इस आयुसाधनप्रक्रिया में केवल सूर्य–मंगल–शनि को ही क्रूर ग्रह माना गया है। यहां क्षीण चन्द्र एवं क्रूरयुत बुध को क्रूर नहीं माना जाता। राहु–केतु का तो इस प्रक्रिया में प्रयोग ही नहीं होता।*

* *यदि दो या अधिक ग्रह समान बली हों तो वहां क्या विकल्प होगा ? – इस बारे आचार्य मूक हैं। ऐसी स्थिति में मेरी दृष्टि से तो उस भाव में निर्दिष्ट चक्रार्धहानि की मात्रा (षष्ठांश–पंचमांश आदि) को उन समान बली ग्रहों में समान रूप से बांट देना चाहिए।*

में जोड़ने पर **जातक की लग्नायु 5 वर्ष 4 मास 3 दिन प्राप्त हुई।**

यह लग्नायुसाधन का प्रथम प्रकार है। द्वितीय प्रकार इस तरह है–

(ii) लग्नायुसाधन के दूसरे प्रकार में लग्न की भुक्त राशि को छोड़कर शेष अंश–कलाओं का ही प्रयोग होता है। लग्न की वर्त्तमान राशि की भुक्त अंशादि की कलाएं बनाकर, उन्हें 9 से गुणा कर 5 से भाग देने पर प्राप्त दिनसंख्या **जातक की लग्नायु** होगी। **जैसे–**

स्पष्ट लग्न = 6 रा. 10 अं. 25 क.

लग्न की भुक्त राशि 6 को त्यागकर शेष = 10° 25′ की कलाएं 625 प्राप्त हुईं

अतः उपरोक्त निर्देशानुसार लग्नायु = $\frac{9\times625}{5}$ = 1125 दिन

= 3 वर्ष 1 मास 15 दिन हुई।

आगे दिए गए ' लग्नायुसाधन कोष्ठक ' के (भाग–2) से तो यह लग्नायु तुरन्त ज्ञात हो जाती है।

लग्न की वर्त्तमानराशि की भुक्त अंश–कलाओं द्वारा इस " **लग्नसाधन कोष्ठक (भाग–2)** से वर्ष–मास–दिन प्राप्त कर, उनमें शेष कलाओं द्वारा कोष्ठक से प्राप्त मास–दिन जोड़ देने पर **यह द्वितीय प्रकार की लग्नायु के वर्ष–मास–दिन ज्ञात हो जाएंगे।**

जैसे– स्पष्ट लग्न 6 रा. 10 अं. 25 क. है। यहां वर्त्तमानराशि के भुक्त अंशादि 10 अं. 25 क. है।

लग्लसाधन कोष्ठक (भाग–2) में 10 अं. 20 क. द्वारा 3 वर्ष 1 मास 6 दिन मिले, इनमें लग्नशेष 05 क. द्वारा कोष्ठक से प्राप्त 0 मा. 10 दिन जोड़ देने पर **लग्नायु 3 वर्ष 1 मास 16 दिन** मिली।

यहां अब यह प्रश्न उठता है कि– दो प्रकार की इन लग्नायुओं में से आयुनिर्णयार्थ किसे स्वीकार किया जाए ? इस विषय में दो मत हैं। एक मत कहता है– यदि लग्नेश बलवान् है तो पहला प्रकार, लग्ननवांशेश बलवान् है तो दूसरा प्रकार स्वीकार करना चाहिए। लेकिन ' मणित्थ ' आदि के मतानुसार हर स्थिति में प्रथम प्रकार को ही आयुनिर्णयार्थ स्वीकार करना चाहिए। 'भट्टोत्पल' भी इसी मत का समर्थन करते हैं। लग्नेश एवं लग्ननवांशेश की बलमात्रा के अनुसार प्रथम एवं द्वितीय प्रकार से प्राप्त लग्नायु की स्वीकार्यता का निर्णय तो तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि लग्नेश और लग्ननवांशेश– दोनों के बल समान होने पर कई बार अनिर्णय की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अतः मेरा भी मत है, प्रथम प्रकार की लग्नायु को ही सर्वदा प्रयोग में लाना तर्कसंगत है।

इस प्रकार लग्नायु के वर्ष–मास–दिन ज्ञात हो गए। जैसा कि पहले भी बतला चुके हैं, यह 'लग्नायु स्पष्ट' है। इसमें किसी संस्कार की जरूरत नहीं है।

इस प्रथम प्रकार से प्राप्त स्पष्ट लग्नायु के वर्ष–मास–दिन को उपरोक्त सातों ग्रहों की स्पष्टायुओं के योग में जोड़ने पर जातक की पूर्णायु (जीवनावधि) के वर्षादि प्राप्त हो जाएंगे।

यह मय–मणित्थ आदि आचार्यों द्वारा समर्थित आयुसाधन का प्रकार है।

आचार्य केशवोक्त आयुसाधन–पद्धति

अब हम आचार्य केशव द्वारा उनकी ' जातकपद्धति ' ⊗ में निर्दिष्ट आयुसाधन की प्रक्रिया पाठकों

⊗ *बृहज्जातक, सारावली आदि जातकग्रन्थों में चर्चित फलादेशों की सबलता, निर्बलता का आंकिक मूल्यांकन करने वाले ग्रन्थों को हमारी ज्योतिष–परम्परा में ' जातकपद्धति ' के नाम से पुकारा जाता है। जातक–पद्धतियों के रचयिता श्रीपति, केशव, नीलकण्ठ, दामोदर आदि अनेक विद्वान् ज्योतिर्विद हुए हैं। इनकी जातकपद्धतियां मूलतः एक होने पर भी अनेकत्र वैमत्य से बच नहीं सकी हैं। हमने तो यहां '**केशवीय जातकपद्धति**' को ही प्रमाण मानकर आयुनिर्णय किया है।*

को बतलाएंगे। इस प्रक्रिया में कुछ स्थलों पर ग्रहों के बलाबल की मात्रा की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए पाठक दैवज्ञ को ' **जातकपद्धति** ' का ज्ञान होना जरूरी है। वैसे, मैंने वि. संवत् 2063 के ' **श्रीमार्त्तण्ड पंचांग** 'के ' **षड्बल विशेषांक** ' में ग्रहों के षड्बल की गणित सरल शैली में प्रस्तुत की है। पाठक उसे प्रयोग में ला सकते हैं। इस गणितप्रक्रिया में एक जगह सभी ग्रहों के ' **स्फुटगुणकों**' का प्रयोग आता है। ग्रह का **चेष्टाबल** और **उच्चबल** जाने बिना ग्रह का ' **स्फुटगुणक** ' ज्ञात नहीं किया जा सकता, लेकिन इस समस्या का समाधान मैंने ' **उदाहरण जन्मपत्र** ' ◆ के लिए तो कर दिया है। इस जन्मपत्र के काल के सभी ग्रहों के ' **स्फुटगुणक** ' मैंने पाठकों की सुविधा के लिए गणित द्वारा साधित कर इस ' **उदाहरण जन्मपत्र** ' से सम्बद्ध सामग्री (स्पष्टग्रह, स्पष्टलग्न तथा जन्मकुण्डली) के साथ यहां (नीचे) दे दिए हैं, ताकि इस उदाहरण द्वारा मुझे पाठकों को गणितप्रक्रिया समझाने में कठिनाई न हो। लेकिन, अन्य जातकों की आयुनिर्णय के लिए इस पद्धति के प्रयोगार्थ पाठक दैवज्ञ को ' **जातकपद्धति** ' तो देखनी ही पड़ेगी।

गणक को परामर्श है कि– वह इस विस्तृत आयुगणना के लिए Calculator का प्रयोग करे, अन्यथा वह अनेक प्रतिबन्धों से जकड़ी इस गणना में बुरी तरह उलझ सकता है। **स्पष्ट है**– Calculator का प्रयोग दशमलवगणित–ज्ञान के बिना सम्भव नहीं है। अतः उसे दशमलवगणित का ज्ञान होना चाहिए। इस गणनाप्रक्रिया में **'अंश–कलात्मक'** और ' **वर्ष–मास–दिनात्मक संख्याओं** ' का स्थाने–स्थाने गुणन–भाग करना पड़ता है। अतः गणक को अंश–कलाओं को अंश–दशमलवांकों में और वर्ष–मास–दिनों को वर्ष–दशमलवांकों में परिवर्तित करके ही इनका गुणा–भाग करना होगा, अन्यथा व्यर्थ का प्रक्रिया–विस्तार उसे सहना होगा। वैसे, यह आयुर्गणित जोड़–घटाव व गुणा–भाग के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। केवल निर्दिष्ट विशेष क्रमानुसारी सुदीर्घगामी (विस्तृत) प्रक्रिया के कारण गणक की विशेष सावधानता तो यह चाहती है।

लीजिए– इस गणितप्रक्रिया में उदाहरण के रूप में यत्र–तत्र प्रयुक्त किया जाने वाला जन्मपत्र (उदाहरण जन्मपत्र) स्पष्ट ग्रहस्पष्टादि सामग्रीसहित यह है–

उदाहरण जन्मपत्र

(यह जन्मपत्र मिथिला के ज्योतिर्विद्वान् स्व. श्री अपूछ शर्मा जी का है।)

जन्मकालिक स्पष्ट ग्रह* एवं लग्न–

	रा.	अं.	क.
सूर्य	10	12	58
चन्द्र	7	01	04
मंगल	11	24	27
बुध	10	07	17 (अस्त)
गुरु	1	19	57
शुक्र	8	25	43
शनि	3	18	08 (वक्री)
लग्न	6	18	35

जन्मकुण्डली



◆ *आयुसाधन–गणितप्रक्रिया को स्पष्ट करने के लिए मैंने इस ' **उदाहरण जन्मपत्र** 'की सामग्री (स्पष्टग्रह, लग्न, जन्मकुण्डली आदि) का उदाहरण के तौर पर यहां प्रयोग किया है।*

* *राहु–केतु का इस प्रक्रिया में प्रयोग नहीं होता।*

'जातक–जन्मकालिक' ग्रहों के स्फुटगुणक–

	अं.	क.	
सूर्य	1	28	(= 1°.467)
चन्द्र	0	56	(= 0°.933)
मंगल	1	23	(= 1°.383)
बुध	0	38	(= 0°.633)
गुरु	0	57	(= 0°.950)
शुक्र	1	39	(= 1°.650)
शनि	1	57	(= 1°.950)

ग्रहों के इन स्फुटगुणकों की साधनप्रक्रिया जानने के लिए ' जातकपद्धति ' देखनी चाहिए। इसे यहां स्पष्ट कर सकना सम्भव नहीं है।

केशवीय जातकपद्धति अनुसार आयुसाधन–प्रकार

स्पष्ट आश्रयगुणक–साधन–

स्वराशिस्थ ग्रह का	गृहांक	36
स्वहोरादि षड्वर्ग ✘ गत ग्रह का	गृहांक	18
अधिमित्र–राशिस्थ ग्रह का	गृहांक	30
अधिमित्र होरादि षड्वर्गगत ग्रह का	गृहांक	15
मित्रराशिस्थ ग्रह का	गृहांक	26
मित्रहोरादि षड्वर्गगत ग्रह का	गृहांक	13
समराशिस्थ ग्रह का	गृहांक	18
समहोरादि षड्वर्गगत ग्रह का	गृहांक	09
शत्रुराशिस्थ ग्रह का	गृहांक	10
शत्रुहोरादि षड्वर्गगत ग्रह का	गृहांक	05
अधिशत्रु–राशिस्थ ग्रह का	गृहांक	06
अधिशत्रु–होरादि षड्वर्गगत ग्रह का	गृहांक	03

जैसे– ' **उदाहरण–जन्मपत्र** ' में स्पष्ट सूर्य $10^{\text{रा.}}$ $12^{\text{अं.}}$ $58^{\text{क.}}$ है। **इसके गृहांक इसप्रकार हैं** – अधिशत्रु–राशिस्थ गृहांक 6, स्वहोरास्थ गृहांक 18, शत्रुद्रेष्काणस्थ गृहांक 5, सम–सप्तमांशस्थ गृहांक 9, अधिशत्रु–नवमांशस्थ गृहांक 3, अधिमित्र द्वादशांशस्थ गृहांक 15, अधिमित्र–त्रिशांशस्थ गृहांक 15 हैं। इस प्रकार हमारे इस उदाहरण में जातक के जन्मकालिक सूर्य के कुल गृहांक 71 हुए।

इसी तरह सातों ग्रहो के गृहांकयोग जान लें। यदि ग्रह स्वगृह(राशि) में हो तो उसके गृहांकयोग को 36 से, अधिमित्र राशि में हो तो 48 से, मित्रराशि में हो तो 54 से, समराशि में हो तो 72 से, शत्रुराशि में हो तो 108 से, अधिशत्रुराशि में हो तो 144 से भाग दें। यदि ग्रह स्वनवांश, वर्गोत्तम या स्वद्रेष्काण में हो तो ध्यान रखिए– प्रत्येक स्थिति में गृहांकयोग को 36 से ही भाग देना होगा। यहां अंश–कलात्मक लब्धि ' **मध्यम आश्रयगुणक** ' होगा।

[**जैसे–** हमारे **'उदाहरण जन्मपत्र'** में सूर्य का गृहांकयोग 71 है। क्योंकि, यहां सूर्य अधिशत्रु–राशिस्थ है, अतः उपरोक्त नियमानुसार इसके गृह्रांकयोग को 144 से भाग देकर प्राप्त लब्धि

✘ *होरा, द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश, द्वादशांश, त्रिशांश– ये होरा आदि षड्* (6)वर्ग हैं। एक वर्ग ' **गृह** ' भी है, जिससे वर्ग **'सप्त'** हैं। ग्रह कौन से वर्ग में स्थित है–यह जानने के लिए " **श्रीमार्तण्ड पंचांग** " के **' षड्बल विशेषांक '** (सं. 2063 वि.) के पृष्ठ 277–278 पर दिया **"सप्तवर्ग कोष्ठक "** देखिए।

0 अं. 30 क. (= 0°.49) यहां सूर्य का **'मध्यम आश्रयगुणक'** हुआ।]

स्वनवमांश, वर्गोत्तम या स्वद्रेष्काण–गत ग्रह अधिशत्रु–राशिस्थ हो तो उसके गृहांक को 63 से भाग देकर प्राप्त अंशादि लब्धि को **' मध्यम आश्रयगुणक '** में से घटाने पर, यदि वह अधिमित्र–राशिस्थ है तो जोड़ने पर उस ग्रह का **' स्पष्ट आश्रयगुणक '** प्राप्त होगा। यदि स्वनवमांशस्थ, वर्गोत्तमस्थ या स्वद्रेष्काणस्थ ग्रह शत्रुराशिगत हो तो उसके गृहांक को 94 से भाग देकर प्राप्त अंशादि लब्धि को **' मध्यम आश्रयगुणक '** में से घटाने पर, यदि वह ग्रह मित्रराशिस्थ हो तो जोड़ने पर उसका **' स्पष्ट आश्रयगुणक '** प्राप्त होगा। यदि ग्रह स्वराशिस्थ या समराशिस्थ हो अथवा वह स्वनवांश, वर्गोत्तम या स्वद्रेष्काण में स्थित न हो तो उसके **'मध्यम आश्रयगुणक'** को ही **'स्पष्ट आश्रयगुणक'** माना जाता है।

*[**जैसे– 'उदाहरण जन्मपत्र'** में स्वनवांशस्थ चन्द्र शत्रुराशिस्थ है। शत्रुराशिस्थ होने से इसका गृहांक 10 है। इसे 94 से भाग देने पर प्राप्त लब्धि 0 अं. 6 क. (= 0°.106) को चन्द्र के **मध्यम आश्रयगुणक** में से घटाने पर चन्द्र का **'स्पष्ट आश्रयगुणक'** प्राप्त होगा।]*

कर्मयोग्य गुणक

स्पष्ट आश्रयगुणक और **स्फुटगुणक**[*] के गुणनफल का वर्गमूल अंशादि **' कर्मयोग्य गुणक '** कहलाता है। इस **' कर्मयोग्य गुणक '** का प्रयोग आगे गणितप्रक्रिया में होगा।

(**जैसे, मान लें**[⊗]– किसी ग्रह का **स्पष्ट आश्रयगुणक** 2 अं. 10 क.(= 2°.167) और **स्फुटगुणक** 1 अं. 39 क. (= 1°.650) है तो इस ग्रह का **'कर्मयोग्य गुणक'** = $\sqrt{2^\circ.167 \times 1^\circ.650} = 1^\circ.891$)

लग्न और ग्रह की वर्षादि अंशायु

लग्न और ग्रह के राश्यादि के अंश बनाकर, उन्हें 40 से भाग देने पर शेष बचे अंशादि क्रमशः लग्न और ग्रह की **अंशायु (लग्नांशायु, ग्रहांशायु)** होती हैं।

*(**जैसे– 'उदाहरण–जन्मपत्र'** में स्पष्ट लग्न $6^{\text{रा.}}\ 18^{\text{अं.}}\ 35^{\text{क.}}$ और स्पष्ट सूर्य $10^{\text{रा.}}\ 12^{\text{अं.}}\ 58^{\text{क.}}$ है। इनके अंश क्रमशः 198°. 6 और 313°.0 हुए। इन्हें 40 से भाग देने पर शेष क्रमशः 38°. 6 और 33°. 00 मिले। ये क्रमशः लग्न और सूर्य की अंशायु हैं।)*

चक्रार्ध–हानिगुणक

अब लग्न में से ग्रह को घटाकर शेष यदि 6 राशि से कम हो तो उसके अंश बनाकर, उससे 30 को विभाजित करें । विभाजन से प्राप्त अंशादि लब्धि को एक अंश में से घटाने पर प्राप्त शेष अंशादि **' चक्रार्ध–हानिगुणक '** होता है। लग्न में से ग्रह को घटाने पर शेष यदि एक राशि से अल्प हो तो शेष अंशों को 30 से भाग देकर प्राप्त अंशादि लब्धि को एक अंश में से घटाने पर शेष अंशादि **' चक्रार्ध–हानिगुणक '** होगा। **ध्यान रहे–** यह नियम केवल पापी ग्रहों (सूर्य, मंगल, शनि) के ही लिए है। शुभ ग्रह हो तो उपरोक्त प्रक्रिया से प्राप्त अंशादि लब्धि के आधे को एक अंश में से घटाने पर उस ग्रह का **' चक्रार्ध–हानिगुणक '** मिलेगा। यदि एक ही राशि में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें से सर्वाधिक बली[◘] ग्रह का ही **' चक्रार्ध– हानिगुणक '** बनाया जाता है, शेष का नहीं। इन शेष ग्रहों की अंशायु को तो स्वतः **' चक्रार्ध–हानिसंस्कृत '** समझना चाहिए।

इस **' चक्रार्ध–हानिगुणक '** से ग्रहों की उपरोक्त (अंशादि) अंशायुओं को गुणा करने पर ये अंशायुएं

---

[*] **' स्फुटगुणक '** देखें पृ. 292 पर।

[⊗] मैंने गणनासुविधा के लिए यहां अनेकत्र काल्पनिक उदाहरणों का भी आश्रय लिया है और पृष्ठ 292 पर दिए गए **' उदाहरण–जन्मपत्र '** को मैंने उपेक्षित किया है।

[◘] लग्न एवं ग्रह का बल जानने की प्रक्रिया **" जातकपद्धति "** से जानें।

' चक्रार्ध–हानिसंस्कृता ' कहलाएगी। यह भी जान लें – लग्न में से ग्रह घटाने पर शेष यदि 6 राशि से अधिक हो तो ग्रह की अंशायु में **चक्रार्ध–हानिसंस्कार** नहीं किया जाता। इस ' **चक्रार्ध–हानिसंस्कृत** ' अंशायु की कलाएं बनाकर, उन्हें अंशात्मक '**कर्मयोग्य गुणक** ' से गुणा कर 200 से भाग देने पर ग्रह की " **वर्षादि** अंशायु " ज्ञात हो जाएगी।

किञ्च– लग्न की अंशायु को 3 से गुणा कर 10 से भाग देने पर लब्धि लग्न की **वर्षादि अंशायु** होगी। यहां यदि लग्न का बल※ 6 रूप (अंश) से अधिक हो तो लग्न की भुक्त राशियों के बराबर वर्ष भी उस (वर्षादि लग्न–अंशायु) में जोड़ दें और लग्न के अंशों को 2 से गुणा कर, उसे पांच से विभाजित कर लब्ध मासादि भी उसमें जोड़ दें। **इस प्रकार लग्न की ' वास्तव वर्षादि अंशायु ' हमें प्राप्त हो जाएगी।**

इस प्रकार जातक के जन्मकालिक सभी ग्रहों एवं लग्न की वर्षादि अंशायु ज्ञात की जाती है। इस 'वर्षादि अंशायु' का प्रयोग आगे चलकर किया जाएगा।

ग्रहों के पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग*

ग्रह में से उसके उच्च को घटाएं। शेष यदि 6 राशि से अधिक हो तो उसके अंशादि बनाइए। शेष यदि 6 राशि से कम हो तो उसे 12 राशि में से घटाकर उसके अंशादि बनाएं। यदि ग्रह नैसर्गिक शत्रुराशि में हो तो इसमें से इसी का तृतीयांश घटा दें। यदि ग्रह वक्री हो तो तृतीयांश न घटाएं। यदि ग्रह अस्त (लुप्त) हो तो इसमें से इसका आधा घटा दिया जाए। यह नियम शुक्र व शनि के लिए नहीं है। यदि कहीं तृतीयांश व आधा – दोनों घटने की स्थिति पैदा हो, तब वहां केवल आधा ही घटाया जाए। इस प्रक्रिया द्वारा हमें ग्रह का " **मध्यम–पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " प्राप्त होगा। (**स्पष्टता के लिए नीचे उदाहरण देखिए**)–

[" उदाहरण–जन्मपत्र " में स्पष्ट बुध $10^{\text{रा.}}\ 07^{\text{अं.}}\ 17^{\text{क.}}$ *है। इसमें से इसका उच्च 5 रा. 15 अं. घटाने पर* $4^{\text{रा.}}\ 22^{\text{अं.}}\ 17^{\text{क.}}$ *मिले। यह 6 राशि से कम है, अतः इसे 12 राशि में से घटाने पर* $7^{\text{रा.}}\ 07^{\text{अं.}}\ 43^{\text{क.}}$ *हुए। इसके 217°.71 बने। यहां बुध* ***नैसर्गिक शत्रु*** *की राशि में नहीं है। अतः इसमें से तृतीयांश नहीं घटेगा। बुध यहां अस्त है, अतः इस (217°.71) में से इसका आधा 108°.86 घटा देने पर बुध का* ***'मध्यम पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग '*** *108°.86 हुआ।]*

ग्रह के इस उपरोक्त " **मध्यम पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " में ' **चक्रार्धहानि–संस्कार** ' किया जाएगा। जिससे यह " **स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " बनेगा। **' चक्रार्धहानि–संस्कार ' करने की विधि इस प्रकार है–**

पृष्ठ 294पर ग्रह का " **चक्रार्ध–हानिगुणक** " ज्ञात करने की विधि दी गई है। ठीक, उसी विधि से ग्रह का " **चक्रार्धहानिगुणक** " ज्ञात करके उससे ग्रह के " **मध्यम पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " को गुणा कीजिए। गुणनफल ग्रह का अंशात्मक "**स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " (दूसरे शब्दों में ' **चक्रार्धहानि–संस्कृत** ' " **मध्यम पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** ") होगा।

(***जैसे,*** *मान लें– किसी ग्रह का* " ***मध्यम पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग*** " *302°.899* और " **चक्रार्ध–हानिगुणक** " *0°.902 है । अतः इस ग्रह का* "***स्पष्ट–पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग*** " *= 302°.899 × 0°.902 = 273°.215 हुआ।)*

स्पष्टतर(वास्तव)पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग

यदि लग्न में लग्नेश से भिन्न कोई पापी ग्रह पड़ा हो तो ग्रह के "**स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** " को लग्न की वर्त्तमान राशि के अंशादि से गुणाकर उसे 360 से भाग दें। अंशादि लब्धि को "**स्पष्ट**

※ लग्न एवं ग्रह का बल जानने की प्रक्रिया " **जातकपद्धति** " से जानें।

* पिण्डायुर्भाग, निसर्गायुर्भाग और जीवायुर्भाग– यह ' **पिण्डादि त्रिकायुर्भाग**' कहलाता है। अर्थात् ये तीन प्रकार की आयु हैं। इनके अतिरिक्त एक आयु ' **अंशायु** ' भी है– जिसका साधनप्रकार हम पहिले बतला चुके हैं। जातक की आयु के निर्णय में किस आयुप्रकार का प्रयोग कहां होगा ? यह निर्णय आगे चलकर पाठक जान लेंगे।

पिण्डादि– त्रिकायुर्भाग " में से ही घटाइए। यदि पापग्रहयुक्त लग्न पर शुभ ग्रह की दृष्टि है तो इस लब्धि का आधा ही घटाइए। इससे ग्रह का **"स्पष्टतर (वास्तव) पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** प्राप्त हो जाएगा। **ध्यान दें–** यदि लग्न में क्रूर लग्नेश हो तब उपरोक्त लब्धि को **" स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** में से घटाने की आवश्यकता नहीं होगी। तब तो **" स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** ही **"वास्तव–पिण्डादि त्रिकायुर्भाग "** माना जाएगा। **तथा च–** यदि लग्न में पापी या शुभ-कोई भी ग्रह न हो तब भी **"स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** को ही **" वास्तव–पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** समझना चाहिए। **देखिए–** हमारे **' उदाहरण–जन्मपत्र '** की जन्मकुण्डली में लग्न में न कोई अशुभ ग्रह है और न कोई शुभ। अतः यहां **" स्पष्ट पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** ही **"स्पष्टतर (वास्तव) पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग "** माना जाएगा।

ध्यान दें– अब हम आगे **'वास्तव पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग'** को केवल **' पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग '** ही लिखेंगे।

19, 25, 15, 12, 15, 21, 20– ये क्रमशः सूर्य आदि सात ग्रहों के **' पिण्डायु–गुणक '** हैं। **तथा च–** 20, 1, 2, 9, 18, 20, 50– ये क्रमशः सात ग्रहों के **' निसर्गायु–गुणक '** हैं। ग्रह के अपने पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग को अपने पिण्डायु–गुणक से गुणा कर 360 से भाग देने पर उसकी **वर्षादि पिण्डायु** प्राप्त होगी। इसी प्रकार ग्रह के अपने पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग को अपने निसर्गायुगुणक से गुणाकर 360 से भाग देने पर उसकी **वर्षादि निसर्गायु** प्राप्त होगी। ग्रह के पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग को 21 से भाग देने पर उसकी वर्षादि **जीवायु** प्राप्त होती है।

लग्न की वर्त्तमान राशि के अंशादि की कलाएं बनाकर, उन्हें 200 से भाग देकर **' पिण्डादि–त्रिकयोग्य वर्षादि लग्नायु '** होगी।

[**जैसे,** मान लें– सूर्य का **पिण्डादि–त्रिकायुर्भाग** 302°. 95 है, तो इसकी–

$$\textbf{पिण्डायु} = \frac{19\times 302^\circ.\,95}{360} = \begin{array}{ccc} \text{व.} & \text{मा.} & \text{दि.} \\ 15 & 11 & 26 \end{array}$$

$$\textbf{निसर्गायु} = \frac{20\times 302^\circ.\,95}{360} = \begin{array}{ccc} \text{व.} & \text{मा.} & \text{दि.} \\ 16 & 9 & 29 \end{array}$$

$$\textbf{जीवायु} = \frac{302^\circ.\,95}{21} = \begin{array}{ccc} \text{व.} & \text{मा.} & \text{दि.} \\ 14 & 5 & 03 \end{array}$$

किञ्च– मान लें– स्पष्ट लग्न $6^{\text{रा.}}\ 18^{\text{अं.}}\ 35^{\text{क.}}$ है। इसकी वर्त्तमान राशि तुला के अंश 18 अं. 35क. (= 1115′) हैं।

$$\text{अतः पिण्डादि–त्रिकायुयोग्यलग्नायु} = \frac{1115'}{200} = 5^{\text{व.}}\ 6^{\text{मा.}}\ 27^{\text{क.}}\ ]$$

जातक की कुल आयु

उपर हमने ग्रहों की अंशायु (वर्षादि अंशायु, वर्षादि पिण्डायु, वर्षादि निसर्गायु एवं वर्षादि जीवायु– इन चार प्रकार की आयुओं) का साधन किया है। ' वर्षादि–लग्न–अंशायु ' एवं ' पिण्डादि–त्रिकयोग्य वर्षादि लग्नायु ' –ये दो प्रकार की लग्नायु भी साधित की है।

अब हम ग्रहों की उपरोक्त इन चार आयुओं तथा दो लग्नायुओं के आधार पर जातक की कुल आयु (आयुपरिमाण या कुल जीवनावधि) के वर्ष–मास–दिन ज्ञात करेंगे–

(i) लग्न, सूर्य एवं चन्द्र– इन तीनों में से यदि लग्न अधिक बली[+] हो तो लग्नांशायु–सहित ग्रहांशायु (ग्रहों की अंशायु) द्वारा[✕], सूर्य अधिक बली हो तो पिण्डादि–त्रिकयोग्य लग्नायु–सहित ग्रहों की पिण्डायु द्वारा, चन्द्र अधिक बली हो तो पिण्डादि–त्रिकयोग्यलग्नायु सहित ग्रहों की निसर्गायु द्वारा जातक की आयु (जीवनावधि) का निर्णय करें।

(ii) यदि लग्न, सूर्य, चन्द्र– इनमें से किन्ही दो का बल समान हो (यानि दोनों समान बली हों) तो उन दोनों की आयुओं के योग के अर्ध से आयुनिर्णय करें। अर्थात् यदि लग्न, सूर्य– दोनों समान बली हों तो लग्नांशायु, ग्रहांशायु, पिण्डादि–त्रिकयोग्य लग्नायु और ग्रहपिण्डायु के योगार्ध–तुल्य आयु समझनी चाहिए। यदि लग्न और चन्द्र– दोनों समान बली हों तो लग्नांशायु, ग्रहांशायु, पिण्डादि–त्रिकयोग्य लग्नायु एवम् ग्रहनिसर्गायु के योगार्धतुल्य आयु समझें। यदि सूर्य, चन्द्र– दोनों समान बली हों तो– द्विगुणित पिण्डादि त्रिकयोग्य लग्नायु, ग्रहपिण्डायु तथा ग्रहनिसर्गायु के योगार्ध के समान जातक की आयु जानें।

(iii) यदि लग्न, सूर्य, चन्द्र– तीनों समान बली हों तो लग्नांशायु, ग्रहांशायु, द्विगुणित पिण्डादि–त्रिकयोग्य लग्नायु, ग्रहपण्डिायु तथा ग्रह–निसर्गायु के योग के तृतीयांश–तुल्य जातक की आयु समझनी चाहिए।

(iv) यदि लग्न, सूर्य और चन्द्र– तीनों हीनबली हों तो जातक की आयु पिण्डादि त्रिकयोग्य लग्नायु और ग्रहों की जीवायु के योग के तुल्य समझनी चाहिए।

ध्यान दें – यहां ग्रह एवं लग्न का षड्बल यदि 3 रूप (3 अंश) से कम हो तो वह 'हीनबली'; 6 रूप से अधिक हो तो 'अधिकबली' कहलाता है। 3 रूप से अधिक और 6 रूप से कम बल वाला 'मध्यमबली' माना गया है। अतः यहां 'दोनों समान बली' का अर्थ है– 'दोनों हीनबली', 'दोनों अधिकबली' या 'दोनों मध्यबली'। इस प्रकार तीनों 'समानबली' का अर्थ भी समझना चाहिए।

यह है, केशवाचार्य–सम्मत आयुनिर्णय का प्रकार, जो सामान्य गणितमात्र परिकर्म–चतुष्टय पर आधारित होने पर भी विविध विधि–निषेधों के जाल में गणक को उलझाने वाला है।

समीक्षा

हमने इन तीन वर्षों (गत दो वर्षों एवं वर्त्तमान वर्ष) में आयुसाधन की चार गणितमूलक प्रमुख पद्धतियों का सप्रपञ्च निर्देश किया है। सामान्य बुद्धिस्तर वाला गणक, पाठक भी इनकी प्रक्रियाओं पर सर–सरी दृष्टिपात से ही इनसे प्राप्त परिणामों में सामञ्जस्य की सम्भावना को भी तुरन्त नकार देगा– यह स्पष्ट है। आयु–परिमाणसाधन की गणितात्मक प्रक्रियाएं इनके अतिरिक्त और भी भारी संख्या में हैं, जिनके आधारों का इस निर्दिष्ट प्रक्रिया–चतुष्टयी के आधारों से दूर का भी कोई सम्बन्ध नहीं है। जिन्हें देखकर पाठक को इस विषय में किसी एक परिणाम पर पहुंचने का शेष बचा सम्भावनालेश भी नहीं रहेगा। आयुसाधन की गणितीय इन प्रक्रियाओं से प्राप्त परस्पर नितान्त विमुख असंख्य परिणामों का अनेक जातक–ग्रन्थोक्त विभिन्न भावस्थ ग्रहों से उत्पन्न आयुवर्षों के निर्धारण से भी कोई समन्वय नहीं होता–इत्यादि अनेक कारणों से जातक की आयु के वर्षों को 'इदमित्थम्' निर्णीत करने के फलित–ज्योतिःशास्त्रीय सभी दावे बुरी तरह निरस्त हो जाते हैं। इस विषय पर हम अगले वर्ष (सं. 2072 वि.) के पंचांग में विस्तारपूर्वक निष्पक्ष विस्तृत विवेचन प्रस्तुत करेंगे, जिससे पाठक पूरी तरह समझ जाएंगे कि– जातक के निर्याणकाल का निर्धारण कदापि शक्य नहीं है।

[+] यहां लग्न और ग्रहवल से अभिप्रायलग्न और ग्रह के '**षड्बल**' से है। जैसा कि पहिले भी हम बतला चुके हैं– इसके लिए '**जातकपद्धति**' का '**षड्बल प्रकरण**' देखें। **सं. 2063 वि.** में प्रकाशित '**श्रीमार्त्तण्ड पंचाग**' के '**षड्बल– विशेषांक**' में भी इसका सरलतम प्रतिपादन किया जा चुका है–वहां देख सकते हैं।

[✕] अर्थात् लग्न की वर्षादि–अंशायु एवं सातों ग्रहों की वर्षादि–अंशायुओं के योग द्वारा।

ग्रहायु-साधन कोष्ठक (भाग—1)

ग्रह—नीच या नीच—ग्रह		सूर्य परमायु—वर्ष 19 (नीच 6 रा. 10 अं)							चन्द्र परमायु—वर्ष 25 (नीच 7 रा. 03 अं.)							मंगल परमायु—वर्ष 15 (नीच 3 रा. 28 अं.)						
		सूर्यायु			अन्तर शेष		आयु		चन्द्रायु			अन्तर शेष		आयु		भौमायु			अन्तर शेष		आयु	
रा.	अं.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.
0	00	9	06	00	0	06	0	02	12	06	00	0	06	0	02	7	06	00	0	06	0	1
0	04	9	08	16	0	12	0	94	12	09	10	0	12	0	05	7	08	00	0	12	0	3
0	08	9	11	02	0	18	0	06	13	00	20	0	18	0	07	7	10	00	0	18	0	4
0	12	10	01	18	0	24	0	08	13	04	00	0	24	0	10	8	00	00	0	24	0	6
0	16	10	04	04	0	30	0	10	13	07	10	0	30	0	12	8	02	00	0	30	0	7
0	20	10	06	20	0	36	0	12	13	10	20	0	36	0	15	8	04	00	0	36	0	9
0	24	10	09	06	0	42	0	14	14	02	00	0	42	0	17	8	06	00	0	42	0	10
0	28	10	11	22	0	48	0	16	14	05	10	0	48	0	20	8	08	00	0	48	0	12
1	02	11	02	08	0	54	0	18	14	08	20	0	54	0	22	8	10	00	0	54	0	13
1	06	11	04	24	1	00	0	19	15	00	00	1	00	0	25	9	00	00	1	00	0	15
1	10	11	07	10	1	06	0	21	15	03	10	1	06	0	27	9	02	00	1	06	0	16
1	14	11	09	26	1	12	0	23	15	06	20	1	12	1	00	9	04	00	1	12	0	18
1	18	12	00	12	1	18	0	25	15	10	00	1	18	1	02	9	06	00	1	18	0	19
1	22	12	02	28	1	24	0	27	16	01	10	1	24	1	05	9	08	00	1	24	0	21
1	26	12	05	14	1	30	0	29	16	04	20	1	30	1	07	9	10	00	1	30	0	22
2	00	12	08	00	1	36	1	01	16	08	00	1	36	1	10	10	00	00	1	36	0	24
2	04	12	10	16	1	42	1	03	16	11	10	1	42	1	12	10	02	00	1	42	0	25
2	08	13	01	02	1	48	1	05	17	02	20	1	48	1	15	10	04	00	1	48	0	27
2	12	13	03	18	1	54	1	07	17	06	00	1	54	1	17	10	06	00	1	54	0	28
2	16	13	06	04	2	00	1	08	17	09	10	2	00	1	20	10	08	00	2	00	1	00
2	20	13	08	20	2	06	1	10	18	00	20	2	06	1	22	10	10	00	2	06	1	1
2	24	13	11	06	2	12	1	12	18	04	00	2	12	1	25	11	00	00	2	12	1	3
2	28	14	01	22	2	18	1	14	18	07	10	2	18	1	27	11	02	00	2	18	1	4
3	02	14	04	08	2	24	1	16	18	10	20	2	24	2	00	11	04	00	2	24	1	6
3	06	14	06	24	2	30	1	18	19	02	00	2	30	2	02	11	06	00	2	30	1	7
3	10	14	09	10	2	36	1	20	19	05	10	2	36	2	05	11	08	00	2	36	1	9
3	14	14	11	26	2	42	1	22	19	08	20	2	42	2	07	11	10	00	2	42	1	10
3	18	15	02	12	2	48	1	24	20	00	00	2	48	2	10	12	00	00	2	48	1	12
3	22	15	04	28	2	54	1	26	20	03	10	2	54	2	12	12	02	00	2	54	1	13
3	26	15	07	14	3	00	1	27	20	06	20	3	00	2	15	12	04	00	3	00	1	15
4	00	15	10	00	3	06	1	29	20	10	00	3	06	2	17	12	06	00	3	06	1	16
4	04	16	00	16	3	12	2	01	21	01	10	3	12	2	20	12	08	00	3	12	1.	18
4	08	16	03	02	3	18	2	03	21	04	20	3	18	2	22	12	10	00	3	18	1	19
4	12	16	05	18	3	24	2	05	21	08	00	3	24	2	25	13	00	00	3	24	1	21
4	16	16	08	04	3	30	2	07	21	11	10	3	30	2	27	13	02	00	3	30	1	22
4	20	16	10	20	3	36	2	09	22	02	20	3	36	3	00	13	04	00	3	36	1	24
4	24	17	01	06	3	42	2	11	22	06	00	3	42	3	02	13	06	00	3	42	1	25
4	28	17	03	22	3	48	2	13	22	09	10	3	48	3	05	13	08	00	3	48	1	27
5	02	17	06	08	3	54	2	15	23	00	20	3	54	3	07	13	10	00	3	54	1	28
5	06	17	08	24	4	00	2	16	23	04	00	4	00	3	10	14	00	00	4	00	2	00
5	10	17	11	10					23	07	10					14	02	00				
5	14	18	01	26					23	10	20					14	04	00				
5	18	18	04	12					24	02	00					14	06	00				
5	22	18	06	28					24	05	10					14	08	00				
5	26	18	09	14					24	08	20					14	10	00				
6	00	19	10	00					25	00	00					15	00	00				

नोटः— इस कोष्ठक से [illegible] है।

ग्रहायु-साधन कोष्ठक (भाग–2)

ग्रह–नीच या नीच–ग्रह		बुध परमायु–वर्ष 12 (नीच 11 रा. 15 अं.)							गुरु परमायु–वर्ष 15 (नीच 9 रा. 05 अं.)							शुक्र परमायु–वर्ष 21 (नीच 5 रा. 27 अं.)							शनि परमायु–वर्ष 20 (नीच 0 रा. 20 अं.)						
		बुधायु			अन्तर शेष		आयु		गुरु–आयु			अन्तर शेष		आयु		शुक्रायु			अन्तर शेष		आयु		शनि–आयु			अन्तर शेष		आयु	
रा.	अं.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.
0	00	6	00	00	0	06	0	01	7	06	00	0	06	0	01	10	06	00	0	06	0	02	10	00	00	0	06	0	02
0	04	6	01	18	0	12	0	02	7	08	00	0	12	0	03	10	08	24	0	12	0	04	10	02	20	0	12	0	04
0	08	6	03	06	0	18	0	03	7	10	00	0	18	0	04	10	11	18	0	18	0	06	10	05	10	0	18	0	06
0	12	6	04	24	0	24	0	04	8	00	00	0	24	0	06	11	02	12	0	24	0	08	10	08	00	0	24	0	08
0	16	6	06	12	0	30	0	06	8	02	00	0	30	0	07	11	05	06	0	30	0	10	10	10	20	0	30	0	10
0	20	6	08	00	0	36	0	07	8	04	00	0	36	0	09	11	08	00	0	36	0	12	11	01	10	0	36	0	12
0	24	6	09	18	0	42	0	08	8	06	00	0	42	0	10	11	10	24	0	42	0	14	11	04	00	0	42	0	14
0	28	6	11	06	0	48	0	09	8	08	00	0	48	0	12	12	01	18	0	48	0	16	11	06	20	0	48	0	16
1	02	7	00	24	0	54	0	10	8	10	00	0	54	0	13	12	04	12	0	54	0	18	11	09	10	0	54	0	18
1	06	7	02	12	1	00	0	12	9	00	00	1	00	0	15	12	07	06	1	00	0	21	12	00	00	1	00	0	20
1	10	7	04	00	1	06	0	13	9	02	00	1	06	0	16	12	10	00	1	06	0	23	12	02	20	1	06	0	22
1	14	7	05	18	1	12	0	14	9	04	00	1	12	0	18	13	00	24	1	12	0	25	12	05	10	1	12	0	24
1	18	7	07	06	1	18	0	15	9	06	00	1	18	0	19	13	03	18	1	18	0	27	12	08	00	1	18	0	26
1	22	7	08	24	1	24	0	16	9	08	00	1	24	0	21	13	06	12	1	24	0	29	12	10	20	1	24	0	28
1	26	7	10	12	1	30	0	18	9	10	00	1	30	0	22	13	09	06	1	30	1	01	13	01	10	1	30	1	00
2	00	8	00	00	1	36	0	19	10	00	00	1	36	0	24	14	00	00	1	36	1	03	13	04	00	1	36	1	02
2	04	8	01	18	1	42	0	20	10	02	00	1	42	0	25	14	02	24	1	42	1	05	13	06	20	1	42	1	04
2	08	8	03	06	1	48	0	21	10	04	00	1	48	0	27	14	05	18	1	48	1	07	13	09	10	1	48	1	06
2	12	8	04	24	1	54	0	22	10	06	00	1	54	0	28	14	08	12	1	54	1	09	14	00	00	1	54	1	08
2	16	8	06	12	2	00	0	24	10	08	00	2	00	1	00	14	11	06	2	00	1	11	14	02	20	2	00	1	10
2	20	8	08	00	2	06	0	25	10	10	00	2	06	1	01	15	02	00	2	06	1	14	14	05	10	2	06	1	12
2	24	8	09	18	2	12	0	26	11	00	00	2	12	1	03	15	04	24	2	12	1	16	14	08	00	2	12	1	14
2	28	8	11	06	2	18	0	27	11	02	00	2	18	1	04	15	07	18	2	18	1	18	14	10	20	2	18	1	16
3	02	9	00	24	2	24	0	28	11	04	00	2	24	1	06	15	10	12	2	24	1	20	15	01	10	2	24	1	18
3	06	9	02	12	2	30	1	00	11	06	00	2	30	1	07	16	01	06	2	30	1	22	15	04	00	2	30	1	20
3	10	9	04	00	2	36	1	01	11	08	00	2	36	1	09	16	04	00	2	36	1	24	15	06	20	2	36	1	22
3	14	9	05	18	2	42	1	02	11	10	00	2	42	1	10	16	06	24	2	42	1	26	15	09	10	2	42	1	24
3	18	9	07	06	2	48	1	03	12	00	00	2	48	1	12	16	09	18	2	48	1	28	16	00	00	2	48	1	26
3	22	9	08	24	2	54	1	04	12	02	00	2	54	1	13	17	00	12	2	54	2	00	16	02	20	2	54	1	28
3	26	9	10	12	3	00	1	06	12	04	00	3	00	1	15	17	03	06	3	00	2	03	16	05	10	3	00	2	00
4	00	10	00	00	3	06	1	07	12	06	00	3	06	1	16	17	06	00	3	06	2	05	16	08	00	3	06	2	02
4	04	10	01	18	3	12	1	08	12	08	00	3	12	1	18	17	08	24	3	12	2	07	16	10	20	3	12	2	04
4	08	10	03	06	3	18	1	09	12	10	00	3	18	1	19	17	11	18	3	18	2	09	17	01	10	3	18	2	06
4	12	10	04	24	3	24	1	10	13	00	00	3	24	1	21	18	02	12	3	24	2	11	17	04	00	3	24	2	08
4	16	10	06	12	3	30	1	12	13	02	00	3	30	1	22	18	05	06	3	30	2	13	17	06	20	3	30	2	10
4	20	10	08	00	3	36	1	13	13	04	00	3	36	1	24	18	08	00	3	36	2	15	17	09	10	3	36	2	12
4	24	10	09	18	3	42	1	14	13	06	00	3	42	1	25	18	10	24	3	42	2	17	18	00	00	3	42	2	14
4	28	10	11	06	3	48	1	15	13	08	00	3	48	1	27	19	01	18	3	48	2	19	18	02	20	3	48	2	16
5	02	11	00	24	3	54	1	16	13	10	00	3	54	1	28	19	04	12	3	54	2	21	18	05	10	3	54	2	18
5	06	11	02	12	4	00	1	18	14	00	00	4	00	2	00	19	07	06	4	00	2	24	18	08	00	4	00	2	20
5	10	11	04	00					14	02	00					19	10	00					18	10	20				
5	14	11	05	18					14	04	00					20	00	24					19	01	10				
5	18	11	07	06					14	06	00					20	03	18					19	04	00				
5	22	11	08	24					14	08	00					20	06	12					19	06	20				
5	26	11	10	12					14	10	00					20	09	06					19	09	10				
6	00	12	00	00					15	00	00					21	00	00					20	00	00				

नोटः–. इस कोष्ठक से ज्ञात ग्रहायु 'मध्यम' है।

ग्रहायु-साधन कोष्ठक (भाग–1)

ग्रह–नीच या नीच–ग्रह		सूर्य परमायु–वर्ष 19 (नीच 6 रा. 10 अं)							चन्द्र परमायु–वर्ष 25 (नीच 7 रा. 03 अं.)							मंगल परमायु–वर्ष 15 (नीच 3 रा. 28 अं.)						
		सूर्यायु			अन्तर शेष		आयु		चन्द्रायु			अन्तर शेष		आयु		भौमायु			अन्तर शेष		आयु	
रा.	अं.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.
0	00	9	06	00	0	06	0	02	12	06	00	0	06	0	02	7	06	00	0	06	0	1
0	04	9	08	16	0	12	0	94	12	09	10	0	12	0	05	7	08	00	0	12	0	3
0	08	9	11	02	0	18	0	06	13	00	20	0	18	0	07	7	10	00	0	18	0	4
0	12	10	01	18	0	24	0	08	13	04	00	0	24	0	10	8	00	00	0	24	0	6
0	16	10	04	04	0	30	0	10	13	07	10	0	30	0	12	8	02	00	0	30	0	7
0	20	10	06	20	0	36	0	12	13	10	20	0	36	0	15	8	04	00	0	36	0	9
0	24	10	09	06	0	42	0	14	14	02	00	0	42	0	17	8	06	00	0	42	0	10
0	28	10	11	22	0	48	0	16	14	05	10	0	48	0	20	8	08	00	0	48	0	12
1	02	11	02	08	0	54	0	18	14	08	20	0	54	0	22	8	10	00	0	54	0	13
1	06	11	04	24	1	00	0	19	15	00	00	1	00	0	25	9	00	00	1	00	0	15
1	10	11	07	10	1	06	0	21	15	03	10	1	06	0	27	9	02	00	1	06	0	16
1	14	11	09	26	1	12	0	23	15	06	20	1	12	1	00	9	04	00	1	12	0	18
1	18	12	00	12	1	18	0	25	15	10	00	1	18	1	02	9	06	00	1	18	0	19
1	22	12	02	28	1	24	0	27	16	01	10	1	24	1	05	9	08	00	1	24	0	21
1	26	12	05	14	1	30	0	29	16	04	20	1	30	1	07	9	10	00	1	30	0	22
2	00	12	08	00	1	36	1	01	16	08	00	1	36	1	10	10	00	00	1	36	0	24
2	04	12	10	16	1	42	1	03	16	11	10	1	42	1	12	10	02	00	1	42	0	25
2	08	13	01	02	1	48	1	05	17	02	20	1	48	1	15	10	04	00	1	48	0	27
2	12	13	03	18	1	54	1	07	17	06	00	1	54	1	17	10	06	00	1	54	0	28
2	16	13	06	04	2	00	1	08	17	09	10	2	00	1	20	10	08	00	2	00	1	00
2	20	13	08	20	2	06	1	10	18	00	20	2	06	1	22	10	10	00	2	06	1	1
2	24	13	11	06	2	12	1	12	18	04	00	2	12	1	25	11	00	00	2	12	1	3
2	28	14	01	22	2	18	1	14	18	07	10	2	18	1	27	11	02	00	2	18	1	4
3	02	14	04	08	2	24	1	16	18	10	20	2	24	2	00	11	04	00	2	24	1	6
3	06	14	06	24	2	30	1	18	19	02	00	2	30	2	02	11	06	00	2	30	1	7
3	10	14	09	10	2	36	1	20	19	05	10	2	36	2	05	11	08	00	2	36	1	9
3	14	14	11	26	2	42	1	22	19	08	20	2	42	2	07	11	10	00	2	42	1	10
3	18	15	02	12	2	48	1	24	20	00	00	2	48	2	10	12	00	00	2	48	1	12
3	22	15	04	28	2	54	1	26	20	03	10	2	54	2	12	12	02	00	2	54	1	13
3	26	15	07	14	3	00	1	27	20	06	20	3	00	2	15	12	04	00	3	00	1	15
4	00	15	10	00	3	06	1	29	20	10	00	3	06	2	17	12	06	00	3	06	1	16
4	04	16	00	16	3	12	2	01	21	01	10	3	12	2	20	12	08	00	3	12	1.	18
4	08	16	03	02	3	18	2	03	21	04	20	3	18	2	22	12	10	00	3	18	1	19
4	12	16	05	18	3	24	2	05	21	08	00	3	24	2	25	13	00	00	3	24	1	21
4	16	16	08	04	3	30	2	07	21	11	10	3	30	2	27	13	02	00	3	30	1	22
4	20	16	10	20	3	36	2	09	22	02	20	3	36	3	00	13	04	00	3	36	1	24
4	24	17	01	06	3	42	2	11	22	06	00	3	42	3	02	13	06	00	3	42	1	25
4	28	17	03	22	3	48	2	13	22	09	10	3	48	3	05	13	08	00	3	48	1	27
5	02	17	06	08	3	54	2	15	23	00	20	3	54	3	07	13	10	00	3	54	1	28
5	06	17	08	24	4	00	2	16	23	04	00	4	00	3	10	14	00	00	4	00	2	00
5	10	17	11	10					23	07	10					14	02	00				
5	14	18	01	26					23	10	20					14	04	00				
5	18	18	04	12					24	02	00					14	06	00				
5	22	18	06	28					24	05	10					14	08	00				
5	26	18	09	14					24	08	20					14	10	00				
6	00	19	10	00					25	00	00					15	00	00				

नोटः– इस कोष्ठक से [illegible] है।

ग्रहायु-साधन कोष्ठक (भाग—2)

ग्रह—नीच या नीच—ग्रह		बुध परमायु—वर्ष 12 (नीच 11 रा. 15 अं.)							गुरु परमायु—वर्ष 15 (नीच 9 रा. 05 अं.)							शुक्र परमायु—वर्ष 21 (नीच 5 रा. 27 अं.)							शनि परमायु—वर्ष 20 (नीच 0 रा. 20 अं.)						
		बुधायु			अन्तर शेष		आयु		गुरु—आयु			अन्तर शेष		आयु		शुक्रायु			अन्तर शेष		आयु		शनि—आयु			अन्तर शेष		आयु	
रा.	अं.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.	व.	मा.	दि.	अं.	क.	मा.	दि.
0	00	6	00	00	0	06	0	01	7	06	00	0	06	0	01	10	06	00	0	06	0	02	10	00	00	0	06	0	02
0	04	6	01	18	0	12	0	02	7	08	00	0	12	0	03	10	08	24	0	12	0	04	10	02	20	0	12	0	04
0	08	6	03	06	0	18	0	03	7	10	00	0	18	0	04	10	11	18	0	18	0	06	10	05	10	0	18	0	06
0	12	6	04	24	0	24	0	04	8	00	00	0	24	0	06	11	02	12	0	24	0	08	10	08	00	0	24	0	08
0	16	6	06	12	0	30	0	06	8	02	00	0	30	0	07	11	05	06	0	30	0	10	10	10	20	0	30	0	10
0	20	6	08	00	0	36	0	07	8	04	00	0	36	0	09	11	08	00	0	36	0	12	11	01	10	0	36	0	12
0	24	6	09	18	0	42	0	08	8	06	00	0	42	0	10	11	10	24	0	42	0	14	11	04	00	0	42	0	14
0	28	6	11	06	0	48	0	09	8	08	00	0	48	0	12	12	01	18	0	48	0	16	11	06	20	0	48	0	16
1	02	7	00	24	0	54	0	10	8	10	00	0	54	0	13	12	04	12	0	54	0	18	11	09	10	0	54	0	18
1	06	7	02	12	1	00	0	12	9	00	00	1	00	0	15	12	07	06	1	00	0	21	12	00	00	1	00	0	20
1	10	7	04	00	1	06	0	13	9	02	00	1	06	0	16	12	10	00	1	06	0	23	12	02	20	1	06	0	22
1	14	7	05	18	1	12	0	14	9	04	00	1	12	0	18	13	00	24	1	12	0	25	12	05	10	1	12	0	24
1	18	7	07	06	1	18	0	15	9	06	00	1	18	0	19	13	03	18	1	18	0	27	12	08	00	1	18	0	26
1	22	7	08	24	1	24	0	16	9	08	00	1	24	0	21	13	06	12	1	24	0	29	12	10	20	1	24	0	28
1	26	7	10	12	1	30	0	18	9	10	00	1	30	0	22	13	09	06	1	30	1	01	13	01	10	1	30	1	00
2	00	8	00	00	1	36	0	19	10	00	00	1	36	0	24	14	00	00	1	36	1	03	13	04	00	1	36	1	02
2	04	8	01	18	1	42	0	20	10	02	00	1	42	0	25	14	02	24	1	42	1	05	13	06	20	1	42	1	04
2	08	8	03	06	1	48	0	21	10	04	00	1	48	0	27	14	05	18	1	48	1	07	13	09	10	1	48	1	06
2	12	8	04	24	1	54	0	22	10	06	00	1	54	0	28	14	08	12	1	54	1	09	14	00	00	1	54	1	08
2	16	8	06	12	2	00	0	24	10	08	00	2	00	1	00	14	11	06	2	00	1	11	14	02	20	2	00	1	10
2	20	8	08	00	2	06	0	25	10	10	00	2	06	1	01	15	02	00	2	06	1	14	14	05	10	2	06	1	12
2	24	8	09	18	2	12	0	26	11	00	00	2	12	1	03	15	04	24	2	12	1	16	14	08	00	2	12	1	14
2	28	8	11	06	2	18	0	27	11	02	00	2	18	1	04	15	07	18	2	18	1	18	14	10	20	2	18	1	16
3	02	9	00	24	2	24	0	28	11	04	00	2	24	1	06	15	10	12	2	24	1	20	15	01	10	2	24	1	18
3	06	9	02	12	2	30	1	00	11	06	00	2	30	1	07	16	01	06	2	30	1	22	15	04	00	2	30	1	20
3	10	9	04	00	2	36	1	01	11	08	00	2	36	1	09	16	04	00	2	36	1	24	15	06	20	2	36	1	22
3	14	9	05	18	2	42	1	02	11	10	00	2	42	1	10	16	06	24	2	42	1	26	15	09	10	2	42	1	24
3	18	9	07	06	2	48	1	03	12	00	00	2	48	1	12	16	09	18	2	48	1	28	16	00	00	2	48	1	26
3	22	9	08	24	2	54	1	04	12	02	00	2	54	1	13	17	00	12	2	54	2	00	16	02	20	2	54	1	28
3	26	9	10	12	3	00	1	06	12	04	00	3	00	1	15	17	03	06	3	00	2	03	16	05	10	3	00	2	00
4	00	10	00	00	3	06	1	07	12	06	00	3	06	1	16	17	06	00	3	06	2	05	16	08	00	3	06	2	02
4	04	10	01	18	3	12	1	08	12	08	00	3	12	1	18	17	08	24	3	12	2	07	16	10	20	3	12	2	04
4	08	10	03	06	3	18	1	09	12	10	00	3	18	1	19	17	11	18	3	18	2	09	17	01	10	3	18	2	06
4	12	10	04	24	3	24	1	10	13	00	00	3	24	1	21	18	02	12	3	24	2	11	17	04	00	3	24	2	08
4	16	10	06	12	3	30	1	12	13	02	00	3	30	1	22	18	05	06	3	30	2	13	17	06	20	3	30	2	10
4	20	10	08	00	3	36	1	13	13	04	00	3	36	1	24	18	08	00	3	36	2	15	17	09	10	3	36	2	12
4	24	10	09	18	3	42	1	14	13	06	00	3	42	1	25	18	10	24	3	42	2	17	18	00	00	3	42	2	14
4	28	10	11	06	3	48	1	15	13	08	00	3	48	1	27	19	01	18	3	48	2	19	18	02	20	3	48	2	16
5	02	11	00	24	3	54	1	16	13	10	00	3	54	1	28	19	04	12	3	54	2	21	18	05	10	3	54	2	18
5	06	11	02	12	4	00	1	18	14	00	00	4	00	2	00	19	07	06	4	00	2	24	18	08	00	4	00	2	20
5	10	11	04	00					14	02	00					19	10	00					18	10	20				
5	14	11	05	18					14	04	00					20	00	24					19	01	10				
5	18	11	07	06					14	06	00					20	03	18					19	04	00				
5	22	11	08	24					14	08	00					20	06	12					19	06	20				
5	26	11	10	12					14	10	00					20	09	06					19	09	10				
6	00	12	00	00					15	00	00					21	00	00					20	00	00				

नोटः—. इस कोष्ठक से ज्ञात ग्रहायु 'मध्यम' है।

लग्नायु–साधन कोष्ठक (भाग 1)

(बली लग्नेश के लिए)

लग्न	आयु	लग्न	आयु	लग्न	आयु	लग्न	आयु
रा. अं.	व. मा. दि.	रा. अं.	व. मा. दि.	रा. अं.	व. मा. दि.	रा. अं.	व. मा. दि.
0 00	0 00 00	**3 00**	3 00 00	**6 00**	6 00 00	**9 00**	9 00 00
0 03	0 01 06	**3 03**	3 01 06	**6 03**	6 01 06	**9 03**	9 01 06
0 06	0 02 12	**3 06**	3 02 12	**6 06**	6 02 12	**9 06**	9 02 12
09	0 03 18	**3 09**	3 03 18	**6 09**	6 03 18	**9 09**	9 03 18
12	0 04 24	**3 12**	3 04 24	**6 12**	6 04 24	**9 12**	9 04 24
15	0 06 00	**3 15**	3 06 00	**6 15**	6 06 00	**9 15**	9 06 00
